वाराणसी, बुधवार, 9 नवम्बर, 2022

मार्ग शीर्ष, कृष्ण पक्ष 1, वर्ष 11, अंक 271, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00


परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अंदर- 95 साल के हुए लालकृष्ण आडवाणी



अंदर- सानिया मिर्जा का टूटा दिल शोएब मलिक से हो गई अलग!

# शिक्षा लाभ कमाने का व्यवसाय नहीं

## ट्यूशन फीस होनी चाहिए सस्ती, सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

**नई दिल्ली।** शिक्षा लाभ कमाने का व्यवसाय नहीं है और ट्यूशन फीस हमेशा कम होनी चाहिए, सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखते हुए ये बात कही। राज्य सरकार ने मेडिकल कॉलेजों में ट्यूशन फीस को 24 लाख रुपये प्रति वर्ष बढ़ा दिया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने फैसले पर रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने याचिकाकर्ता नारायण मेडिकल कॉलेज और आंध्र प्रदेश पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाते हुए इसे छह सप्ताह की अवधि के भीतर अदालत की रजिस्ट्री में जमा करने का आदेश सुनाया। पीठ ने कहा कि फीस को बढ़ाकर 24 लाख रुपये प्रति वर्ष करना, यानी पहले तय की गई फीस से सात गुना अधिक करना बिल्कुल भी उचित नहीं है। शिक्षा लाभ कमाने का व्यवसाय नहीं है। ट्यूशन फीस हमेशा सस्ती होनी चाहिए। कोर्ट ने आगे कहा कि ट्यूशन फीस का निर्धारण/ समीक्षा करते समय कुछ कारकों पर प्रवेश और शुल्क नियामक समिति द्वारा विचार किया जाना आवश्यक है।

**सख्त निर्णय**

**सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं पर ठोंका पांच लाख जुर्माना**

**कॉलेज और राज्य सरकार की याचिका खारिज**

शीर्ष अदालत ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ कॉलेज द्वारा दायर एक याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की, जिसमें एमबीबीएस छात्रों की ट्यूशन फीस बढ़ाने के सरकार के फैसले को खारिज कर दिया गया था।



उच्च न्यायालय ने माना था कि आंध्र प्रदेश प्रवेश और शुल्क नियामक समिति नियम, 2006 के प्रावधानों पर विचार करते हुए समिति की सिफारिशों/रिपोर्ट के बिना शुल्क को बढ़ाया/निर्धारित नहीं किया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि ट्यूशन फीस का निर्धारण या समीक्षा करते समय कई कारकों जैसे पेशेवर संस्थान का स्थान, पेशेवर पाठ्यक्रम की प्रकृति, उपलब्ध बुनियादी ढांचे की लागत पर विचार करना आवश्यक है। इसमें कहा गया है कि कॉलेज प्रबंधन को अवैध सरकारी आदेश के अनुसार एकत्र की गई राशि को अपने पास रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए और ऊपर बताए गए कारणों से दोनों अपीलें विफल हो जाती हैं और वे खारिज किए जाने योग्य हैं। हालांकि, जुमार्ने के रूप में 5 लाख रुपये की राशि का भुगतान अपीलकर्ता और आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा छह सप्ताह की अवधि के भीतर इस न्यायालय की रजिस्ट्री में जमा किया जाएगा। पीठ ने कहा कि ट्यूशन फीस का निर्धारण या समीक्षा करते समय पेशेवर संस्थान का स्थान, पेशेवर पाठ्यक्रम की प्रकृति, उपलब्ध बुनियादी ढांचे की लागत जैसे कई कारकों पर प्रवेश एवं शुल्क नियामक समिति द्वारा विचार किया जाना आवश्यक है। उसने कहा कि कॉलेज प्रबंधन को सरकार के अवैध आदेश के अनुसार एकत्र की गई राशि को अपने पास रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

## 7 दिन ईडी की कस्टडी में रहेगा मुख्तार का साला

**लखनऊ।** बाहुबली पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के साले आतिफ रजा उर्फ शरजील रजा को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को गिरफ्तार करने के बाद मंगलवार को अपराह्न प्रयागराज की जिला अदालत में पेश किया। जिला जज संतोष राय ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद मुख्तार अंसारी के साले आतिफ की 7 दिन की कस्टडी रिमांड मंजूर कर ली है। एऊ अब मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी और उसके मामा शरजील रजा को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ करेगी। मनी लांड्रिंग केस में मुख्तार अंसारी के परिवार पर प्रवर्तन निदेशालय का शिकंजा कसता जा रहा है। पहले मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी को एऊ ने गिरफ्तार किया और अब गाजीपुर से मुख्तार के साले आतिफ रजा उर्फ शरजील रजा को सोमवार की रात जेल से छूटते ही गिरफ्तार किया गया। इस मामले की सुनवाई के बाद जिला जज संतोष राय ने शरजील रजा की कस्टडी रिमांड मंजूर कर ली है।



## भारत में कुछ ऐसा दिखा साल का आखिरी चंद्रग्रहण

**नई दिल्ली।** साल का आखिरी चंद्र ग्रहण मंगलवार को समूचे भारत में दिखा। अंतरिक्ष विज्ञानियों और ज्योतिषियों ने भी बताया था कि ग्रहण भारत में ज्यादातर हिस्सों में आंशिक रूप से दिखाई देगा। भारत में सायं 5 बजकर 20 मिनट से चंद्रग्रहण दिखना शुरू हुआ और शाम 6 बजकर 20 मिनट पर समाप्त हुआ। दुनिया के कई जगहों पर पूर्ण चंद्र ग्रहण का नजारा देखने को मिला। साल के आखिरी चंद्रगहण के बीच गुवाहाटी से लेकर लखनऊ, बनारस तक चंद्रग्रहण का नजारा देखने को मिला। पटना में चंद्रमा का आधे से भी कम दृश्य दिखा। यहां एक बच्ची ने बताया, 'हमने इससे पहले कभी चंद्रग्रहण नहीं देखा था। ग्रहण के समय चांद आधा दिख रहा था। हमें चंद्र ग्रहण देखना का मन भी था और देखकर अच्छा लग रहा था।' मध्य प्रदेश के भोपाल में भी लोगों ने साल का अंतिम चंद्रग्रहण देखा। इस मौके पर एक वैज्ञानिक ने बताया, 'लोग चंद्र ग्रहण को नग्न आखों से देख सकते हैं लेकिन सूर्य ग्रहण के समय सावधानियां बरतनी पड़ती हैं। लोग इसे बाहर आकर देखें और हम चाहते हैं कि लोगों में वैज्ञानिक चेतना जागरुक हो।

NDS

नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स

(प्रा0लि0)

वाराणसी

सोने, चॉदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण

● 916 हॉलमार्क ज्वेलरी ●

रथयात्रा

0542-2361600, 2987700, 8318650589

अर्दली बाजार

0542-2505500, 2507700, 9455084195

SUNDAY OPEN

●रथयात्रा ● अर्दली बाजार ● चौक (ठठेरी बाजार) वाराणसी

● पार्किंग की सुविधा उपलब्ध ●

## सांसद नवनीत राणा को झटका, कोर्ट से गैर-जमानती वारंट

**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने फर्जी जाति प्रमाणपत्र मामले में अमरावती से निर्दलीय लोकसभा सांसद नवनीत राणा और उनके पिता के खिलाफ नया गैर-जमानती वारंट जारी किया है। इससे पहले अदालत ने इसी वर्ष सितंबर में नवनीत राणा और उनके पिता के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था, जिसपर अभी तक कार्रवाई होना बाकी है।



सोमवार को मामले की सुनवाई के दौरान पुलिस ने अमरावती सांसद नवनीत राणा और उनके पिता के खिलाफ वारंट पर कार्रवाई के लिए और समय मांगा लेकिन हालांकि अदालत ने पुलिस के अनुरोध को खारिज कर दिया और उन्हें तुरंत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके बाद मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट पीआई मोकाशी ने दोनों के खिलाफ नए सिरे से गैर जमानती वारंट जारी किया। अदालत ने गैर जमानती वारंट पर रिपोर्ट दाखिल करने के लिए मामले को 28 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दिया है। बता दें कि बॉम्बे हाईकोर्ट ने 2021 में अमरावती सांसद को जारी किए गए जाति प्रमाण पत्र को यह कहते हुए रद्द कर दिया था कि यह फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करके प्राप्त किया गया है। मुंबई के मुलुंद पुलिस स्टेशन में दर्ज शिकायत के अनुसार सांसद नवनीत राणा और उनके पिता ने कथित तौर पर जाति प्रमाण पत्र के साथ फजीर्वाड़ा किया है क्योंकि जिस सीट से वह चुनी गई हैं।

## भारत को अब कोई टेढ़ी नजर से नहीं देख सकता

**बोले योगी**

**कांग्रेस के नेता सिर्फ अपने परिवार तक सीमित**

**कांगड़ा।** भाजपा के स्टार प्रचारक एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिला के पालमपुर और कुल्लू के आनी में चुनावी जनसभाएं कीं। उन्होंने कहा कि आज भारत पिछलगू देश नहीं बल्कि दुनिया का नेतृत्व करने वाला देश बन गया है। वैश्विक मंच पर भारत की सीमाएं सुदृढ़ हुई हैं। अब कोई भी टेढ़ी नजर से नहीं देख सकता।

उन्होंने कहा कि इसमें हिमाचल के रणबांकुरों का भी बहुत योगदान है, जिन्होंने कारगिल युद्ध से लेकर अन्य युद्धों में अपनी जान की बाजी लगा कर देश की रक्षा करने में कोई कमी नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि युवावस्था में शांता कुमार जैसे नेताओं ने यह सपना देखा था कि जम्मू-कश्मीर में भी एक निशान, एक विधान व एक संविधान हो। उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर पूरा किया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के कुशल नेतृत्व में डबल इंजन की हिमाचल सरकार ने हर क्षेत्र में तरक्की की है। सीएम योगी ने कुल्लू में आयोजित चुनावी जनसभा में कहा कि राहुल व प्रियंका गांधी पर तंज कसा कि जब देश संकट में होता है तो दोनों भाई-बहन को जनता की याद नहीं आती, तब दोनों को अपनी नानी याद आती है, इटली याद आती है। कांग्रेस के नेता सिर्फ अपने परिवार तक सीमित हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में काम करने वाले भाजपा कार्यकताओं के लिए भारत के 135 करोड़ लोग उनके परिवार हैं और उनकी देखभाल करना उनकी जिम्मेदारी है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वैश्विक मंच पर आज भारत दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। दुनिया की कोई समस्या ऐसी नहीं जिसका समाधान भारत के बिना निकल सके। जब भी दुनिया पर कोई संकट आता है, दुनिया भारत की ओर देखती है।

## गुरु नानक ने दिया था जुल्म से लड़ने का संदेश : योगी

### युगों-युगों तक स्मरण किया जाएगा गुरु नानक देव का नाम

**आयोजन**

**सीएम ने गुरु नानक जयंती पर लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से डीएवी कॉलेज मैदान में आयोजित प्रकाशोत्सव में उनके योगदान पर प्रकाश डाला**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गुरु नानक जयंती पर लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से डीएवी कॉलेज मैदान में आयोजित प्रकाशोत्सव में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फूलों से सजे गुरु ग्रंथ साहिब पर उन्होंने मत्था टेका और कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बग्गा ने उन्हें सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिस कालखंड में मानवता कराह रही थी। शासक जोर और जुल्म कर रहा था। ऐसे कठिन समय में परमात्मा की एक जोत आई, जिसने सारे संसार को ईश्वर का संदेश दिया और जुल्म को मिटाने के खिलाफ खड़ा किया। आज



प्यार और श्रद्धा के साथ हम भारत में गुरु नानक जयंती मना रहे हैं।सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरु नानक की जन्म स्थली ननकाना साहिब में वो खुशी अपनापन और स्वतंत्रता हमें हासिल नहीं है। हमें इतिहास को केवल पढ़ना नहीं है। उससे शिक्षा लेनी है गुरु नानक की शिक्षाओं के ऊपर चल कर मानवता की सेवा करते हुए प्रेम और शांति का संदेश देना है।

जिस समय में आने जाने के साधन और सुविधाएं नहीं थी उस समय गुरु नानक ने कठिन समय में 38000 मील का सफर तय करके परमात्मा का संदेश दुनिया के हर कोने में पहुंचाया और मानवता की भलाई और सेवा का संदेश दिया। उन्होंने जुल्म के खिलाफ खड़े होने का नैतिक बल दिया। प्रकाश उत्सव में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी मैजूद थे। गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव पर गुरुद्वारा यहियागंज में सुबह दीवान सजाया गया। गुरुद्वारे के अध्यक्ष डा.गुरमीत सिंह ने संगतों का सम्मान किया। गुरुद्वारा आशियाना में चेयरमैन जेएस चड्ढा की ओर से चिकित्सा शिविर लगाया गया।

## पूरी दुनिया देखेगी भारत का दम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को भारत की जी20 अध्यक्षता के लोगों और वेबसाइट लांच करते हुए कहा कि इस लोगों और थीम के जरिए हमने दुनिया को एक संदेश दिया है। उन्होंने कहा, 'मैं भारत की जी20 अध्यक्षता के ऐतिहासिक अवसर पर देशवासियों को बधाई देता हूं। 'वसुधैव कुटुम्बकम' विश्व के प्रति भारत की करुणा का प्रतीक है।' उन्होंने कहा कि जी20 लोगो में कमल का प्रतीक आशा का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने कहा कि भारत ने वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड के मंत्र के साथ विश्व में अक्षय ऊर्जा क्रांति का आह्वान किया है। भारत ने वन अर्थ, वन हेल्थ के मंत्र के साथ वैश्विक स्वास्थ्य को मजबूत करने का अभियान शुरू किया है। मालूम हो कि जी20 में भारत का मंत्र वन अर्थ, वन फैमली, वन फ्यूचर है। पीएम मोदी ने कहा कि जी20 ऐसे देशों का समूह है, जिनका आर्थिक सामर्थ्य, विश्व की 85% जीडीपी का प्रतिनिधित्व करता है। जी20 उन 20 देशों का समूह है, जो विश्व के 75% व्यापार का प्रतिनिधित्व करता है और भारत अब इस जी20 समूह का नेतृत्व करने जा रहा है, इसकी अध्यक्षता करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि आप कल्पना कर सकते हैं कि आजादी के इस अमृतकाल में देश के सामने ये कितना बड़ा अवसर आया है।

**संबोधन**

**पीएम मोदी ने जी 20 के लिए दिया वन अर्थ, वन फैमली, वन फ्यूचर का मंत्र**

## मुरादाबाद मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह को हटाने की मांग

**लखनऊ।** सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर मुरादाबाद मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह को हटाए जाने की मांग की है। सपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश, लखनऊ से समाजवादी पार्टी ने रामपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में उप निर्वाचन 2022 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक, भयमुक्त सम्पन्न कराने के लिए मुरादाबाद मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह को उनके वर्तमान पद से तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश को समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने दिए गए ज्ञापन में कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश की रामपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का उप निर्वाचन-2022 दिनांक 05 नवम्बर-2022 को घोषित कर दिया है।

परख सच की

जनसंदेश टाइम्स

अपनी वेबसाइट आज से आप तक





# झारखंड में फिर मिला नोटों का जखीरा

## कांग्रेस के 2 विधायकों के ठिकानों पर छापा, निकला 'कालेधन' का खजाना

**रांची।** झारखंड में आयकर विभाग की रेड में 2 करोड़ नगद मिले हैं। 100 करोड़ रुपए के निवेश और लेनदेन के डॉक्यूमेंट मिले हैं। एक ग्रुप के पास लौह अयस्क का बेहिसाब स्टॉक पाया गया है। आईटी की टीम ने 4 नवंबर को दो कांग्रेस विधायक जयमंगल सिंह और प्रदीप यादव के अलावा इनके करीबी समूहों के ठिकानों पर छापे पड़े थे।

नगदी किसके यहां से मिला है, इसका खुलासा आयकर विभाग ने अभी नहीं किया है। झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल के 70 जगहों पर छापेमारी की गई थी। इसमें कोयला व्यापारी, परिवहन, लौह अयस्क और स्पंज आयरन के प्रोडक्शन में शामिल कंपनियां थी। इस छापे में 2 करोड़ रुपए नकद, 100 करोड़ रुपए के बेहिसाब निवेश और लेनदेन का खुलासा किया है। इस छापेमारी में कुल 16 बैंक लॉकरों को तलाशी ली गई है। इस छापेमारी में झारखंड कांग्रेस के दो दिग्गज विधायकों जयमंगल सिंह और प्रदीप यादव के घर पर भी छापेमारी हुई थी। इसके अलावा बेरमो के कोयला कारोबारी अजय कुमार सिंह व लक्की सिंह, गोड्डा के होटल स्काई ब्लू के मालिक श्यामाकांत यादव, दुमका नप उपाध्यक्ष सह पीएचईडी ठेकेदार विनोद कुमार लाल, रांची के पूर्व बीडीओ सह पूर्व खनन पदाधिकारी आनंद मोहन ठाकुर, कारोबारी शाह ब्रदर्स के राजकुमार शाह के यहां कार्रवाई हुई थी। ये छापे रांची, गोड्डा के साथ- साथ बेरमो, दुमका, जमशेदपुर, चाईबासा, पटना, गुरुग्राम और कोलकाता में फैले 70 से अधिक परिसरों में तलाशी ली गई थी। आयकर विभाग ने छापेमारी के दौरान फोन, लैपटॉप और कंप्यूटर की जांच की। तलाशी के दौरान यह भी पता चला है कि कई लोगों ने अचल संपत्तियों में निवेश किया गया है।

**कार्रवाई**

**झारखंड में आईटी की रेड में 2 करोड़ कैश मिले, कांग्रेस के 2 विधायकों और करीबियों के 70 ठिकानों पर पड़े थे छापे**

**100 करोड़ के निवेश और लेनदेन के सबूत मिले, 21 नवंबर को विधायक से होगी पूछताछ**



# बाइक सवार बदमाशों ने दारोगा को मारी गोली, लूट ली पिस्टल

**बेखौफ**

**इलाज के लिए रोहनिया के निजी अस्पताल में कराया गया भर्ती**

**सीपी ने गिरफ्तारी के लिए लगायी पांच टीम, पुलिस सर्च ऑपरेशन में जुटी**

**जनसंदेश न्यूज**

**रोहनिया।** कमिश्नरेट पुलिस के लक्सा थाने में तैनात दारोगा अजय यादव को बाइक सवार तीन बदमाशों ने गोली मारी और सराकरी पिस्टल लूट ली। गोली सीने में लगी है। घटना के बाद हमलावार भागने में सफल रहे। मामले की जानकारी होने पर पुलिस ने सीमा सील कर गहन चेकिंग शुरु कर दी हैं। वहीं सीपी ने कमिश्नरेट पुलिस की पांच टीमों को बदमाशों की धर पकड़ में लगाया है। एडिशनल सीपी अपराध एवं मुख्यालय संतोष कुमार सिंह, एसपी ग्रामीण सूर्यकांत त्रिपाठी समेत अन्य पुलिस अधिकारी अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी ली। वहीं, पुलिस कमिश्नर ए सतीश गणेश ने बताया कि दारोगा अजय यादव के उपर हुए हमले में शामिल बदमाशों की धर पकड़ के लिए पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दी है। प्रतापगढ़ जिले के भीखमपुर गांव के रहने वाले 2015 बैच के दरोगा अजय यादव वाराणसी के लक्सा थाने में तैनात हैं। दरोगा अजय ने रोहनिया थाना के जगतपुर क्षेत्र में प्लाट खरीदा हुआ है। प्लाट पर वह मकान बनवा रहे हैं। पुलिस के अनुसार दरोगा अजय बाइक से वर्दी पहने हुए अपने प्लाट की ओर जा रहे थे। जगतपुर नहर के पास तीन बदमाशों ने उन्हें रोका और सरकारी पिस्टल और उनका पर्स लूटने के बाद गोली मार दी। गोली अजय के सीने में दायीं तरफ लगी। पुलिस कमिश्नर ए. सतीश गणेश ने बताया कि दरोगा अजय यादव का उपचार कराया जा रहा है। ऑपरेशन के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत खतरे से बाहर बताई है। एक्स-रे और सीटी स्कैन रिपोर्ट सामान्य है। वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों की तलाश में क्राइम ब्रांच सहित पुलिस की 5 टीमें लगाई गई हैं। बदमाश जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।


बदमाशों की गोली से घायल दरोगा अजय यादव


अस्पताल में घायल दरोगा का हालचाल लेते एडिशनल सीपी संतोष कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकान्त त्रिपाठी

## सतुआ बाबा और बालक दास की जमानत पर सुनवाई 16 को



**वाराणसी।** सात साल पुरानी अन्याय प्रतिकार यात्रा के मामले में आरोपित महंत संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा एवं महंत बालक दास की अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र पर 16 नवंबर को सुनवाई की जाएगी। जिला जज की अदालत में 28 अक्टूबर को अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया था जिसपर सुनवाई के लिए आठ नवंबर की तिथि मुकर्रर की गई थी। मंगलवार को जिला जज की अदालत ने सुनवाई के लिए इसे विशेष न्यायाधीश (आवश्यक वस्तु अधिनियम) की अदालत में स्थानांतरित कर दिया। इस प्रकरण में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की अग्रिम जमानत अर्जी विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) की अदालत से निरस्त हो चुकी है।

## संक्षेप

### ट्रक ने ऑटो को मारी टक्कर, चालक समेत चार घायल



**रामनगर।** रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत साहित्य नाका स्थित पानी टंकी के पास मंगलवार को सुबह आटो और ट्रक में टक्कर हो गई। इस हादसे में ऑटो चालक और तीन महिलाएं घायल हो गयी। एलबीएस अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद सभी को बीएचयू ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार तीन महिलाएं कार्तिक पूर्णिमा पर रामनगर के बलुआघाट पर गंगा स्नान करने के लिए ऑटो से आ रही थी। साहित्य नाका स्थित डबल पानी टंकी के पास पड़ाव की ओर से आ रहे ट्रक ने सामने से टक्कर मार दी। ऑटो में बैठी तीनों महिलाएं एवं ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हुईं। ऑटो में फंसे चालक को स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला गया। घायलों की पहचान चालक राजनाथ 36 वर्ष , मीरा सिंह 48 वर्ष, सिंधु देवी 37 वर्ष और उर्मिला 48 वर्ष के तौर पर हुई। सभी जलालपुर, थाना जमालपुर ,जिला मीरजापुर के निवासी है। वहीं घटना के बाद भाग रहे ट्रक चालक को स्थानीय लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले किया।

### अज्ञात का मिला शव



**रोहनिया।** रोहनिया स्थानीय थाना क्षेत्र के जगतपुर पीजी कॉलेज एवं इंटर कॉलेज के प्ले ग्राउंड के समीप सड़क किनारे मिला अज्ञात का शव मिला। संभावना व्यक्त की गयी कि सड़क हादसे में उसकी मौत हुई है। घटना रात करीब 2 बजे की है। सूचना पर पहुंची रोहिनया पुलिस शिनाख्त की कोशिश में जुटी है। मृतक के शरीर पर नीले रंग की जिंस और सफेट टीशर्ट था। उम्र लगभग 30 साल आंकी गयी। लगभग 30 वर्ष बताया जा रहा है पुलिस का मानना है कि व्यक्ति शराब के नशे में रहा है। घटना स्थल पर शराब और नमकीन पैकेट मिला।

### चोरी की बाइक संग गिरफ्तार



**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के रूपापुर चौराहा स्थित हाइवे पर बने अंडरपास के नीचे से मंगलवार की सुबह थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह और एसआई राजेश मौर्य ने भदोही जिले के औराई थानांतर्गत भवानीपुर गांव निवासी पंकज कुमार सरोज को चोरी की बाइक संग गिरफ्तार किया ।चोर बाइक पर गलत नम्बर प्लेट लगा कर चलता था। बरामद बाइक को उसने आठ माह पहले औराई से चुराया गया था। आगे की कार्रवाई में आरोपी को जेल भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी राजीव सिंह, एसआई राजेश मौर्या, कांस्टेबल देवानन्द मौर्या, उदय प्रताप यादव रहे।

### बाइक चोरी में तीन को पांच-पांच साल की सजा

**वाराणसी।** अपर जिला जज (पंचम) मनोज कुमार तिवारी की अदालत ने चोरी की बाइक बरामदगी के मामले में तीन आरोपी को दोषी पाते हुए पांच-पांच साल की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने आरोपी हसीमपुर लालपुर निवासी विकास राजभर,सोयेपुर लालपुर निवासी चंदन राजभर व राहुल राजभर को बीस बीस हजार रुपया का जुर्माना लगाया है। कोर्ट में अभियोजन की ओर से एडीजी सी ओमकार नाथ तिवारी ने पैरवी की ।अभियोजन पक्ष के अनुसार शिवपुर पुलिस ने एक जुलाई 2019 को रेलवे क्रासिंग के पास चोरी के बाइक के साथ तीनो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

### चार साल की बच्ची से अप्राकृतिक दुष्कर्म

**रोहनिया।** रोहनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत चार साल की बच्ची से अप्राकृतिक दुष्कर्म करने के आरोप में अभियुक्त को रोहनिया पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोप है थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव निवासी युवक मुसे उर्फ झरना ने नशे की हालत में उक्त बच्ची को अपने साथ लेकर गया और अप्राकृतिक कृत्य किया। बच्ची को न पाकर जब खोजबीन की गयी तो पड़ोसी अपने घर में उसे साथ रखा था और वह आपत्तिजनक हाल में था। पीड़िता की तहरीर पर आरोपी मुसे के खिलाफ पुलिस ने 376, बाल संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा जर्द किया।

### पुलिस को देख भागे जुआरी

**वाराणसी।** कैंट थाना क्षेत्र के सदर बाजार स्थित सद्भावना पार्क परिसर में जुआ खेलने की सूचना पर कैंट पुलिस ने दबिश दी। पुलिस को देख वहां मौजूद लोग भाग खड़े हुए। किसी ने पुलिस के उच्चाधिकारियों को सूचना दी कि सद्भावना पार्क में जुआ खेला जाता है और वहां कुछ जुआरी मौजूद हैं। उक्त जानकारी पर कैंट पुलिस फुलवरिया चौकी प्रभारी पंकज राय ने छापेमारी की। लेकिन जुआरी भाग निकले।

### भागवत कथा में परिवार गया और हो गयी चोरी

**सारनाथ।** सारनाथ थाना अंतर्गत तिलमापुर न्यू कालोनी के संतोष पांडेय अपने परिवार के साथ भागवत करने गांव गये। इधर खाली मकान देख चोरों ने हजारों रुपये के आभूषण सहित घरेलू सामान ले गए। स्थानीय पुलिस सी सी फुटेज के माध्यम से चोरों की तलाश की जा रही है। मूलरूप से पहाड़पुर हलधर थाना सैदपुर गाजीपुर के संतोष पांडेय तिलमापुर के न्यू कालोनी में मकान बनाकर परिवार सहित रहते हैं और प्राइवेट टैक्सी चलाते हैं। श्रीभागवत का कथा सुनने के लिए 29 अक्टूबर को परिवार के साथ पुश्तैनी मकान पर चले गए। खाली मकान देख चोरों ने सीढ़ी के रास्ते घर में घूसकर चोरी की।

## अंडा विक्रेता से नौ हजार की लूट


भुक्तभोगी से पूछताछ करती पुलिस

**वाराणसी।** आदमपुर थानाक्षेत्र के गोलगड्डा चौराहे पर नौ हजार की लूट का मामला सामने आया है। भुक्तभोगी अंडा विक्रेता ने आदमपुर थाने में तहरीर दी है। पीड़ित ने आदमपुर पुलिस पर शिथिलता का आरोप लगाया वहीं इस संदर्भ में थाना प्रभारी से बात करने की कोशिश की गयी लेकिन बात करने से इनकार कर दिया।

पड़ाव निवासी राम प्रसाद ने बताया कि वह अंडे का ठेला गोलगड्डा इलाके में लगाता है। सोमवार की 12 और एक बजे के बीच पड़ाव जाने के लिए गोलगड्डा ऑटो का इंतजार कर रहा था। इस बीच वहां तीन युवक वहां पहुंचे और मारपीट कर नौ हजार लूट किया। घटना के बाद वह भागे दौड़े पुलिस पिकेट पर पहुंचा लेकिन वहां कोई मौजूद नहीं मिला। आरोप है कि पुलिस ने मेडिकल तक नहीं कराया बस तहरीर लेकर रख ली। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी ने बात कर मामले की जानकारी लेने की कोशिश की गयी लेकिन उन्होंने बात करने से इंकार कर दिया।

## बीस हजार का इनामी 'टमाटर' गिरफ्तार

**जनसंदेश न्यूज**

**भाजपा नेता हत्याकांड**

**सरेंडर करने की फिराक में था इसके पहले एसटीएफ व सिगरा पुलिस ने दबोचा**

**जिस रॉड से किया वार उसे गंगा की बीच धारा में फेंका**

**वाराणसी।** शराब ठेके के पास हुए भाजपा नेता हत्याकांड में शामिल और 20 हजार का इनामी बदमाश आकाश सरोज उर्फ टमाटर निवासी चंदुआ छित्तूपुर को एसटीएफ और सिगरा पुलिस की संयुक्त टीम ने रोडवेज बस स्टैंड के पास से दबोचा। आरोपी अपने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में सरेंडर करने और अग्रिम जमानत की फिराक में था लेकिन थानाध्यक्ष राजू सिंह और उनकी टीम ने सटीक जानकारी पर उसे दबोचा और आगे की कार्रवाई में जेल भेजा। इस हत्याकांड में करीब 13 लोगों को सिगरा पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है।

बीते अक्टूबर महीने में जय प्रकाश स्थित एक शराब की दुकान पर नशे में धुत कुछ दबंग मारपीट और गाली गलौच कर रहे थे। मामले को सुलझाने और समझाने वहां पहुंचे सिगरा निवासी भाजपा नेता पशुपति नाथ आरोपियों ने घेर लिया और रॉड डंडे से वार कर मौत के घाट उतार दिया। भाजपा नेता के बचाव में आये उनके बेटे को भी हमलावरों ने बेरहमी से पीटा और अधमरा कर छोड़ दिया। इस मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त मुख्य अभियुक्त है और इसके उपर 20 हजार का इनाम कमिश्नरेट पुलिस ने रखा था। पूछताछ में आकाश सरोज उर्फ टमाटर ने बताया कि 307 नाम का इसका गिरोह है। जो किसी भी घटना के वक्त 50 से 100 लोगों को इकट्ठा कर लेता है। जय प्रकाश नगर वाली घटना में भी यहीं हुआ। चंद समय में यहां दो दर्जन से ज्यादा बदमाश जुटे और लाठी डंडे से हमला कर भाजपा नेता को मार डाला। आरोपी टमाटर ने बताया कि घटना के दिन करीब सात बजे मन्टू सरोज, राहुल सरोज पुत्रगण अनूप सरोज व बाबू सरोज पुत्र कचालू सरोज जो चंदुआ सट्टी के पीछे नरीमल पुर थाना सिगरा के रहने वाले हैं अपने लोगों के साथ ठेके पर शराब पी रहे थे। इतने में पशुपति नाथ के बेटे राजकुमार ने मना किया और यहां जमकर कहासुनी और नोकझोंक हुई। ये बात हम सभी को नागवार लगी।

इसके बाद हमने जो 307 नाम से गैंग बना है उसमें एक मैसेज डाला इसके बाद वहां हमारे दो दर्जन से ज्यादा साथी पहुंचे और पशुपति नाथ सिंह के ऊपर लाठी डंडे और रॉड से हमला कर मार डाला।

जिस रॉड से पशुपति नाथ सिंह की हत्या हुई उसे सामने घाट जाकर बीच गंगा में फेंक दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी राजू सिंह, उपनिरीक्षक आदित्य सिंह, उपनिरीक्षक आरिफ खान समेत अन्य पुलिसकर्मी रहे।


सिगरा पुलिस की गिरफ्त में इनामी अभियुक्त आकाश सरोज उर्फ 'टमाटर'

## गंगा में डूबीं दो चचेरी बहनों की डेड बॉडी बरामद

**शोक**

**घटना के करीब 35 घंटे बाद उतराई मिली लाश**

**जनसंदेश न्यूज**

**चिरईगांव।** कार्तिक पूर्णिमा पर सोमवार को स्नान के दौरान डूबी दो चचेरी बहनों में एक की डेडबॉडी हादसे वाली जगह से करीब दो किमी की दूरी पर उतरायी मिली तो वहीं दूसरे की डेड बॉडी घटना स्थल के पास की मंगलवार की शाम करीब पांच बजे। पहली डेडबॉडी घटना के चौबीस घंटे बाद बभनपुरा घाट से लगभग दो किलोमीटर दूर मुस्तफाबाद रामचंदीपुर पुल के समीप उतराई मिली। दूसरी बॉडी शाम पांच बजे डूबने वाली जगह पर बरामद की गयी। परिजनों के आग्रह पर पुलिस ने पंचनामा कर शव परिजनों को सौंपा।

ग्रामीणों का आरोप था कि एनडीआरएफ और जिला प्रशासन इस मामले में लापरवाही बरती। पहले तो एनडीआरएफ घटना स्थल पर पहुंचने में तीन से चार घंटे का वक्त लिया इसके बाद डेड बॉडी रिकवर करने में करीब 35 घंटे लग गये। इस बात से नाराज ग्रामीणों ने पहड़िया- बलुआ मार्ग जाम कर दिया। हालांकि मौके पर पहुंचे सीओ पिंडरा और गौराकला के पूर्व प्रधान किताबू राम यादव के समझाने पर ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया। दो घंटे चक्का जाम के चलते राहगीरों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। कार्तिक पूर्णिमा पर सोमवार को गंगा स्नान करते समय पैर फिसलने से गहरे पानी में दो चचेरी बहनें वैशाली और कृष्णा उर्फ अन्नू मौर्य डूब गई थीं। इनमें से अन्नू मौर्या की लाश घटना स्थल से लगभग एक किलोमीटर दूर मुस्तफाबाद व रेतापार के बीच ढाब के लिए बने पक्के पुल के पास उतराई मिली। वहीं वैशाली की डेडबॉडी डूबने वाली जगह पर ही बरामद की गयी। दोनों शव को पुलिस ने पंचनामा कर परिजनों के आग्रह पर उन्हें सौंप दिया।


चक्काजाम कर रहे लोगों समझती पुलिस

### दीपदान करते झुलसी महिला

**वाराणसी।** कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए नेपाल के जनकपुर से काशी आई महिला के साथ हादसा हो गया। दशाश्वमेघ घाट पर स्नान के बाद दीपदान करते वक्त महिला के साड़ी में आग लग गई। आग लगते ही वो चीखने लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने पानी आननफानन पानी डालकर आग को बुझाया। घटना में जनकपुर की महिला सोनावती (57 वर्ष) झुलस गई। इलाज के लिए उसे मारवाड़ी अस्पताल पहुंचाया।

### घर से बाइक चोरी

**लोहता।** थाना क्षेत्र के भरथरा गांव में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पीड़ित ने थाने पहुंच तहरीर दी है। लोहता थाना क्षेत्र के भरथरा गांव में कोटवां लोहता रोड स्थित मनोज कुमार पांडेय के घर के बाहर खड़ी बाइक को चोरी हो गयी। कर ले गए। मनोज ने बताया कि बताया बाइक ब्लैक कलर की थी और उसे घर के बाहर गेट के पास खड़ी किया था। थोड़ी देर जब बाहर निकला तो बाइक गायब थी। तहरीर के बाद पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी है।

## तीन दिवसीय शौर्य कथा आज से

### सतयुग से कलयुग तक के वीरों की कथा सुनाएंगे आचार्य शांतनु



**तरना।** क्षत्रिय धर्म संसद काशी द्वारा नौ से 11 नवंबर तक तीन दिवसीय शौर्य कथा का आयोजन होगा। जिसमें बलिदानियों की वीरगाथा सुनाई जाएगी। मंगलवार को यूपी कॉलेज परिसर में एक प्रेसवार्ता आयोजित कर जानकारी दी। बताया कि आयोजन यूपी कॉलेज स्थित पुराना बास्केटबॉल ग्राउंड में होगा।

रणविजय सिंह ने बताया कि राष्ट्र ही धर्म है, किसी भी राष्ट्र की आत्मा उसकी सभ्यता और संस्कृति में बसती है। सभ्यता और संस्कृति नष्ट होने पर राष्ट्र की पहचान खत्म हो जाती है। वहीं राहुल सिंह ने बताया कि इतिहास गवाह है जब भी कोई राष्ट्र अपनी सभ्यता और संस्कृति को संजोकर रख पाने में असमर्थ रहा है तब उस राष्ट्र का पतन हो गया है। वैभवशाली यूनान, मिस्त्र आदि इसके उदाहरण हैं। काशी में शौर्य कथा आयोजित होने से अखिल विश्व में भारतवर्ष के वीरों का शौर्य गुंजायमान होगा।

बताया कि कथावाचक आचार्य शांतनु महाराज नौ से 11 नवंबर तक काशी में प्रवास करेंगे और हर रोज शाम चार से सात बजे तक पौराणिक काल से लेकर आधुनिक काल के नायकों का संगीतमय शौर्यगान करेंगे। प्रेसवार्ता में रणविजय सिंह, राहुल सिंह, संजय सिंह रजनीश चौरसिया और अनिल सिंह आदि मौजूद रहे।

## देव दीपावली के दूसरे दिन शहर में लगा जाम

**यातायात व्यवस्थित करने में ट्रैफिक पुलिस को करनी पड़ी मशक्कत**



**वाराणसी।** देव दीपावली के दूसरे दिन मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा पर नहान के लिए बाहर से आए श्रद्धालुओं की वजह से शहर में दबाव काफी बढ़ गया। जिससे शहर में यातायात व्यवस्था चरमरा गई और जगह-जगह जाम लग गया। जाम खाली कराने में ट्रैफिक पुलिस को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी।

दरअसल देव दीपावली और कार्तिक पूर्णिमा पर नहान के लिए देशभर से काफी संख्या में लोग काशी आए थे। जिससे वाहनों और व्यक्तियों का दबाव यातायात व्यवस्था के लिए बाधक बन गया। इस वजह से मुख्य मार्गों पर मंगलावार को जाम की समस्या देखने को मिली। जिससे आम राहगीरों व यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। गोदौलिया, मैदागिन, लहुराबीर, कमच्छा, लक्सा, भेलूपुर, रथयात्रा, सिगरा, चौक, मंडुआडीह, लंका, कैंट, अंधरापुल, चौकाघाट, तेलियाबाग आदि क्षेत्र जाम की समस्या से जूझते रहे। दूसरी ओर यातायात व्यवस्था संभालने में ट्रैफिक पुलिस के भी पसीने छूट गए।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**
**सूचना**

मेरा नाम बल राम कृष्ण त्रिपाठी (BAL RAM KRISHNA TRIPATHI) था अब बदलकर बलराम कृष्णन त्रिपाठी (BALRAM KRISHNAN TRIPATHI) पुत्र राजेश कुमार त्रिपाठी के नाम से जाना एवं पहचान जाए। निवासी-गवर्नमेंट अस्पताल के पीछे, गोपीगंज, संत रविदास नगर, भदोही। 221303 उत्तर प्रदेश।

## मुख्य घाटों के अलावा अन्य घाटों की नहीं हुई सफाई

**गंगा किनारे लगी गंदगी, सीवर ओवरफ्लो होने से नाले का पानी भी गिर रहा**

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** देव दीपावली के दूसरे दिन मंगलवार को मुख्य घाटों को तो चमकाया गया, लेकिन अन्य घाटों पर किया गया कूड़ा दोपहर तक घाट किनारे जस का तस पड़ा रहा। इस दौरान सीवर से निकलता नाले का गंदा पानी भी गंगा में गिरता दिखा।

त्योहार के पहले जमकर तैयारियां तो की गई, लेकिन त्योहार बीतते ही ढोल का पोल सामने दिखने लगा। यह दुर्व्यवस्था ठीक विश्वनाथ कॉरिडोर से लगे ललिता घाट किनारे का है। जहां घाट किनारे सैकड़ों की संख्या में माला फूल, बोतलें और थर्माकोल से निर्मित दोने और पत्तल लगे दिखाई दिए। ऐसा ही नजारा पास के मणिकर्णिका घाट पर भी दिखाई पड़ा। जहां घाट के चारों तरफ गंदगी का अंबार लगा था वहीं पास में सीवर ओवरफ्लो होने से गंदे नाले का पानी गंगा में गिर रहा था। इस दौरान निगम के अधिकारी व कोई भी कर्मचारी मौके से नदारद रहे।


गंगा घाट के किनारे लगा गंदगी का अंबार

### घाटों की सफाई के लिए सौंपी थी जिम्मेदारी

निगम की ओर से अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त निर्देश जारी कर घाटों की साफ सफाई की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। देव दीपावली से पूर्व और बाद में घाटों पर 500 से ज्यादा सफाई कर्मियों को तैनात किया गया था। बावजूद इसके घाट पर दुर्व्यवस्था देखने को मिली। मंगलवार की शाम तक इसे साफ नहीं किया जा सका।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
[illegible]
[illegible]
वाराणसी-[illegible]

अल्पकालीन निविदा सूचना
[illegible]

[illegible]

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |

नोट :
1. [illegible] (http://upgov.up.nic.in) [illegible]
2. [illegible]
3. [illegible]
4. [illegible]

ई.पी.-181330 दिनांक-07.11.2022
वेबसाइट-www.upgov.nic.in

[illegible]
अधिशासी अभियन्ता



# वाराणसी



# गंगा स्नान के चलते स्टेशन पर बढ़ी भीड़



नहान के चलते कैंट स्टेशन पर उमड़ी भीड़

**वाराणसी।** कार्तिक पूर्णिमा व चंद्रग्रहण के लिए गंगा में आस्था की डुबकी लगाने वाले लोगों की भीड़ मंगलवार को कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) पर उमड़ पड़ी, इसके चलते सभी प्लेटफार्म यात्रियों से पटा रहा। पूर्वांचल के आसपास के क्षेत्रों से काशी में गंगा स्नान करने आने वाले लोगों से कैंट स्टेशन के सभी प्लेटफार्म मंगलवार को पट गया। यहां तक कि स्टेशन के बाहर सर्कुलेटिंग एरिया में भी यात्रियों की भीड़ देखने को मिली, भीड़ को नियंत्रित करने में जीआरपी व आरपीएफ के जवानों को खुब मशक्कत करनी पड़ी। ज्यादातर लोग पूर्वांचल से काशी आये थे। स्टेशन पर सुविधा को देखते हुए अपना ठौर बना लिया। पूर्वांचल को जाने वाली लगभग सभी ट्रेनों में भीड़ पूरी तरह से हावी थी। स्लीपर कोच भी जनरल में तब्दील था। हालांकि स्टेशन प्रबंधन की ओर से भीड़ मैनेजमेंट की व्यवस्था की गयी थी। लगातार सूचना प्रसारित की जा रही थी।

### स्टॉलों की रही चांदी

स्टेशन पर उमड़ी भीड़ के चलते स्टेशन पर स्थित खान पान के स्टॉल समेत फल वेंडरों की चांदी रही। संचालको ने बताया कि रोजाना के सापेक्ष मंगलवार को खाद्य वस्तुओं की बिक्री दो से तीन गुना हुई।

### गाड़ियों का भी दिखा दबाव

भीड़ के चलते सर्कुलेटिंग एरिया में गाड़ियों का दबाव रहा, टैम्पो चालक भी खूब मनमानी करते रहें तो टोटो व रिक्शा चालक भी बेतरतीब ढंग से गाड़ियों को खड़ा किया। चार पहिया वाहन स्टैंड पर भी ऑटो वाले अनियंत्रित होकर खड़े रहें।

### स्टेशन प्रबंधन ने चलाया स्पेशल ट्रेन

पूर्वांचल के विभिन्न जिलों से आये यात्रियों के लिए मंगलवार को स्टेशन प्रबंधन ने रात्रि आठ बजे स्पेशल ट्रेन रवाना किया। जो गाजीपुर, बलिया, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर के रास्ते मुज्जफरपुर को गयी।

## मतदाता पुनरीक्षण कार्य में लगे अधिकारियों के तबादले पर रोक

**वाराणसी।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी रणविजय सिंह ने बताया कि एक जनवरी 2023 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम भारत निर्वाचन आयोग ने जारी किया है। जिसका आलेख्य प्रकाशन नौ नवम्बर को होगा। यह कार्य पांच जनवरी तक चलेगा। इसको देखते हुए आयोग ने निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण कार्य में प्रमुख भूमिका निभाने वाले अधिकारियों मसलन जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/उप जिलाधिकारी, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी एवं अपर नगर मजिस्ट्रेट, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, चकबन्दी अधिकारी/सहायक चकबन्दी अधिकारी आदि) तथा बूथ लेविल आफिसर्स के तबादले पर रोक लगा दी गयी है।

# जब पहुंचे सुपर बाबू तो हक्का-बक्का हो गए लोग

जितेंद्र श्रीवास्तव

आँख मिचौली

करंट विभाग आमजन को बराबर झटके देता रहता है। अब तो आमजन को करंट का झटका सहने की जैसे आदत सी हो गयी है। लेकिन जब विभाग के लोगों को ऐसा झटका लगता है तो वे हक्का-बक्का हो जाते हैं। कुछ ऐसा ही वाकया पिछले दिनों उस समय घटित हुआ, जब विभाग के सुपर बाबू अचानक भिखारीपुर स्थित बड़का बाबू के आफिस में जा पहुंचे। अचानक सुपर बाबू को देख कर विभागीय अधिकारियों को करंट का झटका ऐसा लगा कि उनको कुछ सुझाई नहीं दिया। सुपर बाबू के स्वागत में माला-फूल का इंतजाम करने में उनको पसीने छूट गए। एक अनुभाग के अधिकारी को इस बाबत फटकार भी लग गयी। खैर आनन-फानन में इसका इंतजाम हुआ और सुपर बाबू का स्वागत हुआ। इस बात की चर्चा विभाग में इन दिनों खूब हो रही है।

### आखिर पटरी पर कब लौटेगी बिलिंग व्यवस्था

करंट विभाग की व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने में सुपर-डुपर बाबुओं को सर्द मौसम में भी खब पसीने छूट रहे हैं। लेकिन व्यवस्था है कि पटरी पर लौटने का नाम ही नहीं ले रही है। बात करें बिलिंग व्यवस्था की तो यह कड़वी सच्चाई है कि जब से बिलिंग का निजीकरण हुआ है, तब से सामान्य उपभोक्ताओं की बिलिंग व्यवस्था पटरी पर नहीं लौट पायी है। हर माह बिल सुधरवाने के बावजूद उपभोक्ताओं को त्रुटिपूर्ण बिल मिलने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। उपभोक्ता यदि चालू माह में बिल सुधरवाता है तो दो-तीन माह बाद फिर उसे त्रुटिपूर्ण बिल मिल जाता है। इसको लेकर उपभोक्ताओं समेत विभागीय लोग खासे परेशान है। अंदरखाने की बात है कि मीटर रीडर की लापरवाही के चलते उपभोक्ताओं को गलत बिल मिल रहे हैं। आखिर यह सब कब तक चलता रहेगा। यह एक यक्ष सवाल है?

### आपन भला, भला जग माही...

करंट विभाग में चहेतों ठेकेदारों की चांदी कट रही है। ठेकेदार चाहे वितरण अनुभाग के हो या फिर परीक्षण खंड, स्टोर, सिविल आदि के। हालात यह है कि ऑनलाइन टेंडर में भी खेल हो जा रहा है और चहेते ठेकेदारों से काम कराया जा रहा है। कहने को तो सरकार ने ठेके पर काम करवाने की व्यवस्था ऑनलाइन कर रखी है। इसके लिए सभी प्रकार की प्रक्रिया ऑनलाइन ही पूरी की जाती है। लेकिन इसका भी काट घाघ टाइप के ठेकेदारों और विभाग के लोगों ने निकाल लिया है। सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था पर पानी फेरने वाले ऐसे लोग नियमों को ताक पर रखकर काम करवाने से भी बाज नहीं आते हैं। एक कहावत खूब प्रचलित है-आपन भला, भला जग माही.....।

# पुण्य की डुबकी के लिए काशी में उमड़ा जनसैलाब

## पूर्णिमा व चंद्र ग्रहण पर गंगा में लाखों श्रद्धालुओं ने लगायी डुबकी



गंगा स्नान के लिए उमड़ा जनसैलाब



दशाश्वमेधघाट पर स्नान के लिए उमड़ी भीड़

आस्था

**दशाश्वमेध घाट, प्रयाग घाट अस्सी, पंचगंगा घाट समेत कई घाटों पर उमड़ी रही भीड़**

**घाटों पर चलता रहा दान-पुण्य गंगा घाटों पर मेले जैसा माहौल**

**वाराणसी।** कार्तिक पूर्णिमा और चंद्रग्रहण के चलते मंगलवार को बनारस के गंगा घाटों पर स्नानार्थियों की भीड़ उमड़ी रही। भोर से ही दशाश्वमेध, शीतला घाट, मुंशी घाट से लेकर तुलसीघाट और अस्सी घाट तक श्रद्धालु उमड़े रहे। सुबह 8.10 बजे चंद्रग्रहण का सूतक लगने से पहले लोग पूर्णिमा स्नान कर लेना चाहते थे। दूरदराज के शहरों और गांवों से आये लोगों की भीड़ से मंगलवार की सुबह से ही बनारस में जाम की स्थिति रही। स्नान के बाद भी घाटों से लोग हटे नहीं बल्कि चंद्रग्रहण की प्रतीक्षा करने लगे। घाटों पर जगह जगह भजन कीर्तन भी चल रहे थे। कार्तिक पूर्णिमा पर काशी में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। अर्धरात्रि के बाद से ही दशाश्वमेध जाने वाली सड़कों पर स्नानार्थियों का रेला उमड़ने लगा था। कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए सुबह गंगा तटों पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। घाटों पर स्नान का उत्सव किसी कुंभ से कम नहीं नजर आया। कहीं समूहबद्ध महिलाओं के गंगा गीत गूंज रहे थे तो कहीं दीपदान और पूजा, अर्घ्यदान। गंगा पार स्नान के बाद रेत से विष्णु और शिव की प्रतिमाएं बनाकर महिलाओं ने आरती उतारी और घर, परिवार से समाज के मंगल की कामना की। तीर्थनगरी में कार्तिक पूर्णिमा पर दो लाख से अधिक लोगों के डुबकी लगाने का अनुमान है। पुण्य की डुबकी लगाने वालों का रेला इस कदर उमड़ा कि घाटों पर जहां तक नजर जाए, वहां तक सिर्फ स्नानार्थियों के ही सिर नजर आने लगे। हालत यह हुई कि घाट पर जगह न होने की वजह से प्रशासन को स्नानार्थियों के जत्थों को जहां-तहां रोकना पड़ा। सोमवार आधी रात के बाद से ही दशाश्वमेध जाने वाली सड़कों पर स्नानार्थियों का रेला उमड़ने लगा।

भोर तक दशाश्वमेध घाट, शीतला घाट पैक हो गए। इन दोनों घाटों पर देव दीपावली देखने आए लोगों की भीड़ पहले से मौजूद थी। गंगा स्नान को लेकर पुलिस-प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किया गया था। सामने घाट से अस्सी, भदैनी, दशाश्वमेध घाट, शीतला घाट, अहिल्याबाई घाट, पंचगंगा घाट, केदार घाट, खिड़किया घाट, भैंसासुर घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी थी। श्रद्धालुओं के चलते गंगा घाटों पर मेले जैसा दृश्य नजर आया।

### गंगा-गोमती संगम पर लगायी डुबकी

कार्तिक पूर्णिमा

**श्रद्धालुओं की भीड़ से पटा रहा मारकंडेय महादेव घाट**



चौबेपुर। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार को मारकण्डेय महादेव स्थित गंगा गोमती संगम घाट पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। तत्पश्चात मारकंडेय महादेव में जलाभिषेक कर भिक्षुकों को दान कर पुण्य का लाभ कमाया। भोर से शाम तक घाट श्रद्धालुओं की भीड़ से पटा रहा। स्नानार्थियों की सुरक्षा को चौबेपुर पुलिस प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पूरे दिन पुलिस के जवान चक्रमण करते रहे। गंगा में आस्था की डुबकी लगाने के लिए भोर से ही श्रद्धालुओं का तांता लग गया। हालांकि ठंड के कारण आरंभ में आस्थावानों की भीड़ कम रही लेकिन ज्यों-ज्यों भगवान भास्कर की किरणें धरती पर फैलती गईं भीड़ बढ़ती गई। दोपहर तक गंगा घाट श्रद्धालुओं से पट गया। वही दूसरी तरफ संगम किनारे मारकण्डेय महादेव मंदिर धाम कैथी में कार्तिक पूर्णिमा के दिन देवदीपावली गंगा गोमती संगम पर मनाया गया। शाम को चंद्रग्रहण की समाप्ति पर स्थानीय लोगों ने गंगा में स्नान कर दोषमुक्ति की याचना की। गौरा उपरवार,गौरी शंकर महादेव मंदिर ढकवा,चंद्रावती, परनापुर सरसौल घाट के गंगा नदी में श्रद्धालुओं ने स्नान व पूजन-अर्चन कर दान पुण्य किया। गंगा घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ से मेले जैसा नजारा देखने को मिला। गंगा तट के आस-पास विभिन्न प्रकार की दुकानों पर लोगों ने खरीदारी भी की। संगम किनारे कार्तिक पूर्णिमा के दिन दीप प्रज्वलित कराने की व्यवस्था मारकण्डेय महादेव मंदिर के पुजारी नितेस गोस्वामी , मंगरु महाराज कैलाश , मल्लु बाबा , गणेश गिरि सुरज गिरि कल्लू बजरंग सेवा समिति अध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह व गांव के अन्य गणमान्य लोगों के द्वारा आरती पूजन किया गया।

## कार्तिक पूर्णिमा पर लक्ष्मीकुंड में 21 हजार दीप जले

**वाराणसी।** जनता हिताय समिति की ओर से कार्तिक पूर्णिमा पर प्राचीन लक्ष्मीकुंड में देवदीपावली महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर कुंड में जल विहार की झांकी सजी थी। ग्यारह ब्राह्मणों ने मां लक्ष्मी का मंत्रोच्चार के बीच स्नान कराया। इसके साथ ही विविध प्रकार का भोग चढ़ाया गया। इस मौके पर सरोवर पर 21 हजार दीपक प्रज्जवलित किये गये। इस मौके पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया जिसमें गायन, वादन व नृत्य की धूम रही। इसके साथ ही समाज सेवा में विशिष्ट कार्य करने वाले 11-11 विभूतियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पद्मश्री व पद्मभूषण डा. देवी प्रसाद द्विवेदी रहे। अध्यक्षता संतोष कुमार सिंह ने की। संचालन श्याम तिवारी ने किया। संवागत संस्थापक अध्यक्ष मधुसूदन त्रिपाठी व सह संयोजक डा. एश्रा एस गांगुली ने किया।

# नवनियुक्त डीएम ने मरीजों का पूछा कुशलक्षेम

जायजा

**महिला व पुरुष अस्पताल का निरीक्षण कर दिया निर्देश**

**डेंगू के भर्ती मरीज व उनके इलाज के बारे में जानकारी लिया**



मंडलीय अस्पताल में मरीजों का हालचाल लेते नवागत जिलाधिकारी

**वाराणसी।** देव दीपावली पर राजघाट पुल के समीप हुई दुर्घटना में घायल लोगों का हाल जानने मंगवार को नवनियुक्त डीएम एस. राजलिंगम मण्डलीय अस्पताल पहुंचे,उन्होंने मरीजों से उनका कुशलक्षेम पूछा,और चिकित्सक से मरीजों के ईलाज की जानकारी ली। मंगलवार को सुबह जिलाधिकारी एस राजलिंगम मण्डलीय अस्पताल में भर्ती मरीजों से मिलकर उन्हें लगे चोटों के बारे में डॉक्टर अभिषेक रॉय से जानकारी लिया। साथ ही मरीज के परिजन को हिम्मत बंधाते हुए एसआईसी को बेहतर चिकित्सा देने का निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने अस्पताल में डेंगू से भर्ती मरीजों के वार्ड का निरीक्षण किया और उनके चिकित्सा व संख्या के बारे में जानकारी लिया। इसके बाद वह ब्लड बैंक, डायलिसिस यूनिट, रैबीज वैक्सीन कक्ष, बहिरंग विभाग, ऑपरेशन थियेटर व मोर्चरी का निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल के एसआईसी डॉ घनश्याम मौर्य व वरिष्ठ डॉ एसपी सिंह ने उन्हें बताया कि उनके यहां अर्थो, सर्जरी, एनेस्थेटिक विभाग मात्र एक-एक डॉक्टर के भरोसे चल रहा है। ब्लड बैंक में एसडीपी व प्लेटलेट्स एजीकेटर मशीन के डिमांड के बारे में शासन को लिखे पत्र के बारे में जानकारी दिया। उन्होंने डीएम से मोर्चरी में खराब पड़े दो डीप फ्रीजर का भी मांग किया। उन्होंने जल्द ही डिमांड को पूरा कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद डीएम ने महिला अस्पताल के सभी वार्ड, ओटी व आकस्मिक कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल के एसआईसी डॉ ए के श्रीवास्तव, डॉ राजेश्वर नारायण पुरुष अस्पताल के एसआईसी डॉ घनश्याम मौर्य, सीएमओ डॉ संदीप चौधरी, वरिष्ठ डॉ एसपी सिंह, डॉ अभिषेक राय थे।

# बनारस में भी वक्फ बोर्ड की सम्पत्तियों पर अवैध कब्जे

बोले धर्मपाल सिंह

**वक्फ सम्पत्तियों को कब्जा मुक्त करा बनाये जायेंगे स्कूल, अस्पताल व पार्क**

**डेयरी उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को पूंजी निवेश पर मिलेगी 10 प्रतिशत सब्सिडी**



सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते धर्मपाल सिंह

**वाराणसी।** पशुधन, दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ व हज और नागरिक सुरक्षा मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश की वक्फ संपत्तियों को कब्जा मुक्त कराकर पार्क, अस्पताल और स्कूल बनाएंगे। बनारस में भी वक्फ बोर्ड की सम्पत्तियों पर अवैध कब्जे हैं। इसके लिए अल्पसंख्यक विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे वक्फ की ऐसी संपत्तियों को चिह्नित कर कब्जा करने वालों को नोटिस देकर खाली कराये। बनारस में ऐसी सम्पत्तियों को चिह्नित भी कर लिया गया है।

मंगलवार को सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि शासन के निर्देश पर हाल ही में हुए सर्वे में वाराणसी में 99 गैर मान्यता प्राप्त मदरस सामने आए। जिले के 108 मान्यता प्राप्त एवं राज्यानुदानित मदरसों का भी सत्यापन किया गया। कहा कि पीएम मोदी की मंशा, अल्पसंख्यक छात्रों के एक हाथ में कुरान तो दूसरे में लैपटॉप हो, को ध्यान में रख मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को अब हिंदी, गणित, साइंस, सामाजिक विज्ञान आदि विषयों की शिक्षा दी जाएगी। जिससे कि वो भी आईएएस, पीसीएस, इंजीनियर और डॉक्टर बनें। पीएम की यह भी इच्छा है कि हजूर के बेटे ही हजूर नहीं होंगे, मजूर के बेटे भी हजूर होंगे। हम अल्पसंख्यकों को मुख्य धारा से जोड़ने का काम करेंगे।

### डेयरी उद्योग लगाने वालों को मिलेगा 10 प्रतिशत अनुदान

मंत्री धर्मपाल सिंह ने पत्रकारों से कहा कि दुग्ध नीति में बड़ा परिवर्तन किया गया है। खुद की पूंजी लगाकर डेयरी उद्योग लगाने वालों को 10 फीसदी का अनुदान दिया जाएगा। जबकि बैंक से कर्ज लेकर निवेश करने वालों को पांच प्रतिशत का अनुदान दिया जाएगा।

### हर विधानसभा में बनेंगे गौ-संरक्षण केंद्र

उन्होंने बताया कि हर जिले में विधानसभावार में बड़े स्तर पर गौ-संरक्षण केंद्र बनाए जाएंगे। जिसमें दो से चार हजार गौवंशों को रखा जाएगा। सरकार हर केंद्र पर आठ से 12 करोड़ रुपये सरकार खर्च करने जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में करीब साढ़े तीन लाख गायें अब भी सड़कों पर घूम रही हैं। उन्हें इन गौ-संरक्षण केंद्र में रखा जाएगा। जिससे सड़कों पर टहलने वाले गौवंश नहीं दिखेंगे। उन्होंने बताया कि लंपी वायरस पर रोकथाम के लिए सात मंडलों के 32 जिलों के पशुओं के अन्य जिलों में प्रवेश पर रोक लगाई गई। लम्पी की बीमारी पर सरकार ने नियंत्रण पा लिया है।

### टिकट काउंटर पर ब्रिकी से ज्यादा मिली नगदी

**वाराणसी।** कार्तिक पूर्णिमा व चंद्र ग्रहण पर गंगा में स्नान करने वालों की भीड़ का फायदा कैंट स्टेशन पर जनरल बुकिंग काउंटर के बाबूओं ने उठाया इसका खुलासा मंगलवार को विजिलेंस की ओर से की गयी छापेमरी में हुई। विजिलेंस की टीम ने मंगलवार को कैंट स्टेशन के जनरल टिकट काउंटर पर छापेमारी की इसके चलते काउंटर पर कार्यरत बाबूओं में हड़कम्प मच गया। टीम ने चार नंबर व पांच नंबर काउंटर पर कैश का मिलान किया, मिलान में सूत्रों की मानें तो 15 सौ रुपये ज्यादा मिले। इन दोनों काउंटर पर बीबी सिंह व संजय की ड्यूटी थी। टीम ने नगदी को जब्त कर अग्रिम कार्रवाई पूरी की।






# यात्री सुविधाओं पर पीएससी सदस्य संतुष्ट

निरीक्षण

**साफ सफाई सहित अन्य सुविधाओं पर यात्रियों से किया संवाद**



यात्री सेवा समिति के सदस्यों की ओर से स्टेशन पर निरीक्षण

**वाराणसी।** यात्री सुविधाओं की स्थिति जानने मंगलवार को यात्री सेवा समिति (पीएससी) के छह सदस्यीय दल अध्यक्ष रमेश चंद्र रतन के नेतृत्व में कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) पर पहुंचा। वंदे भारत एक्सप्रेस से दोपहर दो बजे स्टेशन पहुंचे सभी सदस्यों का अपर मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी लाल जी चौधरी व स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित ने स्वागत किया। अध्यक्ष रमेश चंद्र के नेतृत्व में सभी ने यात्री सुविधाओं का हाल जाना इसके बाद यात्रियों से सुविधाओं के संदर्भ में संवाद किया। उन्होंने यात्रियो से स्टेशन पर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली यात्रियों की ओर से मिले जवाब से सभी सदस्य संतुष्ट हुए। इसके बाद सभी ने स्टॉल पर बिकने वाली खाद्य सामाग्री के बारे में जानकारी लेते हुए उसके पैकेजिंग व मूल्य को देखा, और संचालक से वार्ता की। स्टेशन पर भीड़ के बाद भी साफ-सफाई की मुक्कमल व्यवस्था से संतुष्ट दिखे। इस दौरान कैंट स्टेशन के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहें। स्टेशन पर उपलब्ध व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए स्टेशन ⁄प्रबंधन को रू. 10,000/-का पुरस्कार प्रदान किया एवं सदस्यों ने रेलवे सुरक्षा बल के कर्मियों से भी संवाद स्थापित कर उनके उल्लेखनीय कार्यों (जिसके तहत रेलवे सुरक्षा बल ने 56 बच्चों का रेस्क्यू करके अपनी सुपुर्दगी में लिया था) सहित अन्य कार्यों से अवगत होते हुए रेलवे सुरक्षा बल की प्रशंसा करते हुए उनको रू.5000/- का पारितोषिक प्रदान किया।

### लाखों ने लगाई बलुआघाट गंगा में आस्था की डुबकी

**रामनगर।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार को बलुआघाट पर लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाकर दान पुण्य किया। मंगलवार की भोर साढ़े तीन बजे से ही लोगों का बलुआघाट पर पहुंचना शुरू हुआ तो दोपहर तक चलता रहा। भारी भीड़ के कारण रामनगर चौक से सामने घाट पुल सहित सामने घाट तक भीषण जाम लग गया। पुलिस ने सामने घाट और रामनगर चौराहे से बड़े वाहनों को आवागमन के लिए रोककर जाम छुड़ाने का प्रयास किया। लेकिन घंटों मशक्कत के बाद ही जाम से कुछ निजात मिल सकी। कार्तिक पूर्णिमा पर मिजार्पुर, अहरौरा, जमालपुर, नारायनपुर चकिया, बबुरी सहित अन्य जगहों से भारी संख्या में लोग गंगा स्नान करने रामनगर पहुंचे थे। बड़ी संख्या में लोगों ने गंगा में डुबकी लगाई मंदिरों में मत्था टेकने के साथ साथ दान पुण्य भी किया। सड़क की पटरियों पर बड़ी संख्या में दुकानें लगाई गई थी। लगभग दो बजे जाकर स्नान का क्रम बन्द हुआ तब यातायात सामान्य हो सका।


B.Ed. सत्र 2022-23

बी.एड. काउंसलिंग कोड — में प्रवेश लेने हेतु उ. प्र. का सर्वश्रेष्ठ कॉलेज

30 सितम्बर से हो रही काउंसलिंग के लिए कॉलेज में सम्पर्क करें

| | | |
|---|---|---|
| SV 2673 | कृष्ण सुदामा संस्थान, NH 31 टोल प्लाजा के सामने, भंदहाँ कला, कैथी, वाराणसी | फीस 51250/- |
| SV 2674 | कृष्ण सुदामा संस्थान, NH 31 टोल प्लाजा के सामने, भंदहाँ कला, कैथी, वाराणसी | फीस 51250/- |
| SP 2982 | के.एस.बी. इंस्टीट्यूट ऑफ इंजिनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, मरदापुर, दौलतनगर, सादात, गाजीपुर | फीस 51250/- |
| SP 2983 | के. एस. वी. संस्थान, हुरमुजपुर, बक्सुपुर, गाजीपुर | फीस 51250/- |
| SP 2999 | कृष्ण सुदामा महाविद्यालय, मरदापुर, दौलतनगर, गाजीपुर | फीस 51250/- |
| SP 3000 | कृष्ण सुदामा संस्थान, मरदापुर, सादात, गाजीपुर | फीस 51250/- |

कृष्ण सुदामा ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स द्वारा संचालित कोर्सेस

BAMS I D. PHARMA I ANM/GNM I NURSING I POLYTECHNIC I B.Ed. I D.El.E.D.

B.A.IB.Sc.IB.ComIB.C.A.IB.B.A.IM.A.IM.Sc.IM.ComIB.LibIM.LibIYOGA

7522803001, 7522803011, 7522803036, 7522803050, 7422803005, 9838186060

Website : www.ksgoi.in I Admission Link : https://ksgoi.in I scholar/userreg.php

# गुणवत्ता संग निर्धारित समय पर पूरी की जाएं विकास योजनाएं

जनसंदेश न्यूज

**बोले एस राजलिंगम**

- विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी ने की विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक
- जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को उपलब्ध कराने का निर्देश
- चेतावनी-गो-आश्रय स्थलों में पशुओं की देखभाल में लापरवाही पर होगी कड़ी कार्यवाही



विकास भवन सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी एस राजलिंगम

**वाराणसी।** जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने विकास योजनाओं को गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण कराने और शासन की मंशा के अनुरूप जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को प्राथमिकता पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपस में समन्वय स्थापित करते हुए किसी भी योजना के कार्य को बाधित न होने दें और योजनाएं गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूरी की जायें, किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वह मंगलवार को विकास भवन सभागार में अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक के दौरान विकास कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहे थे।

जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित विभागीय लक्ष्यों को युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर शत-प्रतिशत पूरा करें। उन्होंने विभागीय कार्यों से सम्बन्धित वास्तविक आंकड़ों को बैठक में प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया। निर्देश दिया कि अधिकारी अपनी रिपोर्ट से सम्बन्धित समुचित जानकारी लेकर ही बैठक में भाग लें। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान उप कृषि निदेशक ने बताया कि 68 किसानों का सोलर पम्प स्थापित किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि शत-प्रतिशत किसानों से सम्पर्क करके उन्हें सोलर लगवाने के लिए प्रेरित करें। इसके अलावा सोलर पैनल, फोटो सेल, बैटरी आदि की आपूर्ति करने वाली कम्पनियों के साथ को-आर्डिनेट करके समय से सभी उपकरण मंगाये जाएं।

पशुपालन की समीक्षा के दौरान 111 ग्रामीण गो-आश्रय स्थल तथा चार शहरी गो-आश्रय स्थल की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि पशुओं की देखभाल ठीक ढंग से की जाय। किसी प्रकार की लापरवाही पाये जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। पंचायती राज की समीक्षा में फंक्शनल और नान फंक्शनल शौचालयों के बारे में उन्होंने पूछताछ की और 70 प्रतिशत शौचालयों पर टंकी न लगाने व रनिंग वाटर उपलब्ध न होने की जानकारी से उसके दुरुपयोग होने की आशंका जताई। बैठक में 678 हैण्डपम्प में से 13 के लिए जमीन उपलब्ध न होने तथा 22 रिबोर के लिए अवशेष की जानकारी दी गयी। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों से अपशिष्ट कलेक्शन तथा सफाई व्यवस्था की जानकारी ली।

बैठक में डूडा के परियोजना अधिकारी ने बताया कि 33535 पीएम आवास लक्ष्य के सापेक्ष 58 प्रतिशत प्रगति पूर्ण हो चुकी है। पीएम स्वनिधि में प्रथम किस्त 35 हजार में 33492 डिस्बर्स हो चुका है। अमृत सरोवर अभियान में 1388 का लक्ष्य है, जिसमें 201 पर कार्य चालू है तथा 120 कम्पलीट हो चुका है। इसी प्रकार, जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी, विद्युत आदि विभागों के कार्यों की भी समीक्षा की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पार्षद के लिए 472 और महापौर की खातिर 18 ने ठोंकी दावेदारी

**निकाय चुनाव**

**सपा के प्रभारियों ने आवेदकों के साथ किया गहन मंत्रणा**

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी ने निकाय चुनाव के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत मंगलवार को यहां पहुंचे पार्टी के निकाय चुनाव प्रभारी विधायक मनोज पांडेय, आरके वर्मा व जाहिद बेग ने पार्षद व महापौर पद के दावेदारों से आवेदन और आवेदकों के साथ गहन मंत्रणा भी किया। निकाय चुनाव प्रभारी मनोज पांडेय ने बताया कि पार्षद पद के लिए 472 एवं महापौर पद के लिए 18 लोगों ने आवेदन किया है।

उन्होंने कहा कि नगर निगम चुनाव में पार्टी उन्हीं लोगों को प्रत्याशी बनाएगी, जिन्होंने संगठन के आंदोलनों में बढ़-चढ़कर भागीदारी की और बूथों पर पार्टी का काम किये हो। वोटर लिस्ट बढ़ाने में उनका योगदान रहा हो। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वार्ड में तीन लोगों का पैनल बनाकर लिस्ट तैयार कर लिया गया है। आरक्षण आने के बाद उसमें से योग्य प्रत्याशी का चयन किया जाएगा। पार्षद व महापौर पद के लिए आए आवेदनों को राष्ट्रीय अध्यक्ष को सौंपा जाएगा।

इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़, पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा, एमएलसी आशुतोष सिन्हा, पूर्व राज्यमंत्री मनोज राय धूपचंडी, आनंद मौर्य, पूर्व जिला प्रवक्ता संतोष यादव बबलू, पूर्व विधायक अब्दुल समद अंसारी, किशन दीक्षित, पूजा यादव, प्रदीप मौर्य, डॉ. बहादुर सिंह यादव, उमाशंकर यादव, रीबू श्रीवास्तव, डॉ. ओपी सिंह, अखिलेश मिश्रा, आत्माराम यादव आदि थे।

## बुद्ध के उपदेश आज भी प्रासंगिकः प्रो. नवांग समतेन

**सारनाथ।** मूलगंध कुटी विहार के 91वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर मंगलवार को बौद्ध मंदिर परिसर में धम्म सभा का आयोजन महाबोधि सोसायटी ऑफ इंडिया की ओर से किया गया। इसमें केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान के कुलपति प्रो. नवांग समतेन ने कहा कि दया करुणा व अहिंसा का पालन करते हुए दूसरे का दुःख दूर कर सकते है। अपने अंदर राग द्वेष को कम करने की जरूरत है। उक्त बातें सारनाथ मूलगंध कुटी बौद्ध मंदिर के 91 वे वार्षिकोत्सव के मौके पर मन्दिर में आयोजित सगोष्ठी में कही। उन्होंने कहा कि शांति के लिए करुणा का साधना करने की जरूरत है। भौतिक सुखों के साथ लोगो मे अशांति फैली है। इसके लिए अपने अंदर के क्रोध को शांत करना होगा। बीएचयू के प्रो. विमलेंद्र कुमार ने कहा कि बुद्ध के उपदेश में करुणा, शांति व अहिंसा है। बुद्ध के उपदेशों को आत्मसत करने से विश्व मे शांति स्थापित होगी। स्वागत सयुक्त सचिव भिक्षु सुमित्ता नन्द थेरो ने किया। संचालन प्रवीण श्रीवास्तव व धन्यवाद ज्ञापन संदीप ने किया। इस मौके पर भिक्षु कर्मा गेन्डून, भिक्षु के मेधाकर थेरो, भिक्षु चंदिमा, बीडी पांडेय, संजय मौर्य, आनन्द प्रिय राहुल ने भी विचार व्यक्त किये।

# गंगा घाट के नजारें देख हप्पू-रज्जो अचम्भित

**सैर-सपटा**

**'हप्पू की उलटन-पलटन' की दबंग जोड़ी दरोगा हप्पू सिंह और रज्जो ने काशी का किया भ्रमण**

**देव दीपावली और गंगा आरती के नजारें देख हुए प्रफुल्लित, बनारसी व्यंजनों का लुत्फ उठाया**



**वाराणसी।** घरेलू कॉमेडी सीरियल 'हप्पू की उलटन-पलटन' की दबंग जोड़ी दरोगा हप्पू सिंह (योगेश त्रिपाठी) और उनकी दुल्हनिया रज्जो (कामना पाठक) काशी आए। देव दीपावली और गंगा आरती के नजारों को देख जहां प्रफुल्लित हुए, वहीं गंगा घाट के नजारें देख अचम्भित भी। काशी का भ्रमण किया। गलियों में घूमे। नाव की सवारी की। मुंह में पानी भर देने वाले बनारसी व्यंजनों का लुत्फ उठाया। कहा, जैसा इस नगरी के बारे में सुना था, उससे कहीं अधिक बढ़कर पाया। काशी का अपनापन ताजिंदगी दिलों-दिमाग पर छाया रहेगा।

योगेश त्रिपाठी ऊर्फ दरोगा हप्पू सिंह व रज्जो ने कहा, 'हमारे शो 'हप्पू की उलटन-पलटन' के उत्तर प्रदेश में ढेरों प्रशंसक हैं। यही कारण है कि हमने अपने दर्शकों से मिलने एवं उनसे बातें करने के लिये घाटों के शहर वाराणसी आने का फैसला किया। वाराणसी भारत के प्राचीन शहरों में से एक है और यहां पर कई विश्व-प्रसिद्ध मंदिर हैं, जो लाखों भक्तों को आकर्षित करते हैं। देव दीपावली पर आना तो सोने पे सुहागे जैसा रहा। हमने यहां के स्वादिष्ट पकवानों मसलन टमाटर चाट, लिट्टी-चोखा, मलइयो, कचौड़ी-जलेबी, ठंडई और कुल्हड़ की चाय के भी मजे लिये। शिव की नगरी ने मुझे एक बार फिर मोहित कर दिया। हम यहां पर बार-बार आते रहेंगे।

# वजूखाने में गंदगी व नेताओं के बयानबाजी पर सुनवाई 15 को

**वाराणसी।** ज्ञानवापी के वजूखाने में गंदगी करने और नेताओं की बयानबाजी को लेकर दाखिल मामले में मंगलवार को एसीजेएम पंचम/एमपी-एमएलए कोर्ट उज्ज्वल उपाध्याय की अदालत में मंगलवार को वादी पक्ष की ओर से लिखित बहस दाखिल किया गया। अदालत ने वादी पक्ष के लिखित बहस दाखिल करने के बाद इस मामले में आदेश सुरक्षित रखते हुए सुनवाई के लिए अगली तिथि 15 नवंबर नियत कर दी।

गौरतलब है कि वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर पांडेय ने कोर्ट में प्रार्थनापत्र देकर आरोप लगाया है कि ज्ञानवापी परिसर में नमाजियों की ओर से वजूखाने में हाथ-पैर धोए जाते है और गंदगी फैलाई जाती है। जबकि वह स्थान हमारे अराध्य भगवान शिव का स्थान है। यह हिंदू समाज के लिए अपमानजनक है। इसके साथ ही सर्वे में मिले शिवलिंग को लेकर एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव आदि ने ज्ञानवापी प्रकरण पर बयान देकर हिंदुओं की भावनाओं पर कुठाराघात किया है।

## शिवलिंग पूजा की मांग के आवेदन पर सुनवाई टली

**वाराणसी।** सिविल जज (सीनियर डिविजन) फास्ट ट्रैक कोर्ट महेंद्र कुमार पांडेय की अदालत में मंगलवार को ज्ञानवापी परिसर सौंपने व कथित शिवलिंग की पूजा करने की मांग वाली अर्जी पर सुनवाई टल गई है। बता दें की इस मामले में वाद की पोषणीयता पर मंगलवार को आदेश आना था, लेकिन न्यायाधीश के अवकाश पर रहने के चलते अब इस मामले में अगली सुनवाई 14 नवंबर को होगी। गौरतलब है कि विश्व वैदिक सनातन संघ की कार्यकारी अध्यक्ष किरण सिंह की ओर से अदालत में अर्जी देकर ज्ञानवापी परिसर को सौंपने, सर्वे के दौरान मिली शिवलिंग की आकृति की तत्काल पूजा करने की अनुमति देने व परिसर में मुस्लिमों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। इस वाद में प्रतिवादी अंजुमन इंतजामियां मसाजिद की ओर से आदेश 7 रूल 11 के तहत आवेदन देकर केस की मेरिट पर सवाल उठाया गया है। मुस्लिम पक्ष ने पिछली सुनवाई में अदालत में यह बात रखी थी। जिस पर अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रखते हुए 8 नवंबर की तिथि नियत की थी। मंगलवार को इस मामले में आदेश आना था, लेकिन पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर होने के चलते मंगलवार को इस मामले में सुनवाई टल गई।

## पार्षद ने लगाया मतदाता सूची में फर्जीवाड़े का आरोप

**एक पते पर 200 मतदाताओं का किया गया पंजीकरण**

**वाराणसी।** कोनिया पार्षद शिव प्रकाश मौर्य ने मतदाता सूची में फर्जीवाड़े का आरोप लगाते हुए बताया कि एक पते पर 200 और दूसरे पते पर 76 लोगों को मतदाता बना दिया गया है। पार्षद ने आदमपुर जोनल अधिकारी से मंगलवार को मामले में कार्रवाई के लिए पत्र सौंपा है। पार्षद ने बताया कि बीते माह निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसीएम तृतीय व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी से मामले की शिकायत की थी।

जिसपर कार्रवाई नहीं हुई तो इसकी शिकायत जोनल अधिकारी से की। बताया कि एक मकान के पते पर 76 नाम पंजीकृत किया गया है। जो दूसरे वार्ड घसियारी टोला दूसरे वार्ड के रहने वाले हैं। जबकि उक्त मकान खाली पड़ा है। वहीं कोनिया में एक ही मकान नंबर पर 200 मतदाता पजीकृत हैं। जिसमें केवल 20 ही रहते हैं, बाकि 80 कहीं अन्य स्थान के हैं।

# कांग्रेस प्रदेश प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय ने लिया घायलों का हालचाल



राजघाट पर हुए हादसे में घायलों का हाल-चाल लेते अजय राय

**वाराणसी।** देव दीपावली पर्व पर सोमवार की रात राजघाट पुल से काशी स्टेशन की तरफ आने के लिए बनाये गये फुटओवर ब्रिज की रेलिंग भीड़ के कारण टूटने से कई लोग घायल हो गए। कांग्रेस के प्रदेश प्रांतीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अजय राय कबीरचौरा स्थित मंडलीय चिकित्सालय मंगलवार को पहुंचे और वहां भर्ती घायलों के स्वास्थ्य की जानकारी लिया। घायलों से मिलने से बाद प्रदेश प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि मैनें कांग्रेसजनों संग मंडलीय चिकित्सालय जाकर वहां भर्ती घायलों का हालचाल लिया है। पार्टी घायलों के साथ खड़ी है। हम ईश्वर से उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे, दुर्गाप्रसाद गुप्ता, डॉ. राजेश गुप्ता, सफक रिजवी, विपिन पाल, मनोज वर्मा मनु, किशन यादव, रामजी गुप्ता, विकास, मोहम्मद उज्जैर आदि साथ थे।

# महापौर ने डेढ़ करोड़ की लागत के कार्यों का किया शिलान्यास



विभिन्न कार्यों का शिलान्यास करतीं महापौर मृदुला जायसवाल

**वाराणसी।** महापौर मृदुला जायसवाल द्वारा मंगलवार को शहर में एक करोड़ 50 लाख 88 हजार की लागत के कार्यों का शिलान्यास किया गया।

जिनमें वार्ड संख्या 21 चौकाघाट के अंतर्गत ढेलवरिया में गली सुधार और सड़क निर्माण कार्य, वार्ड संख्या 26 पहड़िया में कच्ची गलियों में इंटरलॉकिंग द्वारा सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। साथ ही नगर निगम सीमा विस्तारित क्षेत्र हीरामनपुर में कच्चे मार्ग पर इंटरलॉकिंग व सड़क निर्माण कार्य के साथ वार्ड संख्या 33 सारनाथ में सीमेंटेड रोड व जल निकासी के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास के दौरान वंदना सिंह, गोपाल जायसवाल, संजय जायसवाल, राकेश जायसवाल, पूर्व पार्षद अजय गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि रोहित मौर्या, सुरेंद्र राजभर, पुन्नूलाल बिंद, मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह, सिद्धनाथ शर्मा, राम त्रिपाठी, सुधा रानी, घनश्याम पटेल आदि मौजूद रहे।

## वाराणसी में विराजमान होंगे 100 फीट के कालभैरव

**वाराणसी।** काशी में पहली बार 100 फीट की बटुक भैरव की प्रतिमा के दर्शन होंगे। चेन्नई से यह प्रतिमा बनारस पहुंचेगी और इसको नरिया स्थित रामनाथ चौधरी शोध संस्थान के प्रांगण में स्थापित किया जाएगा। नौ नवंबर से 16 नवंबर तक होने वाले अष्ट दिवसीय काशी कोतवाल कालभैरव उत्सव में श्रद्धालु यज्ञ, हवन और प्रवचन के साथ ही सुरगंगा में भी डुबकी लगाएंगे। तमिलनाडु के कृष्णा गिरी पीठ के पीठाधीश्वर डॉ. वसंत विजय महाराज ने बताया कि काशी के कोतवाल की नगरी में भैरवाष्टमी के दिन काशीवासी एक लाख आठ हजार कामना पूरक भैरव मूर्तियों का पूजन करेंगे। निर्माण नौ नवंबर से गंगा की मिट्टी से आरंभ होगा। हर दिन 13 हजार पांच सौ भैरव की मूर्तियां निर्मित होंगी और 16 नवंबर को एक लाख आठ हजार भैरव का एक लाख आठ हजार दीपक, नैवेद्य, पुष्प से पूजन किया जाएगा। भैरवाष्टमी पर पहली बार काशी में भैरव दीपावली काशी की जनता मनाएगी। आयोजन पूर्ण होने के बाद बटुक भैरव और भैरव की एक लाख आठ हजार पार्थिव प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा।

# कोटेदारों के यहां से मिलने लगा एफटीएल सिलिंडर

**सुविधा**

**इस सिलिंडर को आधार कार्ड देकर कर सकते हैं हासिल : कक्कड़**



खजुरी में कोटेदार के यहां ग्राहक को देते एफटीएल सिलिंडर

**वाराणसी।** प्रदेश सरकार के निर्देश पर सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों से पांच किलो का एफटीएल सिलिंडर मिलने लगा है। एक्सक्यूटिव डायरेक्टर (एलपीजी) संजीव कक्कड़, महाप्रबंधक (एलपीजी लखनऊ) केएम ठाकुर व सप्लाई इंस्पेक्टर नम्रता ने मंगलवार को खजुरी स्थित एक कोटेदार के यहां फीता काटकर शुभारंभ किया।

इस दौरान उपस्थित ग्राहकों को संबोधित करते हुए एक्सक्यूटिव डायरेक्टर संजीव कक्कड़ ने पांच किलो के एफटीएल सिलिंडर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि ठेला-खोमचा वाले, हॉस्टल में रहने वाले विद्यार्थी, किराएदार आदि महज आधार कार्ड की छायाप्रति देकर इस सिलिंडर को हासिल कर सकते हैं। महाप्रबंधक केएम ठाकुर ने आधा दर्जन ग्राहकों को इस सिलिंडर का कनेक्शन सौंपा। अतिथियों का स्वागत मनीष चौबे ने किया।

इस दौरान विकास सहदेव, पीयूष सिंह, स्वप्निल गर्ग, हिमांशु द्विवेदी, दिनेश तिवारी, विवेक सिंह, कन्हैया गुप्ता, कपिलदेव प्रसाद, राकेश गुप्ता, बृजेश मौर्या, ध्रुव नारायण दुबे, रोहित दुबे आदि उपस्थित थे।

## डेंगू के लिए एलईडी स्क्रीन पर प्रदर्शित किए गए टोल फ्री नंबर

**वाराणसी।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत मंगलवार को शहर के एलईडी स्क्रीनों पर टोल फ्री नंबर जारी कर सावधानी और बचाव के लिए जागरूकता सूचना चलाई गई। सिगरा स्थित स्मार्ट सिटी कमांड कंट्रोल सेंटर से इसे शहर के राजेंद्र प्रसाद घाट, दशाश्वमेध घाट, गोदौलिया, कैंट रेलवे स्टेशन, वरुणा पुल आदि स्थानों पर लगाए गए एलईडी स्क्रीन पर प्रदर्शित किया गया।

## संक्षेप

### गंगा पार में बच्चों संग मनाया दीपोत्सव



**वाराणसी।** गंगा घाट उस पार कार्तिक पूर्णिमा देवदीपावली पर बच्चों संग दीपोत्सव मनाया गया। इसमें 2221 दीपों से लेट्स चेंज द आरबीट फाउण्डेशन को सजाया गया था। इस मौके पर सभी बच्चों को टॉफियां व बिस्किट दिया गया। इसके साथ ही इस पावन पर्व पर ईश्वर से सभी लोगों के जीवन में सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की गई।

### भगवान गणेश की मूर्ति की हुई प्राण प्रतिष्ठा



**वाराणसी।** रामकटोरा रामपुरी कालोनी के राममंदिर में विघ्न विनायक भगवान गणेश की मूर्ति प्रतिष्ठापित की गई। इसके पहले भगवान गणेश की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। वैदिक ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विघ्न विनायक की मूर्ति स्थापित की। इस मौके पर प्रदीप नारायण सिंह, डा. मुकुट बिहारी श्रीवास्तव. रामेन्द्र मिश्र एडवोकेट समेत भारी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### याद किये गये पूर्व विधायक राजित प्रसाद

**चांदमारी।** सैदपुर के पूर्व विधायक स्व. राजित प्रसाद यादव की द्वितीय पुण्यतिथि मंगलवार को आयर स्थित शिव मंदिर पर मनायी गयी। वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व-कृतित्व को याद किया। कहा कि उन्होंने अपना सम्पूर्ण राजनीकि जीवन काल समाजवादी विचारधारा को आत्मसात करते हुए एक संत की भांति बिताया। उन्होंने सामान्य जीवन जीते हुए भी समाज के लिए असामान्य योगदान दिया। अध्यक्षता कवि हरिद्वार प्रसाद विह्वल ने की। स्वागत डॉ. भारत भूषण यादव व संचालन राकेश यादव रौशन ने किया। इस दौरान एमएलसी लाल बिहारी यादव व आशुतोष सिन्हा, पूर्व एमएलसी सुबोधराम, उत्तर प्रदेश सहकारी आवास संघ लि. के चेयरमैन आरपी कुशवाहा, दिनेश यादव, विजय यादव, त्रिलोकीनाथ पांडेय, सरफराज पहलवान, ज्ञानी जैल सिंह यादव प्रधान, अरुण यादव, बीएल फौजी आदि ने पूर्व विधायक के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

### केंद्र पर धान खरीद न होने से किसानों में मायूसी





**दानगंज।** साधन सहकारी समिति धान क्रय केंद्र चोलापुर में धान खरीद न होने से किसानों में मायूसी है। यहां पर एक नवम्बर से ही किसों का पंजीकरण हो रहा है। अब तक 86 किसानों का पंजीकरण हो चुका है। किसान देवेंद्र सिंह ने बताया कि मैंने 20 अक्टूबर को पंजीकरण कराया है, लेकिन अब तक मेरा सत्यापन भी नही हो पाया है। हमारे जैसे दर्जनों किसान धान बेचने के लिए परेशान है। केंद्र के सचिव जितेंद्र यादव ने बताया कि किसानों का सत्यापन नही हुआ है। इसके अलावा सेन्टर पर धान क्रय करने के लिए बोरा भी उपलब्ध नहीं है। इसके चलते धान खरीद प्रभावित हो रही है।

### खाद-बीज की दो दुकानों का निबंधन प्रमाण पत्र निलंबित



**वाराणसी।** किसानों को उचित मूल्य पर बीज उपलब्ध कराने, कालाबाजारी रोकने और बीज की गुणवत्ता बनाए रखने के उद्देश्य से मंगलवार को विभिन्न टीमों ने खाद-बीज कारोबारियों के दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान 23 बीज केंद्रों की जांच की गयी और बीज के 13 नमूने परीक्षण के लिए एकत्रित किये गये। निरीक्षण के समय दुकान बंद कर देने पर मेसर्स किसान खाद भंडार-दुनियापुर और मेसर्स राहुल बीज भंडार-रामेश्वर का निबंधन प्रमाण पत्र निलंबित कर दिया गया। टीम में एसडीएम सदर व राजातालाब के अलावा उप कृषि निदेशक एके सिंह, जिला कृषि अधिकारी संगम सिंह, जिला उद्यान अधिकारी सुभाष ठाकुर, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी आरपी सिंह, वरिष्ठ सहायक अनिल कुमार सिंह आदि शामिल थे।

### वारंटी समेत शराब सप्लायर धराया

वाराणसी। कैंट जीआरपी ने मंगलवार को एक वारंटी समेत दो शराब के सप्लायर को गिरफ्तार किया। प्रभारी हेमंत सिंह ने बताया कि स्टेशन पर नहान के चलते बढ़ी भीड़ को देखते हुए जांच अभियान तेज कर दिय गया था। जिसमें मिली सूचना के आधार पर हरिशंकर, नरेन्द्र कुमार तिवारी ने आरपीएफ के धीरेन्द्र सिंह की मदद से प्लेटफार्म नम्बर 6/7 के पूर्वी छोर से एक युवक को गिरफ्तार किया उसके पास से 44 शिशी अवैध अंग्रेजी शराब की बरामद की गयी। उसकी पहचान रवि कुमार चौधरी (28)पुत्र रंजीत कुमार चौधरी बिहार निवासी के रुप में की गयी। आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर निजी मुचलके पर उसे छोड़ दिया गया। वहीं हेमंत सिंह ने बताया कि जीआरपी टीम बनाकर एक वारण्टी अभियुक्त को भी गिरफ्तार किया गया। बताया कि एसटी नम्बर 4145/19 कोर्ट नम्बर एसीजेएम एनआर से निर्गत वारण्ट की तामिला की कार्यवाही करते हुए वारण्टी के घर दबिश देकर घर से ही अभियुक्त लालू भारतीय पुत्र बच्चे लाल भारतीय निवासी सूजाबाद को गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा मे जेल भेजा गया।

### सिद्ध मनोकामना हनुमान का हुआ भव्य शृंगार

**वाराणसी।** पाण्डेयपुर दौलतपुर स्थित सिद्ध मनोकामना हनुमान का भव्य शृंगार किया गया। इस अवसर पर हनुमान जी को गेंदे के फूलों से भव्य शृंगार किया गया था। पूरे मंदिर परिसर को विद्युत झालरों से सजाया गया था। इस मौके पर हवन, भव्य भंडारा के साथ ही ज्ञानी यादव (वाराणसी), व विजय लाल (गाजीपुर) के बीच बिरहा का मुकाबला हुआ। ज्ञानी यादव ने कचौड़ी गली सुन कइला बलमू मिर्जापुर कइला गुलजार हो सुना कर लोगों की वाहवाही लूटी। अंत में कार्यक्रम संयोजक छेदी पहलवान एवं नीरज पहलवान ने बिरहा गायकों को माला व बनारसी साफा देकर सम्मानित किया । इस मौके पर दीपचंद्र गुप्ता, राजेंद्र सोनकर, होरी गुप्ता , संतोष पहलवान,पारसनाथ विश्वकर्मा, मंगरू दादा पन्ना प्रधान आदि लोग मौजूद रहे।

### किसान यूनियन के नेता टिकैत ने गुरुद्वारा में मत्था टेका

**रामनगर।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सिंह टिकैत ने गुरु नानक की जयंती के मौके पर मंगलवार को यहां स्थित गुरुद्वारा में मत्था टेका और दर्शन पूजन किया। बिना किसी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के वे दोपहर रामनगर पहुंचे थे। बताया गया कि वह अहरौरा गए थे। वहां से रामनगर में गुरुद्वारा होने की जानकारी मिलने पर वे 25 अन्य लोगों के साथ यहां पहुंचे। गुरुद्वारा सिंह सभा के अध्यक्ष रविंदर सिंह लड्डू ने बताया कि वे 12 बजे यहां पहुंचे और दर्शन पूजन किया। सिंह सभा की ओर से उन्हें सरोपा भेंट किया गया। उन्होंने गुरुद्वारा में जुटी सिख संगत को गुरुपर्व की बधाई दी और कहा कि गुरु नानक देव के बताए रास्ते पर चलकर ही समाज,देश और मानवता की सच्ची सेवा की जा सकती है। उन्होंने लंगर का प्रसाद छका। लगभग एक घण्टा यहाँ व्यतीत करने के बाद वे मुगलसराय के लिए रवाना हो गए ।इस दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष रविन्द्र सिंह लड्डू,,सरदार मंजित सिंह,प्रिंस सिंह,सोनू सिंह,सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### पर्यटन सचिव ने किया अस्थि दर्शन

**सारनाथ।** भगवान बुद्ध के उपदेश स्थली व विश्व पर्यटक स्थल पर मंगलवार को दोपहर परिवार के संग उत्तर प्रदेश शासन के मुख्य पर्यटन सचिव मुकेश कुमार मेसराम पहुंचे। मूलगंध कुटी विहार बौद्ध मंदिर में पहले से पहुंचे पर्यटन अधिकारी कीर्तिमान श्रीवास्तव ने मुख्य सचिव का स्वागत किया। इसके बाद मंदिर में रखे भगवान बुद्ध के पवित्र अस्थि का दर्शन करने के बाद पुरातात्विक खंडहर परिसर व पुरातात्विक संग्रहालय घूमने के बाद मुख्य सचिव मुकेश कुमार मेसराम सारनाथ क्षेत्र में हो रहे पर्यटन विकास कार्यों के बारे में पर्यटन अधिकारी कीर्तिमान श्रीवास्तव से जानकारी ली। भगवान बुद्ध के प्रथम धर्म उद्देश्य का भ्रमण करने के बाद मुख्य सचिव परिवार संग शहर की तरफ निकल गये।

रामेश्वर के विहंगम तट पर हजारों दीप जले

### 51 सौ मिटटी के दीयों सवा 5 किलो कपूर से हुई आरती

**जंसा।** पंचक्रोशी मार्ग पर स्थित रामेश्वर वरुणा घाट कार्तिक पूर्णिमा पर गोधूलि बेला में 51 सौ दीयो, बिजली झालरों से जगमगा उठा। राधा -कृष्ण मंदिर के महंत राममूर्ति दास उर्फ मद्रासी बाबा ,पं. अनूप त्रिपाठी व धीरज मिश्र ,आकाश मिश्र व रोहित के नेतृत्व में 11 वेद बाल ब्राह्मणों व आचार्यो के मन्त्रोच्चार व शंख डमरू नगाड़ा ध्वनि सहित वरुणा की जय-जयकार से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। नव युवा समिति रामेश्वर के युवा 'माँ वरुणा भक्त' घाट पर दीपों को जलाकर वरुणा की आरती व दीपदान किया। जंसा एसओ चन्द्रजीत कुमार, चौकी प्रभारी रामेश्वर मोहित वर्मा ,प्रधान जगापट्टी घनश्याम यादव, ने दीपदान कर आरती की। हजारों दीपों की मद्धिम रोशनी वरुणा नदी में उभरता नयनाभिराम दृश्य जैसे लग रहा था कि जमीं पर सितारे उतर आये हो। कार्यक्रम में नव युवा समिति रामेश्वर के अजय त्रिपाठी, अजित त्रिपाठी, विपिन गुप्ता,पं. रोहित त्रिपाठी, पीयूष, सन्तोष गिरि,रामबाबू समेत काफी लोग शामिल थे।

# भृगु दरबार में श्रद्धा का महाकुम्भ

**आस्था**

## श्रद्धालुओं के सैलाब से पटा गंगा का रेतीला मैदान

**बलिया।** न कोई निमंत्रण, न नाच-गाना, न किसी प्रकार का प्रलोभन-मनोरंजन और न ही किसी नेता-मंत्री का भाषण। दूर-दराज से आये स्नानार्थियों का बस एक ही लक्ष्य था, मां गंगा के पवित्र जल में सिर्फ एक डुबकी। स्नानार्थियों की अनुभूति को शब्दों में बयां कर पाना मुश्किल था।

गंगा का रेतीला मैदान श्रद्धालुओं के सैलाब से पट चुका था। लोगों को नियंत्रित करने तथा उन्हें सही घाट तक पहुंचाने के लिए जगह-जगह पुलिस के जवान मुश्तैद तो थे, लेकिन आस्था का समंदर खुद ही मां गंगा से मिलन को बेताब दिखा। मां-बेटा, पति-पत्नी, सास-बहू को एक साथ घाट पर जाते देखना इस बात का सबूत दे रहा था कि हमारी परम्परा की जड़ें किस हद तक जमीन से जुड़ी हैं। युवाओं में ददरी मेला को लेकर जितना उत्साह था, उससे कहीं अधिक जोश गंगा स्नान को लेकर भी था। गंगा तट पर कहीं हुरूका-पंखाउज की धुन तो कहीं रामनाम का जाप। गंगा में पवित्र स्नान के बाद भीड़ महर्षि भृगु व उनके शिष्य दर्दर मुनि के दर्शन-पूजन को पहुंची। इसके साथ ही पौराणिक व ऐतिहासिक महत्व वाला ददरी मेला (मीना बाजार) भी प्रारम्भ हो गया।

## लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी, भृगु बाबा के जलाभिषेक को उमड़ा जनसैलाब






**बलिया।** महर्षि भृगु की पावन धरती पर कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए मंगलवार को तड़के भक्तों ने गंगा में डूबकी लगानी शुरु कर दी। श्रद्धालुओं का रेला महावीर घाट के रास्ते गंगा व तमसा के संगम तट पर आस्था की डूबकी लगायी। इसके अलावा धरीक्षण दास की कुटी के रास्ते एवं नगवां के रास्ते भी श्रद्धालुओं का हूजुम गंगा तट पर पहुंचा और गंगा में स्नान किया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने भृगु मंदिर में मत्था टेका। इस मौके पर पुलिस प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था रही। कार्तिक पूर्णिमा के स्नान के लिए एक दिन पहले सोमवार से ही लोगों का जमघट शहर में लग गया था। बहुत से श्रद्धालु शाम को ही गंगा तट पहुंच गए थे। रात 12 बजे के बाद ही स्नान शुरु हो गया। यह स्नान मंगलवार की शाम तक चलता रहा। शहर को भीड़-भाड़ से बचाने के लिए शहर के बाहर ही गाड़ियों को रोक दिया गया था। लोगों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए मोटर वोट पर भी पुलिस के जवान चक्रमण करते रहे। जगह-जगह पुलिस के जवान तैनात किए गए थे। पुलिस वाले लोगों की मदद कर रहे थे। दूर-दराज से आए लोगों को रास्ता दिखाने का काम स्वयंसेवी संस्थाएं कर रही थी।

### पैदल ही घाटों की तरफ निकल पड़े श्रद्धालु

**सिकंदरपुर।** कार्तिक पूर्णिमा पर क्षेत्र के डूहा विहरा, कुटुबगंज कठौड़ा, खरीद दरौली के सरयू तट पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। हल्की ठंड के बीच गंगा मईया की जय.. के नारे गूंजते रहे। लोग पैदल ही घाटों की ओर निकल पड़े थे। सूरज की पहली किरण धरती पर आने से पहले ही स्नान का दौर शुरु हो गया। ग्रामीण इलाकों में सुबह के समय लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ा। वहीं, खरीद के दरौली घाट पर अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। श्रद्धालुओं ने सूर्योदय की लालिमा के बीच स्नान किया। सभी घाटों पर श्रद्धालुओं के स्नान करने की व्यवस्था की गई थी। स्नान के साथ ही मंदिरों में पूजा-अर्चन करने वालों का तांता लगा रहा।

### ददरी मेले के कार्यक्रम


| | |
|---|---|
| 15 नवम्बर | दंगल |
| 16 से 18 नवम्बर | संत समागम |
| 18 नवम्बर | कौव्वाली |
| 20 नवम्बर | मुशायरा |
| 23 नवम्बर | कवि सम्मेलन |
| 28 नवम्बर | ददरी महोत्सव |
| 30 नवम्बर | मेले का समापन |

### श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद किया दान-पुण्य



**बिल्थरारोड।** कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व मंगलवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। क्षेत्र के ग्राम तुर्तीपार में सरयू नदी के घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई और भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। साथ ही अन्न-धन का दान कर पुण्य प्राप्त किया। इस दौरान तुर्तीपार चट्टी एवं स्नान घाट के समीप मेला लगा रहा। तुर्तीपार घाट पर बलिया के अलावा देवरिया एवं मऊ के लिए श्रद्धालु भी पहुंचे और स्नान कर दान-पुण्य किया। सोमवार की रात से ही श्रद्धालु सरयू नदी के तट पर पहुंचने लगे।

### 51 हजार दीपों से जगमगा उठा श्रीनाथ बाबा सरोवर



दीपों की रोशनी से जगमगाता श्रीनाथ बाबा सरोवर

**रसड़ा।** श्रीनाथ बाबा सरोवर पर सोमवार की देर शाम देव दीपावली का आयोजन किया गया। इस दौरान घाट पर 51000 दीप सजाया गया था। श्रीनाथ बाबा सरोवर के घाटों पर लेजर लाइट की व्यवस्था किया गया था। इस नजारे को देखते के लिए नगर से लगायत ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों लोग पहुंचे थे। महंत कौशलेंद्र गिरी ने दीप जलाकर दीपोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर संतोष आर्य, दिलीप मद्धेशिया, गोपाल जी सोनी, लाला गुप्त, विजय सिटु, राजू, मनीष, भूषण, विकास गुप्ता, कृष्णा जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### गंगा आरती के बाद दीपों से जगमगाया समाधि स्थल



चैनराम बाबा समाधि स्थल पर गंगा आरती में शामिल होने जाते रामगोविन्द चौधरी, अवलेश सिंह एवं नीरज सिंह गुड्डू



**सहतवार।** कार्तिक पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर नगर के योगीराज श्री चैनराम बाबा समाधि स्थल परिसर में स्थित सरोवर पर प्रसपा (लोहिया) के प्रदेश महासचिव नीरज सिंह गुड्डू द्वारा गंगा आरती का आयोजन किया गया। वहीं, अखंड हरिनाम संकीर्तन के समापन विशाल भंडारे हुआ। मंदिर के कोने-कोने को दीपों एवं प्राकृतिक फूलों से सजाया गया था। संकीर्तन का समापन आचार्य पं. दयाशंकर पाठक, उदय शंकर पाठक आदि के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मुख्य यजमान नीरज सिंह व चेयरमैन सरिता सिंह ने विधिवत पूजन-अर्चन करके किया। इस मौके पर डा. शंभूनाथ सिंह, हरिशंकर पांडे, अखिलेश पाठक, चेयरमैन प्रतिनिधि पंकज सिंह, सभासद राजेश्वर सिंह, राहुल यादव, योगेंद्र सिंह, टुनटुन सिंह, राजीव सिंह, राकेश गुप्ता, बालेश्वर प्रसाद, पवन गुप्ता, कमलेश प्रसाद, भूपेंद्र यादव, समर सिंह, पीएन सिंह, विजय सिंह, अंकित पांडे, महेश सिंह, राणा प्रताप सिंह, संजीव सिंह, दयाराम, बजरंगी सिंह, सुरेश प्रसाद, अमलेश सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविन्द चौधरी, जदयू के वरिष्ठ नेता अवलेश सिंह आदि मौजूद रहे।







### काशी के विद्वानों ने की गंगा की महाआरती

**बलिया।** महर्षि भृगु की तपोभूमि व गंगा की पवित्र स्थली पर ऐतिहासिक गंगा की महाआरती काशी के विद्वानों ने देर रात की। गंगा महाआरती की व्यवस्था विगत् 21 वर्षों से चली आ रही है। जैसे ही नमामि शंकर ने अपने भजनों से गंगा महाआरती की शुरू की, वैसे ही पूरा संगम घाट दीपों से जगमगा उठा। गंगा की लहरों पर जलता हुआ दीया देखकर लग रहा था मानो आसमां के तारे जमीं पर उतर आये हो। गंगा महाआरती की शुरूआत गंगा पूजन से हुआ। इस दौरान एडीएम राजेश सिंह, एएसपी दुर्गा शंकर, चेयरमैन अजय कुमार समाजसेवी, इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष सरिता गुप्ता, संजय पांडेय आदि ने पूजन किया। तत्पश्चात लगभग एक घंटे तक गंगा की महाआरती हुई। जहां एक तरफ गंगा आरती हो रही थी, वहीं दूसरी तरफ महिलाएं भी घाट पर दीप जलाती रही।

### मंगलगीत गाते आगे बढ़ता रहा कारवां

**बलिया।** स्नान घाट तक जाने वाले मार्ग पर महिलाओं का कारवां आकर्षण का केंद्र बना रहा। महिलाएं गंगा मइया से संबंधित मंगलगीत स्वरबद्ध होकर गाते हुए गंगा तट पर पहुंच रही थी। उनके सिर पर मोटरी व हाथ में गंगाजल का डिब्बा था। इस झुंड का मुखिया अपने निशान के लिए लंबे डंडे में प्रतीक चिन्ह बांधे हुए था। उसी को देखकर लोग अपनों की पहचान करते थे। शहर के सभी सड़कों पर मंगलगीत सुनायी दे रहा था।

### दीपों से जगमगा उठे देवालय व शिवालय

**नगरा।** देव दीपावली पर क्षेत्र के मंदिर, देवालय व शिवालय झालर व दीपों की रोशनी जगमगा उठे। इसे देखने से ऐसा लग रहा था मानो धरती पर देवलोक उतर गया हो। असंख्य दीपमालाओं की श्रृंखला अलौकिक छटा बिखेर रहा था। नपं नगरा के प्राचीन दुर्गा मंदिर, बाजार स्थित दुर्गा मंदिर, काली मंदिर, हनुमान मंदिर, चिरयिया माई स्थान सहित क्षेत्र के शोभायमान देव स्थलों के परिसर में टीम-टीमाते मिट्टी के दीप बरबस ही लोगों को अपनी तरफ आकर्षित कर रहे थे।

### संगम घाट पर पहुंचे परिवहन मंत्री



**बलिया।** भृगु क्षेत्र में भ्रमण करने के बाद परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह सोमवार की देर रात लगभग दो बजे संगम घाट पर पहुंचे। उन्होंने संगम घाट पर मां गंगे की पूजन-अर्चन किया। इसके बाद नपा के कैम्प कार्यालय में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी हासिल की। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह कार्तिक पूर्णिमा के दिन पहली बार गंगा तट पर पहुंचे थे। इसके बाद मंत्री सीधे भृगु मंदिर पहुंचे।

### शिविर में हुई स्नानार्थियों की सेवा

**बलिया।** कार्तिक पूर्णिमा पर जहां नगर में विभिन्न राजनीतिक दलों एवं समाजसेवी संगठनों द्वारा शिविर लगाकर स्नानार्थियों की सेवा की गई, वहीं महावीर घाट से लगायत संगम घाट तक शिविर के माध्यम से लोगों की सेवा की गई। निःशुल्क दवा, चाय, भोजन, नाश्ता, पानी की भरपूर व्यवस्था किया गया था। इसी क्रम में बलिया विकास मंच गांधीनगर द्वारा महावीर घाट पर स्नानार्थियों हेतु शिविर लगाया गया। यहां रात्रि विश्राम के अलावा स्नानार्थियों के लिए पेयजल, चाय एवं दवा की सुविधा थी। इसके पूर्व शिविर का उद्घाटन विकास श्रीवास्तव, रेखा श्रीवास्तव, रूपाली, कृष्णा एवं शकुंतला देवी ने संयुक्त रूप से किया। पं. ओम नारायण ने वैदिक मंत्रोच्चार किया। मौके पर मनोज पांडेय, राजकुमार, दिनेश वर्मा, विशाल वर्मा, आनंद सिंह, सतीश मेहता, रवि गुप्त, अरविन्द, देवेन्द्र प्रताप, आशुतोष, शिवाजी, राजेश, मनोज, लालमोहन, श्वेता, आरती, वंदना आदि मौजूद रहे। वहीं, सब्जी विक्रेता संघ बिशुनीपुर ने कैम्प लगाकर स्नानार्थियों को चाय व पानी पिलाया। मौके पर पिंटू अहमद, साकिब, राजेश गोंड, रमेश बिंद, हलचल, रज्जब, युसूफ खां, शाहिद आदि मौजूद रहे।

### घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**लालगंज।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार को क्षेत्र के घाटों पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पुण्य अर्जित किया। क्षेत्र के सती घाट व शिवपुर घाट पर श्रद्धालु सुबह से ही स्नान करने लगे। पैदल, बाइक एवं अन्य साधनों से लोग गंगा घाटों पर पहुंचे और स्नान करने के बाद दान-पुण्य किया। सुरक्षा के दृष्टिगत चौकी प्रभारी परमानंद त्रिपाठी सदले-बल घाटों पर चक्रमण करते रहे।

# कटान पीड़ितों को तत्काल बसाने का निर्देश

**पहल**

### अपर सचिव राजस्व एवं श्रम ने लिया मामले का संज्ञान

**बैरिया।** तीन वर्षों से दुबे छपरा, गोपालपुर के कटान पीड़ितों को दूसरी जगह भूमि उपलब्ध कराकर बसाने का कार्य संपादित नहीं होने के मामले को अपर सचिव राजस्व एवं श्रम सुरेश चंद्रा ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने आयुक्त आजमगढ़ को निर्देशित किया है कि इस प्रकरण को गंभीरता से देखें। कहा है कि तत्काल कटान पीड़ितों को बसाया जाए और यह सुनिश्चित करें कि किस स्तर से लापरवाही के कारण कटान पीड़ितों को अभी तक नहीं बसाया जा सका है।

सन् 2017 में आई बाढ़ व कटान के कारण दुबे छपरा, गोपालपुर, सुघर छपरा के सैकड़ों लोग बेघर होकर राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर शरण लिए हुए हैं। 17 सितंबर सन् 2019 को सीएम योगी आदित्यनाथ ने दयाछपरा की सभा में एक सप्ताह के भीतर कटान पीड़ितों को भूमि उपलब्ध कराकर बसाने का घोषणा किया था, किंतु अभी तक कटान पीड़ित एनएच-31 की पटरी पर ही शरण लिए हुए हैं। इस प्रकरण में राज्यसभा सांसद नीरज शेखर व जिला पंचायत सदस्य गीता सिंह ने प्रमुख सचिव राजस्व को पत्र लिखकर अपेक्षा की थी कि इन कटान पीड़ितों को तत्काल बसाया जाए। अगर जमीन उपलब्ध ना हो तो जमीन खरीद कर बसाया जाए। अपर प्रमुख सचिव राजस्व सुरेश चंद्रा ने इस प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए सोमवार को आयुक्त आजमगढ़ मनीष चौहान से फोन पर बात की। निर्देशित किया कि तत्काल कटान पीड़ितों को भूमि उपलब्ध कराकर बसाया जाए। वही, यह जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाएगी कि तीन वर्ष बाद भी सीएम की घोषणा को अमलीजामा क्यों नहीं पहनाया गया।

> मुझे बैरिया आये चार-पांच महीने हुए है। अभी किसी अधिकारी का पत्र मेरे सामने नही आया है। फिर भी 30 कटान पीड़ितों को अचलगढ़ में आवासीय भूमि उपलब्ध करा दिया गया है। शेष सभी कटान पीड़ितों को तीन-चार दिनों के भीतर जमीन उपलब्ध करा दिया जाएगा।
>
> आत्रेय मिश्र, उप जिलाधिकारी बैरिया

# गोरखपुर विवि में एसोसिएट प्रोफेसर बने डॉ. सत्यपाल

**बलिया।** कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर बलिया जनपद को एक उपलब्धि हासिल हुई है। ग्राम बसन्तपुर निवासी डा. सत्यपाल सिंह का चयन दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर में एसोसिएट प्रोफेसर अर्थशास्त्र के रूप में हुआ। डॉ. सत्यपाल सिंह ने स्नातक स्तर की पढ़ाई जनपद के कुंवर सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय तथा स्नातकोत्तर व पीएचडी श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलिया से की है। वे वर्तमान में दिग्विजय नाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोरखपुर में कार्यरत है। दूरभाष पर हुई वार्ता मे उन्होंने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता तथा गुरूजनों को दिया।

# डेंगू को लेकर सभी ब्लॉकों में कंट्रोल रूम स्थापित

**जनसंदेश न्यूज**

**बलिया।** डेंगू मरीजों को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड में आ गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के साथ ही जिला अस्पताल तथा सभी ब्लाकों में कंट्रोल रूम स्थापित कर दिए गए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. जयन्त कुमार के अनुसार संक्रामक रोगों के समुचित नियंत्रण, उपचार व आम लोगों की सुविधा के लिए जनपद व ब्लाक स्तर पर कंट्रोल रूम 24 घंटे कार्य करेंगे।

सीएमओ ने बताया कि वर्ष 2022 में अब तक डेंगू के 139 के मरीज रिपोर्ट हुए हैं। इनमें 111 मरीज घटन स्वस्थ हो चुके हैं। 28 मरीजों का इलाज चल रहा है। सबसे अधिक डेंगू के 29 मरीज दुबहड़ ब्लाक में मिले हैं। इनके अलावा बलिया अर्बन व हनुमानगंज में 28-28 मरीज सामने आए हैं।

बताया कि डेंगू से कुल प्रभावित ग्राम 92 हैं। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि डेंगू के लक्षणों में त्वचा पर चकत्ते, तेज सिर दर्द, पीठ दर्द, आंखों में दर्द, तेज बुखार, नाक से खून बहना, जोड़ों में दर्द, उल्टी दस्त आदि है। बताया कि डेंगू का पता लगाने के लिये एलाइजा जांच जरूरी है। यह जांच जिला अस्पताल के सेंटिनल लैब में निःशुल्क उपलब्ध है।

## संक्षेप

### आग से झुलस गई युवती

**नगरा।** क्षेत्र के एक गांव मे प्रेम प्रसंग के चक्कर में युवती ने शरीर पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली। इससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। आनन-फानन में परिजन उसे किसी अस्पताल में ले गये। जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह नगरा थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने अपने शरीर पर ज्वलनशील पदार्थ उड़ेलकर आग लगा ली। घर के अंदर से धूंआ उठता देखकर लोग मौके पर पहुंचे और शोर मचाया। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

**बलिया।** नरहीं के कोटवा नारायणपुर निवासी स्व. केदारनाथ पांडेय की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन मुक्तिनाथ बालिका इंटरमीडिएट कालेज कोटवा नारायणपुर में हुआ। मुख्य अतिथि विधायक संग्राम सिंह यादव ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर व्यापक प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आयोजन शारदानंद राय और संचालन रोहिणी रमन ने किया। अध्यक्षता विजय नारायण ने की।

### निधन पर शोक, दी श्रद्धांजलि

**बलिया।** भाकपा के सुखपुरा इकाई की आवश्यक बैठक मंगलवार को संत यतीनाथ मंदिर के सभाकक्ष में हुई, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ सदस्य राजनाथ मिश्र के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने उनके निधन को पार्टी की अपूर्णीय क्षति बताया। इस दौरान लोगों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौके पर विप्लव, पारस, विक्रमा, शिवजी, यमुना, गुलामन आदि ने शोक संवेदना व्यक्त किया।

# सतीश दूबे अध्यक्ष और सचिव बने असलम वारसी




**बेल्थरारोड।** जिला शूटिंग बाल संघ बलिया की बैठक न्यू सेंट्रल पब्लिक एकेडमी बेल्थरारोड में हुई, जिसमें जिला शूटिंग बाल संघ की प्रबंध कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। यह विधायक हंसू राम, संरक्षक धनंजय उपाध्याय एवं पर्यवेक्षक तारकेश्वर सिंह की अध्यक्षता में हुई। अध्यक्ष पद पर सतीश दूबे, चेयरमैन पद पर अब्दुल रहमान तथा उपाध्यक्ष पद पर सत्यप्रकाश जायसवाल, अजय यादव, अमर सिंह व अजीत कुमार सिंह को चुना गया। असलम वारसी को सचिव, जीशान अहमद को कार्यवाहक सचिव, विनोद कुमार को कोषाध्यक्ष, मंजीत एवं मुर्शिद को संयुक्त सचिव, उदितराज गुप्ता को संयोजक एवं दिनेश यादव, आनंद कुमार, डा. गौहर परवीन, मुकेश एवं विशाल मद्धेशिया को सदस्य के रूप में चुना गया। एकेडमी के प्रबंधक सतीश दूबे ने अतिथियों का आभार जताया।

### गांधी आश्रम के नवनिर्मित भवन का शिलान्यास

**रतसर।** स्थानीय नगर पंचायत स्थित श्री गांधी आश्रम के नव निर्मित भवन का शिलान्यास मंगलवार को श्री गांधी आश्रम के जिला मंत्री सत्येन्द्र कुमार सिंह ने किया। कहा कि 1971 में बना यह भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका था। दो वर्ष पूर्व सर्वसम्मति से निर्णय लेकर भवन का निर्माण कराया गया। श्री गांधी आश्रम के व्यवस्थापक अमरनाथ सिंह ने बताया कि लोगों का आकर्षण खादी वस्त्रों की तरफ बढ़ता जा रहा है। हालांकि कपास का उत्पादन कम होने के कारण रुई का उत्पादन मांग के अनुरूप नही होने से इस पर प्रतिकुल असर पड़ रहा है। मौके पर धर्मराज सिंह, शैलेन्द्र कुमार, चन्द्रमा, दयानन्द, हरिन्द्रनाथ मिश्र, राम सेवक यादव, ओम प्रकाश शर्मा, विशाल सिंह, प्रवीण प्रताप सिंह, घनश्याम, शिवजी सिंह, रामेश्वर यादव, रामाशीष गौतम, प्रवीण कुमार सिह आदि मौजूद रहे। सभी का आभार शिवजी सिंह ने व्यक्त किया।

# लोगों को बताया जायेगा हर्बल पौधों का महत्व

**जानकारी**

### अपने आस-पास उगे औषधीय पौधों से अंजान रहते है लोग

**जनसंदेश न्यूज**

## औषधीय गुणों से रोगी होंगे परिचित

**बलिया।** इस संबंध में प्रभारी क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एंव यूनानी अधिकारी डा. संजय कुमार सिंह ने बताया कि जिले के 13 हेल्थ एडं वेलनेस सेंटर में हर्बल गार्डन का विकास किया जा रहा है। गार्डन की मदद से अपने आस-पास उपस्थित पौधों के औषधीय गुणों से रोगियों को परिचित कराया जाएगा। तुलसी, गिलोय, नीम, दूर्वा, सुदर्शन, एलोवेरा, आवला के पौधों को रोपित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

**बलिया।** आयुर्वेदिक अस्पतालों में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर संचालित करने के साथ ही हर्बल गार्डन भी विकसित किए जा रहे हैं। गार्डन में लगे पौधों से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी फायदे को लोगों को बताया जाएगा। अब राजकीय आयुर्वेदिक अस्पतालों में इलाज के साथ ही हर्बल पौधों का महत्व भी मरीजों और तीमारदारों को बताया जाएगा।

आयुष चिकित्सा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि केंद्र सरकार के प्रयासों से आयुर्वेद एवं योग की महत्ता को दुनिया स्वीकार चुकी है।

लोगों को अपने घर के पास हर्बल पौधे लगाने के लिए प्रेरित भी किया जाएगा, जिससे लोग इलाज की पुरानी पद्धति का लाभ उठा सकें।

वर्ष 2015 से धनतेरस को आयुर्वेद दिवस के रूप में मनाया जाता है और हर दिन हर घर आयुर्वेद के तहत आयुर्वेद के विचारों को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। हर्बल गार्डन कार्यक्रम इसी की एक कड़ी है। हमारे घर के आस-पास, बागीचे और खेत में ऐसे पौधे होते हैं, जो हमारे लिए काफी उपयोगी है।

उनसे कई बीमारियों का इलाज हो सकता है। उनके प्रति अनजान होने के कारण लोग फायदा नहीं उठा पाते हैं। हर्बल गार्डन के जरिए इन उपयोगी पौधों की पहचान कराकर उनके इस्तेमाल के लिए प्रेरित किया जाएगा।

# 595 रुफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग पिट बनाने का लक्ष्य

**बलिया।** शासन से कैच द रेन योजना पर जोर है। योजना के तहत बारिश का अधिक से अधिक पानी का संचयन करना है, ताकि गिरते भू-जलस्तर को सुधारा जा सके। जिले में जलस्तर को सुरक्षित रखने के लिए मनरेगा से इस वर्ष भी 595 रूफ टप रेन वाटर हार्वेस्टिंग पिट बनाए जाने हैं। इसे लेकर ब्लाकवार लक्ष्य भी निर्धारित किए गए हैं।

छह माह बाद भी यह योजना पूरी तरह परवान नहीं चढ़ सकी है। इस अभियान के तहत लोगों की सक्रिय भागीदारी के साथ जल संचयन गड्ढे, छत पर वर्षा जल संचय और चेक डैम बनाने के साथ ही नए तालाबों का निर्माण, पुराने तालाबों की सफाई, कूपों की सफाई आदि कार्य कराए जाने का प्रावधान है। योजना के संचालन को लेकर जिले में कवायद तेज हो गई है। वर्ष 2020-21 में योजना के तहत कुल 1287 परियोजनाएं संचालित की गई थीं। अधिकारियों की माने तो वर्ष 2022-23 में भी योजना को मूर्त रूप देने के लिए 595 रुफ टप रेन वाटर हार्वेस्टिंग पिट बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कई जगह इसे लेकर कार्य शुरू हो चुका है।

### हार्वेस्टिंग पिट निर्माण पर जोर

**बलिया।** इस बाबत प्रभारी उपायुक्त मनरेगा डीएन पांडेय ने बताया कि कैच द रेन योजना का संचालन इस वर्ष भी किया जा रहा है। रुफ टाप वाटर हार्वेस्टिंग पिट निर्माण पर जोर है, ताकि बारिश के दौरान भूजल रिचार्ज हो सके।

# सड़क हादसे में महिला की मौत, चार गंभीर

**दुखद**

## ई-रिक्शा से गंगा स्नान करने जा रही थी महिलाएं

**बलिया।** बांसडीह-बलिया मुख्य मार्ग पर शुक्रवार की सुबह बड़सरी गांव के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन व ई-रिक्शा की टक्कर में रिक्शा सवार एक महिला की मौत हो गयी, जबकि चार अन्य महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गयी। सभी महिलाएं एकादशी महापर्व पर गंगा स्नान करने बलिया जा रही थीं।

जानकारी के अनुसार बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के छोटकी सेरिया से पांच महिलाएं एकादशी व्रत पर गंगा स्नान करने ई-रिक्शा से बलिया जा रही थीं। अचानक मुख्य मार्ग पर बड़सरी गांव के पास बलिया से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने रिक्शा में टक्कर मार दिया। सुबह पांच बजे हुई घटना में महिलाएं सड़क पर घायल होकर चिखने-चिल्लाने लगी। आस-पास के लोगों ने सभी को तत्काल पीएचसी बांसडीह पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने 65 वर्षीय चम्पा देवी को मृत घोषित कर दिया। घायल 43 वर्षीय मीना, 23 वर्षीय प्रीति, 45 वर्षीय सुगंती व 41 वर्षीय चन्द्रावती को इलाज के बाद घर भेज दिया गया। उधर, घटना के बाद अज्ञात वाहन का चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया।

### कार व बाइक की भिड़ंत में महिला समेत दो घायल



**बांसडीह।** तेज रफ्तार कार एवं मोटरसाइकिल की टक्कर में महिला समेत दो लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे कोतवाल योगेंद्र प्रसाद सिंह ने सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बांसडीह पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर में बांसडीह-सहतवार मुख्य मार्ग पर स्थित जितौरा के समीप बांसडीह से जा रही मारुति कार सामने से आ रही मोटरसाइकिल से टकरा गई। इससे मोटरसाइकिल सवार सुशील शुक्ला पुत्र श्रीप्रकाश शुक्ला निवासी धरहरा, थाना सुखपुरा एवं एक अज्ञात महिला गम्भीर रूप से घायल हो गये। वहीं, कार चालक जितेश गुप्ता पुत्र स्वामीनाथ गुप्ता एवं अमन कुमार पुत्र दीपक कुमार निवासी एकमा, जिला सारण, बिहार को भी मामूली चोट आई है। घायलों का इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है। इस घटना में कार एवं मोटरसाइकिल बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी है।

### ट्रक के धक्के से बाइक सवार युवक ने तोड़ा दम

**मझौवां।** एनएच-31 के रामगढ़ ढाले के पास गुरुवार की देर रात सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार दुबहड़ थाना क्षेत्र के ओझवलिया (बसरिकापुर) निवासी 25 वर्षीय संजीत वर्मा पुत्र स्व. नन्दजी वर्मा टोला शिवन राय गांव में अपने दोस्त के घर एक श्राद्ध कर्म में शामिल होने बाइक से गया था। वापस लौटते समय देर रात रामगढ़ ढाले के पास बलिया की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इससे संजीत वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। पीछे से आ रहे कुछ लोगों ने गंभीर रूप से घायल संजीत को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# रेड क्रास सोसायटी की टीम को किया गया सम्मानित



गड़हा महोत्सव के मंच पर रेड क्रास सोसायटी की टीम को सम्मानित करते राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी व अन्य

**बलिया।** गड़हा महोत्सव में शुक्रवार को मुख्य चिकित्साधिकारी/उपाध्यक्ष इण्डियन रेडक्रास सोसायटी के कुशल नेतृत्व में वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 1000 लोगों का निःशुल्क जांच कर दवा वितरण किया गया।

इस अवसर पर कलाकारों का 20-20 प्रतिस्पर्धा कराया गया। इसमें सभी प्रतिभागियों को रेडक्रास सोसायटी बलिया द्वारा गड़हा महोत्सव के आयोजक गोपाल राय के हाथों सम्मानित कराया गया। आयोजक मंडल द्वारा राज्यसभा सांसद नीरज शेखर एवं पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी के हाथों रेड क्रास सोसायटी बलिया टीम को उत्कृष्ट सामाजिक कार्य एवं मानव सेवा के लिए बलिया गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय, विजय कुमार शर्मा, डा. पंकज ओझा, डा. अमित कुमार, सरदार सुरेन्द्र सिंह खालसा, जितेन्द्र सिंह, रविशंकर तिवारी, कुमार अभिषेक, नंदिनी, डा. बृज कुमार, डा. सुनील चन्द्रा, डा. सहनाज बानो, ज्योति भूषण द्विवेदी, मो. मकसूद अंसारी, उदय प्रसाद सिंह, सीताराम राय आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### डीएम ने लिया ददरी मेले की तैयारियों का जायजा



**बलिया।** जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने ददरी मेले की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मेले में लग रही दुकानों को देखा और व्यापारियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि दुकानें लगाते समय आवंटन की प्रक्रिया अवश्य अपनाई जाए। बिना आवंटन के कोई भी अवैध रूप से दुकानें ना लगाने पाए। कुछ दुकानों को जो बिना आवंटन के लग रही थी, उन्हें हटाने का निर्देश दिया। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट को निर्देश दिया कि दुकानों का आवंटन करते समय पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए। जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक राज करण नैयर के साथ मेले की सुरक्षा, साफ-सफाई, पानी, बिजली और तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने ईओ नगर पालिका को निर्देश दिया कि मेले में किसी प्रकार की दिक्कत ना आने पाए। मेले में साफ-सफाई की पर्याप्त व्यवस्था हो और विद्युत तारों को व्यवस्थित तरीके से लगाया जाए। कहीं पर भी कटे-फटे तार न लगाए जाए।

### नवनियुक्त बीईओ का किया स्वागत



**मझौवां।** शिक्षा क्षेत्र बेलहरी के बीआरसी हल्दी पर नवनियुक्त खंड शिक्षा अधिकारी राजीव गंगवार को माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंजूर हुसेन, बीके पाठक, रजनीश प्रसाद, मनीष, जितेन्द्र ओझा, दीलीप सिंह, कुंवर सुरेश उर्फ पप्पू सिंह, राजनाथ यादव, अजय राम, हरेंद्र राम, जहीर अंसारी, रजिंद्र राम, आनंद सिंह, संजीव राय आदि मौजूद रहे।

### प्लेटलेट एवं रक्तदान को निकली जागरूकता रैली

**बलिया।** साधना फाउंडेशन के संस्थापक सौरव मौर्या के निर्देश पर पूरे प्रदेश में प्लेटलेट एवं रक्तदान महादान के तहत शुक्रवार को जागरूकता महारैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ मिश्र कालोनी से हुआ, जिसमें महर्षि वाल्मीकि विद्या मंदिर के छात्रों एवं गुरुजनों की उपस्थिति में जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रतिनिधि प्रतुल श्रीवास्तव एवं महर्षि वाल्मीकि विद्या मंदिर के डायरेक्टर सोमदत्त सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस दौरान साधना फाउंडेशन के स्टेट कोआर्डिनेटर एपन तिवारी एवं जिला प्रभारी ए ओझा के नेतृत्व में फाउंडेशन के सदस्यों ने विद्यालय परिवार के साथ रक्तदान महादान एवं प्लेटलेटदान महाअभियान रैली निकाली गई। रैली विद्यालय प्रांगण से होते हुए सतीश चंद चौराहा रेलवे क्रासिंग, जापलिनगंज पुलिस चौकी, रामलीला मैदान, एलआईसी रोड, माल गोदाम रोड होते हुए सतीश चंद्र कालेज चौराहे से विद्यालय पहुंचकर समापन हो गई। इस मौके पर यशवंत सिंह, पवन तिवारी, शैलेंद्र सिंह, कमलेश सिंह, आशीष तिवारी, श्रीकांत यादव, अरुण गुप्ता, शिवनारायण राम, अजीत ओझा, रितेश पांडेय, चंदन सिंह, सुनील पांडेय, सुदीप कुमार, अजय वर्मा, धर्मराज मौर्य, प्रदीप तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### पांच लाख की हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नियामताबाद।** अलीनगर थाने की पुलिस ने भूपौली पंप कैनाल के पास एक तस्कर को पकड़ा उसके पास से लगभग 50 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। बाजार में इसकी कीमत अनुमानित 5 लाख बताई जा रही है। पुलिस ने पूछताछ के बाद तस्कर का जेल भेज दिया। आपको बताते चलें कि अलीनगर पुलिस गुरुवार की रात भूपौली पंप कैनाल के समीप चेकिंग अभियान चला रहे थे ठीक उसी दौरान एक व्यक्ति बलुआ की ओर से आता दिखा पुलिस ने शक के आधार पर उसकी तलाशी लेनी की प्रारंभ की तो उसके पास से 50 ग्राम हेरोइन बरामद की गई जिसकी बाजार में कीमत अनुमान पांच लाख बताई जा रही है। गिरफ्तार किए गए तस्कर नागिन यादव बलुआ थाना के कल्याणपुर गांव के रहने वाले हैं पुलिस को पूछताछ में बताया कि अन्य जिलों से हेरोइन की खेप लाकर जिले में बेचता था।

# छात्रों ने फूंका जिला प्रशासन का पुतला



जिला प्रशासन का पुतला दहन करते छात्रनेता

**बैरिया।** लोकतंत्र की नर्सरी कहे जाने वाले छात्रसंघ की बहाली की मांग को लेकर बलिया में चल रहे छात्रों के अनशन के समर्थन में सुदिष्ट बाबा पीजी कालेज सुदिष्टपूरी के छात्रों ने शुक्रवार को महाविद्यालय परिसर में जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

तत्पश्चात जिला प्रशासन का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया। छात्रों का कहना है कि छात्रसंघ राजनीति की नर्सरी है। इसी नर्सरी से अच्छे-अच्छे नेता निकलते है, जो देश और प्रदेश का नेतृत्व करते है। अब सरकार ने इस नर्सरी को ही समाप्त करने का मन बना लिया है। इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। इस अवसर पर नितेश सिंह, रंजन गुप्त, हरीश मौर्य, मनुजी, अमित कुमार, विशाल, जयकुमार, सूरज आदि मौजूद रहे।

# अग्रिम आदेश तक प्रसव केन्द्र को कराया बंद

**लालगंज।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुरली छपरा के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. देवनीति सिंह ने अवैध वसूली के आरोप में एएनएम पुनीता सिंह एवं आशा बहू संजू पांडेय को दोषी मानते हुए प्रसव केंद्र लालगंज को अग्रिम आदेश तक बंद करा दिया है। बता दें चिकित्सा अधिकारी डा. देवनीति सिंह को शिकायत मिली थी कि मातृत्व योजना का लाभ दिलाने के नाम पर लाभार्थियों से 700 रुपये की वसूली की जाती है।

इसकी जांच में प्रसव केंद्र लालगंज की एएनएम एवं आशा बहू को दोषी पाया गया और सेंटर को तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश दिया गया। साथ ही क्षेत्र के समस्त आशाओं को निर्देशित किया कि किसी भी तरह का प्रसव लालगंज केंद्र पर न कराएं। अगर आदेश की अवहेलना करते हुए पाया जाता है तो आशा बहुओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एक सवाल के जबाब में डा. सिंह ने बताया कि अभी जांच चल रही है।

# चोरी की दो बाइक के साथ युवक गिरफ्तार



चोरी की बाइक के साथ पकड़ा गया अभियुक्त

**बांसडीह।** कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को चोरी की दो मोटरसाइकिल के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने उसे संबंधित धाराओं में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया।प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि क्षेत्र से पूर्व में चोरी की गई दोपहिया वाहनों की तलाश एवं जांच उप निरीक्षक पंकज कुमार सिंह को सौंपी गयी थी।

इसके क्रम में चोरी की घटना का सफल अनवारण किया गया। संजय कुमार पुत्र विजय कुमार निवासी वार्ड नंबर 05 दक्षिण टोला की बाइक चोरी हुई थी। उक्त चोरी की मोटरसाइकिल को मुखबिर की सूचना पर जितौरा पुलिया से नारायण चौहान (32) पुत्र नन्दजी चौहान निवासी निमियागढ़ के पास से बरामद किया गया। पकड़े गए अभियुक्त की निशानदेही पर कुछ दिन पहले ही कोतवाली क्षेत्र के देवडीह मोड़ से चोरी गयी एक अन्य मोटरसाइकिल बरामद किया गया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक पंकज सिंह, कां. धीरज मौर्या, कृष्णकांत यादव, राकेश सिंह, मुजीव इत्यादि शामिल रहे।

## वेक्टर जनित एवं संचारी रोगों के बारे में दी जानकारी

**बलिया।** ब्लाक संसाधन केंद्र बांसडीह के सभागार में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लाक संयोजक राजेश कुमार सिंह के विशेष प्रयास से वेक्टर जनित और संचारी रोग नियंत्रण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्जवलन कर खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार चौबे एवं जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव ने संयुक्त रूप से किया। जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव ने वेक्टर जनित एवं संचारी रोगों यथा-डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, कालाजार, फाइलेरिया आदि के प्रभाव, प्रसार एवं फैलाव के कारकों के विषय में विस्तार से अवगत कराया। इस मौके पर धर्मेंद्र गुप्ता, संजीव कुमार सिंह, चंदन सिंह, सिद्धार्थ सिंह, रामजी वर्मा, विवेक सिंह, ताजमोहम्मद, आरबी सिंह, प्रेमचंद्र राम, शर्मानाथ यादव, राकेश मौर्य, संतोष तिवारी, अरविंद कुमार, एहसानुल हक, प्रमोद प्रजापति, रविन्द्र तिवारी आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता हरेराम सिंह तथा संचालन संजीव कुमार सिंह ने किया। आभार राजेश कुमार सिंह ने व्यक्त किया।

## संक्षेप

### कैदियों को नागरिक सशक्तिकरण व हक हमारा भी तो है, 75 संचालित अभियान के बारे में दी गई जानकारी

**मऊ।** प्रभारी अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मऊ के मार्गदर्शन में 31 अक्टूबर से 13 नवम्बर तक चलाये जा रहे नागरिक सशक्तिकरण व हक हमारा भी तो है। 75 अभियान के सफल आयोजन के अन्तर्गत शुक्रवार को विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, कुँवर मित्रेश सिंह कुशवाहा द्वारा जिला कारागार मऊ में विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन तथा जिला कारागार, मऊ एवं जेल लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर में बताया गया कि इस अभियान के तहत जेल में निरुद्ध प्रत्येक बन्दी से मुलाकात कर उसके प्रकरण के सम्बंध में सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर उनका डाटा बेस तैयार किया जाए, ताकि बन्दियों को उनके अपने मामलों की सूचना अद्यतन किया जा सके तथा कैदियों को उचित सहायता एवं सलाह उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त हो सके। सचिव द्वारा कैदियों को नागरिक सशक्तिकरण व हक हमारा भी तो है/75 संचालित अभियान के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। उन्होंने बताया कि जेल और संप्रेक्षण गृह में कानूनी सहायता के लिए यह एक विशेष अभियान व विधिक जानकारी प्रदान करना है। सचिव द्वारा बताया गया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा टीम का गठन किया गया है, जो जेलों और सम्प्रेक्षण गृह की देखभाल हेतु दौरा करेंगी और विचाराधीन कैदियों तथा कानून का उल्लंघन करने वाले बच्चों से बातचीत करेंगी एवं बातचीत के माध्यम से टीम न केवल यह सुनिश्चित करेगी कि संबंधित व्यक्ति का प्रतिनिधित्व एक वकील द्वारा किया जा रहा है, बल्कि उचित आवेदनों का मसौदा तैयार करने और दाखिल करने सहित मुफ्त कानूनी परामर्श और सहायता भी प्रदान करेगी। मौके पर प्रभारी अधीक्षक, जिला कारागार, मऊ, नागेश सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गठित टीम के सदस्य/पैनल अधिवक्ता मुकद्दस जरीफ, रश्मि व श्याम सुन्दर सिंह, जेल विजिटरगण व जेल पीएलवी आदि उपस्थित रहे।

### दंगा नियंत्रण का डिमास्ट्रेशन किया गया



**मऊ।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय द्वारा पुलिस लाइन मऊ के परेड ग्राउंड स्थल पर साप्ताहिक शुक्रवार की परेड के अवसर पर परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए इस दौरान महोदय द्वारा दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ अधिकारी और कर्मचारी गणों को दंगा नियंत्रण अभ्यास कराया गया। साथ ही हालातों से कैसे निपटना है इसके लिए जरूरी टिप्स बताए गए। अभ्यास के दौरान पुलिसकर्मियों को दंगा नियंत्रण उपकरण रबर बुलेट गन, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले, एंटी राइट गन, टीयर गैस गन, टीयर स्मोक सेल, टियर ग्रेनेड आदि शस्त्रों के सम्बन्ध मे जानकारी दी गई तथा डिमॉस्ट्रेशन कराया गया। साथ ही प्रयोग के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी अवगत कराया गया। ड्रिल के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा विभिन्न शस्त्रों एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन का परीक्षण किया गया। साथ ही फोर्स को ब्रीफ करते हुए बताया कि सदैव मानसिक एवं शारीरिक रूप से तत्पर रहें। दंगा नियंत्रण के समस्त उपकरण सक्रिय दशा में सदैव अपने साथ रखे। जिससे किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटा जा सके। तत्पश्चात एसपी द्वारा पुलिस लाइन का भ्रमण किया गया। इस दौरान महोदय द्वारा ड्रोन कैमरा, पीआरवी, परिवहन शाखा, स्टोर, क्वार्टर गार्ड, मेस, आरटीसी बैरिक तथा परिसर की साफ सफाई इत्यादि का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। तत्पश्चात महोदय द्वारा पुलिस कर्मियों का अर्दली रूम किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी, समस्त क्षेत्राधिकारीगण/थाना प्रभारी, सीएफओ एवं भारी संख्या में पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगा उपस्थित रहे।

### श्रम विभाग में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के पुत्री की शादी के लिए मिलेगा 65 हजार का अनुदान

**मऊ।** सहायक श्रम आयुक्त प्रभात कुमार सिंह ने बताया की 16 दिसंबर 2022 को आजमगढ़ मंडल में श्रम विभाग द्वारा सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाएगा। श्रम विभाग के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की पुत्री की शादी पर 65 हजार की अनुदान राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही 10 हजार की धनराशि वर वधू को शादी का जोड़ा खरीदने के लिए दिया जाएगा। जनपद मऊ के समस्त पंजीकृत श्रमिकों से अपील है की उक्त योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

# बड़े बकायेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए करें वसूली : जिलाधिकारी



**मऊ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कर करेत्तर एवं राजस्व वसूली की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कर प्राप्तियो पर विभागवार समीक्षा की गई। इस दौरान व्यापार कर, स्टांप रजिस्ट्रेशन, विद्युत, परिवहन, खनन आदि में लक्ष्य के सापेक्ष कम प्राप्तियो पर जिलाधिकारी ने इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए।

जनपद स्तर पर 10 बड़े बकायेदारों से वसूली की चर्चा के दौरान जिलाधिकारी ने इनके खिलाफ अभियान चलाकर वसूली कार्यों में तेजी लाने को कहा। उन्होंने इनके चल एवं अचल संपत्तियों को यथाशीघ्र कुर्क एवं नीलामी की प्रक्रिया अपनाकर वसूली कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदार को यह भी निर्देश दिए कि बकायेदारों के यहां पहुंचकर उनके खिलाफ उचित कार्यवाही करें। आडिट आपत्तियों के समीक्षा के दौरान इसमें कम प्रगति वाले विभागों को तेजी लाने के निर्देश दिए। खनिज बाबू के बैठक में अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। विभागीय कार्यवाइयो की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अब तक जवाब दाखिल न करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर अग्रिम कार्रवाई करने के निर्देश समस्त जांच अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने पेंशन, कृषक दुर्घटना बीमा योजना एवं राशन कार्ड के सत्यापन के अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्रों को तय सीमा के अंदर ही जारी करने एवं उत्तराधिकार एवं वरासत के लंबित मामलों को भी यथाशीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में निस्तारण आख्या को गुणवत्तापूर्ण ढंग से लगाने एवं इस संबंध में शिकायतकर्ता से बात करने को कहा। शिकायतकर्ता के संतुष्टि के उपरांत ही जांच आख्या लगाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री एवं मंडल स्तर से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण तत्काल कराने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत दुर्घटना के उपरांत किसानों को मिलने वाले मुआवजे का भुगतान यथाशीघ्र कराने के भी निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने अवैध अतिक्रमण एवं नए भू माफियाओं का चिन्हीकरण कर उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई करने को कहा। बैठक के दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कस्बे में बंदरों के उत्पात से दहशत



जनसंदेश न्यूज

**दोहरीघाट, मऊ।** कस्बे में बन्दरो के आतंक से कस्बेवासियों में दहशत व्याप्त है। बन्दरो के आतंक से लोगो का राह चलना मुश्किल हो गया है। अगर कोई राहगीर झोले में कोई सामान लेकर जा रहा होता है तो बन्दर झोला छीन कर भाग जा रहे है।

राहगीर ताकता रह जा रहा है। रोडवेज के उत्तर व दक्षिण गेट पर चाय फल मूंगफली ब्रेड पकौड़े वाले दुकानदार तो इनके आंतक से इतना डर हुए है कि हमेशा डंडा व गुलेल लेकर तैयार रहते है।

बन्दर कभी भी उनके दुकानों पर झुंड में आकर धावा बोल देते है और उनके सामानों को लेकर भाग जाते है। कभी भी इनके कारण राहगीर दुकानदार घायल भी हो जाते है। नंदलाल मद्धेशिया, सोनू, मनोज राजू सूरज आदि दुकानदारों ने वन विभाग से इन बन्दरो से निजात दिलाने की मांग की है।

# बड़ी संख्या में मतदाता सूची से नाम गायब डीएम, निर्वाचन आयोग से शिकायत

जनसंदेश न्यूज

**कोपागंज, मऊ।** मतदाता सूची में बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम गायब होने की शिकायत को देखते हुए जहां चुनाव लड़ने को इच्छुक प्रत्याशियो के होश उड़े हुए हैं वहीं नाम काटे जाने की शिकायत मिलने के बाद वोट देने से वंचित लोग काफी निराश हैं। और मतदाता सूची में गड़बड़ी करने वाले जिम्मेदार कर्मियों पर अपनी भड़ास निकाल रहें हैं।

स्थानीय नगर पंचायत वाजिद पुरा निवासी मुहम्मद अरसद अंसारी ने विभिन्न वार्डों में बड़ी संख्या में मतदाता सूची से नाम गायब होने पर की शिकायत के बाद जिला अधिकारी, राज्य निर्वाचन आयोग को लिखित शिकायत पत्र दर्ज कराया है। अपने शिकायती पत्र में मुहम्मद अरसद ने बताया कि नगर पंचायत कोपागंज की निर्वाचक नामावली 2022 के वार्ड नं0 1 से वार्ड नं0 17 के भाग संख्या 1 से भाग संख्या 35 तक के बीएलओ द्वारा 05 अक्टूबर 2022 से परिवर्धन/अपमार्जन का सर्वे करके अपने- अपने भाग संख्या की सूची निर्वाचक नामावली के साथ माह अक्टूबर 2022 के अन्तिम सप्ताह तक तहसील सदर के अधिकारियों/कर्मचारियों के यहाँ जमा किया गया जिसके बाद अंतिम मतदाता सूची 31 अक्टूबर को जारी किया गया। जिसमें हजारों मतदाताओं का नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित नहीं किया गया।

मोहम्मद अरसद ने अधिकारियों से तत्काल भाग सं. 1 से भाग सं0 35 तक के बीएलओ को तलब करके बीएलओ से सूची प्राप्त करके अनन्तिम मतदाता सूची से मिलान करना करने की मांग की। ताकि जिन कर्मचारियों द्वारा इस तरह निर्वाचक नामावली में गड़बड़ियाँ पैदा करके चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करना चाहते हैं, उनका पदार्फाश हो सके तथा दोषी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की ताकि आगामी नगर निकाय का चुनाव निष्पक्ष रूप से हो सकें।

## सीएम सामूहिक विवाह योजना हेतु 17 नवंबर तक करें आवेदन

**मऊ।** जिला समाज कल्याण अधिकारी अनुज कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत जनपद मऊ में वैवाहिक कार्यक्रम का आयोजन 25 नवम्बर 2022 को निश्चित है। इस सम्बन्ध में जनसामान्य से अनुरोध है, कि जिनकी पुत्रियों की शादी तय हो गयी हो, वे ग्रामीण क्षेत्रों हेतु विकास खण्ड कार्यालय एवं नगरीय क्षेत्रों हेतु नगर पालिका/नगर पंचायत कार्यालयों एवं समाज कल्याण कार्यालय से विवाह हेतु आवेदन पत्र निःशुल्क प्राप्त कर लें, तथा फार्म पर फोटो एवं अन्य विवरण अंकित करते हुए आवेदन पत्र पूर्ण कराकर विकास खण्ड/नगर पालिका/नगर पंचायत कार्यालय तथा समाज कल्याण कार्यालय मऊ में 17 नवम्बर 2022 तक जमा करें। योजना में रु. 35 हजार पुत्री के खाते में शादी के बाद स्थानान्तरित किया जायेगा। शादी समारोह में ही रु. 10 हजार की सामग्री यथा पायल, बिछिया चांदी का, वर कन्या हेतु कपड़े एवं बर्तन का सेट दिया। जायेगा। रु. 6 हजार प्रति जोड़ा शादी में टेण्ट, प्रकाश, जलपान, भोजन एवं आतिथ्य सत्कार आदि में व्यय किया जायेगा। यह योजना सभी वर्गों/जातियों के गरीब अभिभावकों के लिए है।

# मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मारने के बाद एम्बुलेंस अनियंत्रित होकर पलटी

**हादसा**

## बाइक सवार बुरी तरह घायल एम्बुलेंस चालक फरार



**कोपागंज, मऊ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के इंदारा गांव के पास शव लेकर जा रही एम्बुलेंस की टक्कर से बाईक सवार बुरी तरह घायल। घायल को ग्रामीणों ने जिला स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

जहां मरिज का हालत गंभीर बनी हुई है, एम्बुलेंस चालक फरार हो गया। कोपागंज थाना क्षेत्र के इंदारा गांव के पास वृहस्पतिवार की देर शाम इंदारा गांव निवासी मनोज कुमार सिंह पुत्र स्वर्गीय मंगला सिंह उम्र 50 वर्षीय बाइक से अपनी पत्नी कविता सिंह को कसारा की ओर से लेकर घर आ रहे थे कि वह जैसे ही अपने गांव के सामने से रोड़ पार कर रहें थे उसी दौरान तेज गति से आ रही प्राईवेट एम्बुलेंस मऊ जिला अस्पताल से शव लेकर भवानी सराय थाना मधुबन जा रही थी। जो इंदारा गांव के पास सड़क पार कर चुके बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित होकर एम्बुलेंस मऊ मधुबन शहीद मार्ग पर इंदारा गांव के पास सड़क के किनारे झाड़ियों में पलट गई और मनोज सिंह बुरी तरह घायल हो गए। पत्नी कविता सिंह बाल बाल बच गई। मनोज सिंह सड़क पर गिरकर छटपटाने लगे।पत्नी के चिल्लाने पर ग्रामीणों ने घायल को जिला स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया।

डाक्टरों के अनुसार उनका हाथ दो जगह से फैक्चर व सिर व पैर में गम्भीर चोटे आई है। एम्बुलेंस में शव के साथ चार लोग सवार थे।जो बाल बाल बच गए। एम्बुलेंस चालक फरार हो गया। मौके पर पहुची पुलिस ने शव को एम्बुलेंस का शिशा तोड़ बाहर निकलवाया।

शव को उनके परिजनों सहित उनके घर भेजवाया। उसके बाद किरान मंगाकर एम्बुलेंस को बड़ी मशक्कत के बाद झाड़ियों से बाहर निकाल कर अदरी चैकी पर ले जाया गया। इस संन्दभ में थानाध्यक्ष कोपागंज अमीत मिश्रा ने बताया कि मामला संज्ञान में है एम्बुलेंस अदरी चैकी पर खड़ी है अभी कोई तहरीर नही मिला है।

# सिख समुदाय ने धूमधाम से मनाया प्रकाशोत्सव

**जयंती**

## गुरुनानक देव के पद चिह्नों पर चलने का लिया संकल्प

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** सिख समुदाय के लोगों ने मंगलवार को गुरुनानक देव जी का 553वां प्रकाशोत्सव महाजन टोली स्थित गुरुद्वारे में धूमधाम के साथ मनाया गया। जिले के अन्य स्थानों पर भी गुरुनानक देव की जयंती मनाई गई। सिख धर्म के गुरु श्री गुरुनानक देव की जयंती जिले भर में धूमधाम के साथ मनाई गई। शहर के महाजन टोली गुरुद्वारे में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने माथा टेका। इस अवसर पर सरदार दर्शन सिंह ने कहा कि उन्होंने भाईचारा और इंसानियत का संदेश दिया। स्त्रियों को सम्मान दिया और जात-पात का भेदभाव मिटाया। आज उनके बताए रास्ते पर चलकर ही समाज, देश एवं विश्व का कल्याण कर सकते हैं।



महाजन टोली स्थित गुरुद्वारा में गुरुनानक देव जयंती पर उपस्थित श्रद्धालु।



बिरला नगर में गुरुनानक देव की प्रकाशोत्सव पर डांडिया खेलती बच्चियां।



मुहम्मदाबाद में गुरुनानक देव के प्रकाशोत्सव पर प्रभात फेरी निकालते सिख समुदाय के सदस्य।

### गुरुनानक देव की जयंती पर सरदारों ने दिखाए करतब

**दिलदारनगर।** गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के तत्वाधान में मंगलवार को गुरुद्वारा से बड़े धूम धाम के साथ निकाला गया। सिख समुदाय के प्रथम गुरु श्रीगुरु नानक देव की जयंती मनाने के क्रम में आगे आगे पांच प्यारे उनके पीछे सिख समुदाय के महिलाएं व पुरुष ढ़ोल मजीरे के साथ सबद किर्तन करते हुए पूरे नगर भ्रमण किया। जिसमे ढोल, मजीरे व बाजे के साथ सत श्रीआकाल, जो बोले सोनेहाल बोलते हुए युवा ,महिला ,पुरुष तथा बच्चे बड़ी तन्मयता से करते चले जा रहे थे। भ्रमण के दौरान नगर में बीच-बीच में रुक कर गतका पार्टी तथा बैंड पार्टी द्वारा विभिन्न प्रकार के करतब दिखाकर अपनी कला का प्रदर्शन कर लोगों मनमोह लिया। शोभायात्रा के दौरान अध्यक्ष सरदार परलोक सिंह, सरदार मंजीत सिंह , सरदार जसवंत सिंह ,सरदार परमजीत सिंह, सरदार प्रीतपाल सिंह, सरदार धर्मवीर सिंह ,सरदार जसबीर सिंह, सरदार डॉ दलजीत सिंह, सरदार हरमीत सिंह (बंटी सिंह ), सरदार गुरुदीप सिंह, सरदार अमरजीत सिंह, सहित नगर पंचायत चेयरमैन अविनाश जायसवाल, अलीशेर राइनी,चंदन गुप्ता मौजूद रहे।

### सिख समुदाय ने निकाली प्रभातफेरी

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय नगरपालिका अंतर्गत क्षेत्र में गुरु नानक देव की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इसमें सिख समुदाय के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा इस संबंध में प्रभातफेरी भी निकाली गई।

नगर क्षेत्र में गुरु नानक जयंती के अवसर पर विगत पांच दिनों से प्रतिदिन प्रभातफेरी का कार्यक्रम किया गया। प्रभात फेरी के दौरान सिख समुदाय के लोगों ने अपने धर्म गुरु के भजन को गाते हुए प्रभात फेरी की। इसके बाद लोग गुरुद्वारे तक पहुंचकर गुरुद्वारे में भी पूजा-अर्चना किए। कार्यक्रम में सिख समुदाय ने गुरुद्वारा में प्रवचन भी किया तथा गुरु नानक जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। स्थानीय नगर के सदर रोड स्थित गुरुद्वारे में सिख समुदाय द्वारा भजन कीर्तन हुआ।

# जनपद की बेटी ने इग्लैंड में फहराया तिरंगा

जनसंदेश न्यूज

**बारा।** बारा गांव की बेटी द्वारा इंग्लैंड के कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में एमफिल की अपनी कक्षा में टॉप करने पर पूरे क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। गांव पहुंचने पर बेटी का स्वागत करने का निर्णय लिया गया है। पूर्व आईपीएस अबुलैस खान ने बताया कि उनकी बेटी शहनाज खान इंग्लैंड के कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रही हैं। उन्होंने गांव व जनपद का नाम रोशन करते हुए एमफिल की अपनी कक्षा में टॉप किया है। इस पर शहनाज को विश्वविद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया।



शहनाज खान।

वैश्विक विद्यालयों की 2023 संस्करण क्यूएस रैंकिंग के अनुसार दस टॉप विश्वविद्यालय में कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी (इंग्लैंड) दूसरे स्थान पर है। जबकि, मैसाचुसेट्स इंसट्यूट ऑफ टेक्नोलाजी अमेरिका पहले स्थान पर रहा।

## संक्षेप

### सन शाइन पब्लिक स्कूल में छात्र का सम्मान



**जमानिया।** क्षेत्र के कसेरा पोखरा स्थित एसएन साइन पब्लिक स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यालय के भूत पूर्व छात्र को असिस्टेंट प्रोफेसर की परीक्षा में 99.6 प्रतिशत प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।स्थानीय सनशाइन पब्लिक स्कूल के पूर्व छात्र मु.कैफ ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आयोजित जेआरएफ और असिस्टेन्ट प्रोफेसर की परीक्षा 99.6 परसेन्टाइल से उत्तीर्ण किया है। मु. कैफ के असिस्टेन्ट प्रोफेसर की परीक्षा में मिली सफलता पर सनशाइन पब्लिक स्कूल के संस्थापक चेयरमैन सर्वानन्द सिंह ने सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक श्रीविजय सिंह, पूनम सिंह, सुधीर राय, महेश्वर नाथ सिंह, सदरे आलम अंसारी, बृजेश सिंह, जयप्रकाश सिंह, वलवन्त सिंह, अनिल सिंह, कामरान खान इत्यादि शिक्षक उपस्थित रहे।

### डिप्टी सीएम और प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत



**गाजीपुर।** कृष्ण सुदामा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूटशन्स चेयरमैन व भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ विजय यादव ने उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक और प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह का अंधऊ हवाई अड्डे पर पुष्प गुच्छ और माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। दरअसल, उप मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष जम्मू कश्मीर उप राज्यपाल मनोज सिन्हा के गांव जा रहे थे। बतादें, उप राज्यपाल मनोज सिन्हा के पैतृक गांव मोहनपुरा में सप्त दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया गया है। जिसका मंगलवार को समापन और भंडारे का आयोजन किया गया हैं। नेतागण उसी कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे थे। इस अवसर जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, कृष्ण बिहारी राय,सुनिल सिंह,प्रवीण सिंह,अच्छे लाल गुप्ता,सरिता अग्रवाल, विनोद अग्रवाल,रामनरेश अग्रवाल, सुरेश बिंद, शशिकान्त शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

### परशुराम गंगा घाट 51 सौ दीप से जगमगाया



**जमानिया।** देव दीपावली का पर्व सोमवार की शाम नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। देव दीपावली पर्व पर देर शाम नगर स्थित जमदाग्नि-परशुराम गंगा घाट व चक्काबॉध गंगा घाट दीपकों से जगमगा उठा वही रंगोली प्रतियोगिता में बच्चीयों ने रंग-बिरंगे रंगों से रंगोली बनाकर घाट की शोभा बढ़ाई। यमदग्नि- परशुराम गंगा घाट पर 5100 दीपकों के प्रकाश का अनुपम दृश्य ऐसा प्रतीत हो रहा था कि मानों स्वर्ग लोक पृथ्वी पर उतर आया हो। देव दीपावली कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री प्रतिनिधि मन्नू सिंह व समिति के लोगों ने माँ गंगा के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर गंगा आरती किया व प्रसाद का वितरण किया। रंगोली प्रतियोगिता में 5 से 10 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम छवि सेठ पुत्री राजेश सेठ, द्वितीय आर्या गुप्ता, तृतीय कलश चौरसिया, चतुर्थ कनक प्रजापति, पंचम स्थान पर नन्दिनी रही व 10 से 15 आयु वर्ग में प्रथम श्रेया वर्मा पुत्री मनोज वर्मा, द्वितीय श्रेया वर्मा पुत्री जितेन्द्र वर्मा, तृतीय सौम्या वर्मा पुत्री शिवजी वर्मा, चतुर्थ आर्या वर्मा पुत्री दिलीप वर्मा, पंचम स्थान जाह्नवी गुप्ता पुत्री मुन्ना गुप्ता ने प्राप्त किया तथा 15 से 20 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम गुनगुन वर्मा पुत्री जगदीश वर्मा, द्वितीय मोनी चौधरी पुत्री दुवार्सा चौधरी, तृतीय त्रिया शर्मा पुत्री प्रमोद शर्मा, चतुर्थ गीता प्रजापति पुत्री रामाशंकर प्रजापति, पंचम स्थान खुशी वर्मा पुत्री प्रदीप वर्मा ने प्राप्त किया। इस अवसर पर एहसान जफर, कमलचन्द बाबा, संतोष पाण्डेय, वैंकटेश्वर जायसवाल, धनश्याम जायसवाल, बंटी सिंह, मुन्ना गुप्ता, दिलीप वर्मा, अनिल यादव, सोनू जायसवाल आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### रेलवे टिकट के साथ दो धराए, गए जेल

**दिलदारनगर।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने मंगलवार को दो व्यक्तियों को रेलवे टिकट के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। व्यक्ति प्रह्लाद कुमार उम्र 32 वर्ष पुत्र श्री बद्रीनाथ,निवासी- जमनिया वार्ड नंबर 12 थाना- जमानिया के पास से दो टिकट तथा दूसरे व्यक्ति चित्रसेन सिंह 34 वर्ष पुत्र श्री शिव मूरत सिंह निवासी जलगांव थाना धीना जिला चंदौली के पास से एक तत्काल टिकट बरामद हुआ। इस संबंध में रेलवे सुरक्षा बल दिलदारनगर थाना प्रभारी निरीक्षक बाल गंगाधर ने बताया कि मुकदमा पजीकृत कर कर लिया गया है। और गिरफ्तार लोगो को जेल भेज दिया गया है।

### फ्लाईओवर पर छुट्टा पशु बन रहे दुर्घटना का सबब



**मरदह।** क्षेत्र के विभिन्न चट्टी चौराहे सहित ग्रामीण अंचलों में एक बार फिर छुट्टा आवारा पशुओं का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। किसान फसलों की बबादी पर आंसू बहा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर राहगीर घायल हो रहे हैं। छुट्टा आवारा पशुओं के आतंक से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। ग्रामीणों व किसानों की समस्यायों को कोई सुनने को तैयार नहीं। छुट्टा आवारा पशुओं द्वारा फसल बबार्दी ने किसानों को तबाह कर रखा है। भाजपा सरकार द्वारा गोवंश पूर्ण प्रतिबंध पशु व्यापार पर रोक लगाने और पशुओं की खरीद बिक्री करने वाले किसानों व्यापारियों पर हमले और पुलिस उत्पीड़न के कारण गाय बछड़ा वन्य पशु छुट्टा घूम रहे हैं। उनकी तादाद खतरनाक रूप से बढ़ती जा रही है। चट्टी चौराहे सहित सार्वजनिक परिसरों में दर्जनों की संख्या में मौजूद मवेशियों के द्वारा की गई गंदगी से लोगों को पैर रखने की जगह भी नसीब नहीं हो रहा। वही कुछ मनबढ किस्म के जानवरों द्वारा राहगीरों व किसानों पर हमले भी हो जा रहे हैं। गाजीपुर से मऊ मार्ग पर आवागमन करने वाले लोग भयभीत होकर आ जा रहे हैं। आलम यह है कि बरही चट्टी से मटेहूं चट्टी तक यह पशु इस मार्ग पर दिन रात विचरण कर रहे, और इनके लिए आरामगाह बना मरदह बस स्टैंड स्थित फ्लाईओवर जहां यह बीच राह में रात के पहर में आराम फरमाते हैं और गंदगी भी करते हैं। जहां से गुजरने वाले लोगों का जन जीवन अस्त-व्यस्त हो जा रहा है। पशु आवागमन करने वाले वाहनों के सामने अचानक आ जा रहे हैं। जिससे वाहन दुर्घटना ग्रस्त व राहगीर व पशु घायल भी हो जा रहे। जिसके तरफ जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि अगर समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो किसी दिन बड़ी दुर्घटना हो सकती है। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के बरही, देवापुर, महेगवां, मरदह, कंसहरी, करदह कैथवली, हैदरगंज, मटेंहू गांव सहित अन्य गांव के किसान त्रस्त है। इससे काफी आर्थिक नुकसान हो रहा है। कई लोग घायल हो गए हैं। रात भर किसान जाग कर अपने फसलों की रक्षा करते करते बीमार पड़ जा रहे हैं।

# जमीन विवाद में लाठी-डंडे से पीटकर अधेड़ की हत्या

## सदर कोतवाली पुलिस की लापरवाही से उपजा विवाद

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** जमीनी विवाद में मनबढ़ लोगों द्वारा एक व्यक्ति को लाठी डंडे से पीटकर मौत के घाट उतार दिया गया। विवाद के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और तहरीर के आधार पर आरोपियों की धर पकड़ में जुट गई।

कोतवाली सदर क्षेत्र के जंजीरपुर गाँव में रास्ते को लेकर कुछ लोगों में विवाद चल रहा था। बीते एक सप्ताह पहले असदरजा से विवाद हुआ था। जिसकी लिखित तहरीर असदरजा द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया था। जिसका नतीजा यह हुआ कि असदरजा को अपनी जान गवानी पड़ी। सोमवार की देर शाम मृतक असदरजा 52 पुत्र स्व. हसनू अपने हाते में शौच के लिए गये थे। कुछ लोगों द्वारा उन पर अचानक हमला कर दिया गया। दबंगों के हमले में वह बुरी तरह जख्मी हो गयें जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। इलाज के दौरान असदरजा की मौत हो गई।



असदरजा (फाइल फोटो)

मृतक के पुत्र गुलाम गौस द्वारा छः लोगों के खिलाफ लिखित तहरीर दी गई। कोतवाली प्रभारी तेज बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रामविलास चौबे पुत्र स्व. ललन चौबे, शिवम चौबे, नितेश, बुलबुल, आकाश, राजेश विश्वकर्मा के खिलाफ मुकदमा कायम कर सभी के गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रहीं हैं।

# अधियारां गांव में बवाल के आरोपी पुलिस पकड़ से दूर

जनसंदेश न्यूज

**सुहवल।** थाना अन्तर्गत अधियारां गाँव में बीते एक दिन पूर्व हुए बवाल के मामलें में वांछित आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से काफी दूर है,इधर पुलिस उन्हें दबोचने के लिए उनके सम्भावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर पुलिस पहले से सचेत रहती तो शायद इस तरह का बवाल नहीं हो पाता। एक तरफ इस घटना को लेकर जहाँ पिडित परिवार आज भी सहमा हुआ है,वहीं सत्ताधारी दल के लोग भी अपने पार्टी के पदाधिकारी के घर हुए हमले को लेकर प्रशासन के रवैये के चलते नाखुश है। बहरहाल एसपी ग्रामीण अभिषेक कुमार ने बीते सोमवार की देर शाम को घटनास्थल का बारिकी से निरीक्षण कर पीड़ित परिवार को न्याय का भरोसा दिलाने व इस बवाल में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाई व जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया।

# टूटे विद्युत तार ने ली युवक की जान, दो मवेशियों की मौत

## सेवराई गांव का हादसा, पुलिस ने शव को कब्जे में लिया

जनसंदेश न्यूज


**सेवराई।** गहमर थाना क्षेत्र के सेवराई गांव में बिजली के तार का तार टूटकर गिर जाने से एक युवक सहित दो बकरियों की मौत हो गई । सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। जानकारी के अनुसार सोनू राजभर (32) अपने घर से बाहर कहीं जा रहे थे कि अचानक घर के सामने से गुजरा बिजली का लो टेंशन टूट कर सोनू राजभर (32) पुत्र जोधा राजभर व दो बकरियों पर टूट कर गिर जाने से झुलस गए। आसपास के ग्रामीणों ने बिजली की सप्लाई कटवा कर घायल सोनू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया । सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस चौकी सेवराई की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया ।



करंट से झुलसे सोनू को अस्पताल ले जाते समय मौके पर ग्रामीणों की लगी भीड़।

वही सोनू की मौत से जहां परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था वही पूरे गांव में मातम छा गया । इस संदर्भ में पुलिस चौकी प्रभारी से सेवराई राजेश गिरी ने बताया कि मृतक सोनू के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया ।

# प्रादेशिक खरवार सभा का चुनाव संपन्न पदाधिकारियों को मिला जिम्मा



संत रविदास मंदिर परिसर में चयनित पदाधिकारी।

**मरदह।** स्थानीय संत रविदास मंदिर के परिसर में मंगलवार को प्रादेशिक खरवार सभा ब्लाक ईकाई मरदह की बैठक संपन्न हुई। जिला महामंत्री मुख्य अतिथि गोपाल खरवार ने कहा कि समाज के सार्वगींण विकास के लिए शिक्षा जरूरी है,जिसे हर व्यक्ति को जागरूक होकर इसके प्रति सचेत रहना होना तभी समाज का विकास संभव है। अपने सामाजिक राजनैतिक हिस्सेदारी के लिए संगठित होकर चलना अति आवश्यक है।

बैठक के दौरान संगठन का विस्तार करते हुए सर्वसम्मति से धीरज खरवार को ब्लाक अध्यक्ष चुना गया,साथ ही साथ रमेश खरवार व शिवप्रकाश खरवार को उपाध्यक्ष, त्रिलोकीनाथ खरवार को मंत्री, राहुल खरवार को उपमंत्री, सत्यनारायण खरवार व राजेश खरवार को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

कासीमाबाद तहसील अध्यक्ष जगदीश खरवार ने सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर अपने कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर अरुण कुमार खरवार, रतन खरवार, चौथी राम खरवार, राकेश खरवार, परमहंस खरवार, बालकृष्ण खरवार, संजीत खरवार आदि मौजूद रहे।

### जेल से छूटते ही मुख्तार का साला गिरफ्तार

**गाजीपुर।** जिला कारागार में चार मुकदमों में बंद मुख्तार के साले आतिफ रजा को सोमवार की देर शाम रिहाई मिलते ही जेल गेट से ही ईडी ने गिरफ्तार कर लिया। प्रयागराज से आई टीम के साथ गेट पर बड़ी संख्या में फोर्स तैनात थी। बताया जा रहा है कि उसे सीधे प्रयागराज ले जाया गया। ईडी अब अब्बास और आतिफ रजा को आमने-सामने बिठाकर पूछताछ कर सकती है। मालूम हो कि नंदगंज थाना क्षेत्र के फत्तेहउल्लाहपुर में सरकारी ताल पर कब्जा करने के साथ ताल को पाटकर गोदाम तक आने-जाने के लिए रास्ते का निर्माण करा दिया गया था। इस मामले में नंदगंज थाने में राजस्व विभाग की टीम ने मुख्तार अंसारी की पत्नी अफ्शा अंसारी, साले अनवर शहजाद, सरजील रजा उर्फ आतिफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। साथ ही गोदाम को कुर्क करके रास्ते को भी खोदवाकर ताल की जमीन में मिलवा दिया था। इसी मामले में बीते सितंबर महीने में सरजील रजा एवं अनवर शहजाद ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया था। करीब डेढ़ सप्ताह पूर्व ईडी प्रयागराज इकाई की टीम ने जेल पहुंचकर सरजील रजा उर्फ आतिफ और अनवर शहजाद से पूछताछ की थी। सरजील रजा उर्फ आतिफ के जमानत से जुड़े सभी दस्तावेज कोर्ट के माध्यम से सोमवार को जेल प्रशासन को प्राप्त हो गए थे।

# सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**दुखद**

## ग्रामीण शव लेकर पहुंचे कोतवाली, कार्रवाई की मांग

जनसंदेश न्यूज

**कासिमाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के मऊ मार्ग विशुनपुर गांव के पास एक नवम्बर की देर रात अनियंत्रित पिकअप की चपेट में आने से बाइक सवार युवक बुरी तरह घायल हो गया था। घायल बाइक सवार युवक की वाराणसी निजी अस्पताल में इलाज के दौरान सोमवार की देर रात मौत हो गई । परिजन शव को लेकर कासिमाबाद कोतवाली पहुंचे और कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा।



मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन।

क्षेत्र के बरौड़ा गांव निवासी श्याम देव राम का पुत्र अनिल राम (28) वर्ष एक नवम्बर को किसी निजी कार्य हेतु मुहम्मदाबाद गया हुआ था। घर वापसी के दौरान मऊ मार्ग बिशुनपुर गांव के पास मुख्य मार्ग पर अनियंत्रित पिकअप वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक बुरी तरह घायल हो गया था। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को कासिमाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पहुंचाया। जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया ।परिजनों ने बताया कि अनिल राम का वाराणसी में निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था जहां हालत गंभीर होने पर सोमवार की देर रात दम तोड़ दिया। परिजनों ने मंगलवार की सुबह मृतक के शव को लेकर कासिमाबाद कोतवाली पहुंचे और कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अनिल राम की पत्नी बबीता देवी सहित मां आशा देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक के दो पुत्र है। बड़ा पुत्र आलोक (6)वर्ष ,छोटा अंकित (4) वर्ष ।

इस घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। इस संदर्भ में कासिमाबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने बताया कि पूर्व में मुकदमा दर्ज है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# सुबह आरती के बाद मंदिरों के पट हो गए बंद

**चंद्र ग्रहण**

## बंद रहा मंदिरों में पूजन अर्चन सड़कों पर रहा सन्नाटा?

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** चंद्र ग्रहण का सूतक लग जाने के कारण पर मंगलवार की सुबह आरती और देव दर्शन के पश्चात मंदिरों के पट बंद कर दिए गए। दिनभर श्रद्धालु मंदिरों में अपने आराध्य के दर्शन नहीं कर सके। कार्तिक मास की पूर्णिमा तिथि पर चंद्र ग्रहण से नौ घंटे पूर्व सूतक लग जाने से मंदिरों में देव दर्शन एवं पूजा-अर्चना नहीं हुआ। शाम को चंद्र ग्रहण पूर्ण हो जाने पर सूतक काल समाप्त हो गया।

तत्पश्चात देर शाम मंदिरों की साफ-सफाई कराई गई। देव प्रतिमाओं को स्नान कराया गया। इसके बाद ही मंदिरों के पट देव दर्शन के लिए खुल सके। चंद्र ग्रहण की वजह से मंदिरों पर भीड़ नहीं लगे हैं। चंद्र ग्रहण की वजह से मंदिरों के पट बंद किए जा चुके थे। क्योंकि चंद्र ग्रहण का सूतक सुबह सवा आठ बजे से ही शुरू हुआ था। जिस वजह से मंदिरों को बंद रखा गया। ऐसे में जिन भक्तों को ये नहीं पता कि ग्रहण के दौरान मंदिरों के पट बंद होते हैं, उन्हें प्रमुख मंदिरों के दर्शन के लिए आना व्यर्थ हो गया।

खग्रास चंद्र ग्रहण के चलते सभी मंदिर पूरी तरह बंद रहे तथा धार्मिक स्थलों पर पहुंचे श्रद्धालुओं को भी अज्ञानता के कारण निराश होना पड़ा। ग्रहण की समाप्ति के उपरांत शाम साढ़े छह बजे मंदिरों के द्वार खुलते ही श्रद्धालुओं का तांता अपने इष्टदेव के दर्शन के लिए मंदिरों में लगा। श्रद्धालुओं ने कतार लगाकर भगवान के दर्शन किए।

हिंदू मान्यता है कि चंद्र ग्रहण या सूर्य ग्रहण लगने से सामाजिक कार्य नहीं किए जाते। जब-जब ग्रहण लगा होता है, खाना-पीना से लेकर शुभ कार्य नहीं किए जाते हैं।

### ब्लड मून का हुआ दीदार

**गाजीपुर।** चंद्रग्रहण के दुर्लभ नजारे को बहुत से लोगों ने अपने कैमरे में कैद किया। चंद्रग्रहण के दौरान चांद लाल दिखता है जिसे ब्लड मून या रक्तिम चांद कहा जाता है। चंद्रग्रहण शाम 5.20 बजे शुरू हुआ, जब चांद ने पृथ्वी की कक्षा में प्रवेश किया। शाम को पृथ्वी की छाया चांद पर नजर आई, जिसकी वजह से अंधेरा छा गया। चंद्र ग्रहण के दिन चंद्रमा लाल रंग का दिखाई देता है। इसलिए इसे ब्लड मून कहा जाता है। दरअसल, चंद्र ग्रहण के दौरान चंद्रमा के रंग बदलने को लेकर वैज्ञानिक पहलू यह है कि इस दौरान सूरज की रोशनी पृथ्वी से होकर चंद्रमा पर पड़ती है। ऐसी छाया के कारण चंद्रमा का रंग ग्रहण के दौरान लाल, तांबे जैसा नजर आने लगता है।

### युवाओं में दिखा सेल्फी लेने का क्रेज

**गाजीपुर।** इस चंद्रग्रहण को अपने कैमरे में कैद करने और फेसबुक पर लाइव करने की भी जबरदस्त क्रेज युवाओं में दिखी। कई युवा अपने दोस्तों के साथ फोटो ले रहे थे। बच्चों और अभिभावकों के बीच इस खगोलीय घटना को देखने के उत्साह देर शाम तक रहा।

# गुजरात गए युवक की सर्पदंश से मौत

**कासिमाबाद।** क्षेत्र के राजापुर गांव निवासी विरेंद्र बिंद (21) पुत्र संजय बिंद गुजरात के राजकोट शहर में मजदूरी करने गए युवक की सर्पदंश से मौत हो गई। मजदूरों की सूचना पर गुजरात पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। मंगलवार के दिन एंबुलेंस के द्वारा शव घर पहुंचते ही गांव में मातम छा गया।



युवक के मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन।

# कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**गाजीपुर।** कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व पर जिले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। एक ओर जहां गंगा तट गंगा मैया के जयघोष से गुंजायमान रहे, वहीं मठ-मंदिरों में घंटे-घड़ियाल बजते रहे। भोर से शुरू हुए पावन स्नान में श्रद्धालुओं ने गंगा में पुण्य की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर सूर्य देव को अर्घ्य देकर सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

स्नान के चलते शहर के ददरीघाट, महादेव घाट, कलेक्टरघाट, सिकंदरपुर घाट आदि पर भोर से ही श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंचने लगी थी। घाटों के आस पास वाहनों की कतार लग गई थी। भीड़ की वजह से कई स्थानों पर जाम की भी स्थिति बन गई। स्नान के बाद घाटों पर मौजूद पंडितों से लोगों ने संकल्प कराया तथा दान आदि दिया। इस दिन ईख, सब्जी, फल तथा चावल के दान का काफी महत्व है। कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान-दान करने से मनुष्य के सारे पाप धुल जाते हैं और वह मोक्ष को प्राप्त करता है। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आज शहर के गंगाघाट समेत कई स्थानों पर हजारों श्रद्धालु गंगा में डुबकी लगाई। ऐसी मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा नदी में स्नान करने से जीवन के सारे पाप धूल जाते हैं और स्वास्थ्य एवं समृद्धि की प्रप्ति होती है। मंगलवार को चंद्रग्रहण के चलते सोमवार को भी कार्तिक पूर्णिमा के स्नान के लिए श्रद्धालुओं ने सुबह से ही गंगा घाट का रुख किया था। समूचे घाट परिसर में श्रद्धालुओं की चहल कदमी रही। गंगा में आस्था की डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालुओं ने घाट पर अराध्य देव की पूजा-अर्चना की। घट पर कतार में बैठे भिक्षुओं को अन्न और धन आदि का दान दिया। **मुहम्मदाबाद प्रतिनिधि** के अनुसार नगर सहित ग्रामीण इलाकों में श्रद्धालुओं ने बच्छलपुर, सेमरा, गौसपुर, सुल्तानपुर गंगा तट पर स्नान किया। भांवरकोल प्रतिनिधि के अनुसार श्रद्धालुओं ने शेरपुर, बीरपुर, लोहारपुर, पलिया सहित अन्य गंगा घाटों पर स्नान कर पूजन अर्चन किया। **सैदपुर प्रतिनिधि** के अनुसार मां भागीरथी के तट पर भोर से ही आस्थावानों की भीड़ उमड़ने लगी थी। भोर से ही हर- हर गंगे, नमामि गंगे व हर हर महादेव के उद्घोष से माहौल भक्तिमय हो गया। पूजन-अर्चन करने के बाद लोगों ने अन्न, वस्त्र व द्रव्य दान किया।

## जनसंपादकीय

# चुनावी राजनीति: पतन की राह

भारत के स्वाधीन होने के बाद हुए चुनावों में कई दशकों तक लगातार स्वाधीनता आंदोलन का नेतृत्व करने वाली भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस आसानी से जीत हासिल करती रही. उस समय कांग्रेस के मुख्य विरोधियों में कम्युनिस्ट व समाजवादी पार्टियां शामिल थीं. भाजपा का पूर्व अवतार जनसंघ अपने अस्तित्व में आने के कई सालों बाद तक सत्ता में आने के बारे में सोचने की स्थिति में भी नहीं था. भाजपा भी लंबे समय तक कमजोर बनी रही. उस दौरान चुनावों में जो मुद्दे उठाए जाते थे उनमें औद्योगिक विकास, सरकारी नीतियां और कल्याण योजनाएं, राज्य का चरित्र समाजवादी होने की जरूरत, रोजगार आदि शामिल थे. उस समय लव जेहाद, राम मंदिर, गाय, घर वापसी, हिन्दू खतरे में हैं जैसे मुद्दे दूर-दूर तक नहीं थे. उस समय समाजवाद को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता था और समाजवाद की स्थापना के स्वप्न को पूरा करने की बात सभी पार्टियां कहा करती थीं. यहां तक कि जब जनसंघ के सदस्यों ने जनता पार्टी को तोड़कर भारतीय जनता पार्टी का गठन किया उस समय भी उसने गांधीवादी समाजवाद का नारा बुलंद किया. आज सात दशक बाद चुनावी राजनीति में जबरदस्त गिरावट देखी जा सकती है. इस समय राजनीति में भावनात्मक मुद्दों का बोलबाला है.

दुनियावी और लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़े मुद्दों को दरकिनार करने की शुरूआत राम मंदिर आंदोलन से हुई थी. मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू होने के बाद इस आंदोलन में और तेजी आई. तभी से चुनावी राजनीति में भावनात्मक और पहचान से जुड़े मुद्दों का बोलबाला शुरू हुआ. हालात यहां तक पहुंच गए कि सन 2019 के लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान किसी भी पार्टी ने धर्मनिरपेक्षता शब्द का एक बार भी प्रयोग नहीं किया. यह बात हमें इस चुनाव के विजेता नरेन्द्र मोदी ने स्वयं बताई. मोदी का यह मानना था कि धर्मनिरपेक्षता शब्द का चुनावी राजनीति से गायब हो जाना, संघ और भाजपा की राजनीति की सफलता का प्रतीक है.

अब तो ऐसा लगता है कि किसी भी मुद्दे को धार्मिक या साम्प्रदायिक रंग दिया जा सकता है. कोरोना जेहाद शब्द यह बताता है कि राजनीति में अब शायद एक भी ऐसा मुद्दा नहीं बचा है जिसे साम्प्रदायिक रंग न दिया गया हो. भाजपा पिछले कुछ दशकों में पहचान की राजनीति और पहचान से जुड़े मुद्दे उठाने की कला में सिद्धहस्त हो गई है. मीडिया, जो भाजपा के समक्ष दंडवत है, साम्प्रदायिक तत्वों की कथनी और करनी को भरपूर प्रचार दे रहा है.

अरविंद केजरीवाल इस खेल में विघटनकारी ताकतों से तनिक भी पीछे नहीं रहना चाहते. गुजरात में होने वाले विधानसभा चुनावों में केजरीवाल की पार्टी अपने लिए जगह बनाना चाहती है. इस पार्टी का लंबे समय से यह दावा रहा है कि उसकी रूचि केवल शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली व पानी जैसे मुद्दों में ही है. पार्टी ने यह भी साफ कर दिया है कि वंचित वर्गों के पक्ष में सकारात्मक कार्यक्रमों व अनुसूचित जाति, जनजाति व ओबीसी से जुड़े मुद्दों में उसकी कोई रूचि नहीं है. यह तब और साफ हो गया जब केजरीवाल ने कश्मीर से संविधान के अनुच्छेद 370 हटाए जाने का समर्थन किया. आप के नागरिकता संशोधन विधेयक (सीएए) व नागरिकों की राष्ट्रीय पंजी (एनआरसी) के प्रति नजरिए का खुलासा इस बात से हो गया था कि उसने शाहीन बाग आंदोलन को भाजपा की चाल बताया था. आप के लिए अंसख्य मुसलमानों की नागरिकता को संदेह के घेरे में डालना महत्वपूर्ण नहीं था. शाहीन बाग के बाद दिल्ली में भड़की हिंसा को आप ने रोहिंग्या मुसलमानों पर मढ़ दिया और मुसलमानों के बारे में जो कही गईं बेहूदा बातों के बारे में उसने एक शब्द भी नहीं कहा. बिलकिस बानो के बलात्कारियों को जेल से जल्दी रिहा किए जाने के बारे में पूछे जाने पर केजरीवाल सरकार में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने छूट कहा कि यह उनके लिए मुद्दा नहीं है. जब गुजरात के खेड़ा में मुसलमानों को खंभे से बांधकर पीटा गया तब भी केजरीवाल चुप्पी साधे रहे.

केजरीवाल के प्रतिगामी दृष्टिकोण का सबसे बड़ा उदाहरण था राजेन्द्रपाल गौतम मामले में उनकी प्रतिक्रिया. राजेन्द्रपाल गौतम, जो कि आप'' सरकार में मंत्री थे, ने हजारों अन्य दलितों के साथ बौद्ध धर्म अपनाया था और अम्बेडकर की 22 प्रतिज्ञाएं लीं थीं.

इसके बाद भाजपा ने गुजरात में यह प्रचार करना शुरू कर दिया कि केजरीवाल हिन्दू विरोधी हैं. इसके जवाब में केजरीवाल, जो राजनैतिक चालबाजियों में माहिर हैं, ने यह बयान दिया कि नोटों पर लक्ष्मी और गणेश की तस्वीर छापी जानी चाहिए. इस मांग से भाजपा हक्का-बक्का रह गई. उसे समझ में नही आ रहा है कि वह अपने से भी अधिक हिन्दुत्ववादी से कैसे निपटे. भाजपा को यह तक कहना पड़ा कि एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र में ऐसा नहीं किया जा सकता.


केजरीवाल आईआईटी स्नातक हैं और कम से कम उनसे तो यह अपेक्षा नहीं की जाती कि उनके दिमाग में यह आएगा कि नोटों पर लक्ष्मी और गणेश की तस्वीर छापने से भारतीय अर्थव्यवस्था बेहतर होगी. यह तार्किक / वैज्ञानिक सोच का मखौल है. परंतु यहां पर भी केजरीवाल शायद मोदी से आगे निकलने की जुगत में हैं. मोदीजी ने यह दावा किया था कि पुरातन काल में प्लास्टिक सर्जरी थी और वह इतनी ऊंचाईयों तक पहुंच चुकी थी कि हाथी का सिर मनुष्य के धड़ पर लगाया जा सकता था.

हमारी सरकार की शोध से संबंधित नीतियां भी ऐसी ही हैं. आईआईटी दिल्ली, पंचगव्य (गाय के दूध, मूत्र, गोबर, दही और घी का मिश्रण) पर एक शोध परियोजना का समन्वय कर रहा है. शोध की शर्तों में यह स्पष्ट कर दिया गया है कि गाय जर्सी प्रजाति की नहीं होनी चाहिए. इससे भी ज्यादा मजेदार बात यह है कि दिल्ली स्थित एम्स यह अध्ययन कर रहा है कि कोमा में पड़े मरीजों पर महामृत्युंजय जाप का क्या असर होता है.

आप साम्प्रदायिक राजनीति का वैकल्पिक मंच बन चुकी है और बड़ी धूर्तता से हिन्दू/साम्प्रदायिक कार्ड खेल रही है. केजरीवाल की पार्टी अपने नेता का अंधानुकरण करने वालों का हुजूम बन गई है. लक्ष्मी और गणेश का चित्र नोटों पर छापने की मांग केजरीवाल द्वारा किए जाने के बाद उनकी पार्टी के नेताओं ने भी यही राग अलापना शुरू कर दिया. यहां तक कि आतिशी मरलेना ने यह तक कह दिया कि यह मांग 130 करोड़ भारतीयों की इच्छा को प्रतिबिंबित करती है. सभी तानाशाहों को यह भ्रम होता है कि वे पूरे देश के लिए बोल रहे हैं. जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री हुआ करते थे तब नरेन्द्र मोदी का भी यह दावा होता था कि वे 5 करोड़ गुजरातियों की आवाज हैं.

आप आरएसएस के समर्थन से शुरू हुए अन्ना आंदोलन की उपज है. वह राजनीति की बिसात का एक त्रासद मोहरा बन गई है. अनुच्छेद 370, शाहीन बाग, खेड़ा और बिलकिस बानो मुद्दों पर पार्टी का दृष्टिकोण यह बताता है कि उसके राज में मुसलमानों और ईसाईयों की क्या स्थिति होगी.

भारत को आज एक ऐसी पार्टी की जरूरत है जो समाज के सभी तबकों को पूरे सम्मान और गरिमा के साथ अपनाए. हमें एक ऐसी पार्टी की जरूरत है जो रोजगार और जनकल्याण के मुद्दों को प्राथमिकता दे और समाज के वंचित वर्गों का ख्याल रखे. हमें ऐसी पार्टी की जरूरत है जो राजनीति और धर्म का घालमेल न करे. आप ने एक साफ-सुथरी और नए किस्म की राजनीति का वायदा किया था. परंतु वह क्या कर रही है यह हम सबके सामने है. वह लक्ष्मी और गणेश के चित्र नोटों पर प्रकाशित करना चाहती है और लोकपाल की मांग को उसने इतिहास के कूड़ेदान में फेंक दिया है.



**राम पुनियानी**
**(लेखक आईआईटी मुंबई में पढ़ाते थे और सन 2007 के नेशनल कम्यूनल हामोर्नी एवार्ड से सम्मानित हैं)**

# सच्चे कॉमरेड रहे पीसी जोशी

**स्मृति दिवस**



**जाहिद खान**

वे असाधारण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, राजनीतिक चिंतक और करिश्माई संगठनकर्ता थे। देश में साम्यवादी आंदोलन उन्हीं की अगुआई में शुरू हुआ। आधुनिक भारत के वे एक अहम सियासी हस्ती रहे। जिन्होंने पूरी ज़िंदगी अपने देशवासियों की बेहतरी और कम्युनिस्ट पार्टी के लिए कुर्बान कर दी। भारतीय इतिहास में बीसवीं सदी के चौथे और पांचवे दशक में जब सबसे ज्यादा उथल-पुथल का दौर था, तब उन्होंने न सिर्फ़ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की कमान संभाली, बल्कि उसे शानदार नेतृत्व प्रदान किया। उनकी अथक कोशिशों का ही नतीजा था कि भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में सीपीआई एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनी। जिस शख़्सियत का यहां जिक्र हो रहा है, हीरेन मुखर्जी ने उनकी असाधारण योग्यताओं को देखते हुए, उन्हें यंग मार्वल कहा था। यह युवा करिश्मा और कोई नहीं पूरन चंद्र जोशी थे, जिन्हें उनके साथी पूरे एहतिराम के साथ कॉमरेड पीसी जोशी कह कर पुकारते थे। साल 1935 में जब कॉमरेड पीसी जोशी ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की कमान संभाली, तब उनकी उम्र महज 28 साल थी। पार्टी के कुनबे की बात करें, तो उस वक्त पार्टी में महज 50 मेंबर थे। यानी पार्टी शैशवास्था में थी। पीसी जोशी ने थोड़े से ही अरसे में पार्टी को खड़ा किया और उसे एक नई राह दिखलाई। तमाम मोर्चों पर उनकी तूफानी सरगर्मियों का ही नतीजा था कि देश की आजादी तक पार्टी के 90 हजार से ज्यादा मेंबर हो गए थे। खास तौर से किसानों और कामगारों में पार्टी की एक विश्वसनीय पहचान बनी। यही नहीं देश भर के साहित्यकार, कलाकार, वैज्ञानिक और संस्कृतिकर्मी भी बड़ी तादाद में कम्युनिस्ट पार्टी के इर्द-गिर्द इकट्ठे हो गए। कॉमरेड पीसी जोशी अलग-अलग फ्रंट पर इनकी रहनुमाई करते थे। प्रगतिशील लेखक संघ, भारतीय जन नाट्य संघ, अखिल भारतीय स्टूडेंट फेडरेशन (एआईएसएफ) और छात्री संघ जैसे संगठन उन्हीं की दृष्टिसंपन्न परिकल्पना का नतीजा हैं।

रजनी पाल्मे दत्त (आरपीडी) की किताब मॉडर्न इंडिया और एमएन राय की फ्यूचर ऑफ इंडियन पॉलटिक्स ने पीसी जोशी की ज़िंदगी को एक नई राह दिखाई। खुद्द उन्हीं के अल्फाज में आरपीडी हमारे शिक्षक एवं मार्गदर्शक बन गए। उनकी मॉडर्न इंडिया हमारे लिए आधार ग्रंथ एवं उनके ह्यलेबर मंथली : नोट्स ऑफ दी मंथह्ल वे टिप्पणियां जो हमें गति देती रहीं। (रजनी पाल्मे दत्त एंड इंडियन कम्युनिस्ट, न्यू थिंकिंग कम्युनिस्ट) उन दिनों पीसी जोशी ने अपने ज़िम्मे जो काम लिया, वह साम्यवाद समर्थक क्रांतिकारी गुटों को अखिल भारतीय किसान-मजदूर दल से जोड़ने का था। किसान-मजदूर दल में ही पीसी जोशी की सियासी तालीम हुई। सितंबर, 1928 में मेरठ सत्र में वे यूपी इकाई के संयुक्त सचिव बने। जोशी को उस वक्त पूरा यकीन था कि अखिल भारतीय किसान-मजदूर दल क्रांति की दम पर ब्रिटिश साम्यवाद से आजादी ले सकेगा। यही वह दौर था, जब रेलवे, कपड़ा और जूट सेक्टर में मजदूरों के अंदर व्यापक राजनीतिक चेतना का प्रसार हुआ। अपने हक के लिए हड़तालें हुईं। यहां तक कि अखिल भारतीय किसान-मजदूर दल के नेतृत्व में हजारों कर्मियों ने कांग्रेस के सत्र में दो घंटों के लिए पंडाल पर कब्जा कर पूर्ण स्वराज की मांग का प्रस्ताव पारित किया।

अंग्रेज हुकूमत इन सब हरकतों पर बारीक नजर रखे हुए थी। बंगाल और बंबई के मजदूरों को संगठित कर रहे ब्रिटिश कम्युनिस्टों पर अंकुश लगाने के लिए ब्रिटिश सरकार पब्लिक सेफ्टी बिल लाई। यही नहीं साल 1929 में ट्रिब्यूनलों में हड़तालों पर पाबंदी लगाने की मंशा से ट्रेड डिस्प्यूट्स एक्ट आया। सरकार ने इन कानूनों की आड़ में मजदूर नेताओं का दमन शुरू कर दिया। 20 मार्च, 1929 को 31 मजदूर लीडर गिरफ़्तार किए गए। इनमें ज्यादातर कम्युनिस्ट थे। मुल्जिमों में सबसे कम उम्र के पीसी जोशी थे। उस समय उनकी उम्र सिर्फ 22 साल थी और वे उसी साल कम्युनिस्ट पार्टी के मेंबर बने थे। मजदूर लीडरों पर तीन साल तक मेरठ में मुकदमा चला। भारतीय इतिहास में यह मुकदमा, मेरठ षडयंत्र मामले के नाम से जाना जाता है। इन तीन सालों में पीसी जोशी ने काफी कुछ सीखा। नये-नये तजरबात हासिल किए। बहरहाल साल 1933 में इन सभी कॉमरेडों की रिहाई हुई। रिहाई के बाद पीसी जोशी उत्तर प्रदेश में अखिल भारतीय किसान-मजदूर दल संगठनकर्ता के तौर पर काम करने लगे। कानपुर में म्योर मिल हड़ताल का नेतृत्व करने के इल्जाम में फिर उनकी गिरफ़्तारी हुई। उन्हें दो साल का कारावास दिया गया। जेल से छूटे, तो उन्हें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के गठन की जिम्मेदारी सौंप दी गई। प्रोविजनल सेंट्रल कमेटी के जून 1936 सेशन में पीसी जोशी पार्टी के महासचिव चुने गए। इसके बाद उन्होंने यह जिम्मेदारी 1948 तक संभाली।

साल 1936, वामपंथी जन आंदोलन के इतिहास में बेहद महत्वपूर्ण साल माना जाता है। सीपीआई के महासचिव बनने के बाद पीसी जोशी ने प्रगतिशील लेखक संघ, अखिल भारतीय छात्र फेडरेशन (एआईएसएफ) और छात्री संघ जैसे संगठन बनाये। इन संगठनों के मार्फत उन्होंने पार्टी की विचारधारा और कामों को देशवासियों तक पहुंचाया। मजदूर एवं किसान संगठन एआईटीयूसी और अखिल भारतीय किसान सभा की मान्यता के लिए संघर्ष किया। ट्रेड यूनियन आंदोलन को गति दी। दीगर पार्टियों के संग साम्राज्यवाद विरोधी मोर्चा बनाने के लिए जी जान से काम किया। इस दरमियान उन्होंने एक वीकली नेशनल फ्रंट का संपादन भी किया और पार्टी के विचारों को लोगों तक पहुंचाया। कॉमरेड पीसी जोशी का मानना था कि राष्ट्रीय आंदोलन में कम्युनिस्ट पार्टी के असरदार ताकत बनने पर ही उसकी देशवासियों में स्वीकार्यता बढ़ेगी। इस दरमियान पीसी जोशी की लीडरशिप में कम्युनिस्टों ने आजादी की जंग में सहभागिता के पथ पर तेजी से कदम बढ़ाए। कांग्रेस के त्रिपुरि अधिवेशन में सुभाष चंद्र बोस को अध्यक्ष चुने जाने के लिए न सिर्फ़ जनमत बनाया, बल्कि अपने सारे संसाधन भी लगा दिए। पीसी जोशी की नीतियों और दीर्घकालीन सोच का ही नतीजा था कि साल 1937 से 1939 तक के सिर्फ़ तीन सालों में कम्युनिस्ट पार्टी ने देश में एक छोटी मगर महत्वपूर्ण वामपंथी ताकत का रूप ले लिया।

सोवियत संघ पर नाजी हमले की दलील पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने भारत छोड़ो आंदोलन में हिस्सा नहीं लिया। क्योंकि पार्टी इसे जनयुद्ध मानती थी। दुनिया भर में बढ़ते फासीवाद को रोकना, उसकी प्राथमिकता में था। लेकिन इस कदम से पार्टी को काफी खामियाजा भुगतना पड़ा। राष्ट्रीय मुख्यधारा में सियासी तौर पर पार्टी हाशिये पर चली गई। कम्युनिस्टों के खिलाफ अनेक इल्जाम लगे। यहां तक कि उन्हें गद्दार कहा गया। ऐसे माहौल में पीसी जोशी के सामने एक बड़ी चुनौती थी कि कैसे पार्टी का सही पक्ष लोगों तक पहुंचाया जाए। ताकि पार्टी के खिलाफ जो विषाक्त माहौल बना है, वह दूर हो। इन सब बातों की परवाह न करते हुए पीसी जोशी ने पार्टी को बंगाल अकाल के राहत कार्यों में तन-मन से जुट जाने का निर्देश दिया। एक सांस्कृतिक दल के साथ बंगाल भ्रमण कर उन्होंने लोगों को जापान के फासीवाद, जमाखोरी एवं काला बाजारी करने वालों के खिलाफ तथा देश की आजादी और हिंदू-मुस्लिम एकता के पक्ष में जगाया। बंगाल के गांव-गांव में घूमकर उन्होंने अकाल की मानव निर्मित प्रकृति के बारे में लोगों को जानकारी दी। राहत देने और जमाखोरी दूर भगाने के लिए आंदोलन किया। बंगाल के हालात को जोशी पार्टी के एजंडे में ही नहीं, राष्ट्रीय एजंडे में ले आए। इप्टा के सांस्कृतिक दलों के माध्यम से पूरे देश में बंगाल के लिए फंड उगाही की। जाहिर है कि पार्टी के इस राष्ट्रव्यापी आंदोलन का सारे देश पर गहरा प्रभाव पड़ा। पार्टी की छवि सुधरी और लोग बड़े पैमाने पर उससे जुड़े। यह सब पीसी जोशी के करिश्माई नेतृत्व और सही दिशा में सही सोच का ही नतीजा था। उनके नेतृत्व में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की पहचान एक राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टी के रूप में हो गई।

महाराष्ट्र में जमींदारों के खिलाफ आंदोलन, पूर्वी बंगाल में तेभागा आंदोलन और हैदराबाद में तेलंगाना संघर्ष में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने ऐतिहासिक भूमिका निभाई। यही नहीं पार्टी ने मजदूरों के हित में भी कई लड़ाईयां लड़ीं। फरवरी 1946 में बंबई में अंग्रेज हुकूमत के खिलाफ जो नौसेना महाविद्रोह हुआ, उसमें भी कम्युनिस्ट कॉमरेड आगे-आगे थे। कॉमरेड पीसी जोशी एक कुशल संगठनकर्ता थे। संगठन की ताकत को वे अच्छी तरह से समझते थे। यही वजह है कि उन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों में संगठन बनाए और लोगों को उनसे जोड़ा। बंगाल के अकाल के बाद उन्होंने किसानों की मुश्किलों को समझा और उग्रपंथी किसान आंदोलन गढ़ने के लिए पार्टी को तैयार किया। सारे देश में ट्रेड यूनियनों को इकट्ठा कर, उन्हें अपने अधिकारों के लिए जागृत किया। जाहिर है इन सब कार्यकलापों से देश में राजनीतिक बदलाव की पृष्ठभूमि तैयार हुई। देश आजादी की ओर बढ़ा। मुल्क की आजादी के बाद कॉमरेड पीसी जोशी ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की पॉलिसियों से मुतअल्लिक जो भी फैसले लिए, पार्टी के अंदर उन पर दो राय रहीं। लेकिन उन्होंने जो फैसला किया, उस पर हमेशा कायम रहे। एक तरफ पार्टी का बड़ा तबका यह आजादी झूठी है कहकर सशस्त्र क्रांति की वकालत कर रहा था, तो दूजी ओर पीसी जोशी ने देश की नब्ज को पहचानते हुए आजाद भारत की पहली सरकार को कुछ



वक्त देने का फैसला किया। उनके इस फैसले का पार्टी में उस समय काफी विरोध हुआ। उनके बारे में कई झूठी बातें फैलाई गई। लेकिन बाद में पार्टी ने इस भूल को स्वीकार किया। साल 1962 में भारत-चीन जंग के दरमियान उन्होंने नेहरू सरकार की नीतियों की सराहना करते हुए, चीनी आक्रमण की कड़ी मुखालिफत की। वहीं पार्टी लीडरों की गिरफ़्तारी का भी कड़ा प्रतिवाद किया। पीसी जोशी एक आला दर्जे के पत्रकार भी थे। स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर उनकी गहरी समझ थी। इन सब मुद्दों पर उन्होंने खूब लिखा। आजादी के आंदोलन के दौरान जब अंग्रेजी हुकूमत ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को गैरक़ानूनी करार दिया और उस पर पाबंदी लगी हुई थी, तब भी उन्होंने कई पत्रिकाएं निकालीं और अपने विचारों को लोगों तक पहुंचाया।

अपनी ज़िंदगी का आखिरी समय कॉमरेड पीसी जोशी ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के अभिलेखागार के निर्माण में लगाया। सामग्री संग्रह के लिए उन्होंने बर्लिन और मास्को की यात्राएं कीं। देश के अंदर पुराने कॉमरेडों से मिलकर पुरानी फाइलें, पम्पलेट और पत्रिकाएं जुटाते रहे। पीसी जोशी में गहरा इतिहासबोध था। यदि सियासत में नहीं होते, तो वे बेशक एक बेहतरीन इतिहासकार साबित होते। उनका एक और महत्वपूर्ण कार्य 1857 क्रांति का विश्लेषण और उस क्रांति पर केन्द्रित लोक साहित्य का संकलन था। पीसी जोशी बेहद संवेदनशील व्यक्ति थे। देश में कहीं साम्प्रदायिक दंगा हो या कोई बड़ी राजनीतिक घटना वे बेचैन हो जाते थे। चीनी आक्रमण, चेकोस्लोवाकिया संकट और बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान वे खामोश तमाशाई नहीं रहे। पत्र-पत्रिकाओं में लिखकर वे अपनी प्रतिक्रिया जरूर देते थे। 9 नवंबर, 1980 को 73 साल की उम्र में कॉमरेड पीसी जोशी ने इस दुनिया को अलविदा कहा। उनके जाने से वामपंथी आंदोलन का इतिहास लिखने समेत कई काम अधूरे रह गए। कॉमरेड पीसी जोशी अपने क्रांतिकारी कामों से हमेशा याद किए जाएंगे।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क : 94254 89944)**

# राजनीतिक असंवेदनशीलता का परिणाम है प्रदूषण

**सामयिकी**



**ललित गर्ग**

दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में पराली एवं वायु प्रदूषण से उत्पन्न दमघोटू माहौल का संकट जीवन का संकट बनता जा रहा हैं। संपूर्ण राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र घने कोहरे में डूबी हुई जानलेवा होती जा रही है। सब जानते हैं कि यह कोहरा नहीं, बल्कि प्रदूषण का ऐसा विकराल जाल है जिसमें मनुष्य सहित सारे जीव-जंतु फंसकर छटपटा रहे हैं, जीवन सांसों पर छाये संकट से जूझ रहे हैं। अस्पतालों के बाहर लम्बी कतारें देखने को मिल रही है। खासकर दिल्ली में दिवाली के बाद यह समस्या साल-दर-साल गंभीर होती जा रही है। इससे पार पाने के लिए दिल्ली सरकार ने कई उपाय आजमाए, प्रदूषण पर नियंत्रण के लिये निर्देश जारी किये गये मगर वे कारगर साबित नहीं हो पा रहे। प्रदूषण जानलेवा स्तर तक खतरनाक हो गया है, जिसके चलते स्कूल बंद करने और दिल्ली सरकार के आधे कर्मचारियों को घर से काम करने को कहा गया है। दिल्ली और पंजाब सरकारें ने अनेक लुभावने तर्क एवं तथ्य दिये, सरकारें जो भी तर्क दें, पर हकीकत यही है कि लोगों का दम घुट रहा है। अगर वे सचमुच इससे पार पाने को लेकर गंभीर हैं, तो वह व्यावहारिक धरातल पर दिखना चाहिए।

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने बुजुर्गों, बच्चों और सांस की समस्याओं से ग्रस्त लोगों को घर से बाहर न निकलने का सुझाव जारी कर दिया है। पिछले कई दिनों से दिल्ली का एक्यूआइ (एयर क्वालिटी इंडेक्स) 400 से 450 के बीच दर्ज किया जा रहा है। लगभग यही स्थिति गुरुग्राम, नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद आदि की है। उत्तर भारत के अन्य अनेक इलाके भी प्रदूषण की चपेट में हैं। प्रश्न है कि पिछले कुछ सालों से लगातार इस महासंकट से जूझ रही दिल्ली को कोई समाधान की रोशनी क्यों नहीं मिलती। सरकारें एवं राजनेता एक दूसरे पर जिम्मेदारी ठहराने की बजाय समाधान के लिये तत्पर क्यों नहीं होते? इस वर्ष दीपावली पर आतिशबाजी न हो, इसके लिये सरकारों ने ही नहीं गैर-सरकारी संगठनों ने भी व्यापक प्रयत्न किये हैं। दिल्ली सरकार ने इसके लिये सख्ती बरती है एवं अणुव्रत विश्व भारती ने ईको-फ्रेंडली दीपावली का संदेश जन जन के बीच पहुंचाया है, क्योंकि पटाखे जलाने से न केवल बुजुर्गों बल्कि बच्चों के जीवन पर खतरनाक प्रभाव पड़ने और अनेक रोगों के पनपने की संभावनाएं हैं। आम जनता की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाली पटाखे जलाने की भौतिकतावादी मानसिकता को विराम देना जरूरी है। प्रदूषण मुक्त पर्यावरण की वैश्विक अभिधारणा को मूर्त रूप देने के लिये इको फ्रेंडली दीपावली मनाने की दिशा में इस साल कई पायदान हम ऊपर चढ़े हैं, एक सकारात्मक वातावरण बना। लेकिन पटाखों से ज्यादा खतरनाक हैं पराली का प्रदूषण। पराली आज एक राजनीतिक प्रदूषण बन चुका है। दिल्ली एवं पंजाब में एक ही दल ही सरकारें है, दूसरों पर आरोप लगाने की बजाय क्यों नहीं आम आदमी पार्टी की सरकार समाधान देती।

पराली के प्रदूषण से ह्वदीपावलीह्ल के गौरवपूर्ण सांस्कृतिक अस्तित्व एवं अस्मिता को धुंधलाने की बजाय पराली का स्थायी हल निकाला जाना चाहिए। पराली के प्रदूषण को पटाखों के प्रदूषण के नाम पर ढकने की कुचेष्टा से बचना चाहिए। ह्वदीपावलीह्ल हमारी संस्कृति है, सभ्यता है, आपसी प्रेम है, इतिहास है, विरासत है और दीपों की कतारों का आश्चर्य है। पराली से दीपावली के आसपास होने वाले प्रदूषण को पटाखे का प्रदूषण कहना, अतिश्योक्तिपूर्ण विडम्बना है। वास्तव में यह सरकारों का गैर जिम्मेदाराना व्यवहार है, जिसने सबको जहरीले वायुमंडल में रहने को विवश किया है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की बैठक में यह साफ हो गया कि अगले कई दिनों तक वायु की गुणवत्ता बहुत गंभीर श्रेणी में रह सकती है, लेकिन दिल्ली और पंजाब की सरकार स्वयं को इसके लिए किंचित भी उत्तरदायी नहीं मानतीं। दिल्ली को सामाजिक-आर्थिक विकास के मॉडल के रूप में गुजरात चुनाव में पेश कर रहे अरविंद केजरीवाल और उनके साथी ही इस बात की चर्चा नहीं करते कि इससे कितनी क्षति हो रही है। बल्कि इस महासंकट की जिम्मेदारी केन्द्र सरकार पर डालते हुए एक भारी भरकम बजट आवंटित करने की मांग की जा रही है। इस विषम एवं ज्वलंत समस्या से मुक्ति के लिये हर राजनीतिक दल एवं सरकारों को संवेदनशील एवं अन्तर्दृष्टि-सम्पन्न बनना होगा। क्या हमें किसी चाणक्य के पैदा होने तक इन्तजार करना पड़ेगा, जो जड़ों में मठ्ठा डाल सके।...नहीं, अब तो प्रत्येक राजनीतिक मन को चाणक्य बनना होगा। तभी विकराल होती वायु प्रदूषण की समस्या से मुक्ति मिलेगी।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार दिल्ली के प्रदूषण में पराली के धुएं की हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत के आसपास है। हर दिन पराली जलाने की कई सौ घटनाएं दर्ज हो रहीं है। क्या इसे रोकना वाकई इतना कठिन है? आखिर दिल्ली, पंजाब के साथ केंद्र सरकार इसके लिए क्या कर रही है कि किसान पराली न जलाएं? सच यह है कि इसके लिए कोई प्रभावी कोशिश हो ही नहीं रही है। किसानों से बात करने का साहस कोई भी सरकार नहीं दिखा रही है। ऐसा माहौल बना दिया गया है, मानो खेती के नाम पर कुछ भी करने की छूट है। इसका कारण राजनीतिक ही है। कोई किसान है, इसका यह अर्थ नहीं कि उसे वातावरण को दमघोंटू बनाने एवं लोगों के जीवन को संकट में डालने का अधिकार है। किसानों को विकल्प उपलब्ध कराना सरकारों की जिम्मेदारी है। केंद्र को प्रांत सरकारों के साथ एवं प्रांत-सरकारों को केन्द्र के साथ मिलकर काम करना चाहिए, क्योंकि यह पूरे उत्तर भारत का मुद्दा है, यह आम जनजीवन से जुड़ा मुद्दा है। पराली जलाने की समस्या आज की नहीं है। स्वयं केजरीवाल इसके विरुद्ध आवाज उठाते रहे हैं, लेकिन पंजाब में सरकार बनने के बाद इस मामले पर अपने स्वभाव के अनुरूप उन्होंने यू-टर्न ले लिया। पराली की समस्या को हल करने के लिए केंद्र सरकार की ओर से 1347 करोड़ रुपये और उपकरण दिए गए। अगर इस पर राजनीति करने की जगह ईमानदारी से काम होता और सरकार किसानों को समझाने-बुझाने की कोशिश करती तो इस महासंकट से निजात पाया जा सकता था। करोड़ों लोगों की जीवन रक्षा का प्रश्न दलीय राजनीति से बड़ा है।

सर्दियां आते ही दिल्ली की आबोहवा बच्चों और बुजुर्गों के लिए विशेष रूप से खतरनाक होने लगती है। दिल्ली की हवा में उच्च सांद्रता है, जो बच्चों को सांस की बीमारी और हृदय रोगों की तरफ धकेल रही है। शोध एवं अध्ययन में यह भी पाया गया है कि यहां रहने वाले 75.4 फीसदी बच्चों को घुटन महसूस होती है। 24.2 फीसदी बच्चों की आंखों में खुजली की शिकायत होती है। सर्दियों में बच्चों को खांसी की शिकायत भी होती है। बुजुर्गों का स्वास्थ्य तो बहुत ज्यादा प्रभावित होता ही है। सर्दियों के मौसम में हवा में घातक धातुएं होती हैं, जिससे सांस लेने में दिक्कत आती है। हवा में कैडमियम और आर्सेनिक की मात्रा में वृद्धि से कैंसर, गुर्दे की समस्या और उच्च रक्तचाप, मधुमेह और हृदय रोगों का खतरा बढ़ जाता है। इसमें पराली के प्रदूषण से घातकता कई गुणा बढ़ जाती है। पटाखों का प्रदूषण उससे भी घातक है। 300 से अधिक एक्यूआइ वाले शहरों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रहने वाले सांस के रूप में जहर खींचने को क्यों विवश है, इसके कारणों पर इतनी बार चर्चा हो चुकी है कि उन्हें दोहराने की आवश्यकता नहीं।

प्रदूषण कम करने और दिल्ली सहित देश के अन्य महानगरों-नगरों को रहने लायक बनाने की जिम्मेदारी केवल सरकारों की नहीं है, बल्कि हम सबकी है। हालांकि लोगों को सिर्फ एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभानी है, एंटीडस्ट अभियान भी निरन्तर चलाया जाना चाहिए। लोगों को खुद भी पूरी सतर्कता बरतनी होगी। लोगों को खुली जगह में कूड़ा नहीं फैंकना चाहिए और न ही उसे जलाया जाए। वाहनों का प्रदूषण लेवल चैक करना चाहिए। कोशिश करें कि हम निजी वाहनों का इस्तेमाल कम से कम करें और सार्वजनिक वाहनों का उपयोग करें। प्रदूषण से ठीक उसी प्रकार लड़ना होगा जैसे एक नन्हा-सा दीपक गहन अंधेरे से लड़ता है। छोटी औकात, पर अंधेरे को पास नहीं आने देता। क्षण-क्षण अग्नि-परीक्षा देता है। पर हां! अग्नि परीक्षा से कोई अपने शरीर पर फूस लपेट कर नहीं निकल सकता।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क 9811051133)**

**व्यंग्य**



# समकालीन चरित्र हनन

**अरविंद तिवारी**

आपको जिज्ञासा हो सकती है कि चरित्र हनन भी समकालीन हो सकता है क्या?क्यों नहीं हो सकता, बल्कि होना ही चाहिए।चरित्रहीनता भी अब समय सापेक्ष हो चली है।जब समकालीन व्यंग्य,समकालीन कविता, समकालीन कहानी,समकालीन आलोचना हो सकती है तो साहित्य में समकालीन चरित्र हनन क्यों नहीं हो सकता।खासकर तब,जब हमें लिखते हुए पचास साल हो गए हों।हमारे बाद लेखन में तीन पीढ़ियां आ चुकी हैं।इन युवाओं के पास मौलिक लेखन के अलावा,मौलिक चरित्र हनन के हथियार भी उपलब्ध हो सकते हैं। समकालीन चरित्र हनन,जब अन्य विधा का लेखक करता है,तो वह ज्यादा प्रभावी होता है।अपनी विधा वाला नीचे उतरने की सीमा जानता है,पर दूसरी विधा वाला बन्दा उतरते.. उतरते,पाताल लोक तक चला जाता है और अंततः ‍पाताल भैरवी‍कॉमेडी पिक्चर में तब्दील हो जाता है!

पहली बार जब हमारे चरित्र का हनन करने वाले षडयंत्र का खुलासा हुआ,तो हमने अपने व्यंग्य का शीर्षक दिया था,मेरा आदर्श चरित्र हनन।तब हम युवा थे और उसी के अनुरूप चरित्र हनन की कोशिश की गई थी।दूसरी बार कोशिश हुई तो हमने व्यंग्य का शीर्षक दिया,मेरा निम्न स्तरीय चरित्र हनन।दरअसल दूसरे वाले चरित्र हनन की पटकथा बेहद निम्न कोटि की थी,जो प्रायःसियासी हलके में चरित्र हनन के लिए लिखी जाती है।इसके बाद मेरे वन लाइनर व्यंग्य को महिला विरोधी बताकर गालियां दी गईं,जबकि पत्नी को लेकर लिखे गए तमाम महिला विरोधी व्यंग्य,सहर्ष स्वीकार किए गए।यह व्यंग्य जगत का विद्रूप है।

समकालीन चरित्र हनन में पटकथा के घटियापन की कोई सीमा नहीं होती।कई बार माइक पकड़ने के लिए व्याकुल असाहित्यिक लोग समकालीन चरित्र हनन कर देते हैं। उल्टे सीधे आरोपों के जरिए हुआ चरित्र हनन,समकालीन चरित्र हनन कहलाता है।जिंदगी में जिसने कभी व्यंग्य नहीं पढ़ा,वह रिटायर होकर व्यंग्य का सौंदर्य शास्त्र लिखने लगता है,तो घोर आश्चर्य होता है।कुछ वैसा ही आश्चर्य तब होता है,जब बेहद चरित्रवान कहा जाने वाला तथाकथित कवि या लेखक,किसी बुजुर्ग लेखक का गोपनीय तरीके से समकालीन चरित्र हनन कर देता है!परम्परागत चरित्र हनन करने वाला खुद दावा करता है कि उसने चरित्र हनन किया है।पर समकालीन चरित्र हनन करने वाला छुपा रुस्तम होता है। इसके बावजूद चरित्र हनन का शिकार हुआ लेखक उसे पहचान लेता है।चरित्र हनन करने वाला उसी तरह छापामार चरित्र हनन करता है,जैसे ई. डी. एक साथ कई ठिकानों पर छापा मारती है।फर्क इतना ही है, ई. डी. दिखती है,जबकि समकालीन चरित्र हनन करने वाला दिखाई नहीं देता।सोशल मीडिया ने समकालीन चरित्र हनन के लिए सजा सजाया प्लेटफॉर्म उपलब्ध करवा दिया है।इनबॉक्स के अलावा वहां,इस काम के लिए सुपारी लेने वाले और देने वाले इफरात में पाए जाते हैं।उनके पास चरित्र को किल करने वाली ए. के. सैंतालीस, लोडेड अवस्था में होती है,जो इनबॉक्स में दागी जाती है!

बुजुर्ग लेखक को उसके समकालीन चरित्र हनन होने की जानकारी कोई नहीं देता।लंबे समय तक उसका चरित्र हनन चलता रहता है।मेरे साथ ऐसा ही हुआ।पर जब रोज प्रणाम बोलने वाले फोन करने से कतराने लगे,तो हमें तह तक जाना पड़ा।बन्दा हमारी विधा का भी नहीं है,पर उसे हमारी प्रसिद्धि नागवार लगने लगी।छोटे शहर के मंचीय कवि को लगता है,शहर का नाम उसके नाम पर होना चाहिए।उसके लिए साहित्य वही है,जो खुद लिखता है।हालांकि हमारी विधा में भी ऐसे आत्ममुग्ध लोगों की कमी नहीं है।पर यह बंदा अपनी कमी में न अक्षर जोड़कर,कमी को विशेषण से संज्ञा बनाने में कामयाब रहा!हमने चार साल पहले ऐसे कई लोगों को ब्लॉक कर दिया था।उसने मेरे अन्य मित्रों के मोबाइल से सोशल मीडिया में भी समकालीन चरित्र हनन की घटना को अंजाम दे ही दिया।समकालीन साहित्य के समस्त ज्वलनशील पदार्थों के दीर्घायु होने की हम कामना करते हैं!

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार है)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगायी डुबकी

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर जनपद के कई तीर्थ स्थलों पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी। सुबह से ही लोगों ने तीर्थ स्थानों पर स्नान ध्यान कर पूजन अर्चन किया। इस मौके पर लोगों ने दान भी किया। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर जनपद के महराजगंज स्थित भैरव बाबा, अवंतिकापुरी, ऋषि दुर्वासा, दत्तात्रेय, चन्द्रमा ऋषि, नैनीजोर, मेंहनगर में शिवसरोवर, भवतर आदि स्थानों पर श्रद्धालुओं ने स्नान ध्यान कर पूजन अर्चन किया।

**रानीकीसराय प्रतिनिधि** के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा पर अवंतिकापुरी आवंक धाम सरोवर में मंगलवार को भोर से ही जयघोष के साथ स्नान शुरू हो गया। लोगो ने मंदिर में पूजन अर्चन किया जो देर शाम तक चलता रहा। राजा जन्मेजय की नाग महायज्ञ भूमि पर स्थित 84 बीघे सरोवर में स्नान के लिए एक दिन पूर्व ही श्रद्धालु जुट गये थे। नाग हवन कुंड में स्नान करने वालों की भीड़ सभी तरफ रही। धार्मिक दृष्टिकोण से आवंक का कार्तिक पूर्णिमा के दिन स्नान का विशेष महत्व होता है। मंगलवार को भोर से ही स्नान शुरू हो गया। लोगों ने सरोवर में स्नान कर मंदिर में पूजन अर्चन किया। यहां दानपुण्य का भी विशेष महत्व होता है। स्नान मेले में तकरीबन चार किमी परिधि में दुकाने सजी रही। सौन्दर्य प्रसाधन के साथ ही कृषि उपकरण की दुकानें भी लगी रही। लोगों ने कृषि उपकरण भी खरीदे। बच्चों ने झूले का आनंद लिया। मंदिर में भीड़ में चैन उड़ाने वालो की उचक्कों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था की गयी थी। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहे। वही मेला क्षेत्र मे वाहनो के प्रवेश से दिक्कतें होती रही।

**फूलपुर संवाददाता** के अनुसार पौराणिक धरती ऋषि दुर्वासा की तपोभूमि पर तमसा मंजूषा संगम पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर भक्तों ने स्नान ध्यान दान किया। ऋषिदुर्वासा के पावन धरती पर तीन दिवसीय मेले का भी आयोजन किया गया। मंगलवार की सुबह चार बजे से ही संगम में स्नान कर शिव मंदिर में जल चढ़ाया। लोगोने घर खेती किसानी आदि का जरूरी सामान मेले में लगी दुकानों से क्रय किया। मेले में दुकानों झूला खझला सौंदर्य प्रसाधन सहित अन्य सामान की दुकान एक सप्ताह पहले ही आ गयी थी। साफ सफाई ब्लाक के सफाई कर्मी नगर पंचायत कर्मी सप्ताह पूर्व से कर रहे थे। पुलिस प्रशासन सप्ताह पूर्व से चैकी स्थापित कर दिया था। बड़े वाहनों को दो किलोमीटर पहले रोक दिया गया। स्थानीय धाम क्षेत्र के प्रधान पूर्व प्रधान गोसाई समिति के लोग और समाज सेवी मेले स्नान क्षेत्र में उपस्थित रहकर दर्शनार्थियों के सहयोग में लगे रहे।



दुर्वासा धाम पर स्नान के लिए जुटे श्रद्धालु।

**मेंहनगर प्रतिनिधि** के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने श्री मंडलेश्वर महादेव स्थित शिव सरोवर में आस्था की डुबकी लगाकर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। मान्यता है कि शिव सरोवर की खुदाई करीब छह सौ वर्ष पूर्व की गई है जो 365 बीघे में शिव सरोवर (जलाशय) का प्राकृतिक सौंदर्य दर्शनीय है। पांच सोमवार लगातार डुबकी लगाने से चर्मरोग से मुक्ति मिलती हैं। शिव सरोवर की खुदाई के समय उस समय पातालपुरी शिवलिंग दक्षिणी हिस्से दबी हुई थी।

ग्रामीणों को स्वप्न दिखाई दिया कि मुझे उत्तरी भीटे पर स्थापित किया जाय। ग्रामीणों ने फावड़ा, कुदाल से भीटे पर खुदाई शुरूकर दी। कई दिनों बाद शिवलिंग मिला जो आज उत्तरी भीटे पर पाताल पुरी शिवलिंग की महिमा के रूप में प्रसिद्ध है। मंदिर के पुजारी कपिलमुनि गिरी ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के अलावा शिवरात्रि व श्रावण मास में आस्था का सैलाब उमड़ता है। प्रदेश सरकार द्वारा करीब पचास लाख रुपये प्रदान कर मन्दिर का जीर्णोद्धार के साथ-साथ दुर्गा मंदिर व सुलभ शौचालय का निर्माण कराया गया है। मेले में एसडीएम संत रंजन, सीओ लालगंज मनोज सिंह रघुवंशी, थाना प्रभारी बसंत लाल के अलावा उपनिरीक्षक सुरेश कुमार के साथ कांस्टेबल व महिला पुलिस सुरक्षा की दृष्टि से मौजूद रहे।

## अवंतिकापुरी में हुआ रावण दहन

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** अवंतिकापुरी आवंक में मेले के दौरान मंगलवार को प्रभु राम का राज्याभिषेक जहां किया गया वहीं दोपहर बाद रावण पुतला दहन हुआ। इस दौरान जयघोष होते रहे। अवंतिकासेवा समिति द्वारा चल रही रामलीला में रावण का अंत कर श्रीराम माता सीता लक्ष्मण आदि के साथ अयोध्या लौटते है। मंगलवार को दिन में मेले के दौरान मंचन में श्रीराम के अयोध्या पहुंचने पर यहां भरत पहुंच कर श्रीराम को उनका खड़ाऊं पहनाते हैं। श्रीराम के राज्याभिषेक होते ही राम के जयकारे गूंज उठते हैं। समिति द्वारा राम लक्ष्मण सीता जी और हनुमान जी की झांकी प्रस्तुत कर आरती कराई गयी। उसके बाद रावण का पुतला दहन हुआ। व्यवस्था संचालन में मुखराम गुप्त, अरुण विश्वकर्मा, प्रधान जाहिद खां, गुलाब चंद, महेन्द्र प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# सतगुरु नानक प्रगटिया, मिटी धुंध जग चानन होआ



मातवरगंज गुरुद्वारे में शबद कीर्तन करते रागी व उपस्थित श्रद्धालु।



रंगोली का अवलोकन करते स्थानीय लोग।

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** जनपद स्थित गुरूद्वारों में गुरू नानक जयंती धूमधाम से मनायी गयी। इस दौरान गुरूद्वारों में शबद, कीर्तन व लंगर का आयोजन किया गया।

श्री गुरु नानक देव जी का 553वॉं प्रकाशोत्सव मंगलवार को श्री सुंदर गुरुद्वारा मातबरगंज में मनाया गया। 6 व सात नवम्बर को प्रातः 5.30 बजे प्रभातफेरी श्री सुंदर गुरुद्वारे से निकाली गई थी जिसमें श्रद्धालु संगतों ने शब्द कीर्तन करते हुए शहर का भ्रमण कर पुनः गुरुद्वारे पहुंची। मंगलवार को प्रातः सहज पाठ साहिब जी की समाप्ति हुई जिसके उपरांत शब्द कीर्तन अरदास की गयी। तत्पश्चात कड़ाह प्रसाद वितरण किया गया एवं गुरु का लंगर अटूट चला। समस्त कार्यक्रम में सभी धर्म के लोगों ने मिलकर गुरु घर की खुशियां प्राप्त की।

**सजे गुरुद्वारे**

**जनपद में मनायी गयी गुरुनानक जयंती**

**सभी धर्म के लोगों ने मिलकर गुरु घर की खुशियां प्राप्त की**

## देवगांव कोतवाली में मनायी गई देव दीपावली

**लालगंज (आजमगढ़)।** देवगांव कोतवाली प्रांगण में न्यू पुष्पांजलि परिवार की तरफ कार्तिक पूर्णिमा की संध्या पर देव दीपावली मनायी गई। दीप प्रज्वलन के साथ ही पूरे परिसर को रंगोली से सजाया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी न्यू पुष्पांजलि परिवार की तरफ से देवगांव कोतवाली प्रांगण में देव दीपावली का आयोजन किया गया। शुभारंभ देवगांव प्रभारी निरीक्षक गजानंद चैबे ने दीप प्रज्वलित कर किया। तदुपरांत समूचे कोतवाली प्रांगण में लगे दीपों को प्रजल्वित किया गया तथा कोतवाली प्रांगण दीपों की छटा से जगमगाने लगा। पुष्पांजलि परिवार के अध्यक्ष अभिषेक चैरसिया ने बताया कि इस देव दीपावली का बहुत बड़ा महत्व है। दशकों पूर्व कार्तिक पूर्णिमा के दिन भगवान भोले शंकर त्रिपुरासुर नामक राक्षस का वध करते हैं। इसी दिन विष्णु भगवान ने मत्स्य का अवतार लिया था। इसीलिए इस कार्तिक पूर्णिमा को देव दीपावली के रूप में भी मनाया जाता है।

**6 हजार दीए से जगमग हुआ कोतवाली परिसर**

**सजायी गई रंग बिरंगी रंगोली**

# आज ही के दिन भगवान बुद्ध ने लिया था जन्म

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** हरबंशपुर के बुद्ध विहार स्थित बुद्ध मंदिर में धीरज कुमार की अध्यक्षता में भंते द्वारा मंत्रोच्चारण के बीच बुद्ध पूर्णिमा अवसर पर भगवान बुद्ध को नमन किया गया। बौद्ध धर्म अनुयायियों को संबोधित करते हुए भंते ने कहा कि बुद्ध भगवान ने आज ही के दिन जन्म लिया था। आज ही के दिन ज्ञान प्राप्त किया था और आज ही के दिन अपने शिष्यों को पहला उपदेश दिया था। आज ही के दिन उन्होंने मानवता का संदेश पूरे विश्व में फैलाया जिसके चलते पूरी दुनिया में भारत अपने आप को गौरवशाली महसूस करता है। उन्होंने कहा कि बुद्ध ने मानवता व एक समाज का सपना देखा और इसी एकता का संदेश देने के लिए पूरे विश्व में बौद्ध धर्म को सर्वश्रेष्ठ माना जाता है।



भगवान बुद्ध को नमन करते धीरज कुमार।

# हुतात्मा दिवस पर विहिप ने किया रक्तदान

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** विश्व हिंदू परिषद अतरौलिया नगर संगठनात्मक जनपद फूलपुर द्वारा विहिप के जिला उपाध्यक्ष वैभव चैरसिया के नेतृत्व में 30 अक्तूबर व 2 नवंबर 1990 को श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या की कारसेवा में वीरगति को प्राप्त हुए राम भक्त हुतात्मओं की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन दयानंद बाल विद्या मंदिर अतरौलिया में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजा जयलाल सिंह 100 शैय्या संयुक्त जिला चिकित्सालय अतरौलिया के स्वास्थ्य अधीक्षक डॉ.प्रदीप कुमार द्वारा श्रीराम दरबार के सम्मुख दीप प्रज्वलित व विशिष्ठ अतिथि जिला सहकारी बैंक के चैयरमैन जयप्रकाश पाण्डेय द्वारा पुष्पार्पण कर किया गया। इस दौरान संकल्प मानव सेवा समिति अंबेडकर नगर के अध्यक्ष सूरज गुप्ता बंटी द्वारा अतिथियों को सम्मानित किया गया। सामाजिक संस्था निफा द्वारा रक्तदान करने वालों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। अंबेडकर नगर तथा आजमगढ़ के ब्लड बैंक टीम के डॉक्टरों द्वारा रक्तदान को सफल बनाया गया। रक्तदान शिविर में कुल 40 लोगों ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि डॉ प्रदीप कुमार ने बताया कि क्षेत्र में इस तरह का आयोजन होना चाहिए। रक्तदान से किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होती। एक स्वस्थ मनुष्य को रक्तदान जरूर करना चाहिए।



रक्तदान करते विहिप कार्यकर्ता।

इस अवसर पर ओंकार मिश्रा, विशाल मोदनवाल, प्रदीप, चंद्रजीत तिवारी, सुनील पांडेय, हर्षित सिंह, रमेश सिंह रामू, दिनेश मद्धेशिया, धर्मेंद्र निषाद, विवेक जयसवाल, सुनील जायसवाल, महेश सोनी, मनीष सोनी, गोपाल कसौधन, संगम सोनी, बृजेश जायसवाल, सियाराम अग्रहरी, विक्की मद्धेशिया, सचिन पटवा, लकी सोनी, शनि बरनवाल, आकाश अग्रहरी, अंकुर सिंह, मोनू, विकास, विक्की गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## स्कार्पियो की चपेट में आने से युवक की मौत

**आजमगढ़।** महाराजगंज थाना क्षेत्र के गोसाईपुर गांव निवासी युवक की सोमवार की रात स्कॉर्पियो की चपेट में आने से मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया। गौरव सिंह पुत्र धर्मेंद्र सिंह निवासी गोसाईपुर थाना महाराजगंज सोमवार की रात अपने पिता को भोजन देकर मोटर साइकिल से घर गोसाईपुर लौट रहा था। वह जैसे ही महाराजगंज थाना क्षेत्र के मोलनापुर बाजार के पास पहुंचा कि पीछे से आ रही तेज गति स्कार्पियो ने उसे धक्का मार दिया। स्कॉर्पियो की चपेट में आने से गौरव सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्कार्पियो चालक गाड़ी वहीं छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस को सूचना देकर युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेनीगंज में भर्ती करवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। मृतक चार भाई-बहनों में तीसरे नंबर पर था। 24 नवंबर को मृतक के चाचा की शादी होने वाली थी जिसकी तैयारियां परिवार में जोरों से चल रही थी।

# किसानों की जमीन छीन पूंजीपतियों के लिए बना रहे एयरपोर्ट

**बोली मेधा पाटकर**

**अन्तराष्ट्रीय एयरपोर्ट का विरोध कर रहे किसानों के बीच पहुंची मेधा पाटकर व पूनम पण्डित**

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** अन्तराष्ट्रीय एयरपोर्ट के लिए पिछले दो माह से भूमि अधिग्रहण का विरोध करे किसानों के समर्थन में सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर और किसान अन्दोलन से चर्चित हुई बुलन्दशहर की पूनम पण्डित मंगलवार को जनपद पहुंची।

सभा को संबोधित करते हुए मेधा पाटकर ने कहा की जो जमीन पीढ़ियों से हमारे पास है वह हमें अन्न की सुरक्षा के साथ जीवन जीने का अधिकार देती है. सरकार विकास की बात करती है लेकिन विकास का चरित्र का क्या होगा इस पर बहस नहीं करती।यह किसानों और मजदूरों की जमीन छीनकर पूजीपतियों के लिए एयरपोर्ट बना रहे हैं, जिसकी आम जनता को कोई आवश्यकता नहीं है. अगर यह वास्तविक विकास करना चाहते हैं तो किसानों के हर पांच किलोमीटर पर मंडी का निर्माण कराएं।

मेधा पाटकर ने पंचायत में लोगों से पूछा कि क्या आप जमीन देना चाहते हैं. जनता ने कहा हाथ उठाकर एक स्वर में कहा कि नहीं. पाटकर ने कहा कि डीएम साहब क्यों संविधान का पालन नहीं करना चाहते. आज यह किसान पंचायत एक लाइन का प्रस्ताव पारित करती है कि हम किसी भी हाल में अपनी जमीन नहीं देंगे. जिलाधिकारी इस आशय की सूचना उड्डयन मंत्रालय और प्रधानमंत्री कार्यालय को भेज दें।



मंच पर पंचासीन मेधा पाटकर व पूनम पंडित।

किसान नेता पूनम पंडित ने कहा कि हम न अपनी जान देंगे न जमीन देंगे। सरकार को विकास करना है तो लोगों के लिए अस्पताल और स्कूल बनाए। एयरपोर्ट बनाना फर्जी विकास है यह जनता के हित में नहीं है। किसी भी हालत में हम यह एयरपोर्ट नहीं बनने देंगे, चाहे हमें बुलंदशहर से आकर यहां रुकना ही पड़े. किसान नेता राजीव यादव ने बताया कि 9 नवम्बर को 9 बजे किसान नेता राजेश टिकैत जमुआ की खिरिया की बाग में चल रहे धरने के समर्थन में आएंगे. धरने के 27 वें दिन बड़े पैमाने पर गोरखपुर, फैजाबाद, वाराणसी, इलाहाबाद से किसान नेता पहुंचे. पंचायत की अध्यक्षता रामनयन यादव ने की और संचालन किसान नेता राजीव यादव ने किया।

# इनरव्हील क्लब ने लोगों को किया एनीमिया के प्रति जागरूक

## दो को सिलाई मशीन सहित कईयों को दी आर्थिक मदद

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** इनरव्हील क्लब और नवेली क्लब के संयुक्त तत्वावधान में शहर के कई स्थानों पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर के हीरापट्टी साईं हास्पिटल में इनरव्हील क्लब द्वारा महिलाओं को एनीमिया रोग के प्रति जागरूक किया गया।

डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन वर्षा विनय कुमार, जोनल कोऑर्डिनेटर भारतीय सिंह की मौजूदगी में साई हास्पिटल में महिलाओं की एनीमिया की जांच कराई गयी। साथ ही गुड़, चना के साथ-साथ मरीजों में फल का वितरण किया गया। वहीं डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन वर्षा विनय कुमार, जोनल कोऑर्डिनेटर भारतीय सिंह के हाथों एक मासूम दिव्यांग लक्ष्मी को व्हीलचेयर प्रदान कर उसके जीवनयापन हेतु सहयोग दिया गया। इस दौरान कैंसर रोग, और धूम्रपान छोड़ने हेतु लोगों को जागरूक करने के लिए पोस्टर को जनहित में प्रसारित कराया गया। प्रेसिडेंट मंजू अग्रवाल व सेक्रेटरी अमितलता सिंह ने कहा कि इनरव्हील अपने सार्मथ्यनुसार समाज के लिए सदैव खड़ी रहेगी। दो बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से उन्हें सिलाई मशीन दिया गया। इसके बाद रोडवेज स्थित सभागार में नवेली क्लब के तत्वावधान में संयुक्त रूप से इनरव्हील क्लब की वार्षिक बैठक डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन वर्षा विनय कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इसके बाद नवेली द्वारा करतालपुर निवासिनी एक बच्ची की शादी के लिए गृहस्थी का साजो-सामान उपलब्ध कराया गया। अंत में आभार नवेली प्रेसिडेंट आराधना अग्रवाल ने जताया।



दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करती संस्था की महिलाएं।

संचालन रूचिका डालमिया ने किया। इस अवसर पर आराधना अग्रवाल, निमिषा अग्रवाल, मोना अग्रवाल, प्रियंका गोयल, प्रिया अग्रवाल, रुचि अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, गिरिजा यादव, आर्या चन्दे, रीता अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, पुष्पा श्रीवास्तव, अल्का सिंह, गीता अग्रवाल, संतोष जालान आदि मौजूद रहीं।

## निदेशक ने किया कृषि महाविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केन्द्र का दौरा

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** कृषि महाविद्यालय आजमगढ़ में निदेशक, भाकृअनुप-अटारी डॉ.यूएस गौतम ने मंगलवार को दौरा किया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो.धीरेन्द्र कुमार सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। निदेशक अटारी ने अधिष्ठाताएवं सभी सहायक प्राध्यापकों के साथ बैठक कर शिक्षण कार्यों एवं छात्रों के बारे में जायजा लिया। उन्होंने प्रयोगशालाओं, स्मार्ट क्लास रूम, परीक्षा कक्ष, सभागार एवं पुस्तकालय का जायजा लिया। अधिष्ठाता ने महाविद्यालय की उपलब्धियों को निदेशक के सामने प्रस्तुत किया। उन्होंने सभी फैकल्टी को भविष्य में उन्मुख होने के लिए प्रेरित किया और प्रोजेक्ट लिखने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि समय समय पर प्रशिक्षण लेने से टीचिंग क्वालिटी में सुधार आता है। क्लासरूम टीचिंग के साथ साथ ऑनलाइन टीचिंग को भी बढ़ावा देना चाहिए। इससे नई तकनीकी के बारे में जानने एवं समझने का अवसर मिलता है।

# परतंत्र और स्वतंत्र भारत में है जमीन आसमान का अंतर

**लालगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील के चेवार पश्चिम गांव के 99 वर्षीय राम अधार गुप्ता ने बताया कि उन्होंने अंग्रेजों की बर्बरता देखी है। अंग्रेजों का बड़ा खौफ रहता था। उस समय के दरोगा तथा चैकीदार और अंग्रेजों के कारिंदे लोगों का उत्पीड़न करते थे। जिसके घर चाहते थे उसके घर में घुसकर लूटपाट कर लेते थे। सभी लोग खौफजदा रहते थे क्योंकि अंग्रेजों के कारिंदे जिसे चाहते थे उसे बेइज्जत कर देते थे जिनके घर में चासते थे घुस जाया करते थे और सामान आदि लूट लिया करते थे।

चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि हमारे क्षेत्र के सारंगपुर निवासी पारसनाथ सिंह ने अंग्रेजों के विरुद्ध अपने हिसाब से लड़ाई लड़ी जिसके कारण उन्हें जेल में डाल दिया गया। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद उन्हें सरकार ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी घोषित किया। उन्होंने बताया कि उस समय काफी गरीबी थी खाने को नहीं अटता था कपड़ा और जूता चप्पल भी नहीं मिल पाता था। घर में पुआल डालकर एक रजाई में कई कई लोग सोया करते थे आज बहुत आसानी है और सब कुछ उपलब्ध है। धीरे-धीरे समय बदल गया और लोगों में खुशहाली आना शुरू हो गई। गांव के अनिल कुमार सिंह ने बताया कि रामाधार गुप्ता की क्षेत्र में काफी कद्र की जाती है क्योंकि वह हर सुख दुख में पैदल ही लोगों के घर तक पहुंच जाते हैं।



रामाधार गुप्ता से वार्ता करते मकसूद अहमद आजमी।

एक स्कूल के प्रबंधक राजेंद्र सिंह ने बताया कि रामाधार गुप्ता का क्षेत्र में काफी सम्मान है। उनके पुत्र नागा गुप्ता ने बताया कि उनका लगातार वाराणसी से उपचार चलता रहता है। निरंतर जांच और दवा चलती रहती है तथा उनकी सेहत का परिवार के लोग पूरी तरह ध्यान रखते हैं। वह कहते हैं कि नौजवानों को नशा से पूरी तरह दूर रहना चाहिए।

## संक्षेप

### नुक्कड़ नाटक से ग्रामीणों को किया जागरूक



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** निपुण भारत मिशन के तहत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। अतरौलिया शिक्षण क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय द्वितीय के बच्चों व अभिभावकों, ग्रामीणों को स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत निपुण भारत मिशन उत्तर प्रदेश हेतु जन जागरूकता के लिए मुनाल संस्था लखनऊ द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की गई, जिसमें कुल 3 नाटक के माध्यम से लोगो को जागरूक किया गया। नाटक के मध्य से नींव, जिसकी बुनियाद क्या है जो लोग भूलते चले जा रहे, बुनियाद 1,2,3 के बच्चे है वही नींव है। उस नींव को मजबूत करने के लिए तथा शिक्षा धन नाटक के माध्यम से लोगो को सपथ दिलाई गई कि बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजें। बच्चों से छुट्टियों के समय काम कराएं। आज बेटियां राष्ट्रपति तक बन रही हैं उनके अधिकारों को क्यों छीना जा रहा है। इस मौके पर नाटककार ऋचा, मुन्नीलाल, सुभाष, मैनेजर, भानु प्रताप, सुधाकर, रामचरण, रमेश मौर्या आदि मौजूद रहे।

### आजए ने किया संजय पांडेय का स्वागत



**पटवध (आजमगढ़)।** बिलरियागंज विकास खंड अंतर्गत पटवध कौतुक स्थित मां फूलवासी देवी विद्या मंदिर परिसर पर मंगलवार को आइडियल जनरलिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी वरिष्ठ पत्रकार रामनारायण राय के नेतृत्व में एक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि आजए के राष्ट्रीय महासचिव व आइडियल इंडिया दैनिक समाचार व साप्ताहिक अखबार के प्रमुख संपादक बनाए गए संजय पांडेय को फूलों की माला पहनाकर व चित्र प्रदर्शनी देकर स्वागत किया गया। अध्यक्षता नर्वदेश्वर मिश्रा तथा संचालन रोशन लाल द्वारा किया गया। सम्मान समारोह के दौरान संगठन की मजबूती को लेकर भी विचार विमर्श व चर्चा की गई और आगे भी पत्रकार बंधुओं के हित में लड़ाई लड़ने हेतु संकल्प लिया गया। रामनरायन राय उर्फ बबलू राय ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मनोज पांडेय, घनश्याम प्रजापति, मोहम्मद आसिफ, शत्रुघन यादव, राजेश गुप्ता, हरिबंश चतुर्वेदी, जितेन्द्र यादव, निखिल कुमार, राकेश कुमार श्रीवास्तव, मोहम्मद कासिम खान, संजय कुमार, संजय कुमार पांडेय, राजकुमार, संजय गौड़, उमेश राय, विद्यालय प्रबंधक अजय कुमार मौर्य आदि मौजूद रहे।

### पुलिस अभिरक्षा से फरार अभियुक्त धराया



**आजमगढ़।** थाना कोतवाली पुलिस ने जिला चिकित्सालय . से पुलिस अभिरक्षा से फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। वादी मुकदमा उपनिरीक्षक मुरारी मिश्र चैकी प्रभारी बलरामपुर द्वारा कोतवाली आजमगढ़ से सम्बन्धित अभियुक्त सूरज पुत्र विनोद निवासी तुरकौली थाना रौनापार जो जिला कारागार में निरुद्ध था, ईलाज के दौरान 2 नवम्बर को जिला चिकित्सालय से पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया था जिसे पुलिस सरगर्मी से तलाश रही थी। मंगलवार को पुलिस अभियुक्त की तलाश करते हुए रोडवेज बस स्टैण्ड पर मौजूद थी। इसी दौरान सूचना मिली कि जो अभियुक्त जिला अस्पताल से पुलिस अभिरक्षा से भागा था वह रोडवेज के पास बवाली मोड़ तिराहे पर खड़ा है। पुलिस ने उसे उक्त स्थान से गिरफ्तार कर लिया।

### तमंचा, कारतूस के साथ एक गिरफ्तार



**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना रौनापार पुलिस ने चेकिंग के दौरान अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। रौनापार पुलिस थाना क्षेत्र अन्तर्गत वाहन चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान ग्राम गांगेपुर के कैची बन्धा से अभियुक्त दुर्गेश सिंह उर्फ गोलू सिंह पुत्र शेषनाथ सिंह निवासी रैचन्दपट्टी थाना रौनापार को एक अदद तमंचा .315 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया।

### नगर पंचायत मार्टिनगंज में सियासत उफान पर

**मार्टिनगंज (आजमगढ़)।** नगर निकाय चुनाव को लेकर मार्टिनगंज नगर पंचायत में सियासत अपने उफान पर है। मगर दावेदारों के मन में सीटों के आरक्षण को लेकर संशय बरकरार है। नगर पंचायत चुनाव के लिए अभी तक अधिसूचना के साथ सीटों का आरक्षण तय नहीं हो सका है। दिसंबर माह में निकाय चुनाव होने के कयास लगाए जा रहे हैं। लेकिन अभी तक चुनाव की अधिसूचना जारी न होने के बावजूद भी संभावित दावेदारों ने मतदाताओं के बीच पहुंचकर अपनी पैठ बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। नवसृजित नगर पंचायत में दावेदारों की संख्या काफी ज्यादा है। राजनैतिक दलों भाजपा बसपा समाजवादी पार्टी समेत अन्य पार्टियों के लोग भी पार्टी बैनर लगाकर मतदाताओं को दिखाने का प्रयास कर रहे हैं तथा मतदाताओं के घर-घर जाकर उनके सुख-दुख में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। अभी तक चर्चित उम्मीदवारों में लकी सिंह प्रमोद राजभर रामसूरत राजभर जय प्रकाश जायसवाल विनीत जायसवाल समेत दो दर्जन की संख्या में उम्मीदवार अपनी उपस्थिति चुनाव में दर्ज करा रहे हैं। आरक्षण की स्थिति क्लियर होने के बाद वास्तविक उम्मीदवारों की स्थिति स्पष्ट होगी। लेकिन आरक्षण के मुद्दे पर संशय बरकरार है इसलिए जब तक आरक्षण की स्थिति स्पष्ट नहीं होगी तब तक कुछ कहना मुश्किल होगा। सब मिलाकर नवसृजित नगर पंचायत में निकाय चुनाव काफी रोमांचकारी होगा। जीत किसके पक्ष में जाएगी यह तो आने वाले समय में मतदाताओं द्वारा बता दिया जाएगा।

### प्रजापति महासभा की बैठक सम्पन्न

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** उत्तर प्रदेशीय प्रजापति महासभा की बैठक क्षेत्र के मौना में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन सक्रियता पर चर्चा के साथ ही भाजपा नेता गोरखनाथ प्रजापति के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की गयी। अध्यक्षता चंद्रभान प्रजापति ने की। इस मौके पर रुदल प्रजापति, मुन्नीलाल, भोलानाथ, योगेंद्र प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### सीता भगवान की भक्ति हैंः संतोष जी महाराज

**पवई (आजमगढ़)।** बाबा भुवनेश्वर धाम बिलवाई मंदिर परिसर में चल रहे श्री राम कथा के अंतिम दिन कथावाचक संतोष जी महाराज ने हनुमत चरित्र की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि भक्ति का क्षेत्र स्वतंत्र होता है। परंतु भक्ति की प्राप्ति सत्संग के ही द्वारा हो सकती है। सीता भगवान की भक्ति हैं। हनुमान जी महाराज भगवान को तो प्राप्त कर चुके थे। परंतु भगवान की भक्ति को नहीं प्राप्त कर पाए थे। उन्होंने कहा कि भक्त के जीवन में भगवान की कृपा भक्ति के बिना अधूरी होती है। लंकिनी जैसी राक्षसी के भीतर के आसुरी तत्व को बाहर निकाल कर उसके भीतर की सात्विक वृत्तियों को जागृत कर हनुमान जी मार्ग में आई हुई विघ्न बाधाओं से लड़ते हुए लंका जैसे देश में लंकिनी को सत्संग की सीढ़ी बनाकर भगवान की भक्ति रूपी सीता को प्राप्त कर लेते हैं और अजर अमर होने का वरदान प्राप्त कर लेते हैं। श्रद्धालुओं ने श्रीरामचरित मानस पोथी पर पुष्प समर्पित करते हुए अपने जीवन की बुराइयों का दान किया। संयोजक दिलीप मोदनवाल के साथ कई लोगों ने बच्चों के विवाह में दहेज न लेने का संकल्प लिया। दुर्गेश राधे रमण मिश्र ने कथा व्यास को अंग वस्त्र प्रदान कर भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर मनोज सिंह, आत्मा सिंह, बिजय दुबे, अच्छेलाल यादव, विनय कुमार सिंह, मंजू मिश्रा, पिंटू प्रधान, रंजीत, जितेंद्र तिवारी, पंकज गिरी, अशोक गिरी, फूलचंद्र सिंह, हरिबंश दुबे, कतावरु बिन्द आदि उपस्थित रहे।



श्रीराम कथा में कथा का श्रवण करते श्रद्धालु।

# रामजानकी व शिव मंदिर पर मनाई गई देव दीपावली

**आस्था**

दीपों की जगमगाहट ने लगाया चार चांद

एक लाख भक्तों ने गंगा में गोता लगाकर अर्जित किया पुण्य

गंगा घाट पर सक्रिय रहा पुलिस प्रशासन

राजस्व विभाग की टीम समाजसेवी व गोताखोर सुरक्षा में रहे डटे



सजाई गई दीपों की रंगोली।



गंगा घाट पर स्नान को जुटे भक्त।

**जमालपुर।** क्षेत्र के ग्राम सभा मठना में पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री राम जानकी मंदिर एवं शिव मंदिर पर विधि विधान से सोमवार की रात देव दीपावली मनाई गई। जहां ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह दीप जलाए गए। चारों तरफ जलते हुए दीप खुबसूरती में चार चांद लगा रहे थे। ऐसे में मंदिर परिसर का दृश्य काफी अद्भुत लग रहा था। कहीं रंगोली में दीपक जलाएं गए तो कहीं जलते हुए दीप से मां लिखकर दीप जलाए गए। दूर दराज से आए श्रद्धालुओं को मनोरंजन के लिए देवी जागरण का आयोजन किया गया था। कमेटी के लोगों द्वारा गायक कलाकारों को माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र भेंटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पूर्व प्रत्याशी सदस्य जिला पंचायत जितेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि हमारा यह पैतृक गांव है। यहां पर हिन्दू और मुस्लिम समुदाय के लोग आपसी भाई चारा की तरह रहते हैं और अमन चयन का जीवन व्यतीत करना पसंद करते है तथा एक दूसरे के सहयोग की प्रतिबद्धि बनते हैं। इस दौरान संजय पटेल, गंगा राम,चंद्र प्रकाश सिंह, लोकनाथ सिंह,जयसिंह , राजबली, मंगल सिंह, सुरेश पटेल, राजू, आशीष गुप्ता, कमलेश, दीपक, काशी यादव, रामनारायन, रमेश, गुड्डू पाल, विजेंद्र सहित तमाम महिला और पुरुष मौजूद रहे। अदलहाट प्रतिनिधि के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार को रैपुरिया स्थित गंगा घाट पर लगभग एक लाख महिला पुरुष स्नानार्थियों ने गंगा में गोता लगाकर पुण्य अर्जित किया। स्नानार्थियों का आना भोर तीन बजे से शुरू होकर दिन के दो बजे तक ता-ता लगा रहा। राजस्व विभाग की ओर से गंगा घाट पर सुरक्षा को इंगित करता बैनर, 25 लाइफ जैकेट जिसमें आठ जैकेट नाविकों को सुरक्षा के लिए दिया गया था। इस दौरान नायब तहसीलदार अरुण कुमार, राजस्व निरीक्षक आदर्श यादव व नागेन्द्र द्विवेदी तथा लेखपाल गण में जैनुल आब्दीन, सुजीत कुमार, सुनील मौर्या, अमित कुमार, नवीन श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव आदि की टीम भोर से ही गंगा घाट पर लगी रही। इसी प्रकार ग्राम प्रधान शेरपुर की ओर से कपड़ा बदलने के लिए दो ह्वाइट हाउस, कंट्रोल रूम, एनाउन्स की व्यवस्था, खोये लोगों को मिलाने आदि कि व्यवस्था करायी गयी थी। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि मनोज सिंह, राकेश सिंह, प्रदीप सिंह, संतोष सिंह, अनिल सिंह आदि रहे। गंगा घाट के नाविकों व गोताखोरों का दल गंगा में लगातार भ्रमण करता रहा। गंगा में पानी बढ़े हुए होने के चलते घाट पर खड़ी करार काफी खतरनांक थी। गोताखोरों ने एक दर्जन स्नानार्थियों को डूबने से बचाया। उक्त टीम में गनेश साहनी बाबा, अजीत कश्यप, दीपक साहनी, राकेश साहनी, दिलीप साहनी राजू साहनी आदि रहे। सीओ चुनार रामानंद राय के नेतृत्व मे स्नानार्थियों की सुरक्षा व भारी भीड़ को लेकर पचमेहता नरायनपुर, गंगा घाट व जगह - जगह पुलिस तैनात किया गया था। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना अदलहाट विजय कुमार चौरसिया, चौकी इंचार्ज नरायनपुर रणविजय सिंह, भारी महिला व पुरुष पुलिस बल, होमगार्ड आदि सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे।

# कार्तिक पूर्णिमा पर विंध्याचल धाम में उमड़ी भक्तों की भीड़

जनसंदेश न्यूज

**धर्म कर्म**

गंगा स्नान कर त्रिकोण कर रहे भक्त

चन्द्र ग्रहण के बाद फिर स्नान मां के दर्शन की अभिलाषा

**मीरजापुर।** कार्तिक मास की पूर्णिमा तिथि पर माता विंध्यवासिनी के धाम में देश के तमाम क्षेत्रों से आए भक्तों का तांता लगा हुआ है। मां के दरबार में पहुंचे भक्त गंगा स्नान कर जगत जननी माता विंध्यवासिनी का दर्शन पाने के लिए कतार में लगकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। कार्तिक का महीना पूर्णिमा तिथि के साथ चंद्रग्रहण का संयोग आज के दिन दर्शन पूजन और दान की महिमा को धर्म शास्त्रों में दुर्लभ संयोग बताया गया है।

जगत का कल्याण करने वाली आदिशक्ति माता विंध्यवासिनी के धाम में कार्तिक पूर्णिमा पर दर्शन करने के लिए भक्तों का जत्था एक दिन पूर्व ही आना आरंभ हो गया था। विभिन्न होटलों, धर्मशाला एवं तीर्थ पुरोहितों के आवास पर भक्तों ने शरण लिया। पूर्णिमा तिथि पर तमाम भक्तों ने पतित पावनी मां गंगा में स्नान दान किया। इसके बाद मां के धाम में पहुंचे । पत्र पुष्प लेकर मां का दर्शन पाने के लिए कतार में खड़े होकर माँ का दर्शन करने के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे है।

भक्तों का मानना है कि कार्तिक महीना पूर्णिमा तिथि और चंद्रग्रहण का योग आज के दर्शन पूजन और दान की महिमा का बखान धर्म शास्त्रों में भी किया गया है। माता की कृपा से दरबार में पहुंचे भक्तों की सुरक्षा के लिए पुलिस बल भी भक्तों की सेवा के लिए मुस्तैदी से सेवा में जुटा हुआ है। माता विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन करने के बाद तमाम भक्त त्रिकोण पथ पर विराजमान काली खोह में स्थित महाकाली और विंध्य पर्वत पर माता अष्टभुजा के नाम से विख्यात महासरस्वती का दर्शन कर। पूजन अर्चन कर रहे है। मंदिरों पर उमड़ी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल के साथ ही श्री विंध्य पंडा समाज के लोग लगे हुए हैं।

### विंध्याचल कपाट रहे बंद, जप तप चालू

**मीरजापुर।** चंद्र ग्रहण के दौरान माता विंध्यवासिनी के मंदिर का कपाट बंद कर दिया गया है। इस दौरान माता के धाम में पहुंचे भक्त जप, तप और पाठ में जुटे हैं। माता का दर्शन रात्रि करीब साढ़े 6 बजे के बाद श्रृंगारिया के द्वारा चरण पूजन के साथ ही आरंभ होगा। माता के धाम में साधक कपाट बंद होने के बाद जब तक मेल लग गए हैं। वैदिक परंपरा के अनुसार ग्रहण काल के दौरान माता विंध्यवासिनी के गर्भगृह का कपाट बंद कर दिया गया। यह कपाट ग्रहण की समाप्ति के बाद सायंकाल 6:30 बजे तक बंद रहेगा। इसके बाद माता के श्रृंगारिया कपाट खोल कर मंदिर में प्रवेश करेंगे। माता रानी के चरण पूजन के बाद आम भक्तों के लिए मंदिर का कपाट खोला जाएगा। माता के धाम में पहुंचे भक्त ग्रहण काल के दौरान पूजा पाठ में लगे हैं। धाम के तीर्थ पुरोहित भी जप तप कर रहे हैं। ग्रहण काल समाप्त होने पर भक्त गंगा स्नान करते है। स्नान करने के बाद ही भक्त जगत जननी माता विंध्यवासिनी के धाम में दर्शन पूजन करेंगे। जगत जननी के मंदिर के कपाट और झांकी बंद किए जाने के बाद माता के धाम में पहुंचे भक्त और तीर्थ पुरोहित जप और तप करने में जुट गए है।

# निजी कमरे में सचिवालय चलाने पर वीडीओ निलंबित

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** ग्राम पंचायत बरकछा कला में ग्राम विकास अधिकारी द्वारा निजी परिसर में पंचायत सचिवालय का संचालन किये जाने प्रकरण संज्ञान में आने पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उनको निलम्बित कर दिया गया। इस प्रकारण को गम्भीरता से लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी को कड़े निर्देश दिये गये कि शासन की मंशा के अनुरूप समस्त पंचायत भवनों में पंचायत सचिवालय का संचालन संदिग्ध प्रतीत होता है। सहायक विकास अधिकारी (पं.) सीटी, जिनके क्षेत्र में यह प्रकरण संज्ञान में आया है, उनको ह्यकारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस के अन्दर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करें। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पर्यवेक्षण एवं स्थलीय सत्यापन में कमी होने के कारण ही शहर से सटे हुए विकास खण्ड में भी इस जैसी लापरवाह स्थिति उत्पन्न हुयी । नियमित रूप से क्षेत्र में भ्रमण कर पंचायत सहायक की उपस्थिति, पंचायत सचिवालय का संचालन चिन्हित सरकारी परिसर या पंचायत भवन में कराना, गेट-वे के माध्यम से भुगतान करना इतिआदि महत्वपूर्ण प्रक्रिया सुनिश्चित कराना सहायक विकास अधिकारी (पं.) के प्राथमिकता वाले दायित्व हैं परन्तु सहायक विकास अधिकारी (पं.) अथवा स्वयं जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा पंचायत भवन का निरीक्षण कर बहुत ही कम आख्या प्रस्तुत किया जा रहा है। यह स्थिति संतोषजनक नहीं है। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि समस्त सहायक विकास अधिकारी (पं.) को एक माह के अन्दर शत-प्रतिशत पंचायत भवनों का निरीक्षण कर उपर्युक्त बिन्दुओं पर सत्यापन आख्या प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करें। रैण्डम आधार पर स्वंय जिला पंचायत राज अधिकारी और अपर जिला पंचायत राज अधिकारी भी सभी विकास खण्डों के 01-01 पंचायत भवनों का निरीक्षण कर आख्या दें। निरीक्षण के दौरान शासनादेश के विपरीत कोई भी कमी पायी जाये तो सम्बन्धित सचिव ग्राम पंचायत और पंचायत सहायक के विरूद्ध कठोर कार्यवाही भी सुनिश्चित करें। इस प्रक्रिया में ग्राम प्रधान की भूमिका का परीक्षण भी अवश्य करें। समस्त सहायक विकास अधिकारी (पं.) द्वारा किये गये निरीक्षणों की समीक्षा आगामी विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक में की जायेगी।

# फूड पॉइजनिंग से एक ही परिवार के चार सदस्यों की हालत बिगड़ी

**हड़कंप**

पड़ोसियों ने पहुंचाया अस्पताल

घर में बनी थी चना व सरसों के पत्ती की सब्जी

**राजगढ़।** मड़िहान तहसील क्षेत्र के चौखड़ा ग्रामसभा स्थित भागलपुर मजरे में एक परिवार के चार सदस्य डायरिया की चपेट में आ गये। उल्टी दस्त होने पर पड़ोसियों के सहयोग से इलाज के लिए सीएचसी राजगढ़ में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने खतरे से बाहर बताया। विकास खंड राजगढ़ क्षेत्र के चौखड़ा भागलपुर गांव निवासी चना व सरसो पत्ती की सब्जी खाने से एक ही परिवार के सावित्री 30 वर्ष पत्नी रंजीत, मोहिनी 8 वर्ष पुत्री रंजीत, रंजीत 35 वर्ष पुत्र राजनारायण, तथा विक्रांत 6 वर्ष पुत्र रंजीत गंभीर रूप से बीमार हो गए।उल्टी दस्त करने के बाद जानकारी हुयी कि जिस खेत से सरसो की पत्ती लाया गया था उसमें किसान द्वारा कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया था। जहरीली दवा के छिड़काव से सब्जी में जहर फैल गया। हला कि परिवार में एक दुधमुंहा बच्चा सुरक्षित है। जानकारी होते ही पड़ोसियों ने 108 पर फोन कर एंबुलेंस बुलाया, और सभी को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक डाक्टर संतलाल द्वारा बताया गया कि भोजन व दूषित पेयजल से परिवार बीमारी की चपेट आ गया।

### गांव में नहीं हो रही सफाई

सफाई कर्मियों की लापरवाही से गांव में गंदगी फैल रही है। अधिकतर सफाईकर्मी अधिकारियों की गुलामी में आवास पर डियूटी बजा रहे हैं। ग्राम प्रधान की उपस्थिति पंजिका पर थोक में हाजिरी बना दी जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि कभी किसी अधिकारियों का दौरा हुआ तभी सफाई कर्मचारी दिखाई पड़ते हैं। सरकार के खजाने में लाखों करोड़ों का चूना लगाया जा रहा है। सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिससे मच्छरों का भरमार हो गया है।

### बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में डुबकी

**चुनार।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के बाद दान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। सोमवार की देर रात से ही स्नानार्थियों का नगर में आना शुरू हो गया था। मंगलवार की सुबह से ही लोगों ने स्नान शुरू कर दिया। नगर सहित आस पास के क्षेत्रों से आए हजारों की संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चों ने गंगा में डुबकी लगाया। मेले में नगर पालिका परिषद द्वारा गंगा तट पर बैरिकेटिंग, वस्त्र बदलने हेतु पांडाल, साफ-सफाई, प्रकाश की व्यवस्था की गई थी वहीं पालिका कैंप कार्यालय से मेले की व्यवस्था की निगरानी करते हुए खोया पाया केंद्र बनाया गया था। जहां से खोए हुए व्यक्तियों के बारे में ध्वनि विस्तारक यंत्र से सूचनाएं प्रसारित कर उनके परिजनों से मिलाया जा रहा था। कैंप में चेयरमैन मंसूर अहमद, ईओ राजपति वैश, राजस्व निरीक्षक सौरभ सिंह, सफाई निरीक्षक लालमणि, गौरव पांडेय, राहुल वर्मा, सभासद राजू यादव, लव श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। मां विंध्यवासिनी सेवा समिति द्वारा निषाद राज पार्क के पास स्नानार्थियों को हलुआ प्रसाद वितरित किया जा रहा था। इस दौरान समिति के ब्रह्मानंद कुशवाहा, करतार सिंह, मिथिलेश बिंद, ऋषभ सिंह, बृजनंदन कुशवाहा, सुनील गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# किसानों का मनोबल बढ़ाने अहरौरा और सोनपुर पहुंचे राकेश टिकैत

**जनसभा**

किसान विरोधी व नौजवान विरोधी योगी सरकार : राकेश टिकैत

पूंजीपतियों की गोद में खेल रही है केद्र सरकार

जनसंदेश न्यूज



टिकैट का स्वागत करते किसान।

**अहरौरा।** भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत का अदलहट स्थित इंटर कॉलेज के मैदान पर जनसभा खत्म होने के बाद जिला अध्यक्ष कंचन सिंह फौजी के घर पर रात्रि विश्राम किया। उसके बाद राकेश टिकैत मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह के घर पर परिजनों एवं समर्थकों से मिलने के बाद वहां से भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव प्रह्लाद सिंह के घर पर थोड़ा विश्राम किए एवं परिजनों एवं समर्थकों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात चीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार किसान विरोधी है। वादे करके वादों से मुकर जाना इनकी पुरानी आदत है। जहां कहीं भी प्रदेश एवं केंद्र की सरकार तानाशाही रवैया अपनाए कि भारतीय किसान यूनियन आंदोलन और सिर्फ आंदोलन का ही रास्ता अपनाएंगी। उन्होंने कहा कि देश में विपक्ष ने अपनी भूमिका खुद ही है विपक्ष कहा है कहीं खुद खोजने से भी नहीं मिल रही। देश की सरकार पूंजीपतियों की गोद में खेल रही है। राकेश टिकैट देश को बिकने नहीं देंगे इसके बाद उनका काफिला चंदौली में प्रस्तावित जनसभा के लिए प्रस्थान कर गए। इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह जादौन, प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्ध नाथ सिंह, प्रदेश सचिव प्रहलाद सिंह, जिलाध्यक्ष कंचन सिंह फौजी, मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह, अन्न दाता मंच के संयोजक चौ० रमेश सिंह पंकज सिंह, महेश सिंह, जीउत राम सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# प्रमुख सचिव चिकित्सा, ने डेंगू वार्ड का किया निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज

**डॉक्टरों से की बात**

महिला अस्पताल नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई में व्यवस्था सुदृढ़ करने का दिया निर्देश

जिला अस्पताल के डेंगू वार्ड में भर्ती मरीजों से वार्ता कर सुविधाओं बारे में ली जानकारी



अस्पताल का निरीक्षण करते प्रमुख सचिव।

**मीरजापुर।** प्रदेश के प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार ने मंगलवार को जनपद भ्रमण के दौरान मण्डलीय जिला चिकित्सालय में पहुॅचकर विभिन्न वार्डो इमरजेंसी कक्ष एवं डेंगू वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी वार्ड में आये हुये मरीजों व उनके परिजन से वार्ता कर इलाज व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा विभिन्न चिकित्सक कक्ष में भी जाकर चिकित्सको के द्वारा पंजीकृत किये गये मरीज रजिस्टर आदि का निरीक्षण किया गया तथा निर्देशित किया गया कि आने वाले मरीजों को भली भांति देखकर उनका इलाज किया गया जाय तथा मरीजो के साथ सद्व्यवहार भी करें।

तदुपरान्त प्रमुख सचिव ने एसआईसी एवं प्राचार्य मेडिकल कालेज से अस्पताल में स्थित सुविधाओं, उपकरणों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्रमुख सचिव द्वारा डेंगू वार्ड में पहुॅकर भर्ती मरीजों से वार्ता की गयी तथा मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। तदुपरान्त जिला महिला अस्पताल में पहुॅचकर प्रसूती वार्ड केएमसी रूम तथा शिशु गहन चिकित्सा इकाई का निरीक्षण किया गया।

केएमसी के बारे में जानकारी करने पर बताया गया कि तकनीकी स्टाफ न होने के कारण संचालित नही है जिस प्रमुख सचिव ने कहा कि व्यवस्था कर उसे संचालित किया जाय। नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई में जाकर भर्ती नवजात शिशुओं को देखा तथा भर्ती के पश्चात रिलीव किये गये परिजनों से डाक्टरों के द्वारा प्रतिदिन वार्ता कर ली जाने वाली जानकारी रजिस्टर को भी देखा। रजिस्टर में बच्चों के भर्ती उनके वजन तथा रिलीविंग डेट पर बच्चों का वजन आदि के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुये निर्देशित किया कि जब तक बच्चा स्वास्थ्य न हो जाये तब तक उसे गहन निगरानी किया जाय। उन्होने कहा कि रिलीव करने के बाद भी एक माह तक प्रतिदिन बच्चों के परिजन से वार्ता उसके स्वास्थ्य के बारे में जानकार जाय। उन्होने कहा कि इस वार्ड में व्यवस्था सुधारने की आवश्यकता हैं। उन्होने बताया कि मेडिकल कालेज स्थापित होने के बाद यह जिला अस्पातल मेडिकल कालेज में शामिल होने के उपरानत उसमें क्या व्यवस्थाए चेंज करना है जिस चीज अतिरिक्त आवश्यकता हैं इसी को देखने के लिये वें स्वंय आये हैं। उन्होने कहा कि मेडिकल कालेज से सम्बद्ध 200 बेड का एक अस्पताल बनना है जो अभी तक चालू नही हो पाया है इसका कारण है कि महिला अस्पताल को मेडिकल कालेज में शिफ्ट करना हैं। उन्होने कहा कि जिस भवन में डेंगू वार्ड स्थापित किया गया हैं वह भवन कुछ तकनीकी जांच चलने के कारण अपूर्ण हैं। उन्होने कहा कि जिलाधिकारी से चर्चा की गयी है कि इस भवन को किस तरह से पूर्ण कराते हुये सम्मिलित किया जाय। उन्होने जल्द ही इस पर कार्यवाही पूर्ण कर ली जायेगी। उन्होने कहा कि डेंगू वार्ड में निरीक्षण के दौरान पाया गया इलाज ठीक चल रहा है। चिकित्सकों को यह भी निर्देशित किया गया कि मरीजों को किसी प्रकार असुविधा न होने पायें। तत्तपश्चात प्रमुख सचिव द्वारा मेडिकल कालेज के आडीटोरियम में बैठक कर मेडिकल कालेज के आगे के निर्माण एवं अन्य व्यवस्थाओं के बारे में चर्चा की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजेंन्द्र प्रसाद, प्राचार्य मेडिकल कालेज डॉ आरबी कमल, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहें।

### डेंगू के प्रकोप के बाद भी नहीं जागा स्वास्थ्य महकमा

**लालगंज।** विकासखंड क्षेत्र में मच्छर रोधी दवा का छिड़काव न किए जाने से मच्छरों का आतंक भारी पड़ रहा है। मच्छरों के आतंक से डेंगू जैसी भयानक बीमारी के चपेट में लोग आ रहे हैं। वही बाजार से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई ना होने की वजह से डेंगू का प्रभाव बढ़ता ही जा रहा हैं। ग्रामीणों द्वारा मच्छर रोधी दवा छिड़काव किए जाने को लेकर स्वास्थ्य विभाग में जानकारी देने के बावजूद भी स्वास्थ्य महकमा अनजान बना बैठा हुआ है। विकासखंड स्तर पर तैनात सफाई कर्मी प्रधानों के चौखट पर हाजिरी लगाकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर ले रहे हैं सरकार की मंशा थी कि सफाई कर्मी की नियुक्ति करके स्वच्छता अभियान को मजबूत किया जाएगा। बाजार से लेकर ग्रामीण अंचल में कहीं गंदगी नहीं होगी साफ सफाई की व्यवस्था मुकबल होगी किंतु सफाई कर्मी की लापरवाही के चलते ऐसा हो पाना संभव नहीं लग रहा है। वहीं सफाई कर्मियों पर अधिकारियों का भी अंकुश ना होने की वजह से सफाई कर्मी अपने को बेलगाम साबित कर रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा क्षेत्र में मच्छर रोधी छिड़काव कराने को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पर जानकारी देने के बावजूद भी स्वास्थ्य महकमा क्षेत्र में मच्छर रोधी दवा छिड़काव कराने की जरूरत नहीं समझ रहा है, जबकि सरकार स्वास्थ्य महकमा के अधिकारियों एवं प्रधानों को क्षेत्र में मच्छरों की दवा छिड़काव कराने के लिए निर्देश दिया गया है।

## संक्षेप

### मेले में उमड़ा लोगों का सैलाब



**चील्ह।** भोगांव गंगा घाट पर कार्तिक पूर्णिमा पर एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई तथा भगवान महादेव का दर्शन किया। तथा वहां पर लगे मेले में श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर खरीदारी भी किया। बताया जाता है कि विकासखंड कोन क्षेत्र के उत्तरवाहिनी भोगांव गंगा घाट पर कार्तिक पूर्णिमा पर मंगलवार की सुबह से ही गंगा में स्नान करने का ताता लगा रहा। श्रद्धालु गंगा स्नान करने के पश्चात भगवान महादेव का दर्शन किया। बताया जाता है कि गंगा घाट भोगांव पर भगवान महादेव का निज निवास माना जाता है। जनपद के अलावा भदोही, जौनपुर, वाराणसी, प्रयागराज आदि दूर-दूर से श्रद्धालु लाखों की संख्या में स्नान करने आते हैं। पुरानी काशी भोगांव के महंत ओम नारायण ने बताया की वाराणसी में विश्वनाथ बाबा, उत्तराखंड में उत्तरकाशी, केदारनाथ को गुप्तकाशी तथा भोगांव गंगा घाट को पुरानी काशी कहा जाता है। गंगा घाट भोगांव पर स्नान करने के पश्चात वहां पर लगे 4 किलोमीटर के अंदर भारी संख्या में दुकाने लगाई गई थीं जिसमें गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं ने अपने गृहस्थी का भी सामान खरीदारी किया। मेले में युवक युवतियां चाट और फुल्की की आनंद उठाया। वहीं बच्चों ने भी झूले का आनंद उठाया। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के तहत थाना प्रभारी अजीत कुमार श्रीवास्तव एवं पुलिस चौकी प्रभारी टेढ़वा चंद्रकांत त्रिपाठी के साथ साथ भारी संख्या में पुलिस बल तैनात थी।

### नहर का तटबंध टूटने से सिंचाई की समस्या



**हलिया।** विकासखंड के सुखड़ा नहर से संचालित गलरा माईनर द्वितीय का तटबंध टूट गया है जिससे किसानों को सिंचाई के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नहर का तटबंध टूटने के एक पखवारे बाद भी सिंचाई विभाग इसके मरम्मत के प्रति उदासीन बना हुआ है। सुखड़ा नहर से संचालित एक किलोमीटर आठ सौ मीटर लंबी गलरा माईनर द्वितीय नहर का सुखड़ा नहर से पचास मीटर आगे का तटबंध करीब छह मीटर लंबा टूट गया जिससे नहर का पानी आगे की तरफ नही जाकर टूटे तटबंध की तरफ बहने लगता है। तटबंध की मरम्मत नही होने से किसानों की सिंचाई के लिए टेल तक पानी नही पहुंच पा रहा है। गलरा गांव निवासी किसान शिव प्रसाद तिवारी, ब्रह्मानंद मिश्र, राधारमण तिवारी, कलातीत मिश्र, नान्हक वर्मा, सिकंदर, प्रेम आदि ने बताया कि धान की फसल कटने के बाद गेहूं की बुवाई के लिए तटबंध टूटने के चलते खेतों की सिंचाई नही हो पाएगी। तटबंध के मरम्मत के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों से कई बार गुहार लगाई गई लेकिन टूटे तटबंध के मरम्मत पर ध्यान नही दिया जा रहा है। किसानों ने नहर के टूटे तटबंध के मरम्मत के लिए जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट करवाया है।

### चिकित्सा के दौरान घायल युवक की मौत

**अदलहाट।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम हिनौती माफी निवासी एक युवक 2 दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था जिसकी मौत मंगलवार को चिकित्सा के दौरान ट्रामा सेंटर वाराणसी में हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक रविवार को देर रात लगभग 9:30 बजे जिवनाथपुर जनपद चंदौली से काम कर मोटरसाइकिल द्वारा वापस घर आ रहा था। बाइक उसका 25 वर्षीय साथी सोनू पुत्र बाबूलाल चला रहा था और वह पीछे बैठा था बाइक वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर रस्तोगी तालाब के पास हिनौती माफी की सड़क पर जाने के लिए मूड़ी ही थी कि वाराणसी की ओर से सोनभद्र की ओर जा रही चार पहिया वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया था। जिससे पीछे बैठा बंगाली 30 वर्ष पुत्र मल्लू निवासी हिनौती माफी थाना अदलहाट गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के बाद पुलिस व परिजन उसे ट्रामा सेंटर वाराणसी ले गए थे। जहां चिकित्सा के दौरान मंगलवार को अहले सुबह उसकी मौत हो गई। एंबुलेंस द्वारा उसकी लाश घर पहुंचाने पर परिवार का रो रो कर बुरा हाल था।

### गंगा में डूबने से भदोही के युवक की मौत

**चील्ह।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भोगांव गंगा घाट पर मंगलवार की दोपहर युवक की गंगा नदी में डूबने से मौत हो गई। मेला ड्यूटी में लगी एनडीआरएफ टीम ने शव को बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार किसन जायसवाल 26 वर्ष पुत्र बाम्बे सेठ निवासी महराजगंज भदोही सुबह घर से भोगाव गाँव में कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर लगने वाला मेला देखने के लिए अपने दो दोस्तों के साथ निकला था। एक बजे दोपहर गंगा में स्नान करने वाले लोग युवक के गंगा नदी में डूबने की बात कह कर शोर मचाने लगे। गाँव के चौकीदार ने चील्ह पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची चील्ह पुलिस व एनडीआरएफ टीम ने तीन घंटे की मशक्कत के बाद शव को गंगा नदी से बाहर निकाला। मृतक कत्थई कलर का टीशर्ट व हाफ पेन्ट पहना था। लोगों में चर्चा है कि पूरा कपड़ा पहन कर कोई स्नान नहीं करता है। युवक के साथ कोई अनहोनी हुआ है। डूबने के बाद साथ में आए दोनों लोग लापता है। मामला संदिग्ध लग रहा है। युवक के पिता महराजगंज के नामी सरार्फा ब्यवसायी है। चील्ह पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### सरकारी कार्य में बाधा डालने पर तीन के खिलाफ एफआईआर

**मीरजापुर।** विंध्याचल थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्रबंधक निदेशक उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के आदेशानुसार नेवर पैड उपभोक्ताओं के बिल जमा करने व विद्युत विच्छेदन के संबंध में सघन चेकिंग अभियान उपकेंद्र परसिया के अवर अभियंता पृथ्वी पाल के द्वारा दुबरा पहाड़ी के हर्रई मौजा में चलाया गया। जिसके तहत 24 उपभोक्ताओं के रुपए 728897 बकाए पर विद्युत विच्छेदन किया जा रहा था लेकिन मौके पर अशोक गुप्ता पुत्र फक्कड़ी गुप्ता, सुनील पुत्र भगौती व राजनाथ पुत्र झल्लू ने आकर अपशब्दों का प्रयोग करते हुए धमकी दी जिससे उपस्थित कर्मचारी शहमें हुए हैं। उक्त के संबंध मे थाना विंध्याचल में एफ आई आर दर्ज कराया गया। चेकिंग के दौरान अवर अभियंता के साथ निविदा कर्मी निशांत श्रीवास्तव, गुड्डू मौर्य, गोविंद लाल व कृपाशंकर यादव आदि मौजूद थे।

### सर्पदंश से हुई युवक की मौत

**मीरजापुर।** पड़री थाना क्षेत्र के अकसौली गांव निवासी 34 वर्षीय युवक की सर्पदंश से मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी अनुसार पड़री थाना क्षेत्र के अकसौली गांव निवासी दशरथ सरोज पुत्र गुलाब प्रसाद उम्र लगभग 36 वर्ष की गांव के पास खेत में सिंचाई करने गये थे। इसी दौरान जहरीले सांप ने दंश लिया। हालत बिगड़ने पर आनन फानन में परिजनों नें एम्बुलेंस की मदद से मण्डलीय अस्पताल में पहुँचाया। जहाँ इलाज के दौरान चिकित्सकों मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनतें ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुँची थाना पड़री पुलिस नें शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही में जुट गयी है।

### मोटरसाइकिल सवार ने मारी टक्कर, बालक घायल

**हलिया।** थाना क्षेत्र के हथेडा.गांव स्थित सोनगढ़ा हलिया मार्ग पर सड़क से गुजर रहे सात वर्षीय बालक को एक मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार दिया जिससे बालक चोटिल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हथेड़ा गांव निवासी अमरेश का 7 वर्षीय पुत्र रितेश उर्फ उत्तम पड़ोसी के यहां से तुलसी पूजा का प्रसाद लेकर जा रहा था कि सोनगढ़ा हलिया मार्ग पर स्थित घर आ रहा था जैसे ही घर के समीप पहुंचा की सामने से आ रहे एक मोटरसाइकिल सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया।

### पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

**हलिया।** क्षेत्र के सिकटा गांव से मंगलवार की सुबह पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। एसएसआई सुभाष चंद्र यादव हमराह कांस्टेबल के साथ गस्त कर रहे थे कि मुखबिर की सूचना पर न्यायालय से वांरट जारी होने पर सिकटा गांव निवासी साधु उर्फ विजयशंकर को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। एसएसआई ने बताया कि किसी मामले में न्यायालय से वारंट जारी होने पर वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है।

### दीपदान से जगमगाया कचहरी घाट

**मीरजापुर।** कार्तिक पूर्णिमा देव दीपावली के अवसर पर कचहरी घाट पर विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी हजारों दीपों व लाइट झालरों के सजावट के साथ 'देव दीपावली' मनाई जा रही है, जिसमें आस्थावान बढ़ चढ़ के हिस्सा ले रहे हैं। अध्यक्ष गंगा सेवा समिति कचहरी घाट, शिव प्रसाद ने बताया की विगत 15 वर्षो से मां गंगा व देवताओं को समर्पित यह दीपदान किया जाता रहा है और आगे भी जन समुदाय के सहयोग से जारी रहेगा। महामंत्री गणेश दत्त, उपाध्यक्ष संतोष सेठ, बिहारी लाल, व्यवस्थापक पवन तिवारी, संयोजक सूर्यदेव गुप्ता एवं समिति के सदस्यों के देखरेख में सजावट व तैयारियां हो रही है। मंगलवार शाम 6 बजे आरती के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया यह कार्यक्रम सभी आम जन के सहयोग से कराया जाता है।

# देव दीपावली पर दीयों की रोशनी में नहाए नदी व सरोवर

त्योहार

## ओबरा में हुई रेणुका नदी की हुई महाआरती, गायक कलाकारों ने बांधा समा

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र/ओबरा।** जिले में देव दीपावली के अवसर पर सोमवार की शाम नदी व सरोवर घाट दियों की दुधिया रोशनी से जगमग रहे। इस दौरान नदियों की आरती की गई। यह नजारा देख लग रहा था कि मानों तारे जमीन पर उतर आए हों। रावट्र्सगंज नगर के रामसरोव व अकड़वहा पोखरे पर हजारों दीप जलाए गए।

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में सोमवार की देर शाम देव दीपावली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। उधर ओबरा में सेक्टर 8 के खेल मैदान में, रेणुका छठ घाट, बिल्ली पोखरा, गीता मंदिर, श्री राम मंदिर आदि स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। वाराणसी से आए ब्राम्हणों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गंगा आरती की तर्ज पर दिव्य महा आरती की। इसके पहले रेणुका छठ घाट एवं सेक्टर आठ खेल मैदान में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नगर के कई स्कूलों के छात्र छात्राएं विभिन्न पूजन स्थल पर रंग बिरंगे रंगो से रंगोली सजाकर हिंदू सिक्ख ईसाई भाई चारा, निमार्णाधीन राम मंदिर, मतदाता जागरूकता, नारी सशक्ति करण का संदेश दिया। रेणुका छठ घाट पर 51 हजार तथा सेक्टर आठ मैदान में 11 हजार दीप प्रज्वलित कर अलौकिक छठा बिखेरने में श्रद्धालु जुटे रहे।

सेक्टर आठ मैदान में टी सीरीज की चर्चित गायिका मोहिनी द्विवेदी व गायक पुनीत पागल बाबा के भजन गीत के साथ ही प्रयागराज से आए कलाकारों द्वारा भव्य झांकी निकाली गई। रेणुका घाट पर भोजपुरी सुप्रसिद्ध गायिका कीर्तिराज व विजय चौहान द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति भजनों को सुनाया गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री संजय सिंह गौड़, सदर विधायक भूपेश चौबे, दिलीप कृष्ण भारद्वाज, जय प्रकाश चतुर्वेदी, धर्मवीर तिवारी, प्रानमति देवी, सौरभ श्रीवास्तव, देवेंद्र भाई पटेल, शंकर प्रसाद, मिथिलेश मिश्रा, रमेश सिंह, विपुल शुक्ला, संदीप सिंह, संकट मोचन झा, नीरज भाटिया, समीर माली, अरविंद सोनी आदि लोग मौजूद रहे।



रेणुका नदी की आरती करते वैदिक ब्राम्हण

## रंगोली, श्लोक प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया हुनर

**सोनभद्र।** देव दीपावली के अवसर पर माय छोटा स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने राम सरोवर तालाब पर अपने अभिभावकों के साथ रंगोली एवं संस्कृत श्लोक की प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक भूपेश चौबे ने किया। छोटे-छोटे बच्चों ने अपने अभिभावकों के साथ सर्वप्रथम रंगोली बनाई। तत्पश्चात छोटे बच्चों ने संस्कृत के श्लोक जिसमें महामृत्युंजय मंत्र, गायत्री मंत्र अन्नपूर्णा स्तोत्र, महिषासुर मर्दिनी स्तोत्र एवं शांति पाठ किया, जो बच्चों के मुख से मनमोहक था और आकर्षण का केंद्र बना। सदर विधायक ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास संस्कृत और विज्ञान के साथ ही हो सकता है। प्रिंसिपल रागिनी ने कहा कि हमारी संस्कृति ही विज्ञान की जननी है और बच्चों को अपने संस्कृति से जोड़ने के लिए इस तरह के कार्यक्रमों में उत्साह के साथ अभिभावकों को भी प्रतिभाग करना चाहिए। समापन पर सदर विधायक ने बच्चों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में आरवी, अंश सिंह, पार्थ जैन, अथर्व सिंह, यतीश केसरी, रेहान सिंह, हर्षित, सानवी त्रिपाठी, आयुष त्रिपाठी, विराट सोनी, शगुन, समृद्धि उपाध्याय, कामिनी चौबे आदि मौजूद रहे।



राम सरोवर तालाब पर बच्चों द्वारा बनायी गयी रंगोली

## देव दीपावली पर रोशन हुआ अजीरेश्वर धाम



दीपों की रोशनी से जगमग हुआ मंदिर परिसर

**बीजपुर।** क्षेत्र के शिवमंदिर, दुधहिया मंदिर, बेड़ियां हनुमान मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों के अलावा जरहां स्थित अजीरेश्वर धाम परिसर में सोमवार की शाम देव दीपावली का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। सर्व प्रथम देवालयों में दीप प्रज्वलित किया गया, उसके पश्चात भगवान को प्रसाद चढ़ा कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस अवसर पर मन्दिर प्रांगण और अजीर नदी के तट पर 3100 दीपों को प्रज्वलित किया गया। दीयों की रोशनी से मंदिर प्रांगण जगमग हो उठा। अजीरेश्वर धाम परमार्थ जन सेवा ट्रस्ट के संस्थापक राजेंद्र सिंह बघेल ने दीप प्रज्वलित कर राधा कृष्ण की आरती उतारी। इस अवसर पर गौरव सिंह बघेल, आरके सिंह, बीएन चौरसिया, त्रिभुवन नारायण सिंह, सुशीला देवी, गणेश शर्मा, विनोद भारती, अतुल शर्मा, प्रदीप कुमार सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# 21 हजार दीपों से जगमगाया सोनेश्वर घाट

**चोपन।** स्थानीय सोन नदी के पावन तट पर सोनेश्वर घाट, शीतला घाट, छठ घाट, बजरंग घाट पर 21 हजार दीप प्रज्वलित किया गया, जिसे देखकर दर्शक भावविभोर हो गए। मानो ऐसा प्रतीत हो रहा था कि आसमान से लाखों तारे जमीन पर उतर आए हों। आयोजक मंडल द्वारा तरह-तरह की आतिशबाजी भी करायी गयी। मुख्य अतिथि समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव गोड़ द्वारा सोन आरती व दीप प्रज्वलित किया गया। सोन आरती काशी से आये सुप्रसिद्ध बटुक कलाकारों द्वारा करायी गयी। सोन आरती समाप्त होने के उपरांत सोनेश्वर महादेव मंदिर के समीप बालिकाओं द्वारा तरह तरह की सुंदर रंगोली सजायी गयी थी।

निर्गुण सम्राट मदन राय व सहयोगी कलाकारों द्वारा देर रात तक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी, जिन्हें सुनने के लिए काफी संख्या में श्रोता जमे रहे। कौने खोतवा में लुकइलू आहि रे बलम चिरई, भवंरवा के तोहरा संग जाई जैसे निर्गुण की प्रस्तुति से लोग झूमने लगे। बनारस से आई लोक गायिका छाया निधि द्वारा बम बम बोल रहा है काशी पर लोग नृत्य करने लगे। पूरा पंडाल हर हर महादेव के नारे से गुंजायमान हो गया। रानो चौबे द्वारा क्लासिकल नृत्य पेश किया गया। कार्यक्रम की सफलता के लिए सोन सेवा समिति के अध्यक्ष संजीव तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त किया।



सोनेश्वर तट पर दीप जलाते जनप्रतिनिधि

## 5100 दीपों से जगमगा उठा जय बजरंग सरोवर



बच्चों द्वारा दीपों से बनायी गयी आकर्षक रंगोली

**म्योरपुर।** स्थानीय म्योरपुर स्थित छठ घाट व जय बजरंग सरोवर पर देव दीपावली के अवसर पर जय बजरंग सेवा समिति द्वारा 5100 द्वीप प्रज्वल्लित किया गया। हजारों दीपो से जय बजरंग सरोवर जगमगा उठा। म्योरपुर में लोगों ने काफी उत्साह के साथ देव दीपावली मनायी। इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के कई बालिकाओं ने भाग लिया और सुंदर सुंदर रंगोली बनाकर छठ घाट को सजाया। ग्राम प्रधान म्योरपुर संगीता जायसवाल व जय बजरंग सेवा समिति के अध्यक्ष गणेश जायसवाल द्वारा रंगोली बनाने वाली बालिकाओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साह बढ़ाया। सोमवार को जय बजरंग सरोवर हजारों दीपों संग जगमगा उठा। इस मौके पर पन्नालाल जायसवाल, दीपेंद्र सिंह, गणेश जायसवाल, अमरकेश सिंह, अमित रावत, होरीलाल पासवान, प्रवीण कुमार, सुजीत सिंह, अंकित कुमार, अमित जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### पत्रकार पुत्र ने जेआरएफ किया क्वालिफाई, हर्ष



विपिन यादव

**शक्तिनगर।** परिक्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र यादव के पुत्र विपिन यादव ने यूजीसी द्वारा संचालित जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ)को उत्तीर्ण कर क्षेत्र का मान बढ़ाया। बताते चले कि शुरू से ही मेधावी छात्र रहे विपिन ने गत वर्ष महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ से सोशल वर्क में मास्टर की डिग्री हासिल की थी और संकाय में टॉप करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया था। जेआरएफ उत्तीर्ण करने के बाद अब यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन उन्हें हर माह छात्रवृत्ति प्रदान करेगा, ताकि वह अपना रिसर्च पूर्ण कर सके। पत्रकार पुत्र की इस सफलता पर वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश भटनागर, अशोक तिवारी, आरपी सिंह, चन्द्रमौलि मिश्रा आदि ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### नेत्र शिविर में 207 मरीजों के आंख की हुई जांच

**डाला।** अल्ट्राटेक सीमेंट वर्क्स के सीएसआर के तहत अल्ट्राटेक के ईकाई प्रमुख राहुल सहगल एवं एडमिन हेड ऋषि राज सिंह शेखावत के नेतृत्व में सोमवार को परासपानी पंचायत भवन पर आखों की जांच हेतु शिविर का आयोजन किया गया। शेखावत ने बताया कि परोपकारी राजश्री बिड़ला सामुदायिक पहल और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक मिसाल है। वह आदित्य बिड़ला सेंटर फॉर कम्युनिटी इनिशिएटिव एंड रूरल डेवलपमेंट की अगुवाई करती हैं, जहां जरुरतमंदो व आर्थिक रुप से कमजोर लोगों का ध्यान रखना कम्पनी का उद्देश्य है। सीएसआर टीम गावों में जाकर हर मूल भौतिक समस्याओं को दूर करती है। नेत्र सर्जन डा. नफीर्सुरहमान ने बताया कि शविरों में 207 मरीजों की जांच के उपरांत 67 मोतियाबिन्द के मरीज मिले, जिनका एक नियत तिथि पर जल्द ही आपरेशन किया जाएगा। इस मौके पर रामनिरंजन सिंह, दिनेश यादव, अल्ट्राटेक अस्पताल के पैरामेडिकल स्टाफ समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### सीआईएसएफ जवानों ने युवक को पीटा, तानी बन्दूक

**बीजपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के स्वागत गेट से एक युवक के साथ एक सीआईएसएफ जवान का शुरू हुआ विवाद मारपीट तक पहुंच गया। बताया गया कि दोनों नशे में थे, पहले गेट पर मारपीट हुई, बाद में जवान अपने कंट्रोल रूम फोन कर क्यूआरटी के जवानों को बुला लिया और विवाद कर भागे युवक को डोड़हर मोड़ पर पकड़ रात में उसकी पिटाई कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो एक जवान रायफल ताने युवक पर खड़ा था, बाकी जवान उसे पीटते रहे। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को समझाकर भीड़ को भगाया। सीआईएसएफ जवानों के इस प्रकार के तांडव देख लोगों में आक्रोश है। जवानों ने नियम विरुद्ध परियोजना परिसर से बाहर आकर मारपीट किया, जो निंदनीय है। लोगों ने कमांडेंट शक्तिनगर को जानकारी देकर कार्रवाई और आमजन के सुरक्षा की मांग की है। मारपीट से सम्बंधित एक वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है।

### फांसी लगा विवाहिता ने समाप्त की जीवनलीला

**सोनभद्र।** सदर कोतवाली क्षेत्र के तेंदू गांव में सोमवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला ने घर में रस्सी फंदा लगा कर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर पीएम को जिला अस्पताल भेज दिया। बताया गया कि तेंदू गांव निवासी 34 वर्षीय हीरावती पत्नी सुरेंद्र सोमवार देर रात बच्चों को सुलाने के बाद रस्सी के सहारे बड़ेर से फंदा लगा कर आत्महत्या कर लिया। कुछ देर बाद बच्चों की नींद खुली तो मां को रस्सी से लटका देख कर शोर गुल मचाना शुरू कर दिए। बच्चों की आवाज सुन कर परिवार के अन्य सदस्य कमरे में पहुंचे। वहां हीरावती को फंदे से लटका देख हैरान रह गए। सूचना पाते ही मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी हिंदुआरी ने मामले की जांच कर परिवार के सदस्यों से पूछताछ के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया। हीरावती ने यह कदम क्यों उठाया, यह अभी पता नहीं चल सका। उसका पति जम्मू - कश्मीर में ट्रक चलाता है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। पीएम रिपोर्ट अनुसार मामले की जांच पड़ताल कर कार्यवाही की जाएगी।

### पूर्व प्रधान ने की वोटर लिस्ट में धांधली की शिकायत

**रेणुकूट।** नगर पंचायत चुनाव के लिए तैयार हो रही वोटर लिस्ट में धांधली की शिकायत लगातार बढ़ती ही जा रही है। मंगलवार को खाड़पाथर गांव के पूर्व ग्राम प्रधान गुड्डू यादव ने भी अपना व अपने पूरे परिवार का नाम कटने की शिकायत उच्च अधिकारियों से की। पूर्व प्रधान का कहना है कि उनका और उनके पूरे परिवार का नाम कई वर्षों से वोटर लिस्ट में था परंतु इस बार नई सूची में विपक्षियों की साजिश के तहत नाम काट दिया गया है, उन्होंने कहा कि उनका व परिजनों का नाम काटने की जांच होनी चाहिए, ताकि इस साजिश के पीछे शामिल लोगों का नाम सामने आ सके। कहा कि वह नगर पंचायत चुनाव के भावी प्रत्याशी हैं और इसे देखते हुए कुछ लोगों द्वारा उनका नाम काट दिया गया है। मामले की पूरी जांच कर उनका और परिजनों का नाम वोटर लिस्ट में शामिल होना चाहिए।

### 32 वाहन सीज, 38 का चालान

**सोनभद्र।** शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में ओवर लोडिंग व अवैध परिवहन रोकने हेतु अभियान चलाकर अवैध परिवहन और ओवर लोडिंग करने वाले 32 वाहन को सीज कर, 38 वाहनों का किया गया आनलाईन चालान किया गया। अपर जिलाधिकारी सहदेव मिश्रा के नेतृत्व में अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान परिवहन, पुलिस व खनन विभाग के साथ संयुक्त अभियान लोढ़ी से डाला तक आने वाले उपखनिज के अवैध परिवहन के सम्बंध मे सघन जाँच किया गया। बीते तीन दिनों के दौरान 32 वाहन को सीज किया गया तथा 38 वाहनों का ऑनलाइन चालान की कार्यवाही की गयी। संयुक्त टीम में ज्येष्ठ खान अधिकारी आशीष कुमार, एआरटीओ धनवीर यादव, खान निरीक्षक ईश्वर चन्द्र, अनुज कुमार, थाना अध्यक्ष चोपन आदि सम्मिलित रहे।

### अधिवक्ताओं का आंदोलन आठवें दिन भी जारी

**ओबरा।** सोनांचल बार एसोसिएशन के अगुआई में ओबरा विधान सभा क्षेत्र में ओबरा तहसील भवन स्थायी निर्माण को लेकर 8 वें दिन भी धरना जारी रहा। मंगलवार को वरिष्ठ अधिवक्ता जे पी शुक्ला, सुरेश सिंह, दिनेश दुबे को माला पहनाकर धरने पर बैठाया गया। इस दौरान ओबरा विधायक व राज्यमंत्री समाज कल्याण की कार्यप्रणाली पर आक्रोश व्यक्त किया गया। सोनांचल बार एसोसिएशन के महामंत्री एड.अनिल मिश्रा व एड. पुष्पराज पांडे ने संयुक्त रूप से कहा कि ओबरा विधानसभा में तहसील बनाए जाने तक अधिवक्ताओं का आंदोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर रमेश मिश्रा, रमाशंकर यादव, कपूर चंद पाण्डे, अर्जुन शर्मा, एस के जैन, अनिल चौधरी, संजय कुमार, एस के चौबे, उमेश चंद्र शुक्ला, हरिओम सेठ, गजेंद्र यादव, कौशल पांडेय, वीरेंद्र पांडेय, मो सलीम कुरैसी, रामपाल सिंह, बुद्धि नाथ जायसवाल, विजय शंकर यादव, भोला कन्नौजिया, मणि शंकर पाठक, नूर अहमद सहित अन्य ने आंदोलन का समर्थन करते हुए अपने विचार रखे।

# ब्लॉक प्रमुख ने किया छठ घाट का शिलान्यास



छठ घाट का शिलान्यास करते ब्लॉक प्रमुख

जनसंदेश न्यूज

**म्योरपुर।** स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम पंचायत पिंडारी में ब्लाक प्रमुख मान सिंह गोड़ ने मंगलवार को छठ घाट का शिलान्यास किया।

श्री गोड़ ने कहा कि छठ पूजा में करने वाली महिलाओं को काफी दिक्कत होती थी, जिसका प्रस्ताव प्रधान ने लिखित रूप से दिया था। कहा कि अपने कोटे से मैं यहां छठ घाट का शिलान्यास कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि छठ घाट बन जाने से छठ पूजा करने वाली माताओं, बहनों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। घाट बन जाने की वजह से पूजा स्थल उन्हें साफ सुथरा एवं स्वच्छ मिलेगा। इस मौके पर प्रधान राम सजीवन, सुधीर कुमार आदि मौजूद रहे।

## बीमा निगम कर्मियों ने की समस्याओं पर चर्चा

**रेणुकूट।** भारतीय जीवन बीमा निगम के विकास अधिकारियों के संगठन नेशनल फेडरेशन आफ इंश्योरेंस फील्ड वर्कर्स आफ इंडिया की स्थानीय शाखा की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें फील्ड वर्कर्स की समस्याओं पर विचार करते हुए उसके निदान के लिए जोरदार प्रयास करने की बात कही गई। आर पी राय ने कहा कि निगम के प्रबंधन को फील्ड वर्कर्स की समस्याओं पर गंभीरता के साथ ध्यान देना होगा, क्योंकि फील्ड वर्कर्स के कारण ही आज निगम की योजनाएं गांव-गांव तक पहुंच रही हैं। निगम का व्यवसाय भी नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है, इसके पीछे फील्ड वर्कर्स की कड़ी मेहनत छिपी हुई है, परंतु फील्ड वर्कर्स की समस्याओं को निगम का शीर्ष प्रबंधन नजरअंदाज कर रहा है। कहा कि यदि हमारी मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार नहीं किया गया तो उसके लिए संघर्ष किया जाएगा। बैठक में रतन प्रकाश राय को शाखा सचिव और एबी पासवान को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। वहीं शाखा प्रबंधक के साथ बीमाधारक एवं अभिकताओं की समस्याओं पर चर्चा कर समस्याओं के निदान पर चर्चा की। बैठक में अजय कुमार, सुनील दुबे, विकास सिंह, राजीव राय मौजूद रहे।

# पिकअप के धक्के से बाइक सवार की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**सोनभद्र।** सदर कोतवाली क्षेत्र के नई बाजार के समीप सोमवार की रात पिकअप की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बताया गया कि पन्नूगंज थाना क्षेत्र के खुज्झा निवासी 41 वर्षीय गोपाल कृष्ण ओझा पुत्र गुलाब राम ओझा राबर्ट्सगंज नगर के उरमौरा स्थित एक राजकीय गोदाम में संविदा पर कार्यरत थे। प्रतिदिन वह घर से गोदाम पर बाइक से आते थे।

सोमवार की रात वह बाइक से अपने घर जा रहे थे कि इसी दौरान नई बाजार के समीप सामने से आ रही पिकअप ने टक्कर मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ लग गयी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मंगलवार को पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

## रोलर-ट्रैक्टर की भिड़ंत में दो जख्मी

**बीजपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के धरतीडांड़ में मंगलवार की सायं सड़क मरम्मत के दौरान रोलर-ट्रैक्टर भिड़ंत में दोनों चालक गम्भीर रूप घायल हो गए, जबकि दोनों वाहन छतिग्रस्त हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को इलाज के लिए म्योरपुर सीएचसी भेजवा दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक ठेकेदार के द्वारा सड़क मरम्मत का कार्य कराया जा रहा था कि पीछे से रोलर ने गिट्टी लदे ट्रैक्टर में टक्कर मार दी, जिससे ट्रैक्टर पलट गया। इस हादसे में चालक पिंटू पुत्र रामधनी व प्रदीप पुत्र सोमारू निवासीगण आसनडीह, बभनी घायल हो गए। दुर्घटना के पश्चात आस पास के लोग मौके पर जुट गए और इसकी सूचना पुलिस को दी। लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए भेजवाया गया।

## बाउली में डूबने से महिला की मौत

**म्योरपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खैराही में मंगलवार को बाउली में डूबने से एक महिला की मौत ही गयी। बताया गया कि मोहर मनिया 45 पत्नी राम धनी गोड़ घर से 50 मीटर की दूरी पर कपड़ा धोने गयी थी, इसी दौरान पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चली गयी। कुछ समय बीतने के बाद जब वह वापस घर नहीं आई तो बच्चों ने कपड़ा व चप्पल देख कर शोर मचाया। परिजन जब मौके पर पहुंचकर देखा तो महिला पानी में थी। तत्काल महिला को पानी से बाहर निकाला गया, तब तक काफी देर हो चुकी थी और महिला ने दम तोड़ दिया था। प्रधान की सूचना पर पहुंचे एसआई सुजीत ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा भर अंत्यपरीक्षण के लिये दुद्धी भेज दिया।

# एनटीपीसी कालोनी क्वार्टर में चोरों का तांडव, लाखों पर फेरा हाथ

बेखौफ

## पुलिस ने मौका मुआयना कर दिया कार्रवाई का आश्वासन

जनसंदेश न्यूज

**बीजपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एनटीपीसी कॉलोनी के सी टाइप आठ एनएच वन में सोमवार की रात मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों पर हाथ साफ कर दिया। इससे रिहायसी परिसर में हड़कम्प मच गया। माहभर में कॉलोनी परिसर में चोरी की दूसरी घटना से लोगों में भय ब्याप्त हो गया है। पीड़ित की सूचना पर हरकत में आई पुलिस मौका मुआयना कर जांच पड़ताल में जुट गई।

बताया गया कि हिमांशु श्रीवास्तव एन टी पी सी एन एच वन सी टाइप आठ में रहते हैं। सोमवार की सायं सोन शक्ति स्टेडियम में स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में परिवार सहित शामिल होने गये थे। जब रात घर वापस आए तो मुख्य दरवाजा टूटा हुआ था, अंदर जाकर देखा तो आलमारी से गहने, आभूषण, लैपटाप व अन्य सामान चोरी हो गए थे। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसपर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक सिंह ने मौका मुआयना करते हुए कहा कि प्रबन्धन ने कॉलोनी की रखवाली को दर्जनों सुरक्षा गार्ड लगाए गए हैं, जिनकी रखवाली इनके द्वारा करवाई जा रही है, बावजूद कॉलोनी की चोरी रुकने का नाम नही ले रही है। अब इनके विरुद्ध कड़े कदम उठाने होंगे। सुरक्षा के नाम पर लाखों रुपए प्रबन्धन बेवजह खर्च कर रही है। वहीं पीड़ित हिमांशु श्रीवास्तव ने बताया कि जब वापस आकर देखा तो सारे सामान बिखरे पड़े थे। पुलिस आश्वासन देकर चली गई। मंगलवार को सुबह पहुंचे प्रभारी निरीक्षक ने जांच पड़ताल कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## चोरी का सामान बरामद, चार गिरफ्तार

**शक्तिनगर।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में चोरी पर प्रभावी रोकथाम लगाने तथा चोरी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण व उसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को पुलिस ने चोरी मामले में अभियुक्त शेषमणि गुप्ता पुत्र रामबरन गुप्ता, निवासी उसरी पाण्डेय, लालगंज, मिर्जापुर, प्रिन्स कुमार उर्फ मोदी पुत्र राम सागर, निवासी ग्राम बचनार, मोरवा, सिंगरौली, हाल पता बलियानाला, चिल्काटांड़ बस्ती, शक्तिनगर, विकेश विश्वकर्मा पुत्र स्व. हरी प्रसाद विश्वकर्मा, निवासी अम्बेडकरनगर, शक्तिनगर व राहुल गुप्ता पुत्र मनोज गुप्ता, निवासी काली मन्दिर बस स्टैण्ड, शक्तिनगर को चार खाली सिलेण्डर, एक टुल्लू पम्प व नगदी 1800 बरामद करते हुए वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी।

## राज्य मंत्री ने अधिकारियों संग बैठक कर आयोजन पर की चर्चा

**सोनभद्र।** राज्य मंत्री संजीव गौड़ की अध्यक्षता में मंगलवार को सर्किट हाउस में जनजाति गौरव दिवस के सफल आयोजन के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों के बारे में चर्चा किया। राज्य मंत्री ने कहा कि जनजाति गौरव दिवस जनपद में पूरी भव्यता और दिव्यता के साथ मनाया जाये इसके लिए सभी आवश्यक तैयारिया समय से पूर्ण कर लिया जाय। उन्होने कहा कि जनजाति गौरव दिवस 15 नवम्बर को सेवा समर्पण संस्थान चपकी में राज्यपाल महोदय और मुख्यमंत्री का आगमन प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि इस दौरान सांस्कृतिक विभाग द्वारा सांस्कृति कार्यक्रमों के प्रस्तुति के साथ ही साथ विभिन्न विभागों द्वरा केन्द्र एंव प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से सम्बन्धित प्रदर्शनी भी लगायी जाये। जिससें की कार्यक्रम में आने वाले लोगों को सरकार की योजनाओं के सम्बन्ध में भी जनकारी मिल सके। उन्होने कहा कि जनजाति गौरव दिवस पर वनाधिकार अधिनियम के तहत पात्र व्यक्तियों को पट्टा का वितरण भी किया जायेगा। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया जायेगा।

# ड्रैगन फ्रूट की खेती से किसानों की बढ़ेगी आय: जिलाधिकारी



ड्रैगन फ्रूट का पौधा लगाते डीएम

**सोनभद्र।** राजकीय प्रक्षेत्र भिलाई में जिलाधिकारी ने मंगलवार को ड्रैगन फ्रूट की खेती का किया उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने ड्रैगन फ्रूट का पौधा लगाया। जिलाधिकारी ने उपस्थित किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ड्रैगन फुट की खेती के माध्यम से आप अपने आय मे वृद्धि कर सकते हैं। ड्रैगन फ्रूट खाने से अनेक प्रकार की बिमारियों से बचा जा सकता है जैसें डेंगू, वायरल फिबर में इसके फल का इस्तेमाल करने से इम्यूनिटी में काफी वृद्धि होती है। जनपद के कुपोषित एंव अति कुपोषित बच्चों के प्रति परिवारों को 20-20 पौधें निःशूल्क उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया। ड्रैगन फ्रूट के फल खाने से बच्चों को कुपोषण से मुक्ति मिलेगी इसके साथ ही उनके परिवार के आय में भी वृद्धि होगी। जिलाधिकारी ने उपस्थित कृषकों को टमाटर के बीज का भी वितरण किया। इस मौके पर सीडीओ सौरभ गंगवार, पीडी आरएस मौर्य, उप निदेशक कृषि डी.के गुप्ता, उप निदेशक उद्यान एंव जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

# शहाबगंज में दीपों से जगमग हो उठा कर्मनाशा नदी तट

जनसंदेश न्यूज

शहाबगंज। कार्तिक पूर्णिमा पर कर्मनाशा नदी के घाट पर सोमवार की शाम न्यू स्मार्ट ब्वायज स्पोर्टिंग क्लब की ओर से देव दीपावली महोत्सव का आयोजन कर पूजन-अर्चन किया गया। कर्मनाशा नदी के घाट पर आरती के साथ 5100 दीप मालाओं की एक साथ प्रज्वलित किया गया। संयोजक रोशन गुप्ता ने बताया कि देव दीपावली मनाने की परंपरा के क्रम में सुबह से ही नदी के घाटों पर चारों तरफ साफ-सफाई के बाद भव्य सजावट की गई। वहीं शाम को दीप जलाया गया।

रात में नदी के घाट पर देवी जागरण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। सुरक्षा व्यवस्था में एसआई रमाशंकर राय, सिंहासन यादव, कांस्टेबल रविशंकर,रतन कुमार, रुद्र प्रताप चक्रमण करते रहे।


शहाबगंज में कर्मनाशा नदी तट पर दीप प्रज्वलित करते लोग।

इस अवसर पर पिंटू जायसवाल, दिलीप यादव, अमन मोदनवाल, देव सोनी, मनोज साहनी, अमित जायसवाल, रवि सोनी, राहुल सोनी, कुंदन साहनी, विक्की गुप्ता, बजरंगी मोदनवाल, आलोक गुप्ता, शिवम पासवान सहित कस्बा व क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

# देव दीपावली पर जगमग हो उठे मंदिर व तालाब के घाट


श्रीराम जानकी शिव मठ मंदिर प्रांगण में दीप दान करते चेयरमैन रवींद्रनाथ।

चंदौली। देव दीपावली के अवसर पर सोमवार की देर शाम नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के तालाब और मंदिर शाम होते ही दीयों की रोशनी से जगमग हो उठे। त्योहार का अद्भुत नजारे को देखने के लिए मंदिर व तालाबों के घाटों पर लोगो का हुजूम उमड़ पड़ा। देव दीपावली पर विभिन्न कालोनियों से निकलीं महिलाओं और युवतियों ने मंदिरों पर दीप जलाकर पूजन अर्चन किया। मान्यता है। कि केवल कार्तिक पूर्णिमा के दिन सरोवर, तालाब, गंगा आदि नदियों के किनारे दीप जलाने से न केवल धन, धान्य, ऐश्वर्य, सुख शांति की प्राप्ति होती है, बल्कि सभी देवगण प्रसन्न होकर असीम कृपा सहज ही प्रदान करते हैं। श्रीराम जानकी शिव मठ मंदिर व प्राचीन काली मंदिर प्रांगण में दीपदान करने वालों की सर्वाधिक भीड़ रही।

# प्रकाश पर्व पर राकेश टिकैत ने गुरुद्वारों में टेका मत्था

डीडीयू नगर। सिखों के पहले गुरु साहिब श्री गुरुनानक देव महाराज का 553वां प्रकाश पर्व मुगलसराय के गुरुद्वारों में श्रद्धा व उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। प्रकाश पर्व के उपलक्ष में विगत सात दिनों से निकलने वाली प्रभात फेरी के समापन के दौरान साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहब महाराज का अखंड पाठ साहेब की समाप्ति के उपरांत सोमवार को रात का दीवान सजाया गया, जिसमें लखनऊ से आए रागी जत्था भाई गगनदीप सिंह हजूरी रागी जत्था मुगलसराय भाई जयपाल सिंह व गुरु घर के ग्रंथि भाई सुखप्रीत सिंह जसवीर सिंह ने शब्द कीर्तन से संगतों को निहाल किया।

वहीं मंगलवार को प्रकाश पर्व के उपलक्ष पर सुबह से ही दीवान लगाया गया। जिसमें आए रागी जत्था कथावाचक ने अपने विचार व्यक्त कर संगतों को निहाल किया। दोपहर से देर शाम तक गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया। इस दौरान किसान नेता राकेश टिकैट ने भी कुछ किसान नेताओं के साथ गुरुद्वारा जीटी रोड पर पहुंचकर गुरु महाराज के आगे शीश नवाया।

उक्त कार्यक्रम में विधायक रमेश जयसवाल, चेयरमैन संतोष खरवार, सभासद आरती यादव, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के संरक्षक सरदार रामेंद्र सिंह, रंजीत सिंह, गुरुदयाल सिंह, सतपाल सिंह सूरी, प्रधान रणजीत सिंह शम्मी, जनरल सेक्रेटरी सरदार महेंद्र सिंह पत्रकार, मनजीत जुनेजा, अवतार सिंह हीरो, जसबीर सिंह जस्सी, नरेंद्र पाल सिंह एडवोकेट, विक्की जुनेजा, मनोज जुनेजा, सतनाम सिंह एडमिन, मनमीत सिंह राजन, सुखविंदर सिंह लवली मौजूद रहे।

### देव दीपावली पर देर रात तक चला गीत संगीत का कार्यक्रम

चहनियां। बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनी गंगा तट पर शुक्रवार को देव दीपावली गंगा महोत्सव 2022 की शाम को गंगा महाआरती व गोष्ठी के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का दौर देर रात तक चला । गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने बिरहा गायक रजनीगंधा व रामजन्म जांबाज टोपी वाले आदि कलाकारों को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। बिरहा कार्यक्रम के पश्चात गंगा महाआरती करने वाले बटुक गंगा सेवक अंकित जायसवाल,जुगनू पासवान, अजय साहनी, अभिषेक साहनी, सत्यम मोदनवाल को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने कहा कि वैसे तो गंगा के निर्मलीकरण के लिए यह अभियान पूरे वर्ष चलता है। किन्तु देव दीपावली पर तो गंगा महोत्सव का रूप देकर गंगा के निर्मलीकरण के लिए सन्देश पूरे जनपद को दिया जाता है। जिसे एक कार्यक्रम का रूप दिया जाता है। इस मौके पर अजय कुमार, अखिलेश पासवान, अमृत चौरसिया, अवनीश पाण्डेय, प्रीतम उपाध्याय, दिनेश सोनकर, रमन साहनी, आशु आदि लोग उपस्थित थे।

## संक्षेप

### बीआरसी मथेला पर शिक्षा उन्नयन गोष्ठी सम्पन्न

चहनियां। बीआरसी मथेला पर सोमवार को आयोजित शिक्षा उन्नयन गोष्ठी एवं सम्मान समारोह में ग्राम प्रधान जमालपुर ज्ञानी जैल सिंह यादव और यहीं के प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश यादव को मुख्य अतिथि भाजपा नेता सूर्य मुनि तिवारी और बीडीओ चहनियां शशिकांत पांडेय द्वारा बेहतरीन कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार चतुर्वेदी के दिशा निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में ब्लॉक के दस ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों एवं प्रधानाध्यापकों को सम्मानित किया गया। जिसमें प्राथमिक विद्यालय जमालपुर के छात्र-छात्राओं में बेहतरीन शिक्षा के उन्नयन, जोड़, घटाना, गुणा, भाग आदि शिक्षण कार्य में गुणवत्तापूर्ण प्रदर्शन और विद्यालय के पठन पाठन के अच्छे माहौल को देखते हुए चयन कर सम्मानित किया गया। ग्राम प्रधान ज्ञानी जैल सिंह यादव ने कहा कि मेरा प्रयास है कि हमारे गांव और उसके विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों का शैक्षिक विकास हो। इससे लिए मेरी तरफ से हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है। प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश यादव ने कहा कि हम लोग बच्चों को इस प्रकार तैयार कर रहे हैं कि वे भविष्य में अच्छे नागरिक बनने के साथ ही अपना कैरियर भी बना सकें।

### निर्माणाधीन सड़क पर आए दिन गिर रहे राहगीर

कमालपुर। कस्बा में निर्मित आरसीसी रोड पर जमुर्खां नई बाजार के पास बनी गन्दे नाले पर पुलिया निर्माण के लिए छोड़ी गयी है। दोनों तरफ सड़क डेढ़ फीट ऊंची होने के कारण यात्री ईंट पत्थर लगा कर जुगाड़ से सड़क पर उतरते चढ़ते समय गिरकर आये दिन चोटिल हो जा रहे है। कमालपुर चौकी पुलिस ने यातायात सुचारू रूप से चलने के लिए आरसीसी से उतरने चढ़ने के लिए कुछ दिन पहले छठ पूजा की भीड़ को देखते हर बाजार में राहगीरों की सुविधा के लिए गिट्टियां डालकर तत्काल आवागमन चालू कराया था, परन्तु पुनः गाड़ियों के चलने से गिट्टियां बिखर गयी, जिससे राहगीर रोज गिरकर चोटिल हो जा रहे। कमालपुर के व्यापारियों ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है।

### यूजीसी नेट में दो सगी बहनों ने पाए अच्छे अंक

चंदौली। जनपद के डिहवा के एक ही परिवार की दो सगी बहनों ने नेट यूजीसी परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक लाकर चंदौली जनपद का नाम रोशन किया। डिहवा निवासी सुनीता यादव और अंतिमा कुमारी यादव ने अंग्रेजी व हिंदी विषय से में यूजीसी द्वारा कराई गई नेट की परीक्षा में 92 प्रतिशत प्राप्त किया है। उनकी इस सफलता ने उनका परिवार गदगद है। दोनों ने घर के कामों में हाथ बटाते हुए संघर्ष पूर्वक पढ़ाई जारी रखी। इनकी प्रारंभिक शिक्षा रेवसे स्कूल मुगलसराय से हुई और पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई बीएचयू के बसंत महिला महाविद्यालय से पूरा की। इनकी शिक्षा में इनकी माता का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

### इन्वर्टर व बैटरी पर चोरों ने हाथ किया साफ

कंदवा। प्रतिशील इंटर कालेज अमड़ा पर बीती रात चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर इन्वर्टर व बैटरी पर हाथ साफ कर दिया। प्रधानाध्यापक सुबह विद्यालय पर पहुंचे तो कमरे का टूटा ताला देखकर सन्न रह गए। भुक्तभोगी ने कन्दवा थाने पर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दिया पुलिस मामले के छानबीन में जुट गई है। कंदवा थाना क्षेत्र के अमड़ा गांव के समीप प्रतिशील इंटर कालेज स्थित है। चोरों ने सोमवार की रात विद्यालय के कमरे का ताला तोड़कर इन्वर्टर, माइक व दो बैटरी पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की घटना की जानकारी होने पर प्रधानाध्यापक ने कन्दवा थाने पर तहरीर देकर मामले का खुलासा करने की मांग किया है।

### विभिन्न मांगों को लेकर भाकपा माले ने जारी रखा धरना



चंदौली। बिछिया में धरनास्थल पर भाकपा माले के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को अनवरत जारी रहा। इस दौरान 20 दिन बीत जाने के बाद उपजिलाधिकारी द्वारा ज्ञापन लिया गया। कहा कि जिला प्रशासन हमारी मांगों को लगातार अनसुना कर रहा है। प्रशासन का यह रवैया जनहित के मुद्दे पर उसकी संवेदनहीनता को प्रदर्शित करता है, जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कहा कि हम सभी अपनी 6 सूत्रीय मांगों पर जल्द ही करवाई करेंगे धरने पर बैठे हुए हैं। कहा कि यदि हमारी 6 सूत्रीय मांग पूरी नहीं होगी तो हम फिर से धरना पर बैठेंगे। नगर सचिव मेहंदी हसन, रामदुलार, जीरा, बिहारी, अनिता कुमारी, रामभजन, मीना, प्रीति, आर्यन, महेश शकुंतला, भाकपा माले जिला सचिव अनिल पासवान आदि उपस्थित रहे।

### पुलिस ने 7 गोवंशो को तस्करों से कराया मुक्त

चकिया। कोतवाली क्षेत्र के बैरा जंगल से सटे दिरेहूं गांव से मंगलवार की सायं घेराबंदी कर पुलिस ने तस्करी कर बिहार भेजे जा रहे 7 गोवंशों को तस्करों से मुक्त करा लिया। पुलिस की घेराबंदी देख पशु तस्कर पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया। कोतवाल मुकेश कुमार ने बताया कि मंगलवार की सायं 4 बजे के आसपास मुखबिर से सूचना मिली कि बैरा जंगल के रास्ते पशु तस्कर पिकअप पर गोवंशो को लादकर चकिया के रास्ते बिहार लेकर जाने की फिराक में है। जिस पर तत्काल कस्बा इंचार्ज हरिकेश कुमार को पुलिस टीम के साथ दिरेहूं गांव के पास घेराबंदी करने के निर्देश दिए गए थे। पुलिस की घेराबंदी देख पिकअप को चला रहा तस्कर गांव की गली के मुहाने पर पिकअप को खड़ा करके पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। कोतवाल ने बताया कि पिकअप को सीज करने के साथ ही अज्ञात पशु तस्कर के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम और गोवध निवारण अधिनियम एक्ट का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इस दौरान एसआई रामकुंवर सिपाही शिवकेश, दिवाकर पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# बलुआ तट पर गंगा महाआरती संग मनी देव दीपावली

जनसंदेश न्यूज

चहनियां। कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि सोमवार को क्षेत्र में देव दीपावली भव्य तरीके से मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम मां भागीरथी पश्चिम वाहिनी गंगा तट बलुआ घाट पर दीपोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने गंगा में दीपदान कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया। गंगा घाट को पुरी दुल्हन की तरह सजाया गया था। घाट पर रोशनी लाइटिंग इस तरह से रहा कि लग रहा था कि मानो पूरा घाट रोशनी से जगमग रहा। बटुकों द्वारा गंगा की भव्य महाआरती हुई।


देव दीपावली पर दीयों से प्रकाशित पश्चिम वाहिनी गंगा घाट बलुआ।

इस दौरान कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि भारतीय संस्कृति सभ्यता और परम्परा का निर्वहन करना हम सबकी जिम्मेदारी है। गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक जायसवाल के टीम द्वारा आयोजित ऐसे कार्यक्रम सुखद भविष्य का एहसास कराता है। गंगा घाट पर कार्यक्रम के लिए मंच व पक्का पुल से लेकर पम्प कैनाल तक एक किलोमीटर गंगा घाट सहित अन्य कार्य को पूरा कराने का आश्वासन दिया। विधायक रमेश जायसवाल ने कहा कि आज देव दीपावली के गंगा महोत्सव पर आप सभी मां गंगा नदी में दीप दान कर गंगा नदी को निर्मल एवं स्वच्छ रखें। वृजनंदनी समूह निदेशक अखिलेश अग्रहरी ने कहा कि मां गंगा हमारी जीवन कि रेखा है। इन्हें स्वच्छ अविरल निर्मल रखना हमारी जिम्मेदारी है। मां भागीरथी गंगा नदी को पूर्ण रूप से स्वच्छ रखने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। तभी यह देव दीपावली का पर्व उत्सव के साथ-साथ हमारी धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का कार्य करता है। घाटों पर 21000 हजार मिट्टी से बने दीपक से आयोजक मंडल और स्थानीय लोगों के द्वारा प्रज्जवलित कर घाटों मदिरों को प्रकाशित किया गया। आयोजक मंडल गंगा सेवा समिति अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि सहित आये हुए सभी अतिथियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी शशिकांत पांडेय, एडीओ पंचायत कौशलेंद्र विक्रम सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी आनंद यादव,जागृति यादव, राजेन्द्र पांडेय, योगेंद्र मिश्र, बनवारीलाल पांडेय, अमृत चौरसिया, शैलेन्द्र कवि, दिन बन्धु राजभर, अमित निषाद सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। अध्यक्षता राजेन्द्र पांडेय व धन्यवाद ज्ञापन आयोजक दीपक जायसवाल ने किया। वहीं दूसरी तरफ सुरक्षा को देखते हुए बलुआ इंस्पेक्टर राजीव कुमार सिंह मय फोर्स घाट पर तैनात रहे।

### देव दीपावली पर घर में दीये से लगी आग, लाखों का नुकसान

सकलडीहा। कोतवाली क्षेत्र के सलेमपुर गांव में सोमवार को देर रात देव दिवाली पर जलायी गए दीये से महेंद्र सिंह के घर मे आग लग गयी। इस घटना में हजारों रुपये नगदी सहित करीब पांच छह लाख के सामान जलकर राख हो गया। घटना सोमवार देर रात की है। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया। घटना में कोई जनहानि नही हुयी है। मंगलवार को सुबह तहसील प्रशासन की टीम पहुंचकर घटना का अवलोकन किया। महेंद्र सिंह अपनी पत्नी रीना सिंह और बच्चों के साथ घर में दीपक जलाने के बाद गांव में स्थित मंदिर से सटे सरोवर पर दीपक जलाने परिजन गए हुए थे। इधर अचानक दीप गिर जाने से घर में कपड़े में आग लग गई। दीये की आग धीरे धीरे विकराल रूप ले लिया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड व कोतवाली पुलिस की मदद से आग पर काबू पाया गया। लेकिन घर में रखा टीवी, फ्रीज, बेड, सोना चांदी के आभूषण सहित करीब पांच छह लाख का सामान जलकर नुकसान होगया है। साथ ही गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित ने जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

# बाइक चालक ने महिला को मारा धक्का, मौत

जनसंदेश न्यूज

सकलडीहा। क्षेत्र के तेनुवट गांव में मंगलवार की दोपहर में अज्ञात बाइक के टक्कर से 50 वर्षीय महिला रमवंती देवी की मौत हो गयी। घटना के बाद परिजन आनन फानन में सकलडीहा सीएचसी ले गए, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस को सूचना दिये बगैर परिजनों ने बलुआ घाट पर दाह संस्कार के लिये ले गए। बाइक चालक मोबाइल पर बात करते हुए जा रहा था। घटना के बाद फरार हो गया।

बताते हैं कि तेनुवट गांव के बीरेन्द्र यादव कोचिंग में बच्चों को पढ़ाकर परिवार का भरण पोषण करते है। इनकी पच्चास वर्षीय पत्नी रमवंती देवी सड़क के किनारे से होकर गांव में जा रही थी। इसी बीच सकलडीहा की ओर से मोबाइल पर बात करते जा रहे बाइक सवार युवक ने महिला को धक्का मार दिया। सर में गंभीर चोट लगने पर महिला की मौके पर मौत होगयी। भीड़ जुटने पर बाइक सवार युवक बाइक लेकर फरार होगया। घटना के बाद परिजनों ने आनन फानन में सकलडीहा


तेनुवट गांव में महिला की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन।

सीएचसी ले गये। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस को बगैर सूचना दिये बलुआ घाट पर दाह संस्कार के लिये ले गये। महिला की मौत के बाद पति बीरेन्द्र यादव बीरू, पुत्र सोनू, रमेश, नंदलाल, मोती और पुत्री का रोते रोते बुरा हाल है। इस बाबत कोतवाल विनोद मिश्रा ने बताया कि परिजनों द्वारा घटना की कोई सूचना नहीं दिया गया है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

### बहादुरपुर में दो सगे भाइयों में मारपीट

पड़ाव। जलीलपुर पुलिस चौकी अंतर्गत बहादुरपुर गांव में दो भाइयों के आपसी मारपीट में तीन घायल हुए। जानकारी के अनुसार बहादुरपुर निवासी मखनू सोनी 61 वर्ष पुत्र श्याम अपनी जमीन में दीवार बनवा रहे थे तभी मकनू का छोटा भाई संतोष 38 वर्ष उसकी पत्नी सोनी उक्त दीवार और हिस्सेदारी को विवाद हो गया। जिसमें एक पक्ष की ओर से दीवार को गिराने दिया, जिससे संतोष और उसकी पत्नी सोनी व मखनू सोनी को चोट आ गई। वहीं लहूलुहान होकर संतोष पुलिस चौकी पर पहुंचकर अपने बड़े भाई के ऊपर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाने लगा, जबकि बड़ा भाई संतोष और उसके साले के ऊपर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए सोने का सिकड़ी और नगदी छीनने का आरोप लगा रहा था खबर लिखे जाने तक पुलिस ने कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की थी।

# बलुआ गंगा तट पर लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी


बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनी मां गंगा में स्नान करते क्षेत्रीय श्रद्धालु।

चहनियां। बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार को हजारों की संख्या में आस्था की डुबकी लगाई। स्नान दान का सिलसिला अलसुबह से ही शुरू हो गया। लोगों ने ब्राह्मणों को अन्न वस्त्र आदि का दान किया। इस दौरान गंगा घाटों पर मेले जैसा माहौल रहा। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस गंगा घाट पर तैनात रही। मान्यता के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा पर देवता पृथ्वी पर आकर गंगा में स्नान करते हैं। आज के दिन हिन्दू धर्म मे पूर्णिमा पर स्नान दान ,पूजन अर्चन का विशेष महत्व है। इसलिए इस दिन गंगा स्नान अवश्य करना चाहिए। गंगा स्नान कर पाने में असमर्थ लोगों ने पानी में गंगाजल डालकर घर में ही स्नान किया। स्नान के बाद क्षमतानुसार अन्न, वस्त्र का दान भी किया। पूर्णिमा तिथि पर चावल का दान करना बहुत ही शुभ माना गया है। ज्योतिष के अनुसार पूर्णिमा तिथि पर दान करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है और घर में सुख और लक्ष्मी का वास होता है। गंगा स्नान के दौरान बलुआ सहित रौना, कांवर, कैली, महुअर, टांडाकला, तिरगावां, निधौरा, सहेपुर आदि गंगा घाटों पर सैकड़ो श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

# रामपुर में बिक रहा चंदौली के किसानों का धानः राकेश टिकैत

**किसानों की सभा**

### किसान महापंचायत में भाकियू नेता ने सरकार पर साधा निशाना

चंदौली। देश के फायर ब्रांड किसान नेता राकेश टिकैत मंगलवार को जनपद दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने चंदौली सहित पूरे पूर्वांचल के किसानों का आह्वान किया कि वे अपने ट्रैक्टर को तैयार रखें। क्योंकि तानाशाह हो चुकी सरकार फसल व नस्ल दोनों को बर्बाद कर रही है। सरकार के साथ-साथ विपक्ष की भूमिका को सवालों के कटघरे में खड़ा किया। कहा कि जिस देश में विपक्ष कमजोर हो जाता है वहां तानाशाही जन्म ले लेती है। राकेश टिकैत चंदौली स्थित मां शारदा मंगलम वाटिका में आयोजित किसान महापंचायत में चंदौली के किसानों को संबोधित कर रहे हैं।

इस दौरान उन्होंने कहा कि चंदौली में धान खरीद बड़ा भ्रष्टाचार हो रहा है। चंदौली के किसानों के धान खरीद औने-पौने दाम पर खरीद कर उसे रामपुर जिले में बेचा जा रहा है। आज



चंदौली में किसान महापंचायत को संबोधित करते भाकियू नेता राकेश टिकैत।

भी वहां 11 हजार किसानों का रजिस्ट्रेशन कराया गया है। आरोप लगाया कि एक सीजन 200 करोड़ से अधिक का भ्रष्टाचार हो रहा है। कहा कि गुजरात प्रांत बंधन में है, जहां लोगों को बोलने की आजादी नहीं है। गुजराज माडल की वास्तविकता देखनी है तो एक बार गुजरात घूम आइए, वहां पुलिस को भी प्राइवेट कर दिया गया है। किसान आंदोलन में गुजरात के लोग शामिल नहीं हुए। गुजरात के मोरबी में हुए हादसे को लेकर उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में कुछ नहीं होने वाला है। टीवी चैनलों ऐसी घटनाओं को नहीं दिखाया। क्योंकि आज देश में कलम व कैमरे पर पहरा है। हालात ऐसे हैं कि भविष्य में स्थिति और भी खराब होने वाली है। युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह ने कहा कि अडानी के पोर्ट पर हेरोइन मिल रही है। लेकिन उसकी जांच कराने की बजाय ईडी व सीबीआई का इस्तेमाल अपने राजनीतिक प्रतिद्वंदियों को डराने व धमकाने में कर रही। कहा कि नशे को देश के युवाओं नसों को घोला जा रहा है। ताकि युवा सरकार से सवाल न कर सके। सरकार ने नौकरी व रोजगार न मांग सकें। यदि वजह है कि अडानी आज दुनिया के नंबर एक उद्यमी बनने के करीब हैं और देश भुमखरी के मामले में आगे बढ़ रहा है।


चंदौली में आयोजित किसान महापंचायत उपस्थित किसान।

### किसानों के न्याय की लड़ाई में सपा का समर्थन

चंदौली। समाजवादी पार्टी ने भाकियू नेता राकेश टिकैट के चंदौली में आयोजित महापंचायत को समर्थन दिया। इस दौरान सकलडीहा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव ने कहा कि किसानों के साथ अन्याय हो रहा है। सरकार ने खाद, डीजल, पेट्रोल को महंगा कर दिया तथा कृषि संबंधित यंत्रों पर जीएसटी लगाकर महंगा कर दिया है। चंदौली जनपद के बरंगा, पंचदेवरा, फेसुड़ा, दिघवट तथा जमुनीपुर के किसानों को सरकार छिनने का काम कर रही है। जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर, नफीस अहमद, चंद्रशेखर, रामजनम यादव, दिलीप पासवान, रामदुलार कन्नौजिया, प्रभु नारायण यादव, निरंजन कन्नौजिया, अशोक त्रिपाठी छोटू, सुनील यादव आदि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह, प्रवक्ता मणिदेव चतुर्वेदी, सयुस के निवर्तमान जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर यादव, श्रवण कुशवाहा, शशिकांत कुशवाहा, लालचंद, किस्मत यादव आदि उपस्थित रहे।

# उत्सव में ईश्वर का प्रकटीकरण आवश्यकः अखिलानन्द महाराज

डीडीयू नगर। स्थानीय शाहकुटी श्री काली मंदिर स्थित अन्नपूर्णा वाटिका प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस भगवान का जन्मोत्सव मनाया गया। व्यास पीठ से श्रीमद् भागवत व मानस मर्मज्ञ अखिलानन्द महाराज ने अपने वक्तव्य में कहा कि भगवान जब नन्दबाबा के यहां गोकुल में आए तब समस्त गोकुलवासी आनंदित हो उठे और ऐसे आनन्दित हुए कि वह उत्सव में परिवर्तित हो गया। उत्सव का अर्थ बताते हुए कहा कि उत अर्थात ईश्वर स० अर्थात प्राकट्य।

ईश्वर का प्राकट्य ही उत्सव है। जीवन मे हम कोई भी उत्सव मनाएं उसमें ईश्वर का प्रकटीकरण अवश्य होना चाहिए। तभी जाकर वह आयोजन उत्सव मे बदलता है इसलिए किसी भी कार्यक्रम मे ईश्वर का सानिध्य होना परम आवश्यक है। आज के भौतिक युग मे लोग उत्सव को केवल मनोरंजन का साधन बना


शाहकुटी में प्रवचन करते अखिलानन्द महाराज।

दिये हैं जो उत्सव का स्वरूप नहीं कहा जा सकता। नंद बाबा और यशोदा मैया का जीवन शास्त्र सम्मत था इसलिए भगवान कृष्ण का जन्म तो कंस के कारागृह में वसुदेव एवं देवकी मैया के यहाँ होता है लेकिन भगवान का पालन यशोदा व नन्द बाबा के सानिध्य मे होता है।

नन्द का आशय आनन्द से है जो सभी को जीवन में आनन्द की प्राप्ति कराता हो वही नन्द है और उसी के घर परमानन्द का प्रवेश होता है। भगवान दयालु हैं। पूतना जैसी राक्षसी को भी उत्तम गति प्रदान करना ही उनकी दयालुता का परिचायक है। विशेष अतिथि के रूप में मझवां विधायक डा विनोद बिंद, बीडीसी शशिशंकर सिंह आदि को व्यासपीठ से दुपट्टा प्रदान कर आशीर्वाद प्रदान किया गया। इस मौके पर पीएन सिंह, उपेन्द्र सिंह, बृजेश सिंह, संजय अग्रवाल, अतुल दूबे संतोष शर्मा, संजय तिवारी, कन्हैयालाल जायसवाल, त्रिभुवन उपाध्याय, रेखा अग्रवाल, संतोष पाठक, आलोक पांडेय वैभव तिवारी, भागवत नारायण चौरसिया, श्रीकांत सिंह आदि मौजूद रहे। मुख्य यजमान शैलेश तिवारी, ममता तिवारी यज्ञनारायण सिंह पूनम सिंह रहे।

# स्पोर्ट्स



ब्राजील में फामुर्ला वन रेसर लुइस हैमिल्टन मानद नागरिक का सम्मान मिलने के बाद प्रमाणत्र दिखाते हुए।

# टी20 विश्वकप के पहले सेमीफाइनल में आज

## दोनों टीमों के लिए फाइनल की राह आसान नहीं, किस्मत के सहारे पाक की हुई एंट्री

**सिडनी।** टी20 विश्वकप के पहले सेमीफाइनल में बुधवार को पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबला होगा। इस मैच में दोनो ही टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले के आसार हैं। पाकिस्तान की टीम जहां किस्मत के सहारे यहां तक पहुंची है पर अब वह खतरनाक रुख अपना सकती है। वहीं न्यूजीलैंड ने मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका और आयरलैंड को हराकर ग्रुप एक में शीर्ष पर रहकर अंतिम चार में जगह बनाई है पर उसके लिए फाइनल की राह आसन नहीं रहेगी। .



आंकड़ों पर नजर डालें तो पाक टीम का पलड़ा भारी है। पाकिस्तान ने साल 1992 के एकदिवसीय विश्वकप सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को हराया था।

वहीं इससे पहले जब भी विश्व कप के सेमीफाइनल में इन दोनो का सामना हुआ है तब पाक ने जीत दर्ज की। पाकिस्तान ने 1992 और 1999 के एकदिवसीय विश्व कप के साथ ही 2007 के टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को हराया था। न्यूजीलैंड सीमित ओवरों के टूनार्मेंट के बड़े मैचों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पायी है। उसने पिछले चार विश्वकप के सेमीफाइनल में जगह बनाई पर वह कभी खिताब नहीं जीत पायी। न्यूजीलैंड की टीम सात वर्षों में तीन विश्व कप फाइनल (2015 और 2019 में वनडे और 2021 में टी20) हारी है। केन विलियम्सन की कप्तानी वाली टीम पाकिस्तान को शुरू में दबाव में लाकर दबाव बनाने की कोशिश करेगी। पाक की परेशानी केवल इतनी है कि उसके बल्लेबाज अभी तक रन बनाने के लिए संघर्ष करते रहे हैं। कप्तान बाबर रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं जबकि मोहम्मद रिजवान भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। यहां तक कि बांग्लादेश के खिलाफ 128 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उन्हें संघर्ष करना पड़ा था।

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और टिम साउदी से निपटना पाक बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं रहेगा। इन दोनो के सामने ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका की बल्लेबाजी ढह गयी थी। पाक का मजबूत पक्ष भी उसकी गेंदबाजी ही है। कीवी टीम को डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स और कप्तान विलियम्सन के अच्छे फार्म में होने का लाभ मिलेगा। ऐसे में पाक टीम यह मैच जीतकर यह साबित करना चाहेगी कि वह तुक्के से सेमीफाइनल तक पहुंची है। उसके पास तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी और हारिस रउफ है जो किवी बल्लेबाजों पर अंकुश लगा सकते हैं।

***दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं:***

**न्यूजीलैंड:** केन विलियम्सन (कप्तान), मार्टिन गप्टिल, फिन एलन (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, मार्क चैपमैन, माइकल ब्रेसवेल, मिशेल सेंटनर, एडम मिल्ने, ईश सोढ़ी, लॉकी फर्ग्यूसन, टिम साउदी, डेवोन कॉनवे, डेरिल मिशेल, जेम्स नीशम , ट्रेंट बोल्ट.

**पाकिस्तान:** बाबर आजम (कप्तान), आसिफ अली, हैदर अली, खुशदिल शाह, शान मसूद, मोहम्मद हारिस, इफ्तिखार अहमद, शादाब खान, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), हारिस रउफ, मोहम्मद हसनैन, नसीम शाह , शाहीन अफरीदी।



## टॉस के वक्त रोहित शर्मा के पीछे अश्विन की ऐसी हरकत हुई कैमरे में कैद, हंस पड़े लोग

आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2022 में टीम इंडिया ने अपना आखिरी लीग मैच 6 नवंबर को जिम्बाब्वे के खिलाफ खेला था। भारत ने 71 रनों से शानदार जीत दर्ज करते हुए ग्रुप-2 से प्वॉइंट्स टेबल की टॉप पोजिशन हासिल की थी। इस मैच के बाद से आर अश्विन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है और मजेदार बात यह है कि वीडियो उनकी गेंदबाजी नहीं किसी और हरकत के लिए वायरल हो रहा है। दरअसल टॉस के लिए जब रोहित शर्मा और क्रेग एरविन मैदान पर आए थे, तब भारत और जिम्बाब्वे के कुछ खिलाड़ी पीछे वॉर्म-अप कर रहे थे। रोहित शर्मा टॉस के बाद प्लेइंग के बारे में बता रहे थे, उसी बीच बैकग्राउंड में खड़े आर अश्विन अपनी जैकेट पहचानने के लिए उसे सूंघ रहे थे। बैकग्राउंड में खड़े आर अश्विन पर कैमरे ने फोकस भी किया और इसके बाद से यह वीडियो सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गया। टीम इंडिया के पूर्व स्पिनर और अश्विन के साथ भारत के लिए गेंदबाजी कर चुके हरभजन सिंह ने भी यह वीडियो शेयर कर अश्विन को ट्रोल किया है।

# सानिया मिर्जा का टूटा दिल शोएब मलिक से हो गई अलग!

## सानिया-शोएब में तलाक हो सकता है: पाकिस्तान मीडिया का दावा- दोनों अलग रह रहे, शोएब धोखेबाज

**नई दिल्ली।** इंडियन टेनिस स्टार सानिया मिर्जा और पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब मलिक तलाक की तैयारी कर रहे हैं। ये दावा पाकिस्तान मीडिया कर रहा है। रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि शोएब ने सानिया को धोखा दिया है और अभी दोनों अलग-अलग रह रहे हैं।

हैदराबाद में 12 अप्रैल 2010 को सानिया और शोएब की शादी हुई थी। 15 अप्रैल को रिसेप्शन लाहौर में दिया गया था। दोनों का एक बेटा इजहान है। उसका जन्म 2018 में हुआ था।

अब 12 साल बाद शोएब-सानिया के तलाक की आशंका जाहिर की जा रही है। इसे सानिया की सोशल मीडिया पोस्ट से और ज्यादा हवा मिल रही है। सानिया ने लेटेस्ट पोस्ट में लिखा है-



टूटे दिल कहां जाते हैं? सानिया मिर्जा ने इंस्टाग्राम पर लेटेस्ट स्टोरी डाली है। इसमें सानिया ने खुद ही सवाल किया और खुद ही जवाब दिया। लिखा- Where do broken hearts go. To find Allah! यानी टूटे हुए दिल कहां जाते हैं, खुदा को खोजने के लिए। दरार और अलगाव के बीच ऐसी पोस्ट दिखाती है कि सानिया का दिल टूटा है। वो दुखी हैं और इस दुख को जाहिर भी कर रही हैं। 30 अक्टूबर को सानिया और शोएब साथ नजर आए थे। मौका था बेटे इजहान के जन्मदिन का। शोएब ने फोटो पोस्ट की, लेकिन उन्होंने जो लिखा, उससे लोगों के मन में सवाल उठने लगे। शोएब ने लिखा, जब तुम्हारा जन्म हुआ तो हमारे लिए जिंदगी के कुछ खास मायने हो गए। हम भले साथ ना रह पाएं, हर रोज मिल ना पाएं, लेकिन बाबा तुम्हारे और तुम्हारी मुस्कुराहट के बारे में हर पल सोचते रहते हैं। बाबा और मम्मी तुम्हें प्यार करते हैं।

अपने रिश्ते को लेकर अभी तक सानिया या शोएब ने खुलकर कुछ नहीं लिखा है। दोनों की सोशल मीडिया पोस्ट से ही लोग अटकलें लगा रहे हैं। पाकिस्तान का मीडिया कह रहा है कि दोनों अलग-अलग रह रहे हैं। कोशिश कर रहे हैं कि बेटे की परवरिश मिलकर कर सकें। रिपोर्ट्स में बस इतना कहा जा रहा है कि शोएब ने अपने एक टीवी शो के दौरान सानिया को धोखा दिया था। हालांकि इस बारे में और ज्यादा कुछ नहीं लिखा जा रहा है। शोएब किसी और के साथ रिश्ते में हैं? रिपोर्ट में इसका भी जिक्र नहीं किया गया है। बस इतना कहा जा रहा है कि दोनों ने तलाक की तैयारियां शुरू कर दी हैं।

## फिल्मी खबरें

### सिनेमाघरों में नए साल की होगी धमाकेदार शुरूआत





मुंबई। लव फिल्म्स और विशाल भारद्वाज फिल्म्स द्वारा निर्मित और टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत 'कुत्ते' अपनी घोषणा के बाद से ही चर्चा में है और फिल्म अब 13 जनवरी 2023 को रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। नए साल की शुरूआत, रोमांच और मनोरंजन की एक जबरदस्त डोज के साथ, अर्जुन कपूर, तब्बू, नसीरुद्दीन शाह, कोंकणा सेन शर्मा, कुमुद मिश्रा, राधिका मदान और शार्दुल भारद्वाज सहित एक प्रतिभाशाली कलाकारों की टुकड़ी अभिनीत 'कुत्ते' एक केपर-थ्रिलर और विशाल भारद्वाज के बेटे आसमान भारद्वाज के निर्देशन में पहली फिल्म है। आसमान और विशाल भारद्वाज द्वारा लिखित, डार्क-कॉमेडी जिसमें प्रतिभा का सागर है, ने अपने पोस्टर लॉन्च से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया है।फिल्म का संगीत विशाल भारद्वाज ने दिया है, जबकि उनके सहयोगी गुलजार ने गीत लिखे हैं। कुत्ते को आसमान भारद्वाज द्वारा निर्देशित किया गया हैं, गुलशन कुमार और भूषण कुमार की टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत किया गया है और लव रंजन, विशाल भारद्वाज, अंकुर गर्ग और रेखा भारद्वाज द्वारा निर्मित हैं।

### कार्तिक आर्यन 'फ्रेडी' के साथ करेंगे सभी का मनारंजन





**मुंबई।** प्यार, शादी, और विश्वासघात। प्यार के प्रतिशोध के लिए कोई किस हद तक जा सकता है? डिज्नी+ हॉटस्टार ने आज इस सवाल का जवाब देने के लिए अपनी अपकमिंग रोमांटिक थ्रिलर 'फ्रेडी' के टीजर की घोषणा की है। बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड, एनएच स्टूडियोज और नॉर्दर्न लाइट्स फिल्म्स द्वारा निर्मित, शशांक घोष द्वारा निर्देशित और कार्तिक आर्यन और अलाया एफ अभिनीत यह फिल्म 2 दिसंबर, 2022 को एक्सक्लूसिवली डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी। फ्रेडी डॉ. फ्रेडी जिनवाला (कार्तिक आर्यन द्वारा अभिनीत) और कैनाज (अलाया एफ द्वारा अभिनीत) की यात्रा के बारे में है। डॉ. फ्रेडी एक दर्दनाक अतीत के साथ पेशे से डेन्टिस्ट हैं। वह समाज से दूर रहकर अपने मिनिएचर प्लेन्स के साथ खेलना पसंद करता है और उसका एकमात्र दोस्त उसका पालतू कछुआ 'हार्डी' है। कैनाज एक विवाहित महिला है, जिसका हसबेंड एब्यूसिव है। कैनाज को फ्रेडी से प्यार हो जाता है। फ्रेडी कैनाज से शादी करने के लिए एक असामान्य रस्ता अपनाता है लेकिन एक ऐसा मोड़ आता है जो उनके जीवन को उथल पुथल कर रख देता है। ट्विस्ट और टर्न से भरा एक दिलचस्प प्लॉट, फ्रेडी दर्शकों को उनकी सीटों से हिलने नही देगा। बालाजी टेलीफिल्म्स की निर्माता एकता आर कपूर ने कहा कि यह पहली बार है जब कार्तिक आर्यन बिल्कुल नए अवतार में नजर आएंगे। हम डिज्नी+ हॉटस्टार के साथ जुड़ने के लिए उत्साहित हैं। इसने फ्रेडी को एक ग्लोबल प्लेटफॉर्म दिया है, दर्शक पूरी फिल्म में रोलर कोस्टर की सवारी की उम्मीद कर सकते हैं। नॉर्दर्न लाइट्स फिल्म्स के निर्माता जय शेवकरमणि ने कहा कि फ्रेडी मेरे दिल के बहुत करीब है। इसकी शूटिंग के दौरान हमने अच्छा समय बिताया। मैं डिज्नी+ हॉटस्टार के साथ जुड़ने और फिल्म को वैश्विक स्तर पर ले जाने के लिए आभारी हूं।


### मैच से पहले सहमे जॉस बटलर, बोले- रोहित की कप्तानी में फ्री होकर खेल रही टीम

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप का दूसरा सेमीफाइनल भारत और इंग्लैंड के बीच एडिलेड में खेला जाएगा। इसके लिए दोनों टीमें अपनी रणनीति बनाने में जुट गई हैं। वहीं इंग्लैंड के कप्तान मैच से पहले थोड़े सहमे से नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि, रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ज्यादा फ्री होकर खेल रही है।

## चन्दौली

# अभिषेक फार्मेसी कॉलेज के विद्यार्थियों को मिला टैबलेट

**चंदौली।** अभिषेक फामेर्सी कालेज में मंगलवार को प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी योजना के तहत छात्र-छात्राओं में निःशुल्क टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन समारोह किया गया। समारोह के मुख्य अथिति विधायक रमेश जायसवाल रहे। इस दौरान उन्होंने लाभार्थी विद्यार्थियों के बीच टैबलेट का वितरण किया। साथ ही सरकार द्वारा दिए गए टैबलेट का अपनी पढ़ाई में उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि सरकार शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। सरकार का प्रयास है कि गरीब परिवार के बच्चे भी शिक्षा अर्जित कर अपना भविष्य संवारें। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के हौसले को बढ़ाया और भविष्य में ऐसे ही कड़ी मेहनत के साथ प्रगति करने व देश व



टैबलेट वितरण कार्यक्रम में बच्चों के साथ विधायक रमेश जायसवाल।

समाज के विकास में अपना योगदान देने का आह्वान किया। समरोह मे उपस्थित अभिषेक फामेर्सी कालेज के चेयरमैन डा. संजय यादव ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और टैबलेट वितरण कार्यक्रम समारोह का उद्घाटन किया गया। कहा कि आधुनिक और नई तकनीक से फामेर्सी के क्षेत्र मे आप सभी लोग अपना भविष्य उज्जवल करें और फामेर्सी के क्षेत्र को बढ़ावा दे जिससे भारत देश को फामेर्सी के क्षेत्र में अन्तरराष्ट्री स्तर मे और बढ़ावा मिले।

### आधुनिक खेती के साथ पैदावार बढ़ाने को किया गया जागरूक

**जमालपुर।** क्षेत्र के देवकली इंटर कालेज परिसर में मंगलवार को दयाल ग्रुप द्वारा किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जहां सैकड़ों की संख्या में मौजूद किसानों को आधुनिक खेती के साथ पैदावार बढ़ाने के लिए विशेषज्ञों ने किसानों को बताया। दयाल ग्रुप के एसओ नितीन श्रीवास्तव तथा एरिया मैनेजर दिनेश पांडेय ने असली बीज खाद की पहचान उपलब्ध कराते हुए किसानों से संबाद स्थापित कर उनके प्रश्नों का समाधान बताते हुए कहा कि पौधों में बीज और हवा के माध्यम से रोग लगते हैं अगर किसान भूमि शोधन करते हुए हवा के साथ आए हुए किटाणुओं को स्प्रे के माध्यम से समाप्त करेंगे तो फसल अच्छी पैदा होगी। वहीं अंसुन्तलित खाद का प्रयोग नहीं करना चाहिए। इस दौरान प्रदीप कुमार, सुधीर मौर्या, रजिंदर पाल, बबलू मिश्रा, पंकज गुप्ता, छोटू सिंह, निहाल, बाबूलाल मौर्य, दिनेश पाल, रामआसरे, कमलेश सहित तमाम किसान मौजूद रहे।

# शिकायतों के निस्तारण में चंदौली पुलिस अव्वल

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश सरकार की आनलाइन शिकायत प्रणाली जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में माह अक्टूबर में चंदौली पुलिस को प्रदेश स्तर की रैंकिंग में मिला। आनलाइन शिकायत प्रणाली जनसुनवाई पोर्टल से प्राप्त शिकायतों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण एवं पर्यवेक्षण के फलस्वरूप प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में चंदौली पुलिस को माह अक्टूबर-2022 में प्रदेश स्तर पर जारी की गयी।

रैंकिंग में प्रथम रैंक प्राप्त हुआ है। जनपद चन्दौली पुलिस के जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त सन्दर्भों का मुख्यमंत्री कार्यालय से मूल्यांकन किया गया तो उत्तर प्रदेश के सभी 75 जनपदों में जनपद चन्दौली की कार्यवाही 100 प्रतिशत रही। एसपी अंकुर अग्रवाल द्वारा स्वयं जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को त्वरित व समयबद्ध निस्तारण हेतु जनपद के समस्त अधिकारी व थाना प्रभारियों को लगातार निर्देशित किया जाता है। जनसुनवाई पोर्टल से प्राप्त शिकायतों को पुलिस कार्यालय में गठित आईजीआरएस सेल द्वारा सम्बंधित थानों पर आनलाईन प्रेषित की जाती है। आवेदक पुलिस कार्यवाही से संतुष्ट है कि नहीं इसका फीडबैक भी पुलिस कार्यालय से लिया जाता है, जिससे की गयी जांच एवं पुलिस कार्यवाही की गुणवत्ता उच्च होती है।

# आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल हुए तीन दिग्गज चंद्रपाल, चार्लोट और अब्दुल कादिर को मिला सम्मान

**नई दिल्ली।** आईसीसी ने क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में तीन और दिग्गज खिलाड़ियों को जगह दी है। वेस्टइंडीज के शिवनरायण चंद्रपाल, पाकिस्तान के अब्दुल कादिर और इंग्लैंड की चार्लोट एडवर्ड्स को यह सम्मान दिया गया है। आईसीसी ने बताया कि शिवनरायण चंद्रपाल यह सम्मान हासिल करने वाले 107वें, चार्लोट एडवर्ड्स 108वीं और अब्दुल कादिर 109वें खिलाड़ी हैं। टी20 विश्व कप में सेमीफाइल मैच से पहले एक खास समारोह में इन तीनों खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस ने कहा, आईसीसी हॉल ऑफ फेम उन खिलाड़ियों को सम्मानित कर रहा है, जिन्होंने क्रिकेट को नई ऊंचाइयों में पहुंचाया। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को ही इस तरह से सम्मानित किया जाता है। शिवनारायण, चार्लोट और कादिर के स्थायी योगदान को याद करना अद्भुत है। इन तीनों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर जबरदस्त सफलता हासिल की और आईसीसी हॉल ऑफ फेम में जगह पाने के हकदार हैं। शिवनारायण चंद्रपॉल वेस्टइंडीज क्रिकेट के इतिहास में सबसे लोकप्रिय खिलाड़ियों में से एक हैं। बल्लेबाजी की अनोखी तकनीक के साथ, उन्होंने 19 साल की उम्र में अपने करियर की शुरूआत की और जल्द ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम बनाया। टेस्ट क्रिकेट में 13 अर्धशतक लगाने के बाद उन्होंने पहला शतक जड़ा। इसके बाद उन्होंने 21 साल तक वेस्टइंडीज क्रिकेट की सेवा की और 30 टेस्ट शतक लगाए। उनकी बल्लेबाजी में गजब का नियंत्रण था। इसके अलावा वह किसी भी क्रम पर खेलने की क्षमता रखते थे। उनका डिफेंस भी बहुत मजबूत था। इसी वजह से टेस्ट क्रिकेट में उन्हें सफलता मिली। वह वेस्टइंडीज के दूसरे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने टेस्ट में 10 हजार से ज्यादा रन बनाए। 268 वनडे मैचों में भी उनके बल्ले से 8,778 रन निकले। आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने के बाद चंद्रपाल ने कहा ₹कई दिग्गजों और अतीत के कई अन्य महान क्रिकेटरों के नक्शेकदम पर चलना एक अद्भुत सम्मान है। मैं इसके लिए आभारी हूं और परिवार, दोस्तों और सबसे महत्वपूर्ण रूप से वेस्टइंडीज क्रिकेट प्रशंसकों और उन लोगों के साथ इस पल का आनंद लेना चाहता हूं, जिन्होंने मेरे पूरे करियर में जोश से मेरा समर्थन किया। चार्लोट एडवर्ड्स ने सिर्फ 16 साल की उम्र में पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। इसके बाद अगले 20 साल के करियर में उन्होंने कई खास रिकॉर्ड अपने नाम किए। पुणे में आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में आयरलैंड के खिलाफ नाबाद 173 रन बनाकर उन्होंने विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया। साल 2006 में वह इंग्लैंड की कप्तान बनीं और टीम को कई एशेज सीरीज में जीत दिलाई। 2009 में ऑस्ट्रेलिया में आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप और आईसीसी महिला टी20 विश्व भी अपने नाम किया।

# जमुनहिया से नेवढ़िया सम्पर्क मार्ग की गुणवत्ता खराब, हुई कार्रवाई

जनसंदेश न्यूज

### ठेकेदार पर एफआईआर व अवर अभियन्ता से स्पष्टीकरण

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने जमुनहिया से नेवढ़िया सम्पर्क मार्ग के निर्माण की गुणवत्ता खराब पाये जाने पर सम्बन्धित ठेकेदार पर एफ0आई0आर0 दर्ज कराने एवं सम्बन्धित अवर अभियन्ता से स्पष्टीकरण की मांग करते हुये विभागीय कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। सड़क के गुणवत्ता में अनियमितता की शिकायत पर जिलाधिकारी द्वारा 03 सदस्यीय समिति का गठन कर जॉच आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था। राम अवध अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियंत्रण सेवा प्रखण्ड की अध्यक्षता में गठित समिति मनोज कुमार सहायक अभियन्ता जिला पंचायत एवं मनोज कुमार अवर अभियन्ता लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड-2 के द्वारा तकनीकी जॉच के उपरान्त प्रस्तुत जॉच आख्या में प्रथम दृष्टया सड़क गुणवत्ता खराब पायी गयी। संयुक्त टीम द्वारा बताया कार्य स्थल पर आंगणन के प्रावधान के अनुसार जमुनहिया बाजार आबादी भाग 500 मीटर में व कुशहा आबादी भाग में 300 मीटर लम्बाई में सी0सी0 कार्य प्रस्तावित कार्य के सापेक्ष पूर्ण हैं तथा शेष भाग में पी0सी0 का कार्य कराया जा रहा है। नाली का कार्य बिल्कुल नही कराया गया हैं। कराये गये सी0सी0 कार्य 0.450 से 0.500 अर्थात 50 मीटर की लम्बाई में सी0सी0 कार्य का ऊपरी सतह की सलरी (सीमेंट व कोर्स सैण्ड मोर्टार) हट गयी जिससे गिट्टी का लेबल टाप दिखायी दे रहा हैं जाचोंपरान्त समिति के द्वारा सड़क निर्माण की गुणवत्ता में अनियमितता पाया जाना दर्शाया गया। उक्त रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी द्वारा सख्त कदम उठाते हुये सम्बन्धित ठेकेदार पर एफ0आई0आर0 दर्ज कराने तथा सम्बन्धित अवर अभियन्ता से स्पष्टीकरण की मांग करते हुये विभागीय कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित करते हुये कहा कि किसी भी निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय। गुणवत्ता में किसी भी स्तर पर लापरवाही पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## संक्षेप

### कोरगी बालू साइट पर खनन विभाग का छापा ,मची खलबली

**दुद्धी/सोनभद्र।** तहसील मुख्यालय से 5 किमी दूरी पर चल रही कोरगी बालू साइट पर शाम साढ़े 5 बजे एकाएक खनन विभाग की टीम पहुँचते ही खलबली मच गई ,नदी में खनन कार्य मे लगे एक दर्जन पोकलेन जिधर तिधर भागने लगे बालू लेने गए वाहन चालक अपनी वाहन खड़ी कर वहां से खिसक लिएेखान निरीक्षक ईश्वर चंद के अगुवाई में घंटे भर कार्रवाई चलती रही और साइट पर सन्नाटा पसर गया। बालू घाट पर लोडिंग कराने वाले मेठ मुंशी भी वहां से खिसक लिए। चचाओं में है कि किसी ने कोरगी बालू साइट की कनहर नदी में चल रहे आधे दर्जन पोकलेन से बालू लोडिंग की वीडियो सोशल मीडिया पर डाल दी और ट्वीटर से लखनऊ के एक पत्रकार द्वारा सीएम सहित डीजीपी ,डीएम ,पीएम आदि को टैग कर ट्वीट कर दिया इसके बाद लखनऊ से सोनभद्र तक लोगों के फोन घनघनाने लगे और ज्येष्ठ खान अधिकारी के निर्देश पर खान निरीक्षक ईश्वर चंद कोरगी बालू साइट पर धमक पड़े ,सख्त अधिकारी के तेवर देख खननकताओं के हाथ पांव फूलने लगे कार्रवाई के बावत जब खान निरीक्षक ईश्वर चंद से सेलफोन के माध्यम से जानकारी लेनी चाही गयी तो तीन बार फोन जाने के बाद भी उन्होंने फोन नहीं उठाया, इसके बाद ज्येष्ठ खान अधिकारी आशीष कुमार ने सेलफोन पर बताया कि कोरगी बालू साइट पर टीम भेजी गई है जैसे ही हमें रिपोर्ट मिलेगी हम कार्रवाई के बावत बताएंगेउन्होंने बताया कि मशीनों का प्रयोग साइट पर हो सकता है लेकिन नदी धारा के बीचों बीच या जहाँ पानी का क्षेत्र हो वहां बालू उठाव में मशीन का प्रयोग पूर्णतः वर्जित है।

### बाली वध की रामलीला देख भावुक हुए भक्त

**हलिया।** विकास खंड के बबुरा रघुनाथ सिंह गांव में आयोजित रामलीला कार्यक्रम में सोमवार को शबरी मिलन, राम सुग्रीव मित्रता व बाली वध की रामलीला देख दर्शक भाव विभोर हो उठे। मंचन के प्रथम दृश्य में प्रभु श्रीराम भाई लक्ष्मण के साथ माता सीता की खोज जंगल में भटक रहे हैं। जंगल में उन्हें श्रीराम की आवाज सुनाई दी पास जाने पर देखते हैं कि वृद्ध महिला कुटी में प्रभु नाम का जप कर रही है। कुटी में प्रवेश करते ही महिला उन्हे प्रभु भक्त शबरी के रूप में परिचय देती है। अपने प्रभु को प्रभु को घर आया देख पैरों में गिर पड़ी और प्रेम में अभिभूत शबरी चखकर मीठे बेर श्रीराम को खिलाती है शबरी की निष्ठा देख श्रीराम ने उन्हें प्रेमपूर्वक ग्रहण किया। शबरी के प्रेम से अभिभूत श्रीराम ने नवधा भक्ति प्रदान किया। सुग्रीव को किष्किंधा का राजा और बाली पुत्र को युवराज बना दिया जाता है। इस दौरान रामलीला कमेटी के संरक्षक पुष्पेन्द्र सिंह मुन्नू आयोजक अमित सिंह, प्रबंधक पुष्पराज सिंह, संचालक कौशल प्रसाद मिश्र, पंकज सिंह, प्रमोद दुबे, अनिल मिश्र ने प्रभुश्रीराम व लक्ष्मण की आरती उतारी।

### खतरे को दावत दे रहा ट्रांसफार्मर

**गाजीपुर।** वैसे तो सड़क के किनारे व पटरियों के अतिक्रमण पर सभी की निगाह चली जाती है, मगर चौराहे व सड़क की पटरियों लगे विद्युत ट्रांसफार्मर पर किसी की नजर नहीं पड़ती है। जिससे न सिर्फ राहगीरों को परेशानियां उठानी पड़ती है, बल्कि हर समय दुर्घटना का भी खतरा बना रहता है। सिटी रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार के सामने ही चार सौ केवीए का विद्युत ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। बिजली विभाग के इस अतिक्रमण से स्टेशन आने वाले यात्रियो और राहगीरों की जान जोखिम में बनी रहती है। अक्सर ट्रांसफार्मर तेज आवाज के साथ चिंगारी फेंकता है, उस वक्त हर कोई दहशत में आ जाता है। पर किसी का ध्यान इस तरफ नहीं जा पा रहा है। स्थानीय निवासी अतुल कुमार का कहना है कि तिराहे पर सड़क के पटरी पर बिजली का ट्रांसफार्मर दुर्घटना की वजह बना हुआ है, चूंकि सड़क भी संकीर्ण है, इसलिए राहगीरों को बहुत कठिनाइयों का सामाना पड़ रहा है। मुकेश कुमार व मुमताज ने कहा कि यदि ट्रांसफार्मर को किसी सुरक्षित जगह ट्रांसफर कर दिया जाए तो न केवल सड़क चौड़ी हो जाएगी, अपितु तिराहे की रौनक भी बढ़ जाएगी। सुरेन्द्र कुमार, अशोक, विनोद कुमार ने कहा कि पूरा तिराहा अतिक्रमण की चपेट में है। विभाग तो अंजान बना हुआ है, प्रशासन के लोग कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। नदीम अहमद, अब्दुल रहमान, रवीन्द्र, राहुल कुमार, रजा आदि नागरिकों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों समेत जिला प्रशासन से इस दिशा में उचित कदम उठाए जाने की मांग की है।

# कार्तिक पूर्णिमा पर भक्तों ने लगाई डुबकी


कार्तिक पूर्णिमा पर डुबकी लगाते श्रद्धालु

जनसंदेश न्यूज

**आस्था**

**गोमती नदी के पिलकीछा घाट पर लगा मेला**

**मेले में की खरीददारी, सुबह ही घाटों पर पहुंच गए थे श्रद्धालु**

**गभिरन।** कार्तिक पूर्णिमा पर मंगलवार को श्रद्धालुओं ने पिलकीछा के आदि गंगा गोमती घाट पर स्नान कर दान पुण्य किया। इसी के साथ यहां का ऐतिहासिक मेले का भी शुभारंभ हुआ। मेले में सुरक्षा के लिए प्रभारी निरीक्षक केके चौबे पुलिस बल के साथ सुबह से चक्रमण करते रहे। इस दौरान शाहगंज वाया प्रयागराज राजमार्ग पर पिलकीछा तिराहे से लेकर नदी के पुल के पार तिलवारी गाँव तक लगभग दो किमी मार्ग पर दिन भर जाम लगा रहा।

ऐसी मान्यता है कि भगवान राम लंका पर विजय प्राप्त कर मां जानकी लक्ष्मण और वानरी सेना के साथ वापस अयोध्या लौट रहे थे तो उनका पुष्पक विमान कुछ क्षण के लिए यहां रुका था। तभी से प्रत्येक वर्ष यहाँ पर दूर दराज से श्रद्धालु पवित्र स्नान और दान कर पुण्य अर्जित करने आते हैं। खेती किसानी से सम्बन्धित औजार तथा मिटटी का वर्तन बहुतायत बिकते हैं। मेले में झूला और सर्कस बच्चों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

## कार्तिक पूर्णिमा मेले में हजारों ने लगाई संगम में डुबकी



जनसंदेश न्यूज

**जफराबाद।** क्षेत्र के आदि गंगा गोमती तथा सई नदी के संगम स्थल राजेपुर रामेश्वरम धाम पर मंगलवार की तड़के सुबह से हजारों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाकर भगवान रामेश्वरम का जलार्चन कर दर्शन पूजन किया।

इस अवसर पर लगने वाले ऐतिहासिक मेले में काफी भीड़ रही। लोग सुबह दर्शन पूजन तो दोपहर के बाद मेले का आनंद लेते रहे। मेले में जहां महिलाओं ने सौंदर्य प्रसाधन के सामान खरीदने में दिलचस्पी लिया। वहीं बड़ों बुजुर्गों ने गृहस्थी के समान के अलावा मेले का मशहूर रेवड़ा तथा भेड़ के बाल का कम्बल खरीदा। बच्चों ने खिलौने खरीदे। मेले में लगे झूले चरखों का भी महिलाओं ने आनंद लिया। सुरक्षा की दृष्टि से जलालपुर पुलिस के साथ ही अन्य थानों से आयी पुलिस सक्रिय रही।

# ट्रेन से कटकर चाय विक्रेता की मौत

जनसंदेश न्यूज

**दुखद**

**रेल पटरी तक जाने की वजह नहीं हो सकी साफ**

**सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के देवकली का मामला**

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के महगावां रेलवे स्टेशन के पास वाराणसी-फैजाबाद रेल प्रखंड पर मंगलवार की सुबह ट्रेन से कटकर एक चाय विक्रेता की मौत हो गई। सुबह रेलवे स्टेशन पर घूमने लोग पहुंचे तो देखा कि एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। जानकारी मिलते ही मौके पर आसपास के कई गांव के लोगों की भीड़ जुटी हुई थी। रेल पटरी तक जाने का मामला पता नहीं चल रहा है।

जानकारी के अनुसार देवकली गांव निवासी प्रेमलाल यादव की (डालनपुर) पूर्वांचल विश्वविद्यालय के निकट शाहगंज-जौनपुर मार्ग पर होटल व चाय-पान की दुकान है। मंगलवार की सुबह 8.30 बजे दुकान से लगभग दो किलोमीटर दूर महगावा रेलवे स्टेशन के समीप वाराणसी-फैजाबाद रेल प्रखंड पर प्रेमलाल यादव की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर गांव व आसपास के काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। ग्रामीणों ने मामले की जानकारी परिजनों और पुलिस को दिया। मौके पर स्थानीय व रेलवे पुलिस पहुंच गई है। फिलहाल अभी हादसे की वजह साफ नहीं हो पायी है।

### युवक ने खाया विषाक्त पदार्थ, गंभीर

**मुंगराबादशाहपुर।** किसी बात से नाराज होकर एक युवक द्वारा जहरीले पदार्थ प्रयोग कर आत्महत्या करने की कोशिश की गयी जिससे उसकी हालत गम्भीर बनी हुई है। थाना क्षेत्र के अहमदपुर गांव निवासी विंध्यवासिनी (23) किसी बात को लेकर नाराज होकर मंगलवार की शाम विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। सूचना मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया तथा उसे आनन फानन में उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए जहां उसकी हालत गंभीर देख चिकित्साधिकारी ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।

## संक्षेप

### दो गैरजमानती वारंटी गिरफ्तार

**पवांरा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय साहनी के आदेश के अनुपालन में अभियान के तहत गैर जमानती वारंटी हंसराज यादव, सत्यदेव यादव पुत्रगण बालेन्द्र यादव निवासी सजईकला पवांरा को थानाध्यक्ष राज नरायन चौरसिया ने पुलिस टीम के साथ मंगलवार की सुबह दोनों को उनके घर से गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया।

### बकरी दरवाजे पर जाने को लेकर पीटा

**केराकत।** क्षेत्र के ग्राम कदहरा में मंगलवार को प्रातः लगभग छः बजे पड़ोसी के दरवाजे पर बकरी चले जाने पर दबंग पड़ोसी ने रीनू देवी 35 वर्ष पत्नी मनबसन यादव को बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ट्रेन ठहराव को लेकर आंदोलनकारियों ने स्टेशन मास्टर को सौंपा ज्ञापन


स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौंपते आंदोलनकारी

**मड़ियाहूँ।** समाजसेवी जज सिंह अन्ना के साथ सैकड़ों रेल आंदोलनकारियों ने मंगलवार को रेलवे स्टेशन मास्टर को सुहेलदेव एक्सप्रेस 22433, 22434 के ठहराव और जौनपुर से प्रयागराज संगम जाने वाली पैसेंजर ट्रेन जो करोना संकटकाल के बाद 7 बजे जौनपुर से चलाई गई है उसको जौनपुर से पूर्ववर्ती समय 5:20 बजे चलाए जाने की मांग का ज्ञापन सौंपा। आंदोलनकारियों ने प्रयागराज संगम से शाम को 5:40 बजे प्रयागराज संगम-जौनपुर पैसेंजर चलाए जाने की मांग की। आंदोलनकारियों ने एक स्वर से कहा कि हम एक बोगी रेलयात्री दिल्ली जाने के लिए प्रतिदिन रेलवे स्टेशन पर तैयार है और हमारी मांग जायज है फिर भी हमको रेलवे विभाग, रेल मंत्रालय, चेयरमैन भारतीय रेल कामर्शियल दृश्य रेलवे स्टेशन पर ठहराव नहीं दे रहे हैं जबकि जितने भी डीआरएम इस समय रेलवे स्टेशन पर दौरा करते हैं सब एक स्वर से कहते हैं कि कमर्शियल दृष्टि से ठहराव बहुत जरूरी है लेकिन अभी तक सुहेलदेव एक्सप्रेस का ठहराव नहीं हुआ जिसके लिए हम रेलयात्री बहुत परेशान हैं। आन्दोलनकारियों ने कहाकि 15 नवंबर के पहले हमारी मांगे नहीं मानी जाती हैं तो हम 15 नवंबर को सुबह 6 बजे से शाम 7 बजे तक जफराबाद जंक्शन से जंघई जंक्शन के बीच की सभी स्टेशनों पर रेल रोको आंदोलन करेंगे जिसमें मुख्य स्थान मड़ियाहूँ रेलवे स्टेशन होगा।

### राजकोट से मछलीशहर पहुंची गुजरात पुलिस, युवती को लिया हिरासत में

**शुक्रवार को राजकोट कोर्ट में करना है हाजिर**


**मछलीशहर।** स्थानीय कोतवाली के मुस्तफाबाद बाजार के निकट एक गाँव में पहुँची गुजरात पुलिस ने एक युवती को हिरासत में लेकर वापस लौट गई। गुजरात प्रदेश के राजकोट निवासी एक पिता की तहरीर पर 21 अगस्त को राजकोट पुलिस स्टेशन में अपनी पुत्री की गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस की छानबीन में पता मछलीशहर कोतवाली के मुस्तफाबाद निवासी पिंटू अली पुत्र आसिफ अली अपने को हिन्दू बताकर युवती को बहला फुसलाकर लेकर फरार हो गया। जाँच पड़ताल में युवती के बालिग होने पर पुलिस ने भी मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। किन्तु युवती के पिता ने राजकोट न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर अपनी पुत्री को मुस्लिम युवक द्वारा झूठ बोलकर और गलत नियत से लेकर फरार होने का आरोप लगाया जिसके बाद राजकोट न्यायालय ने गुजरात पुलिस को 11 अक्टूबर को युवती को न्यायालय में हाजिर करने का आदेश दिया। गुजरात पुलिस द्वारा इंस्पेक्टर पीवी त्राजिया के नेतृत्व में महिला फोर्स के साथ अपने वाहन से पहुंचे कोतवाली पुलिस की एक टीम के साथ मुस्तफाबाद से युवती को बरामद कर अपने साथ ले गई। मामले में प्रभारी निरीक्षक देवानंद रजक ने बताया कि गुजरात पुलिस कोर्ट के आदेश पर युवती को लेकर चली गई।

### आम आदमी पार्टी ने निकाली गंदगी हटाओ, झाड़ू चलाओ यात्रा

**जौनपुर।** आम आदमी पार्टी द्वारा 371 विधानसभा जफराबाद में गन्दगी हटाओ, झाड़ू चलाओ यात्रा जिलाध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना की अध्यक्षता में निकाली गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आम आदमी पार्टी काशी प्रांत के अध्यक्ष पवन तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रभारी कैलाश पटेल, तथा बौद्ध प्रांत के प्रभारी डॉ. अनुराग मिश्रा एवं गुलाब सिंह राठौर शामिल हुए। यह कार्यक्रम व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय पाठक एवं पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी अतुल कुमार तिवारी तथा कार्यकारिणी सदस्य संजय पाल के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। उपरोक्त कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव विनोद प्रजापति द्वारा किया गया। तत्पश्चात पार्टी कार्यालय पर प्रेस वार्ता कर आगामी नगर निकाय चुनाव की तैयारियों के बारे में बताया गया और लगभग 20 प्रत्याशियों ने आम आदमी पार्टी की तरफ से चुनाव लड़ने के लिए आवेदन फॉर्म लिए। कुछ लोगों को आम आदमी पार्टी की सदस्यता भी दिलवायी गयी। इस मौके पर काशी प्रांत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामरतन विश्वकर्मा, विधि प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग मणि त्रिपाठी, शशिधर चौहान, अनीता मिश्रा, पूजा सिंह इत्यादि सैकड़ों लोग शामिल रहे। उपरोक्त जानकारी पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी अतुल कुमार तिवारी ने दी।

### सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं : टी. राम

**सुजानगंज।** क्षेत्र के गया प्रसाद द्विवेदी शिक्षण संस्थान सखवट में समाजसेवी स्व. मुरलीधर पाठक की पुण्यतिथि में उद्योगपति प्रमोद पाठक द्वारा चौदह सौ गरीब असहाय लोगों को कंबल तथा पांच हजार नोट्स बुक वितरित किया गया। मुख्य अतिथि अजगरा के विधायक टी. राम ने कहा कि परोपकार से बड़ा कोई धर्म नहीं है। गरीबों की सेवा करना पुनीत कार्य है। पिता के स्वप्नो को पूरा करना पुत्र का परम कर्तव्य है। अपने पिता की पुण्यतिथि पर इस प्रकार का आयोजन युवाओं के लिए प्रेरणा है। राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि वह पुत्र धन्य है जो पिता की पुण्यतिथि पर इतनी बड़ी समाजसेवा करने का बीड़ा उठाया है। गरीबों की सेवा करना पुनीत कार्य है। आज के समय में दूसरों का सहयोग करना चाहिए। विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह प्रिंशु ने कहा कि पैसों से सेवा नही की जाती। एक पौधा लगाकर, गरीब बच्चों की फीस देकर, मरीजों को दवा दिलाकर भी पुण्यतिथि मना सकते हैं। अपने माता पिता के ऋण को कभी उतारा नही जा सकता इसलिए उनके नाम पर कुछ समाज सेवा की जानी चाहिए। आयोजक प्रमोद पाठक ने सभी अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया तथा कहा कि आने वाले समय में इससे भी भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। विधायक शाहगंज रमेश सिंह, प्रमुख मुंगरा बादशाहपुर सत्येंद्र सिंह, चेयरमैन मुंगराबादशाहपुर शिवगोविन्द साहू, विवेक सिंह राजा, सतीश सिंह ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद पाण्डेय तथा संचालन आनंद त्रिपाठी ने किया। डा. जयप्रकाश त्रिपाठी, भोलानाथ मिश्र, लाल उपाध्याय, दिनेश मिश्र, डा. राकेश शुक्ल आदि सहित लोग उपस्थित रहे।


अजगरा विधायक टी. राम को पुष्प गुच्छ भेंट करती सीमा द्विवेदी

**गरीबों की सेवा पुनीत कार्य : सीमा द्विवेदी**

# मां की तेरही से पहले बेटे की मौत

**सुइथाकला।** होनी प्रबल होती है इसका तरोताजा उदाहरण स्थानीय क्षेत्र के पट्टीनरेन्द्रपुर में देखने को मिला। अभी माँ की तेरही होना बाकी था कि बेटे की भी मौत हो गयी जिस पर समूचा क्षेत्र स्तब्ध सा रह गया। लोग होनी को कोसते नजर आये। अभी बीते 28 अक्टूबर को क्षेत्र के पेशे से वकालत करने वाले निवासी अधिवक्ता दिवाकर तिवारी की 95 वर्षीया माता माहेश्वरी देवी की मौत हो गई थी। लोग 9 नवम्बर को होने वाली उनकी तेरही की तैयारी में लगे थे कि 73 वर्षीय मृतका के अधिवक्ता बेटे दिवाकर तिवारी की भी मंगलवार को तेरही से एक दिन पहले घर पर मौत हो गयी। बेटे के भी निधन की सूचना लगते ही समूचा क्षेत्र स्तब्ध सा रह गया। क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। माँ की मौत के बारहवें दिन बेटे के निधन ने मानो परिवार पर पहाड़ सा गिरा दिया। बहरहाल उनका अन्तिम संस्कार क्षेत्र के अमिलिया घाट पर किया गया जहां उनके ज्येष्ठ पुत्र मनोज तिवारी ने मुखाग्नि दी। इस दौरान शोक संवेदना प्रकट करने के लिए भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### मेला देखने गयी महिला की चेन उड़ाया

**जफराबाद।** जलालपुर क्षेत्र के वीरभानपुर गांव की एक राजेपुर रामेश्वरम के त्रिमुहानी मेले में सोने की चेन किसी ने उड़ा दी। घटना से महिला बदहवास हो गयी। उक्त गांव निवासी कुलभूषण पाठक की पुत्री मीना उपाध्याय ससुराल से मायके मेला देखने आयी थी। उसकी ससुराल बक्शा थाना के चुरावनपुर गांव में है। मेले में किसी ने उनकी एक तोले की चैन उड़ा दिया। अचानक उसको जब जानकारी हुई तो वह बदहवास होकर परेशान हो उठी। थानाध्यक्ष जितेंद बहादुर सिंह ने बताया कि महिला ने घटना की सूचना नहीं दिया है। वे लगातार मेले में मय फोर्स चक्रमण करते रहे।

### दो बाइकों की भिड़ंत में तीन घायल

**मुंगराबादशाहपुर।** जौनपुर नेशनल हाईवे पर सरायडिंगुर गांव के निकट मंगलवार की शाम करीब साढ़े 4 बजे दो बाइकों में आमने सामने हुई टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी सतहरिया अजय पाण्डेय ने तीनों घायलों को उपचार हेतु पीएचसी में भर्ती कराया।

थाना क्षेत्र के गोविंदासपुर निवासी बबलू (20)अपनी बाइक से सतहरिया की ओर जा रहा था। जैसे ही सरायडिंगुर गांव के निकट पहुंचा ही था कि तेज रफ्तार होने के कारण सामने से आ रही बाइक से टकरा कर गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि दूसरी बाइक पर सवार प्रयागराज जिले के हंड़िया निवासी रहीश (46) शमसेर (17) घायल हो गए।

घटना के बाद पहुंचे आसपास के लोगों ने घटना की सूचना सतहरिया पुलिस चौकी प्रभारी अजय प्रकाश पाण्डेय को दी। लोगों के सहयोग से तीनों घायलों को उपचार हेतु पीएचसी में भर्ती कराया जहां बबलू की हालत गंभीर देख बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया।

# कार की चपेट में आने से बाइक सवार दो मरे

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत चौकी बीबीगंज बाजार से काम कर घर लौट रहे बाइक सवार दो युवक सरपतहां थाना क्षेत्र के अतरडीहा गांव के समीप कार की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को उपचार के हेतु स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान एक युवक को मृत घोषित कर दिया वहीं दूसरे को बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया जहां रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के छबवां गांव निवासी उदय (32) पुत्र श्रीनाथ के साथ उक्त गांव निवासी विनोद सिंह (45) पुत्र तिलकधारी बाइक पर सवार होकर बीबीगंज स्थिति एक एजेंसी से कामकर घर लौट रहे थे। क्षेत्र के अतरडीहा गांव समीप आल्टो कार की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर मौजूद स्थानीय नागरिकों ने कार को अपने कब्जे में लेकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार यूपी 32 एलआर 0925 को कब्जे में लेकर दोनों को उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान विनोद सिंह को मृत घोषित कर दिया वहीं उदय की हालत गंभीर देख उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। जिला चिकित्सालय जाते समय रास्ते में उदय की भी मौत हो गयी। मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच में जुटी है। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी निरीक्षक सदानंद राय ने बताया की शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## मौत के मामले में मुकदमा दर्ज

**सुइथाकला।** सोमवार देर शाम क्षेत्र के अतरडीहा गांव के पास कार की चपेट में आने से हुई मौत के मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। घटना के बाद ही ग्रामीणों की मदद से कार के साथ ही तीन अन्य को हिरासत में ले लिया है।

घटना सोमवार देर शाम साढ़े आठ बजे उस समय घटी जब कोतवाली शाहगंज के छभवा गांव निवासी उदय 32 वर्ष पुत्र श्रीनाथ अपने चाचा विनोद सिंह 45 वर्ष को बाइक पर बैठाकर घर वापसी कर रहा था। बाइक सवार चाचा भतीजा जैसे ही उक्त गांव के पास पहुँचे कि विपरीत दिशा से आ रही आल्टो कार की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों को शाहगंज स्थित चिकित्सालय पहुँचाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि मृतकों के परिजन विक्रान्त सिंह की तहरीर पर पर पुलिस अज्ञात चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# थानागद्दी में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने चलाया बुलडोजर

जनसंदेश न्यूज


अवैध अतिक्रमण को हटाला बुलडोजर

**केराकत।** थानागद्दी बाजार में किए गए बेहिसाब अवैध अतिक्रमण पर मंगलवार को प्रशासनिक अधिकारियों व पुलिस फोर्स के बीच बुलडोजर चलाया गया। थानागद्दी-मोड़ैला मुख्य मार्ग पर बनी दुकानों के आगे लगे टिन शेड और पक्के निर्माण के ध्वस्त होने से लोगों में हड़कम्प मच गया।

जानकारी के अनुसार थानागद्दी बाजार में दुकान और मकान के सामने लोग अवैध तरीके से अतिक्रमण कर रखे थे। अवैध तरीके से दुकानों के सामने टीन शेड लगाकर व लकड़ी के तख्त डालकर रास्ते को सकरा कर दिए थे। इसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। बाजार में वाहनों को निकालने में चालक को परेशानी होती थी। अक्सर जाम भी लग जाता था। इसके चलते लोग परेशान रहते थे।

भारतीय किसान संघ के तहसील अध्यक्ष बजरंग बहादुर सिंह सहित अनेक लोगों ने कई बार जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों से अतिक्रमण की शिकायत की थी। इसे लेकर बाजार में पुलिस के साथ उपजिलाधिकारी ने दो माह पूर्व अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण हटाने के लिए चेतावनी भी दी थी। इसके बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ।

मंगलवार को जिलाधिकारी मनीष वर्मा के आदेश पर तहसीलदार केराकत अमित त्रिपाठी व पीडब्लूडी सहायक अभियंता ए हक ने थानागद्दी पुलिस को लेकर अतिक्रमण को ध्वस्त करा दिया। अवैध तरीके से लगी दीवार और टीन शेड को पूरी तरह से बुलडोजर से ध्वस्त किया गया। कुछ आक्रमणकारी अतिक्रमण के सामान को खोल कर ले जाते हुए नजर आए। प्रशासनिक अधिकारियों ने अवैध अतिक्रमण को लेकर चेतावनी दी। अतिक्रमण हटाने वाली टीम टीम में पीडब्ल्यूडी जेई मंजूर आलम, कानूनगो शैलेन्द्र प्रताप सिंह, लेखपाल चंद्रजीत यादव, लेखपाल राजेश श्रीवास्तव, लेखपाल मनीष मौर्य, लेखपाल कमलेश यादव आदि रहे।

### महिला समेत दो के विरुद्ध जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज

**गभिरन।** खुटहन थाना पुलिस ने गजेंद्रपुर गांव निवासी सुनील मिश्रा की तहरीर पर महिला समेत दो आरोपितों के विरुद्ध गाली-गलौच व जान से मार डालने की धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। गाली-गलौच व धमकी देने का ऑडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। सुनील मिश्रा ने तहरीर दी कि शनिवार की शाम करीब साढ़े सात बजे उनके मोबाइल फोन नंबर पर अपरिचित नंबर से काल आई। रिसीव करने पर दूसरी तरफ से कोई महिला अपना नाम विजय लक्ष्मी गौतम बताते हुए अपशब्द कहने लगी। उसी के साथ एक पुरुष अपना नाम राजनाथ यादव एडवोकेट दीवानी कचहरी बताते हुए गालियां और फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगा। यह भी कहा कि जैसे अभी कुछ दिन पूर्व मेढ़ा निवासी युवा नेता दीपक दुबे को कई फर्जी मुकदमों में फंसाकर आत्महत्या करने के लिए मजबूर कर दिया था वही हाल तुम्हारा भी होगा। थाना प्रभारी निरीक्षक किशोर कुमार चौबे ने कहा कि सुनील मिश्रा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सोशल मीडिया में प्रचलित ऑडियो उपलब्ध कराया गया है। उसकी तहकीकात कराई जा रही है।

# आकर्ष दुबे आत्महत्या कांड में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध केस

**गभिरन।** खुटहन थाना क्षेत्र के मेढ़ा गांव में 25 वर्षीय आकर्ष उर्फ दीपक दुबे की आत्महत्या के मामले में नया मोड़ आ गया है। आकर्ष के पिता रमाकांत दुबे की तहरीर पर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जिला पंचायत के पिछले चुनाव में सदस्य पद का चुनाव लड़ चुके आकर्ष उर्फ दीपक दुबे ने गत गुरुवार की दोपहर तमंचे से सीने में गोली मारकर घर में ही आत्महत्या कर ली थी। रमाकांत दुबे ने रविवार को थाने में तहरीर दी। उनके मुताबिक परिवार में किसी भी तरह का कोई विवाद नहीं था। आशंका जताई कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने आकर्ष उर्फ दीपक दुबे को मोबाइल फोन पर काल कर मानसिक रूप से इस कदर प्रताड़ित किया कि उसने मजबूर होकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने आकर्ष उर्फ दीपक दुबे के दोनों मोबाइल फोन नंबर का तहरीर में उल्लेख किया है। उसकी काल डिटेल की जांच कर आरोपित का पता लगाकर कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी निरीक्षक किशोर कुमार चौबे ने कहा कि तहरीर के आधार पर अज्ञात आरोपित के विरुद्ध आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित किए जाने की धारा में मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है। छानबीन में तथ्यों के आधार पर समुचित कार्रवाई की जाएगी।

### मारपीट का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**सुइथाकला।** थाना क्षेत्र में हुई मारपीट के मामले में मंगलवार को एक आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने उसका चालान न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के रूधौली गांव निवासी गंगा प्रसाद पुत्र अशोक यादव स्थानीय थाने में मुकदमा अपराध संख्या 252/22 में धारा 323, 504, 506,147 व 308 के तहत निरूद्ध था जिसे पुलिस द्वारा मंगलवार को रूधौली बाजार स्थित पंजाब नेशनल बैंक के पास से गिरफ्तार कर चालान न्यायालय को भेज दिया गया।

# गुरु नानक देव की जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा


शोभायात्रा में शामिल पंच प्यारे


शोभायात्रा में शबद कीर्तन करती महिलाएं

जनसंदेश न्यूज

**जयंती**

**जनपद में धूमधाम से मनाया गया 553वां प्रकाशोत्सव पर्व**

**जौनपुर।** गुरुनानक देव का 553वां प्रकाशोत्सव पर्व मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। शाम छह बजे सुन्दर गुरुद्वारा ओलंदगंज से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो शहर भ्रमण करती रात नौ बजे के बाद गुरु तेगबहादुर तपस्थान रासमंडल गुरुद्वारा पर जाकर समाप्त हुई।

शोभायात्रा में आगे आगे घोड़ा, उसके पीछे बैंडबाजा, उसके पीछे रथ पर गुरुग्रंथ साहिब को विराजमान किया गया था। उस पर गुरु तेगबहादुर तपस्थान रासमंडल के ग्रंथी ज्ञानी पदासीन थे। उक्त रथ के पीछे प्रसाद वितरण करते लोग चल रहे थे। रथ के आगे पंच प्यारे के रूप में चल रहे थे। इसके पूर्व गुरुद्वारा रासमंडल में सबद कीर्तन हुआ। गुरु सिंह सभा के मीडिया प्रभारी ने बताया कि सुबह 10 बजे अखण्ड साहिब पाठ समाप्त होने पर 11 बजे तक रासमंडल गुरुद्वारा के ग्रंथी ने कीर्तन किया। शोभायात्रा के रासमंडल गुरुद्वारा पहुंचने पर जत्थे ने कीर्तन अरदास किया। तत्पश्चात भंडारा का आयोजन हुआ। सभी कार्यक्रम गुरुग्रंथ साहिब की छत्रछाया में सम्पन्न हुआ।

### ईंट गिराने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट



**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के गजना गांव में विवादित जमीन पर ईट गिराने को लेकर दो पक्षो में मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस को देख एक पक्ष मौके से फरार हो गया। पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के स्माइल व फिरोज में पुराना जमीनी विवाद चल रहा है। आरोप है कि मंगलवार को इसी विवादित जमीन पर फिरोज के द्वारा ईंट गिरवा दिया गया। ईट गिरते ही स्माइल के परिवार के लोग विरोध जताने लगे। इसी बीच दोनों पक्षों में गाली गलौज होते-होते मारपीट हो गई। दोनों तरफ से स्थिति तनाव पूर्ण हो गई। एक पक्ष की सूचना पर मौके पर डायल 112 पुलिस पहुंच गयी। पुलिस को आता देख फिरोज व उसके परिवार के लोग मौके से फरार हो गए। इस मारपीट में एक पक्ष से स्माइल व दूसरे पक्ष के फिरोज को हल्की चोट आई है।

# ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन


खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र

**नौपेड़वां।** खंड शिक्षा अधिकारी उदयभान कुशवाहा के कुशल मार्गदर्शन में आयोजक राकेश कुमार सिंह व व्यायाम शिक्षक राय साहब सिंह की देखरेख में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बीआरसी बक्शा के प्रांगण में संपन्न हुआ।

खेलो बक्शा का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में आए हुए समाज सेवी जितेंद्र कुमार सिंह, जेके विनोद कुमार सोनी ग्राम प्रधान सलामतपुर व सहायक लेखा अधिकारी जितेंद्र कुमार ने फीता काटकर किया। खेल में सभी न्याय पंचायत के खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और विभिन्न खेलों में मेडल प्राप्त किए। खेल के अंत में सर्वाधिक मेडल प्राप्त करने वाली टीम गौराखुर्द को विजेता ट्राफी व उपविजेता के रूप में न्याय पंचायत शंकरगढ़ की टीम को खंड शिक्षा अधिकारी बक्शा द्वारा ट्राफी प्रदान किया गया। ब्लॉक स्तरीय रैली को सफल बनाने के लिए सभी एआरपी विष्णु शंकर सिंह, लाल साहब यादव व राजेश प्रजापति, सभी संकुल शिक्षक वह संगठन के पदाधिकारियों प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष बक्शा सरोज कुमार सिंह, मंत्री संतोष उपाध्याय रामनयन यादव, शशि बदन उपाध्याय, संतोष उपाध्याय, सुनील प्रजापति, शैलेंद्र कुमार सिंह, राजेश सिंह, मनोज उपाध्याय, मधुलिका अस्थाना, एनपीआरसी राजनाथ सिंह के साथ साथ सभी ब्लॉक के सभी शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। रेफरी की भूमिका में अंकिता यादव, अनिल प्रजापति, हौसला प्रसाद सिंह, राकेश सिंह रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला संयुक्त मंत्री शैलेंद्र सिंह ने किया। आए हुए आगंतुकों का आभार प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष बक्शा सरोज सिंह ने व्यक्त किया।

# थाना दुर्गागंज व क्राइम ब्रांच की टीम ने दो शातिर चेन स्नैचरों को दबोचा

**सफलता**

**कब्जे से लूट की दो सोने की चैन व आठ हजार नगद, दो तमंचा कारतूस व लूट की घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद**

**थाना चौरी, गोपीगंज व ऊंज क्षेत्र अंतर्गत चेन लूट की तीन अलग-अलग घटनाओं का खुलासा**

**ज्ञानपुर।** पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देश पर अपराधियों व अपराध के रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दुगार्गंज पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने चैन स्नैचिंग करने वाले दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस लाइन में मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि इन आरोपियों द्वारा थाना गोपीगंज, ऊंज व चौरी क्षेत्र में भी चैन स्नेचिंग की घटनाएं की गयी हैं। एएसपी ने बताया कि चौरी बाजार में स्कूटी पर पीछे सवार महिला के गले से अज्ञात दो लुटेरों द्वारा चेन लूट करने की घटना, ऊंज के गोधना स्थित गुटके की दुकान पर बैठी महिला दुकानदार के गले से चेन लूट की घटना, गोपीगंज के गोपुर चौराहे से पहले एक औरत के गले से चेन लूट की घटना के संबंध में सम्बंधित थानों में मुकदमा दर्ज किया गया था। प्रभारी निरीक्षक दुगार्गंज के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना के आधार पर राहगीरों से चेन लूट करने वाले गिरोह के दो शातिर लुटेरों किशन पांडेय पुत्र नंदलाल पांडे निवासी याकूबपुर थाना व भदोही व नीरज तिवारी पुत्र श्री दत्त तिवारी उर्फ महाजन निवासी भानापुर थाना गोपीगंज को दुगार्गंज- सुरियावां मार्ग पर ग्राम टेमा ब्रेकर के पास से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। वांछित आरोपी कल्लू चौबे पुत्र बिनोद चौबे निवासी याकूबपुर की पुलिस तलाश कर रही हैं। गिरफ्तारी व बरमादगी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक दुगार्गंज प्रवीण कुमार राय की टीम, प्रदीप कुमार सिंह प्रभारी सर्विलांस सेल मय क्राइम ब्रांच टीम शामिल रही।



गिरफ्तार आरोपियों को मीडिया के समक्ष पेश करते अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती

## लापरवाह आरक्षियों को एसपी ने किया निलंबित

ज्ञानपुर। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तारशुदा दोनों लुटेरों पुराने अपराधी है, जो निगरानी हेतु सूचीबद्ध थे। इनकी सतत निगरानी हेतु अलग-अलग थाना गोपीगंज व थाना भदोही पर नियुक्त दो आरक्षियों को आवंटित किया गया था। निगरानी हेतु आवंटन किए जाने के बावजूद लुटेरों की पुनः अपराध में संलिप्तता पाया गया। निगरानी हेतु आवंटित दोनों आरक्षियों द्वारा अपने कर्तव्य में लापरवाही बरती गई। लापरवाही करने पर एसपी डॉ. अनिल कुमार ने सख्त रुख अख्तियार करते हुए दोनों आरक्षियों रमेश थाना भदोही व कैलेन्द्र यादव थाना गोपीगंज को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुए क्षेत्राधिकारी भदोही को विभागीय हेतु निर्देशित किया।

## गंगा स्नान करने जा रही वृद्ध महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन के पूरब नगर स्थित केड़वडि?ा रेलवे फाटक के समीप शिवगंगा ट्रेन के चपेट में आने से गम्भीर रुप घायल वृद्ध महिला शारदा देवी 62 की मौत हो गई। सुबह गंगा स्नान करते जाते समय वह ट्रेन की चपेट में आ जाने से घायल हो गयी थी। घटना के बारे में बताया जाता है कि मूलतः मीरजापुर जनपद के विरोही गांव निवासी बलवंत सिंह की पत्नी शारदा देवी जो नगर के माधोरामपुर मार्ग पर किराए के मकान में पुत्र के साथ रहती थी। मंगलवार को प्रातः काल गंगा स्नान करने जा रही थी। मंगलवार को सुबह गंगा स्नान करने के लिए घर से निकली थी। ट्रैक के किनारे से ज्ञानपुर रोड स्टेशन के पूर्वी छोर पर केड़वडि?ा रेलवे फाटक के समीप वाराणसी से प्रयागराज की तरफ जा रही ट्रेन को देख रूक गई और ट्रेन जाने के बाद जैसे ही ट्रैकपार करना चाहा इस दौरान दिल्ली से वाराणसी की तरफ जा रही ट्रेन की चपेट में आ गयी और गम्भीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुचे परिजन गम्भीर रुप घायल वृद्धा को उपचार के लिए ले जा रहे थे जहां रास्ते मे मौत हो गई। परिजन शव को वापस घर ले गए जहां मृतक का अतिम संस्कार कर दिया गया। जब कि गोपीगंज और रेलवे पुलिस पूरे दिन वृद्ध महिला का पता लगाने मे जुटी रही।

## संक्षेप

### निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण कार्य से सम्बद्ध अधिकारियों के तबादले पर रोक

**ज्ञानपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के समस्त विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कराने का निर्देश दिया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों दिनांक 09 नवम्बर को आलेख्य प्रकाशन दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि नौ नवम्बर से 8 दिसम्बर तक, 12 नवम्बर से 20 नवम्बर तक दावे और आपत्तियों का निस्तारण चार दिसम्बर से निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन 26 दिसम्बर भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण कार्य से सम्बद्ध अधिकारियों जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों इत्यादि को आयोग की अनुमति के बिना पुनरीक्षण अवधि नौ नवम्बर से पांच जनवरी तक के मध्य स्थानान्तरित करने पर रोक लगा दी है।

### मृतक अज्ञात युवक की हुई पहचान

ज्ञानपुर। बीते पांच नवम्बर को दिल्ली से वाराणसी जा रही वन्देभारत ट्रेन से कट कर 22 वर्षीय अज्ञात युवक की मौत की पहचान दिनेश कुमार बिन्द पुत्र कल्लू राम बिन्द निवासी भीटी पोस्ट हंडिया जिला प्रयागराज के रूप में हुआ। पिता कालूराम बिंद के अनुसार 5 नवंबर को घर से बाहर निकला था। शाम तक वापस ना आने पर खोजबीन शुरू हुआ। सोशल मीडिया पर फोटो देखकर जीआरपी चौकी माधोसिंह पहुंचकर अपने बेटे की पहचान दिनेश कुमार बिंद के रूप में किया।

### सुरियावां अभिया मार्ग की नही हुई मरम्मत

सुरियावा। अभिया से सुरियावां मार्ग जिसकी लंबाई आठ किलोमीटर है। यह सड़क बनती है और फिर गड्ढा युक्त हो जाती है। अब नया जो है फरमान लाया गया है कि गड्ढे को मिट्टी और छोटी गिट्टी से पाट दिया जाता हैं। एक तरफ जो है बड़े-बड़े गड्ढे को मिट्टी और छोटे दाने की गिट्टी से पाटा गया है और दूसरी तरफ सड़क गड्ढा युक्त ही बनी हुई है। और कम से कम नहीं कुछ तो दर्जनों स्थान गड्ढे हैं। नवीनीकरण के नाम पर न तो अधिकारी देखने आते हैं न तो कोई जिम्मेदार व्यक्ति। इसी को लेकर के अभियां में तेज सिंहपुर में सड़क की समस्या को जटिल देखते हुए नागरिकों ने धान की रोपाई की थी और प्रदर्शन भी किया था। कई बार ध्यान आकृष्ट कराया गया, किंतु कोई सुनवाई न होने से नागरिकों में तीव्र रोष हैं।

### जिला कारागार में बंदियों ने किया सुंदरकांड का पाठ

ज्ञानपुर। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार को जिला कारागार ज्ञानपुर में स्थित हनुमान मंदिर पर दो दर्जन बन्दियों ने सुंदरकांड का पाठ किया। सुंदरकांड करने के बाद बंदियों ने भजन कीर्तन किया। सुंदर कांड में पवन गुप्ता, श्याम सुंदर, सोनू पाठक, राहुल सिंह, अमरेंद्र पाण्डेय, संजय राजभर, तक्षय पाठक, अंकित तिवारी, मनीष उपाध्याय, प्रदीप सरोज, पवन पांडेय, भानु यादव, संतोष शुक्ला, झारखण्ड, राजेश, राजकुमार, रमेश, रमेश यादव, आकाश आदि ने भाग लिया। भजन कार्यक्रम में तक्षय पाठक ने सुंदर भजन प्रस्तुत किया। अंत मे बन्दियों के शिक्षक अध्यापक डॉ. संजय राय ने प्रसाद वितरित किया गया।

# कार्तिक पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

**गोपीगंज।** कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर ऐतिहासिक रामपुर गंगा घाट पर हजारों श्रद्धालुओं ने पतित पावनी गंगा में पुण्य की डुबकी लगाई। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने दीनहीनों को दान पुण्य किया। घाटों पर तड़के से ही श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा। घाट पर व्याप्त दुर्व्यवस्था के चलते लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। घाटों सहित पूरे मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक बंदोबस्त किया गया था। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने घर और गृहस्थी के सामानों की जमकर खरीददारी भी की। गंगा घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई। ऐतिहासिक रामपुर गंगा घाट पर कार्तिक पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। भोर से ही घाटों पर श्रद्धालुओं के पहुंचने का दौर शुरू हो गया था। जनपद सहित गैर जनपद से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एक दिन पहले ही घाटों पर पहुंचने लगे थे। इसके चलते गोपीगंज-रामपुर घाट पर मार्ग पर पैर रखने की जगह नहीं थी। खचाखच भीड़ होने के चलते लोगों को धक्का मुक्की का भी सामना करना पड़ा। घाटों पर महिलाओं को कपड़ा बदलने के लिए भी कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। गंगा में गहराई वाले स्थानों पर बैरिकेडिंग आदि भी नहीं कराई गई थी। भारी अव्यवस्था के बीच श्रद्धालुओं ने पतित पावनी गंगा में डुबकी लगाई। मेले में पुलिस बल के अलावा महिला पुलिस और पीएसी के जवानों को भी तैनात किया गया था। मेले के चलते गोपीगंज नगर में जीटी रोड बड़ा चौराहा और पड़ाव पर जाम की स्थिति बनी रही। आटो और सवारी वाहनों की चांदी रही।



# सबमर्सिबल पंप व 500 मीटर पाइप लाइन विस्तार का शिलान्यास

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** नगर पालिका क्षेत्र के घमहापुर चौहान बस्ती में मंगलवार को पालिकाध्यक्ष अशोक जायसवाल ने 5 हॉर्सपावर समर्सिबल पम्प व 500 मीटर पाइप लाइन विस्तार कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान वार्ड सभासद एडवोकेट महेंद्र बिंद ने पालिका अध्यक्ष को फूलमाला पहना कर वार्ड में जलनिकासी, प्रकाश व्यवस्था पेयजल व इंटर लाकिंग सड़क निर्माण से सुसज्जित करने के लिए आभार जताया। सभासद ने वार्ड के यादव मुस्लिम व शर्मा बस्ती में एक-एक खस्ताहाल सड़क निर्माण के लिए टेंडर कराने का आग्रह किया। सभासद ने बताया कि पिछले कार्यकाल में घमहापुर की उपेक्षा के चलते हर तरफ समस्या ही समस्या थी। लेकिन वर्तमान पंच वर्षीय कार्यकाल में 95 प्रतिशत विकास कार्य हुआ इसके लिए पालिका अध्यक्ष बधाई के पात्र है। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि नगर व पालिका में शामिल गांवो में भेदभाव रहित विकास कार्य कराया गया। घमहापुर के तीन सड़क निर्माण भी करा दिया जायेगा। सभासद करुणा शंकर दूबे, राधेश्याम यादव, रामनरेश चौहान, अशोक पाल, अजय चौहान, रमेश गौतम, बलई चौहान, डॉ पिंटू आदि उपस्थित रहे।


पम्प का पूजन अर्चन करते चेयरमैन भदोही अशोक जायसवाल व साथ में खड़े सभासद

## गंगा में डूबने से युवक की मौत

**भदोही।** औराई क्षेत्र अन्तर्गत महराजगंज निवासी एक युवक की भोगांव घाट गंगा में डूब जाने पर मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार किशन जायसवाल उम्र लगभग 22 वर्ष पुत्र बम्बई जायसवाल निवासी महराजगंज मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा के दिन मीरजापुर जनपद चिल्ह थाना क्षेत्र के भोगांव गंगा घाट पर मेला देखने गया था। वहां वह गंगा स्नान करते समय पानी में डूब गया। आस-पास व प्रशासन के सहयोग से उसे बाहर निकाला गया। किन्तु पानी में अधिक देर रहने के कारण उसकी मौत हो गई।थाना प्रभारी चिल्ह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक अंकित जायसवाल अपने माता पिता का इकलौता बेटा था। उसके मौत की खबर सुनकर महराजगंज बाजार में सन्नाटा पसर गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**सनसनी**

**बिना पुलिस को सूचना दिए परिजन कर रहे थे अंतिम संस्कार की तैयारी**

**ज्ञानपुर।** सुरियावां थाना क्षेत्र के सिंहपुर गाँव में सोमवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में अट्ठारह वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के सम्बन्ध में बताया जाता हैं कि सुभाष उर्फ मल्लू सरोज उम्र 18 वर्ष पुत्र मुन्नीलाल सरोज ने बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।मंगलवार की सुबह परिजन बिना पुलिस को सूचित किये शव को फंदे से उतारकर अंतिम संस्कार के लिए ले जाने की तैयारी कर रहे थे तभी सूचना पा कर सुरियावां पुलिस मौके पर पहुंचकर मामलें को संदिग्ध मानते हुए शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव में इस घटना तरह-तरह की चर्चा व्याप्त है। इस सम्बन्ध में सुरियावां थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि घटना के हर पहलू की जाँच की जा रही हैं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा, घटना के दोषी व्यक्तियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# अद की बैठक में निकाय चुनाव को लेकर हुई चर्चा

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** अपना दल एस पार्टी की मासिक बैठक जिला कार्यालय वाजिदपुर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शिवनाथ पटेल ने किया। सर्वप्रथम संस्थापक डॉक्टर सोनेलाल पटेल एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर, सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सचिव पप्पू माली उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पप्पू माली ने कहा कि आज हम सबके लिए खुशी का दिन है। 4 नवंबर को राष्ट्रीय अधिवेशन में अपना दल एस पार्टी को राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में हम सब की नेता अनुप्रिया पटेल को सर्वसम्मति से पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। पार्टी उत्तर प्रदेश में आगामी माह में होने वाले निकाय चुनाव में मजबूती के साथ चुनाव लड़ने जा रही है। पार्टी निकाय चुनाव में बहुत ही मजबूती के साथ अपने प्रत्याशियों को लड़ाने का कार्य करेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष शिवनाथ पटेल ने कहा कि हमारी पार्टी का विशेष सदस्यता अभियान चलाया गया जो बेहद सफल रहा। हर जाति धर्म के लोग सपा बसपा कांग्रेस छोड़कर अपना दल एस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेंद्र नाथ योगी, जय प्रकाश पटेल, गंगा प्रसाद पटेल, हरिहर प्रसाद वर्मा, डॉ. मनीष यादव, अनिल जायसवाल, संजय प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष हरिहर पटेल ने किया।


अद की बैठक को सम्बोधित करते पप्पू माली

## सीता भगवान की भक्ति हैं : संतोष महाराज

**कार्यक्रम**

**सिद्धपीठ श्री भुवनेश्वरनाथ महादेव मंदिर प्रांगण में हुआ आयोजन**

**शाहगंज।** समीपवर्ती जनपद के बेलवाई बाजार के श्री भुवनेश्वरनाथ महादेव मंदिर पर कथा व्यास संतोष जी महाराज मानस मराल ने ज्ञान यज्ञ आयोजित हुआ। कहा भक्ति का क्षेत्र स्वतंत्र होता है। परंतु भक्ति की प्राप्ति सत्संग के ही द्वारा हो सकती है। सीता भगवान की भक्ति हैं, हनुमान जी महाराज भगवान को तो प्राप्त कर चुके थे परंतु भगवान की भक्ति को नहीं प्राप्त कर पाए थे। भक्त के जीवन में भगवान की कृपा भक्ति के बिना अधूरी होती है। उन्होंने कहाकि लंकिनी जैसी राक्षसी के भीतर के आसुरी तत्व को बाहर निकाल कर उसके भीतर की सात्विक वृत्तियों को जागृत कर हनुमान जी महाराज मार्ग में आई हुई विघ्न बाधाओं से लड़ते हुए लंका जैसे देश में लंकिनी को सत्संग की सीढ़ी बनाकर भगवान की भक्ति रूपी सीता को प्राप्त कर लेते हैं। अजर अमर होने का वरदान प्राप्त कर लेते हैं। उक्त कार्यक्रम देवदीप मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वावधान में चल रहा है। अंत में हजारों की तादाद में उपस्थित श्रद्धालुओं ने श्रीरामचरितमानस पोथी पर पुष्प समर्पित करते हुए अपने जीवन की बुराइयों का दान करने का आह्वान किया। कार्यक्रम संयोजक एवं पूर्व ग्राम प्रधान दिलीप मोदनवाल के साथ दर्जनों भक्तों ने बच्चों के विवाह में दहेज न लेने का संकल्प लिया।

कथा के अध्यक्ष दुर्गेश राधे रमण मिश्र ने कथा व्यास संतोष महाराज को भीगी पलकों के साथ अंग वस्त्र प्रदान कर उनको भावभीनी विदाई किया। मंच पर ही समिति ने महाराज के साथ आए हुए आचार्य व संगीत की टीम को अंग वस्त्र प्रदान कर विदाई भेंट किए। इस दौरान फिल्म अभिनेता मनोज सिंह टाइगर, आत्मा सिंह, विजय दुबे, अच्छेलाल यादव, विनय कुमार सिंह, मंजू मिश्रा, पिंटू प्रधान आदि श्रद्धालुओं मौजूद रहे।

# डीएम व सीडीओ के नेतृत्व में हुई जनपद में सफाई

जनसंदेश न्यूज

**अभियान**

**फागिंग, सेनेटाइजेशन कार्य किया गया संचालित**

**ज्ञानपुर।** संचारी रोग नियंत्रण एवं डेंगू के दृष्टिगत जिलाधिकारी गौरांग राठी एवं मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में जनपद में विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसके क्रम में सफाई कर्मियों की टोली बनाते हुए वृहद सफाई यथा नालियों की सफाई, झाडियों की सफाई एवं ग्राम पंचायत के मार्गों की सफाई. शासकीय भवनों की सफाई, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, फागिंग, सेनिटाइजेशन इत्यादि कार्य अभियान अन्तर्गत संचालित किया गया। सफाई अभियान में विकास खण्ड स्तर पर समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं समस्त सहायक विकास अधिकारी (पं०), नगर पालिका परिषद ,नगर पंचायत स्तर पर अधिशासी अधिकारी व जनपद स्तर पर जिला मलेरिया अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा सफाई कार्य अपनी देखरेख में बृहद रूप से समस्त ग्राम पंचायतों, विकास खंड, नगरीय निकाय, मुख्यालय पर सफाई कर्मचारियों के माध्यम से संपादित किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को नगर पंचायत घोसिया के अधिशाषी अधिकारी डॉ. महेंद्र कुमार के देखरेख में विभिन्न वार्डों में फागिंग, लार्वा छिड़काव, नगर पंचायत सुरियावा, जिला मुख्यालय सरपतहा केशवपुर के विभिन्न कार्यालय एवं शासकीय आवास, जिला सत्र न्यायालय, डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, अधिशासी अधिकारी भदोही द्वारा वार्ड कशियरा आदि जगहों पर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, फागिंग, सेनिटाइजेशन इत्यादि कार्य संचालित किया गया।


न्यायालय में फागिंग, सेनिटाइजेशन इत्यादि कार्य करते कर्मी

# मोदनवाल समाज के नगर अध्यक्ष बने आनंद, विक्की महामंत्री

जनसंदेश न्यूज

**मुंगराबादशाहपुर।** नगर के कटरा मोहल्ला स्थित राधेश्याम पैलेस में सोमवार की देर शाम को कान्य कुब्ज वैश्य मोदनवाल (हलवाई) समाज की एक बैठक मेहंदी लाल मोदनवाल की अध्यक्षता में आहूत की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मोदनसेन महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया। बैठक में वक्ताओं ने मोदनवाल समाज को राजनीतिक में भी बढ़-चढ़कर आगे आने की बात कही। साथ ही बेटियों को शिक्षित करने पर भी बल दिया गया। बैठक में समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से आनंद मोदनवाल (लवकुश) को नगर अध्यक्ष, विक्की मोदनवाल (पत्रकार) को महामंत्री, रवि मोदनवाल को उपाध्यक्ष, उमेश मोदनवाल व नगेंद्र मोदनवाल को संरक्षक, स्वतंत्र मोदनवाल को कोषाध्यक्ष तथा राजेश मोदनवाल को सूचना प्रसारण मंत्री चुना गया। नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष आनंद मोदनवाल ने कहा कि समाज के लोगों ने जो जिम्मेदारी मुझे दी है, मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करुंगा। साथ ही समाज को एकजुट करने कि मेरी पहली प्राथमिकता होगी। मम्मी वाचक महामंत्री विक्की कुमार मोदनवाल ने कहा कि मोदनवाल समाज अब शिक्षा क्षेत्र में बेटा-बेटी का भेदभाव मिटाकर आगे बढ़ रहे हैं, यह गर्व की बात है। अब हमें राजनीतिक पकड़ मजबूत करनी है। इसके लिए समाज को एकजुट होकर आगे आना होगा। उन्होंने गरीब परिवार के बेटियों की शिक्षा दिलाने का संकल्प लिया। संरक्षक उमेश मोदनवाल ने एकल परिवार की जगह संस्कार युक्त संयुक्त परिवार को एकजुट करने की सलाह दिया। उपस्थित समाज के लोगों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। बैठक की अध्यक्षता हनुमान प्रसाद मोदनवाल तथा संचालन विक्की मोदनवाल ने किया। इस अवसर पर सत्यनारायण कल्लू, शिव कुमार मोदनवाल, संतोष मोदनवाल, अनूप मोदनवाल, हनुमान प्रसाद मोदनवाल, दीपक मोदनवाल, बंटी मोदनवाल आदि लोग मौजूद रहे।


मोदनवाल समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# लाखों श्रद्धालुओं ने गोमती में लगाई आस्था की डुबकी

**धर्म कर्म**


**स्नान-दान कर जमकर की खरीदारी, आकर्षण का केंद्र बना रहा मेला**

**जौनपुर।** पचहटियां स्थित सूरजघाट का नहान कार्तिक पूर्णिमा के दिन मंगलवार को हुआ जिसमें जनपद के कोने-कोने से आकर लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। वर्षों से चले आ रहे इस परम्परा के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा के दिन सुरजघाट का नहान होता है, जिसमें दूर-दराज से आये लोग इस पावन पर्व पर लाखों की संख्या में डुबकी लगातें है। पूर्णिमा के इस महान पर्व पर जहाँ लाखों लोगों का आना-जाना रहता है वहीं पुलिस-प्रशासन की भी व्यवस्था चुस्त दुरूस्त रहती है। जिले में सूरजघाट के इस स्नान और दान की बड़ी मान्यता है। इस दिन लोग जनपद के कोने-कोने से लाखों की संख्या में श्रद्धालु आतें है। स्नान और दान के बाद जमकर देसी सामानों की खरीदारी करतें है। इस स्नान वाले स्थान के काफी दूर तक मेला आकर्षक का केन्द्र बना रहा। मेंले में अधिकतर मिट्टी के बर्तनों की खरीदी के साथ ही गुड़ वाली जलेबी, लाई, चूड़ा, गट्टा, चाट, पकौड़ियों के ठेले भी गुलजार रहे। दूर-दराज से आये दर्शनार्थियों ने पहले स्नान किया और फिर घाट के पास ही स्थित मंदिर में मत्था टेका व शान्ति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की।


लाई चूड़ा की दुकानों पर खरीदारी करती महिलाएं


गोमती में डुबकी लगाते श्रद्धालुगण

# वो धमाका न होता तो शायद कराची में ही रह जाते आडवाणी



## 95 साल के हुए लालकृष्ण आडवाणी

### कराची शहर को लेकर आडवाणी के दिल में एक विशेष जगह है

### यहीं पर उनका बचपन बीता, स्कूल और कॉलेज भी गए थे

### एक धमाके के बाद पाकिस्तान छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा

**1997 में दिया गया इंटरव्यू**

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी मंगलवार को अपना जन्मदिन मना रहे हैं। वह 95 साल के हो गए हैं। भाजपा के संस्थापक सदस्य आडवाणी भारत में हिंदुत्व पॉलिटिक्स के बड़े चेहरे रहे हैं। राम मंदिर आंदोलन से लेकर डेप्युटी प्राइम मिनिस्टर बनने तक आडवाणी ने भारतीय राजनीति को नई दिशा दी। शायद कम लोगों को पता होगा कि आडवाणी के दिल में कराची बसता है। ना, इसे पाकिस्तान सोचकर मत देखिए। कराची उनकी जन्मस्थली है और 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' श्लोक के तहत उन्हें भी कराची से विशेष लगाव रहा है। आडवाणी का जन्म 8 नवंबर 1927 को कराची में हुआ था। 1997 में दिए एक इंटरव्यू में आडवाणी ने कराची के अपने दिनों को याद करते हुए कई दिलचस्प बातें बताई थीं।

इंटरव्यू में पहला ही सवाल यही था कि क्या आपके दिल में कराची के लिए विशेष लगाव है? आडवाणी ने कहा, 'बहुत ज्यादा। आखिर मेरा जन्म कराची में हुआ है। मैंने वहीं पर स्कूली पढ़ाई पूरी की। कुछ साल कॉलेज भी गया था। जब मैंने कराची छोड़ा था तब मैं 19 साल का था।' आडवाणी उस इंटरव्यू में बताते हैं कि सिंध प्रॉविंस हुआ करता था, तब उसकी आबादी भी ज्यादा नहीं थी। कुल 43 लाख आबादी में से वहां 13 लाख हिंदू थे। शायद 30 लाख मुस्लिम थे, लेकिन हिंदू आबादी ज्यादातर शहरों और कस्बों में थी। उस समय कराची की आबादी 3 से 4 लाख हुआ करती थी। आज के हिसाब से तब यह एक छोटा सा शहर था। आडवाणी के ज्यादातर दोस्त हिंदू थे, कुछ ईसाई, पारसी और यहूदी भी थे। उनके स्कूल का नाम सेंट पैट्रिक हाई स्कूल था, उसमें बहुत कम मुस्लिम पढ़ते थे। एक सवाल के जवाब में आडवाणी कहते हैं कि आज (1997 के इंटरव्यू के दौरान) हालात बिल्कुल अलग हैं। यह देखकर मुझे तकलीफ होती है। कुछ साल पहले एक सर्वे में पता चला था कि कराची दुनिया के 10 सबसे गंदे शहरों में से एक है। मैं चौंक गया था। 1978 में मुझे कुछ दिनों के लिए कराची जाने का मौका मिला था, उस समय मैं मोरारजी भाई की सरकार में शामिल था। उस समय जहां भी मैं गया था, उतनी गंदगी नहीं थी। खास बात यह है कि मेरे बचपन के दिनों में कराची सबसे साफ शहरों में हुआ करता था। बंटवारे के समय के हालात का जिक्र करते हुए आडवाणी इस इंटरव्यू में कहते हैं कि 1947 के शुरूआती महीनों में चीजें तेजी से बदल रही थीं। अप्रैल-मई में पिक्चर साफ हो गई। यह जानकर हमें बहुत बुरा लगा था कि सिंध पाकिस्तान में रहने वाला है। क्या उस समय भी आडवाणी आरएसएस के ऐक्टिव मेंबर थे? जवाब में वह कहते हैं कि हां, मैं 14 साल की उम्र में ही आरएसएस से जुड़ गया था। क्या उस समय कराची में आरएसएस और मुस्लिम लीग के बीच कोई शत्रुता जैसा माहौल था? आडवाणी बताते हैं, 'नहीं, वहां मुस्लिम लीग मजबूत नहीं थी। शायद वहां जनता की राय ली जाती तो कराची के मुस्लिम भी बंटवारे के समर्थन में न होते। बंटवारे को समर्थन ज्यादातर पाकिस्तान के बाहर के इलाकों से ज्यादा देखा गया था। सिंध, पंजाब, पूर्वी पाकिस्तान, ईस्ट बंगाल जहां से भी हिंदुओं को पलायन करना पड़ा, वे यहां आकर अच्छी तरह से बस गए जबकि यूपी, बिहार से पाकिस्तान जाने वाले लोग आज भी मुहाजिर कहे जाते हैं। वे अच्छी तरह से बस भी नहीं पाए हैं।'



## पीएम पहुंचे आडवाणी के घर केक काटा, 40 मिनट रहे साथ

नई दिल्ली। भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी मंगलवार को 95 साल के हो गए। पीएम नरेंद्र मोदी ने उन्हें घर जाकर बधाई दी। पीएम करीब 40 मिनट उनके साथ रहे और केक काटा। मोदी के अलावा राजनाथ सिंह भी आडवाणी के घर पहुंचे। राजनाथ सिंह ने आडवाणी के साथ फोटो ट्वीट किया, मैं भगवान से उनके अच्छे स्वास्थ्य और लम्बी आयु की कामना करता हूं। आडवाणी का जन्म 8 नवंबर 1927 को कराची में हुआ था। 2002 से 2004 के बीच अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में 7वें उप-प्रधानमंत्री रहे। इससे पहले 1998 से 2004 के बीच एनडीए सरकार में गृहमंत्री रहे। वे भाजपा के फाउंडर मेंबर्स में शामिल हैं। 2015 में उन्हें पद्म विभूषण मिला था। आडवाणी के हर जन्मदिन पर पीएम मोदी उनके घर जाकर बधाई देते हैं। भाजपा नेताओं के साथ मिलकर पीएम केक भी कटवाते हैं। पिछले जन्मदिन पर प्रधानमंत्री और गृहमंत्री अमित शाह सुबह अलग-अलग आडवाणी के घर पहुंचे थे। दोनों ने उनके साथ करीब आधा घंटा गुजारा था। इस दौरान पीएम ने पुराने दिनों के दो-तीन किस्से सुनाए। याद किया कि संगठन के विस्तार के लिए कैसे वो और आडवाणी जी मिलकर काम करते थे। प्रधानमंत्री की किस्सागोई के दौरान आडवाणी चुप थे। उन्होंने अंत में सिर्फ एक शब्द बोला था- धन्यवाद।

**94वें जन्मदिन पर भी आडवाणी के घर पहुंचे थे पीएम**

## क्या कराची में रहने वाले थे आडवाणी ?


क्या 1947 में आडवाणी को एक बार भी लगा था कि उन्हें कराची में ही रहना चाहिए? भाजपा नेता ने इंटरव्यू में कहा था कि अगर मैं पीछे जाकर देखूं तो उस समय काफी अनिश्चितता की स्थिति थी। हमारा फैसला वहीं रहने का था क्योंकि पंजाब से बिल्कुल अलग स्थितियां वहां थीं। बंटवारे से पहले कोई दंगा नहीं हुआ था। बंटवारे के बाद भी स्थितियां उतनी खराब नहीं हुई थीं। हत्याएं शुरू हो गईं, ट्रेनों और सड़कों पर खून बहने लगा। पंजाब, नॉर्थ-वेस्ट फ्रंटियर प्रॉविंस, बंगाल में भारी हिंसा भड़की हुई थी। लेकिन कराची में ऐसा कुछ नहीं था। ऐसे में जब बंटवारा हो रहा था तो हमें लग रहा था कि हम क्यों जाएं? हम यहीं रहेंगे, ऐसी भावना मन में थी। ऐसा क्या हुआ कि कराची छोड़ने का फैसला लेना पड़ा। आडवाणी बताते हैं कि कराची में सितंबर के महीने में एक भीषण धमाके के बाद मेरी ही नहीं, वहां रहने वाली पूरी हिंदू आबादी का नजरिया बदल गया। आरोप आरएसएस के लोगों पर लगे। उसी समय दिल्ली में गांधी जी ने आरएसएस की एक मीटिंग को संबोधित किया था। आडवाणी ने बताया, 'मुझे 11 या 12 सितंबर 1947 का डॉन अखबार का अंक अच्छी तरह से याद है। एक तरफ आरएसएस रैली में गांधी के संबोधन का जिक्र था जिसमें उन्होंने कश्मीर में कबायलियों को भेजने के लिए पाकिस्तान की आलोचना की थी। उन्होंने कहा था कि अगर पाकिस्तान इसी तरह का रवैया रखता है तो कौन जानता है कि भारत और पाकिस्तान में जंग छिड़ जाए। और यह नहीं होना चाहिए।' अखबार के दूसरे पन्ने पर पाकिस्तान में आरएसएस की साजिश का आरोप लगाते हुए बम धमाके की हेडलाइन छपी थी। आडवाणी ने उस दौर को याद करते हुए कहा था कि 19 साल की उम्र में आरएसएस से जुड़े होने के कारण वह बिल्कुल भी भयभीत नहीं हुए थे। आखिर में 12 सितंबर 1947 को उन्होंने कराची छोड़ दिया। वह अकेले थे और उन्होंने पहली बार प्लेन का सफर किया था। आरएसएस से जुड़ा होने के कारण लोगों ने सलाह दी थी कि अकेले ही अभी निकल जाइए। करीब एक महीने के बाद परिवार ने कराची छोड़ा। सिंध से अक्टूबर में तेजी से पलायन शुरू हो चुका था। जनवरी 1948 आते-आते वहां भी दंगे भड़क गए। पाकिस्तान बनने के बाद आडवाणी करीब एक महीने तक वहां रहे थे। पाकिस्तान के इंडिपेंडेंस डे के दिन भी उन्हें कोई खुशी नहीं हुई थी। बंटवारे के दर्द से आहत स्कूल में कई बच्चे मिठाई भी नहीं खाए थे। वह बताते हैं कि हमें आजादी जैसी कोई फीलिंग नहीं हो रही थी।







गुरुद्वारा गुरुबाग में लंगर में उमड़ी भीड़



# प्रकाशोत्सव पर शहर में निकली प्रभात फेरियां

### गुरुनानक देव के प्रकाशोत्सव पर गुरुद्वारा में की गई भव्य सजावट, शबद कीर्तन से गुरुद्वारा गूंजा, लंगर भी हुआ

**वाराणसी।** गुरुनानक देव के 553वें प्रकाशोत्सव पर मंगलवार को गुरुबाग स्थित गुरुद्वारा में भव्य सजावट की गई थी। इस मौके पर शहर के कई जगहों से प्रभातफेरियां भी निकाली गई। गुरुद्वारा गुरुबाग में लंगर में हजारों की संख्या में सिख समुदाय के लोगों ने भाग लेकर लंगर बरता। इनमें महिलाओं के अलावा पुरुष व बच्चे भी शामिल थे। प्रकाश पर्व को लेकर गुरुद्वारा को विभिन्न प्रकार के फूल-मालाओं, बिजली की रंगबिरंगी झालरों से आकर्षक सजाया गया था। शाम हजूरी रागी दरबार साहिब अमृतसर वाले भाई देविन्दर सिंह व भाई महताब सिंह जालन्धर वाले ने गुरुवाणी कीर्तन से संगत को निहाल किया। इसके बाद अटूट लंगर बरताया गया।

मंगलवार को शहर में कई स्थानों से प्रभातफेरी निकाली गई। जिसमें भारी संख्या में लोग नंगे पांव शबद-कीर्तन करते हुए चल रहे थे। गुरुद्वारा गुरुबाग में अखंड पाठ के समापन के बाद दीवान सजाया गया। रागी जत्थों के अलावा विभिन्न स्कूलों की छात्राओं ने भी भजन, कीर्तन पेश किया।

मंगलवार भोर में 3.45 बजे गुरुद्वारा में पुष्पवर्षा से सहाना स्वागत हुआ। सुबह दस बजे से गुरुद्वारा के मुख्य ग्रन्थी भाई रंजीत सिंह ने कथा का श्रवण कराया। जबकि सुबह 10.30 से 12 बजे तक भाई देवेन्द्र सिंह व दोपहर 12 बजे से 1.30 बजे तक भाई महताब सिंह शबद-कीर्तन से संगत को निहाल किया। रात आठ बजे से अर्धरात्रि तक विविध कार्यक्रम सम्पन्न हुए। इस मौके पर मुख्य ग्रन्थी भाई रंजीत सिंह एवं ग्रन्थी महंत सिंह ने सभी संगतों का स्वागत किया।



गुरुग्रंथ साहिब का मत्था टेकते सिख समाज के लोग

# काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

## सूतक लगने से पहले लोग कर लेना चाहते थे दर्शन

**आस्था**

### दर्शनार्थियों से पटा पूरा इलाका

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** देव दीपावली और कार्तिक पूर्णिमा पर काशी पहुंच दर्शनार्थियों और पर्यटक की भारी भीड़ काशी विश्वनाथ मंदिर पर उमड़ी रही। चंद्रग्रहण का सूतक लगने से पहले लोग दर्शन कर लेना चाहते थे। चंद्रग्रहण से पहले काशी विश्वनाथ मंदिर में भारी भीड़ लगी रही। साथ ही दर्शनार्थियों से पूरा इलाका पटा रहा। बताते हैं कि चंद्रग्रहण का सूतक लगने से पहले लोग दर्शन कर लेना चाहते थे। यही वजह थी कि एक तरफ बांसफाटक से लेकर गोदौलिया और दूसरी तरफ चौक तक भीड़ लग गई। सूतक काल के दौरान सभी तरह के धार्मिक अनुष्ठान बंद रहते हैं। इस दौरान मंदिर के कपाट भी बंद रखे जाते हैं। सूतक काल वह समय होता है जब प्रकृति संवेदनशील अवस्था में होती है। इस दौरान किसी भी तरह की अनहोनी होने की आशंका रहती है इसलिए सूतक काल के दौरान कुछ नियमों का पालन किया जाता है। ग्रहण के अनुसार ही सूतक काल की अवधि का भी निर्धारित होता है। चंद्रग्रहण का सूतक लगने पर साढ़े तीन बजे से मंदिर का कपाट बंद कर दिया गया। लेकिन इसके पहले ही भारी संख्या में श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ क्षा दर्शन-पूजन कर चुके थे।



काशी विश्वनाथ धाम में चंद्रग्रहण से पूर्व दर्शन के लिए लाइन में लगे श्रद्धालु




चन्द्रग्रहण के पूर्व बाबा विश्वनाथ धाम में लगी कतारें